# छात्रों को जोड़ने के लिए घर घर जाएंगे-राजेश यादव

## प्रत्येक विद्यालय में 80 प्रतिशत बच्चों के उपस्थित रहने के लिए हो प्रयास



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** प्रदेश सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद परिषदीय शिक्षा में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है। खण्ड शिक्षा अधिकारी उरुवा राजेश यादव ने लोगों में विश्वास जगाने व छात्र संख्या बढ़ाने के मकसद से घर घर जाने का निर्णय लिया है।

सरकार बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के साथ, किताब आदि उपलब्ध करा रही है। मिड-डे-मील के तहत भोजन भी दिया जा रहा है। सरकारी स्कूलों में प्राइवेट की तुलना में कही योग्य शिक्षक भी नियुक्त है। फिर भी विद्यालयों में बच्चों की संख्या अपेक्षा के अनुरूप नही है। ऐसा ही मामला सोमवार को विकास खंड उरुवा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय मदरा में देखने को मिला है। खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा राजेश यादव जब उस विद्यालय में औचक निरीक्षण में गए तो वहां विद्यालय में एक भी बच्चें उपस्थित नही थे। जबकि विद्यालय में कार्यरत दोनों शिक्षक उपस्थित रहे।

बीईओ उरुवा राजेश यादव द्वारा विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक संदीप कुमार शुक्ला व सहायक अध्यापक मानिक चंद्र सिंह से विद्यालय में बच्चों के न आने का कारण पूछा तो कोई संतुष्ट जवाब नही मिला। फिर खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा राजेश यादव द्वारा विद्यालय में कार्यरत दोंनो शिक्षकों को लेकर विद्यालय में नामांकित दर्जनों बच्चों के घर जाकर डोर टू डोर बच्चों के अभिभावकों से मिलकर उनके बच्चों को विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया।

बीईओ उरुवा राजेश यादव के इस सराहनीय पहल से ग्रामवासी काफी खुश दिखे। ग्रामवासियों से कहा कि पहली बार किसी खंड शिक्षा अधिकारी ने गांव-गांव बच्चों के घर जाकर उन्हें विद्यालय जाने हेतु इतना प्रेरित किया है।

वहीं बीईओ ने कहा कि ये बच्चें हमारे देश का भविष्य है। इन्ही से सशक्त राष्ट्र और समाज का निर्माण संभव है और उन्होंने विकास खंड उरुवा के समस्त परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों से अपील की है कि शासन की मंशानुरूप आप लोग अपने-अपने विद्यालयों में नियमित रूप से 80 प्रतिशत उपस्थिति कराना सुनिश्चित करें।

# अस्पताल में चोरी कथित चेहरा सीसीटीवी फुटेज में आया सामने पड़ी नामजद तहरीर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के मोहम्मदाबाद बाजार स्थित एक अस्पताल में चोरी हो गयी है।हुई चोरी में बाजार के एक कथित शातिर व्यक्ति का चेहरा सीसीटीवी फुटेज में सामने आया है। कथित चेहरा बाजार का शातिर चोर बताया जा रहा है।अस्पताल संचालक ने थाने पर नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। सराय ममरेज थाना क्षेत्र के सोनबरसा गाँव निवासी उमाशंकर पटेल मोहम्मदाबाद बाजार में अस्पताल का संचालन करते हैं। वे अस्पताल बंद कर कहीं गये हुए थे।

**इसके पहले बाइक चोरी में शातिर चोर जा चुका है जेल**

# चार दिवसीय श्री शनि महोत्सव की पूर्णाहुति

## आरती के बाद हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम और बैंडबाजों के साथ निकली मूर्ति विसर्जन यात्रा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** चार दिनों से चल रहे 30वें श्री शनि महोत्सव के आखिरी चरण में प्रातः 11 बजे श्री गणेश भगवान और शनि देव के विधिवत पूजन यज्ञ हवन के बाद भगवान गणेश और शनि देव की प्रतिमा की अनेक ज्योति की आरती पीठाधीश्वर परागजी महाराज तथा उनकी अर्धांगिनी श्रीमती मिनी सेठ ने संपन्न की। इसके साथ ही फूलों से सुसज्जित रथ पर सवार करवा कर घोड़े हाथी और बैंडबाजों के साथ माता यमुना के पावन तट पर ले जाकर भाई शनिदेव और बहन जमुना का मिलन करवाने के बाद मूर्ति का विसर्जन संपन्न हुआ।

इस अवसर पर भक्त समुदाय काले वस्त्र पहनकर शनिदेव की विसर्जन यात्रा में नाचते गाते अबीर गुलाल उड़ाते लोबान दानी मैं गूगल की आरती करते हुए भक्ति भावना में मग्न होकर यात्रा में शामिल थे। रास्ते में अनेक स्थान पर अनेक संस्थाओं ने विसर्जन में चल रहे भक्तों के जलपान की व्यवस्था और स्वागत किया तथा शनि देव की आरती की।



रात्रि में कार्यक्रम सकुशल संपन्न होने की खुशी में सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा भक्ति भावना पर आधारित नृत्य नाटिकाएं विवेक केसरवानी ग्रुप के कलाकारों द्वारा संपन्न कराई गई।

कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से विकास गुलाटी, डॉक्टर कार्तिकेय शर्मा, डॉक्टर शंकर दयाल श्रीवास्तव, शिबू विश्वास, रोहित श्रीवास्तव, जे पी धवन, प्रसून सेठ, पीयूष सेठ, शिवम सेठ, वैभव सेठ, संजय अग्रवाल, अवि केसरवानी, अमित शर्मा, एके सिंह, लव जायसवाल आदि के अतिरिक्त महिला मंडल में श्रीमती मिनी सेठ, श्रीमती विनीता जायसवाल, गायत्री केसरवानी, साक्षी गुलाटी, स्वाति सेठ, माधुरी वैश्य, एंजेल केसरवानी आदि का विशेष योगदान रहा।

# नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष बने आशीष शुक्ला

## मेजारोड में संगठन तहसील इकाई की बैठक संपन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन की तहसील मेजा इकाई की बैठक मेजारोड कार्यालय पर सोमवार 10 मार्च को संरक्षक पंडित शशिकांत तिवारी, यमुनापार जिलाध्यक्ष प्रेमानंद मिश्रा सलाहकार सुशील पांडेय की अध्यक्षता में सकुशल संपन्न हुई। श्री तिवारी ने कहा कि पत्रकार एवं पत्रकार संगठन स्वार्थों से उठकर अपना दायित्व निभाएं। बैठक में संरक्षक पंडित शशिकांत तिवारी, जिलाध्यक्ष प्रेमानंद मिश्रा व सलाहकार सुशील पांडेय के निर्देशन में मेजा तहसील इकाई का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से आशीष शुक्ला को तहसील अध्यक्ष, राजेश गौड़ महामंत्री, राम कैलाश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उमेश चन्द्र सोनी उपाध्यक्ष, विनोद विश्वकर्मा सचिव मनोनीत किए गए। श्री शुक्ल ने मनोनयन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पत्रकारों के हित, हक व सम्मान के लिए हम संगठन के बैनर तले आवाज उठाते रहेंगे। श्री शुक्ल ने सीतापुर जनपद में शनिवार को पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या पर दुख जताया। विश्वास जताया कि योगी सरकार हत्या आरोपियों को सख्त सजा देगी।संगठन की तहसील इकाई के गठन के क्रम में राजेश कुमार गौड़ महामंत्री, राम कैलाश विश्वकर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उमेश चन्द्र सोनी उपाध्यक्ष, बुद्धसेन वर्मा मंत्री, विनोद विश्वकर्मा सचिव, सतीश गुप्ता कोषाध्यक्ष, शैलेश कुशवाहा वरिष्ठ सदस्य, सर्वेश दुबे को तहसील सदस्य मनोनीत किया गया है।



# सभी लोग पर्व की मिठास बनाए रखें-सुरेश त्रिपाठी

## प्रमुख ने वार्षिक बैठक में विकास कार्यों का दिया ब्यौरा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** मेजा ब्लॉक मुख्यालय में क्षेत्र पंचायत की बैठक के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षक विधायक सुरेश त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश शुक्ल रहे।अतिथियों का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने अंगवस्त्रम व माल्यार्पण कर स्वागत किया है।मुख्य अतिथि सुरेश त्रिपाठी ने कहा कि होली का त्योहार सम्बन्धों को प्रगाढ़ बनाने और सौहार्द के लिए होता है। इस पर्व में रंग, अबीर का मकसद दिलों के रंग मिलने की परंपरा रही है। हमें अपनी विरासत को संजोना चाहिए। उन्होंने पंचायत परिवार को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विकास के साथ आपसी तालमेल पर जोर दिया जाना चाहिए। हम सभी को भक्त प्रह्लाद की तरह अपने आराध्य पर अटूट विश्वास रख जीवन जीने की आवश्यकता है। होली प्रकृति से जुड़ा पर्व है। विशिष्ट अतिथि रहे योगेश शुक्ल ने कहा कि होली सामाजिक समरसता को बनाए रखने में मदद करती है। यह प्रकृति से जुड़ा पर्व है। हमें अपनी विरासत को सहेजने की जरूरत है।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में राज्य वित्त व केंद्रीय वित्त से कराए गए करीब 4 करोड़ के विकास कार्यों का ब्यौरा सौंपा गया। प्रमुख गंगा गायत्री मिश्र ने क्षेत्र पँचायत सदस्यों को वस्त्र व गुझिया देकर उन्हें त्योहार की बधाई दी। लूतर के प्रधान पप्पू काजी ने कहा कि आवास सर्वे टीम मनमानी कर रही है। इस पर अंकुश लगाकर सर्वे में प्रधानों की सहमति ली जाय। सरकार चाहती है कि हर गरीब को छत नसीब हो।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता जय शंकर पाण्डेय, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष नित्यानंद उपाध्याय, जिलाध्यक्ष अनुज पाण्डेय, हृदयेश मिश्रा, वरिष्ठ समाजसेवी सिद्धांत तिवारी, पप्पू उपाध्याय मेजारोड व्यापार मंडल अध्यक्ष, खंड विकास अधिकारी अमित सिंह, सीडीपीओ रागिनी कौशिक, अधीक्षक मेजा बबलू सोनकर, पप्पू मुअत्जिम काजी, राकेश तिवारी, शेषमणि शुक्ला, राहुल मिश्रा, मयंक शुक्ला, सोनू शुक्ला, कृपा शंकर मिश्रा, अखिलेश तिवारी एडीओ पंचायत, रामजी यादव प्रधान, हरविलास प्रधान, पुष्पराज सिंह, सुरेश तिवारी प्रधान संघ जिलाध्यक्ष, सुशांत पांडेय, संजय तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पत्रकारों ने बीडीओ को सौंपा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** सीतापुर जनपद के एक वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी की अकारण कतिपय अराजक तत्वों ने बीते दिनों गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिससे पत्रकारों में भयंकर आक्रोश है। पत्रकारों ने बीडीओ के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भेजकर मांग की है कि सीतापुर के पत्रकारों सहित सभी पत्रकारों और उनके परिजनों की सुरक्षा की जाए। पीड़ित पत्रकार के परिजनों को आर्थिक मदद दी जाय साथ ही हत्यारोपियों को तत्काल सजा दिलाई जाए। बीडीओ संजीव रत्न ने ज्ञापन लेकर कहा कि इसे डीएम के जरिए मुख्यमंत्री के पास भेजवाया जायेगा। ज्ञापन देने वालों में नवल किशोर मिश्र, राकेश शुक्ल, शिवपंकज यादव, राकेश यादव, राजेश कुमार मिश्र, मो. वल्लन, रमेश यादव, राहुल भारतीय, जयप्रकाश सिंह, वीरेंद्रकुमार द्विवेदी, अजय कुमार और विपिन उपाध्याय आदि शामिल रहे।

# राजेश कुमार आटा के अध्यक्ष और अविनाश कुमार महामंत्री

## इलाहाबाद विश्वविद्यालय अध्यापक संघ (आटा) की कार्यकारिणी गठित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शिक्षकों की बैठक विश्वविद्यालय के तिलक सभागार में हुई, जिसमें शिक्षक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष के रूप में हिन्दी विभाग के आचार्य प्रो. राजेश कुमार गर्ग, महामंत्री के रूप में गांधी विचार एवं शांति अध्ययन संस्थान के समन्वयक डॉ.अविनाश कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में विधि संकाय के डॉ. नवीन प्रकाश वर्मा, उपाध्यक्ष के रूप में बॉटनी विभाग के डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव, प्रेस सचिव के रूप में प्राचीन इतिहास विभाग के डॉ. अतुल नारायण सिंह, संयुक्त मंत्री पद पर डॉ. अमित सिंह और डॉ. मीनाक्षी जोशी, कोषाध्यक्ष के रूप में प्रो. आर. एस. सिंह सर्वसम्मति से चुने गए। इसके अलावा कार्यालय मंत्री पद पद पर डॉ. उत्तम सिंह निर्वाचित किए गए।

आम सभा में मौजूद सभी शिक्षकों ने नई कार्यकारिणी को अपनी शुभकामनाएँ दीं और उम्मीद जताई कि यह टीम शिक्षकों की समस्याओं के समाधान और उनकी मांगों को विश्वविद्यालय प्रशासन तक पहुँचाने में प्रभावी भूमिका निभाएगी। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने सभा को धन्यवाद देते हुए आश्वासन दिया कि वे शिक्षकों के अधिकारों और मांगों के लिए सदैव सक्रिय रहेंगे तथा शिक्षकों के हितों की रक्षा और अकादमिक सुधार को प्राथमिकता दी जाएगी। महामंत्री ने बताया कि आगामी योजनाओं के तहत, शिक्षक संघ शीघ्र ही प्रशासन से वार्ता करके पाँच एडवांस इंक्रीमेंट वेतन वृद्धि, शिक्षकों की पदोन्नति, शिक्षक आवास, शोध एवं शिक्षण संसाधनों के विकास से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करेगा। सभा के अंत में, सभी शिक्षकों ने आपसी एकता और सहयोग को बनाए रखने पर जोर दिया और इस निर्णय को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिवेश के सशक्तीकरण के लिए एक महत्त्वपूर्ण कदम बताया।

आम सभा की बैठक की अध्यक्षता प्रो. हर्ष कुमार, अध्यक्ष, प्राचीन इतिहास विभाग एवं संचालन प्रो. राकेश सिंह, हिन्दी विभाग ने किया।

# दबंगों द्वारा सरकारी कुएँ की जमीन पर किया जा रहा अवैध कब्जा ,मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी।** नई झूंसी इलाके में सरकारी कुएँ की जमीन पर एक दबंग द्वारा कब्जा किया जा रहा था। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दबंग और उसके परिवार के सदस्यों ने दी। पुलिस को तहरीर दी गई, पुलिस ने जांच के उपरांत मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक रविवार की देर शाम प्रेम चन्द निषाद एवं उसके परिवारी निवासी न्यू झूंसी जन उक्त जमीन पर जबरन कब्जा कर पिलर का निर्माण कर कब्जा कर रहे थे। लोगों ने इसका जब विरोध किया तो दबंग द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोपी गण घर की महिलाओं, लड़कियों को आगे कर प्रार्थी को परिवार सहित फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देते रहते है। मोहित निषाद ने मामले की तहरीर दी। जो कि एक एक अखबार के पत्रकार हैं। जिसके कारण देर सबेर घर पहुंचता है जिससे कभी कोई घटना कारित कर सकते है। ऐसा उनका कहना है । पुलिस ने जांच के उपरांत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

# कार्यकर्ताओं ही पार्टी की रीढ़- अशोक पटेल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। कार्यकर्ताओं से ही पार्टी चलती है। उक्त बातें अपना दल एस किसान मंच के प्रदेश सचिव अशोक पटेल ने सोमवार को पार्टी की विधानसभा की मासिक बैठक को संबोधित करते हुए कहीं। पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में रविवार को भारतीय क्रिकेट टीम को चैंपियन बनने पर टीम को बंधाई दी। बैठक में उपस्थित लोगों ने अपनी अपनी बात रखी। बैठक की अध्यक्षता करते पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष धर्मराज पटेल ने आये सभी लोगों का आभार जताया।

# आपसी समझ से मनाएं लोग होली व रमजान त्योहार

## चौकी प्रभारी ने कहा कि व्यवस्था बिगाड़ने वालों की खैर नहीं



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** मेजा पुलिस ने होली व रमजान त्योहार पर्व की अमन शांति के लिए मेजारोड पुलिस चौकी पर बैठक कर संदेश दिया गया है।चौकी प्रभारी अंकुश कुमार ने कहा कि त्योहार पर सभी लोग सौहार्द बनाए रखें। व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। आगामी होली एवं रमजान त्योहार के मद्देनजर पुलिस ने मेजारोड व्यापार मंडल, ग्राम प्रधान व क्षेत्रीय लोगों के साथ बैठक कर शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने की अपील की है। मेजारोड पुलिस चौकी पर सोमवार दोपहर त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पीस कमेटी की बैठक बुलाई गई।बैठक की अध्यक्षता चौकी प्रभारी अंकुश कुमार ने किया। उन्होंने आगामी होली एवं रमजान पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने की आम जनमानस से अपील की। कहाकि दोनों पर्व प्रेम पूर्वक एक दूसरे से मिलकर मनाये जाएँ।

उन्होंने कहा की क्षेत्र में अशांति फैलाने वालों पर पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी। वहीं बैठक में होलिका दहन पर भी चर्चा हुई। जिसमें क्षेत्रीय प्रधानों ने पुलिस का समर्थन किया। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, राजेश द्विवेदी प्रधान सोरांव, ओपी पांडेय महामंत्री, नागर गुप्ता, राजा अग्रवाल, नितेश तिवारी, नईम अहमद, रामशिरोमणि तिवारी, सबल तिवारी, विशाल पटेल, उपनिरीक्षक लल्लन वर्मा, उपनिरीक्षक बृजेश सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# पत्रकारों ने पद गोपनीयता की ली शपथ आईकार्ड वितरण समारोह का आयोजन

**फाफामऊ।** सोमवार को थरवई में इलाहाबाद पत्रकार एसोसिएशन की ओर से पत्रकार परिचय पत्र का वितरण समारोह एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक सुभाष चंद्र मिश्र ने किया। समारोह सर्व प्रथम जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग बाजारीकरण का है इस स्थित में पत्रकारिता एक चुनौती पूर्ण कार्य है ऐसे में हम सभी को एक सजग प्रहरी बनकर कार्य करना होगा। समारोह में संगठन के नवनियुक्त जिला महामंत्री चंद्रभान सरोज और गंगापार महामंत्री अमर बहादुर चौरसिया को सम्मानित किया गया। संगठन की ओर से सत्र 2025 का सभी पत्रकारों को परिचय पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी पत्रकारों ने अपने कर्तव्य को ईमानदारी व निष्ठा से करने के लिए पद गोपनीयता की शपथ ली। समारोह में वक्ताओं ने पत्रकार की सुरक्षा और उनसे जुड़ी समस्याओं के साथ साथ पत्रकार डायरी और अन्य कार्यक्रमों को संपन्न कराने के लिए भी चर्चा किया गया। समारोह में मौजीलाल रावत, चंद्रभान बिंद, महेंद्र शुक्ला, गोपी केसरवानी, विजय पटेल, अनिल सोनी, शिव पंकज यादव, धीरेंद्र केसरवानी, धनंजय पांडेय, रमेश यादव, हरिप्रकाश गुप्ता, हरिओम, विजय चंद्र विश्वकर्मा, रामकुमार प्रजापति, अंकित मिश्रा, महेंद्र वैश्य, अश्वनी मिश्रा, विपिन उपाध्याय आदि दर्जनों पत्रकार साथी उपस्थित रहे।



# हकीमजी की मस्जिद में नोव रोजा तरावीह मुकम्मल

## हाफिज कैफ ने सुनाई कुरान, बोले, अल्लाह के यहां पांच टाइम की नमाज पहले पूछी जाएगी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** अतरसुइया स्थित हकीमजी की मस्जिद में नोव रोजा तरावीह मुकम्मल हो गई। हाफिज मोहम्मद कैफ ने तरावीह कुरान सुनाई। मदरसा मादरसिया हबीबीया सब्जीमंडी में हाफिज कुरान की तालीम हासिल की। उस्ताद हाफिज अशरफ अली साहब ने कैफ को तलवार की धार की तरह तेज बुलंद आवाज साफ सुथरे अल्फाज और तलवार के जैसा चमकते हुए चेहरे वाले कैफ को हाफिज कुरान बनाया। उनकी दादी की दिली ख्वाहिश थी कि हमारा एक पोता हाफिज कुरान बने। इनके वालिद साहब ने मां की ख्वाहिश पूरी करने के लिए कैफ को मदरसा भेजा। हाफिज कैफ ने एक कुरान मुकम्मल करने के बाद दुआएं खैर की। अपने बयान में उन्होंने कहा कि मुसलमान समझते हैं कि हम तरावीह रोजा रखकर अल्लाह को खुश कर देंगे लेकिन पांच टाइम की नमाज पहले अल्लाह के यहां पूछी जाएगी। इसलिए हम सबको सबसे पहले नमाज पढनी चाहिए। हाफिज कैफ किसी से रुपये पैसे और गिफ्ट नहीं लेते हैं। तरावीह नमाज़ में मोहम्मद फैयाज, मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद सदीक, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सारिक, मोहम्मद अकरम और सैकड़ों नमाजी शामिल रहे।

# दबंग ने दी पत्रकार को जान से मारने की धमकी,मुकदमा दर्ज

**झूंसी।** नई झूंसी इलाके में सरकारी कुएँ की जमीन पर एक दबंग द्वारा कब्जा किया जा रहा था। जब एक स्थानीय पत्रकार ने विरोध किया तो दबंग उसे जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस को तहरीर दी गई, पुलिस ने जांच के उपरांत मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक रविवार की देर शाम प्रेम चन्द निषाद एवं उसके परिवारी निवासी न्यू झूंसी जन उक्त जमीन पर जबरन कब्जा कर पिलर का निर्माण कर कब्जा कर रहे थे। लोगों ने इसका जब विरोध किया तो दबंग द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोपी गण घर की महिलाओं, लड़कियों को आगे कर प्रार्थी को परिवार सहित फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देते रहते है। मोहित निषाद ने मामले की तहरीर दी। जो कि एक अखबार के पत्रकार हैं। जिसके कारण देर सबेर घर पहुंचता है जिससे कभी कोई घटना कारित कर सकते है। ऐसा उनका कहना है । पुलिस ने जांच के उपरांत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

# रस्सी से फंसा मिला अज्ञात महिला का शव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी ।** झूंसी थाना क्षेत्र अंतर्गत छतनाग घाट पर पीपा पुल नंबर 28 की रस्सी से फंसा हुआ एक अज्ञात महिला का शव मिला है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

झूंसी पुलिस ने लिखा पढ़ी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

# विकास में धांधली की आज होगी जांच

## उपायुक्त स्वत: रोजगार शिकायतों की परखेंगे सच्चाई

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** तहसील क्षेत्र के विकास खंड उरुवा के उपड़ौरा गांव में ग्राम प्रधान द्वारा विकास कार्यों में की गई धांधली की शिकायत पर मंगलवार को उपायुक्त स्वतः रोजगार राजीव सिंह जाँच करने आयेंगे। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि दबंग प्रधान परिवार जांच के आड़े आ सकता है। उन्होंने अनहोनी की आशंका जताई है। ग्राम पंचायत उपड़ौरा में विकास कार्यों में धांधली की शिकायत गांव के राजकुमार सिंह पुत्र सेवासरन सिंह ने जिलाधिकारी से की थी। शिकायत पर जांच में कार्यों में अनियमितता सत्य पाई गई, अनियमितता सत्य पाए जाने पर ग्राम सभा का खाता सीज कर दिया गया था। विकास कार्यों के ठप हो जाने के कारण ग्राम सभा के खाता को संचालन के लिए त्रिस्तरीय समिति गठन के लिए खंड विकास अधिकारी उरुवा ने जिले से मांग की है। समिति के गठन की मांग पर विकास कार्यों की अनियमितता की जांच करने के लिए जिलाधिकारी प्रयागराज ने उपायुक्त स्वतः रोजगार राजीव कुमार सिंह को निर्देशित किया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को उपड़ौरा गांव में विकास कार्यों की जांच की जाएगी।

# गैर संचारी रोग के मरीजों का लगा तीन दिवसीय कैंप

**हंडिया।** हंडिया नगर पंचायत के महिला चिकित्सालय हंडिया पीपी सेंटर पर अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत हंडिया मीनाक्षी चतुर्वेदी एवं सीएचसी अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह की सहायता से आकांक्षी नगर पंचायत हंडिया की तरफ से 8 व 9व 10, तीन दिवसीय राजकीय महिला चिकित्सालय में शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें डॉक्टर स्नेहा द्विवेदी द्वारा 93 मरीजों को जांच की गई जिसमें हाई पावर टेंशन के मरीज और डायबिटीज से ग्रसित हुआ आंख की समस्या से ग्रसित मरीज का जांच करने के बाद उन्हें सीएचसी ऊपरदहा के लिए भेजा गया।

# श्री राम कथा में सीता माता की खोज कर हनुमान जी ने किया लंका दहन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के दारानगर कस्बे में चल रही श्री रामकथा में कथा वाचक वेदांती जी महाराज ने श्री राम कथा के आठवें दिन माता सीता की खोज व हनुमान जी द्वारा लंका दहन की कथा सुनाई। कथा में स्वामी वेदांती महराज ने बताया कि माता सीता की खोज के लिए अंगद कहते हैं कि हनुमान जी से शक्तिशाली कोई नहीं है और समुद्र को सिर्फ वही लांघ सकते हैं। लेकिन तब हनुमान जी अपनी शक्तियां भूल चुके होते हैं। तब जामवंत हनुमान जी को उनकी शक्तियां याद दिलाते हैं।शक्तियां याद आने के बाद समुद्र लांघकर वे लंका पहुंच जाते हैं। यहां वे रावण के राजमहल में सीता जी को खोजते हैं, पर वे वहां नहीं मिलती। इसके बाद उनकी मुलाकात विभीषण से होती है, जो सीता माता का पता बताते हैं। रात में वे अशोक वाटिका



पहुंचते हैं, जहां सीता जी को विभिन्न राक्षसी डरा रही होती हैं। तभी वहां रावण आता है और उन्हें भय दिखाता है। सीता माता रावण से कहती हैं कि श्री राम उसे लंका सहित संहार कर देंगे। रावण के जाने के बाद हनुमान जी भगवान राम द्वारा दी गई मुद्रिका माता सीता के सामने डालते हैं, जिसे वे पहचान लेते हैं। तभी वे अशोक वृक्ष से उतर उनके सामने आ जाते हैं। यहां पर सीता और हनुमान का बड़ा ही मार्मिक संवाद होता है। इसके बाद हनुमान, सीता जी से अशोक वाटिका में लगे फलों को खाने का निवेदन करते हैं, जिसकी वे आज्ञा दे देती हैं।हनुमान जी रावण के राज उद्यान को तहस-नहस कर देते हैं। जब यह समाचार रावण के मिलता है तो वह अपने पुत्र अक्षय कुमार को भेजता है, जिसका हनुमान जी वध कर देते हैं। इसके बाद वह मेघनाद को भेजते हैं, जो हनुमान जी को नागपाश में बांध लेता है और रावण के राजदरबार में लाता है। यहां पहुंचकर हनुमान जी रावण को समझाते हैं, लेकिन वह उनकी बात न मानकर उनकी पूंछ में आग लगाने की आज्ञा देता है। पूंछ में आग लगते ही हनुमान जी पूरी लंका का विध्वंस कर देते हैं। श्री राम कथा के आयोजन में रवि मणि तिवारी एवं अश्वनी तिवारी मुख्य यजमान बनकर यज्ञशाला एवं सवा करोड़ सीताराम जाप स्वामी सुदर्शन दास जी महाराज फलाहारी बाबा चित्रकूट धाम के सानिध्य में कार्यक्रम नित्य प्रति किया जा रहा है।कथा में राजेश कुमार मिश्रा, गिरीश शुक्ला, एम पी करवरिया , थानाध्यक्ष कड़ाधाम धीरेंद्र सिंह , राजेंद्र पांडेय , विनय मिश्रा ,अजय शुक्ल ,ओमनीश तिवारी,बृजेश मिश्रा, मूल प्रकाश उर्फ राजू तिवारी , दीनानाथ अवस्थी, मनोज पटेल , उमेश मिश्रा, रवि अग्रहरि, मिश्रीलाल, बछ्छू यादव, सतीश चंद्र शर्मा, आशु, बब्बू मिश्र, धर्मेंद्र मिश्र, दिप्पू मिश्र, शशि कमल सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

## नगर पालिका परिषद मंझनपुर सभासद ने भारत की जीत पर दी बधाई

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के वार्ड नं0-4 के सभासद अजय कुमार ने कहा कि भारतीय टीम ने आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर भारत तीसरी बार चौंपियंस ट्रॉफी खिताब अपने नाम कर लिया है. दुबई से लेकर भारत तक में जश्न का माहौल है. जीत के साथ ही भारतीय टीम चौंपियंस ट्रॉफी में सबसे सफल टीम बन गई है. वहीं यह रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया का बीते एक साल में दूसरा खिताब जीता है. टीम इंडिया की इस शानदार जीत पर सभासद अजय कुमार समेत तमाम नेताओं ने खुशी जताते हुए टीम इंडिया को बधाई दी। बधाई देने में- डॉ0 अरुण केशरवानी, शिवकुटी अग्रहरि, मो0 हारुन, शाहआलम, दरोगा भाई, विनोद कुमार गुप्ता राजू अंसारी, इरफान अंसारी, आशिक अली, राजकुमार सिंह उर्फ पिन्टू, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिक कल्याण समिति के अध्यक्ष ने पुलिस कर्मियों के कार्यों की किया सराहना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गाभाभी सभागार में पूर्व सैनिक कल्याण समिति के अध्यक्ष दशरथ लाल करवरिया हवलदार, संस्थापक शारदा प्रसाद वर्मा एवं अन्य सदस्यगणों द्वारा, 26 जनवरी 2025 गणतन्त्र दिवस को पुलिस लाइन कौशाम्बी में सम्पन्न हुई उत्कृष्ट परेड एवं महाकुंभ-2025 के अवसर पर जनपद में उत्कृष्ट कानून व्यवस्था कायम रखने तथा यातायात को सुरक्षित एवं सुचारू रूप से संचालन हेतु जनपद कौशाम्बी के समस्त पुलिस कर्मियों के कार्यों की सराहना की गयी। जनपद में उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए बृजेश कुमार श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी को स्मृति चिन्ह शील्ड व पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। तदुपरान्त गणतन्त्र दिवस परेड के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम कमाण्डर क्षेत्राधिकारी शिवांक सिंह को स्मृति चिन्ह ( शील्ड ) व पुष्प गुच्छ प्रदान किया गया।



पूर्व सैनिक कल्याण समिति द्वारा जनपद कौशाम्बी पुलिस की सराहना करते हुये अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश विश्वकर्मा व क्षेत्राधिकारी यातायात जनेश्वर प्रसाद पाण्डेय को भी जनपद में यातायात, सुरक्षा व्यवस्था को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मान प्रकट करते हुये उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अन्त में पुलिस अधीक्षक द्वारा सैनिक कल्याण समिति के पदाधिकारीयों को उत्साहवर्धन करने हेतु आभार प्रकट किया गया तथा आगामी त्यौहारों में सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की गयी। इस दौरान पूर्व सैनिक कल्याण समिति के वरिष्ठ सलाहकार राजमन पाल, तहसील अध्यक्ष नायक नथन पाल, सुबेदार मेजर नरेन्द्र तिवारी, कैप्टन अवधेश मिश्रा, कैप्टन अनिल कुमार त्रिपाठी, कैप्टन कृष्णा दत्ता, जेसीओ राजेश कुमार यादव, सार्जन्ट धनन्जय सिंह, हवलदार राम सिंह पाल, हवलदार भोला नाथ व पुलिस के अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## पैमाइश के दौरान राजस्व टीम से ग्रामीणों की झड़प




**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सिराथू तहसील क्षेत्र के पहाडपुर कोदन का मजरा कमासिन गांव में विवादित भूमि की पैमाइश के दौरान ग्रामीणों की राजस्व कर्मचारियों से झड़प हो गई। सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंचे एसडीएम न्यायिक माज अख्तर ने लोगों को समझा बुझाकर गाटे का सीमांकन कराया है।

कडाधाम थाना क्षेत्र के शादीपुर हाफिजपुर गांव के छेदीलाल पुत्र गंगा प्रसाद ने पिछ्ले दिनों आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम मधुसुदन हुल्गी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि कमासिन में उसकी भूमिधरी है जिसमें विपक्षियों ने जबरन कब्जा कर रखा है। कई बार मामले को लेकर वाद विवाद के साथ मारपीट की घटना हो चुकी है । जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम को कार्रवाई करने का आदेश दिया था। सोमवार को एसडीएम न्यायिक माज अख्तर , नायब तहसीलदार अतुल कुमार राजस्व टीम के साथ पहुंच भूमि पैमाइश करने लगे जिस पर दर्जनों लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया इस दौरान कर्मचारियों से झड़प होने लगी। जिसकी सूचना पर कोतवाली प्रभारी सैनी बृजेश कुमार करवरिया , उपनिरीक्षक रघुराज , नंदू यादव , शौकत अली एवं कड़ा धाम थानाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह मयफोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा बुझा कर विवादित गाटे का सीमांकन कराया है। इसे दौरान प्रभारी राजस्व निरीक्षक प्रदीप सिंह , लेखपाल अचल सिंह , रवि विश्वकर्मा , दिलीप कुमार द्वितीय सहित पुलिस बल मौजूद रहीं।

# पत्रकार की हत्या से आक्रोशित पत्रकारों ने कार्यवाही हेतु मुख्यमंत्री के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** यूपी के सीतापुर में 36 साल के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शनिवार दोपहर बाइक सवार हमलावारों ने पहले राघवेंद्र की बाइक को टक्कर मारी। फिर राघवेंद्र के गिरते ही उन पर तीन राउंड फायरिंग की और मौके से फरार हो गए।

सीतापुर पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई है। पत्रकार की हत्या से जिले के पत्रकार काफी आक्रोशित हैं। न्यू प्रेस क्लब के अध्यक्ष विमलेश शुक्ल ने मंझनपुर में पत्रकारों की बैठक संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सीतापुर के पत्रकार साथी की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। उन्हें सच लिखने की वजह से जान गंवाना पड़ा। उनकी कुर्बानी व्यर्थ नहीं जाएगी। न्यू प्रेस क्लब के बैनर तले जिले के सभी पत्रकार साथी इस लड़ाई को अंतिम सांस तक



लड़ेंगे। इसके बाद सैकड़ों की संख्या पत्रकारों ने जुलूस निकालते हुए डीएम ऑफिस पहुंचे। सीएम व राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि दिवंगत पत्रकार के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। उनके परिजन के एक सदस्य को नौकरी व दो करोड़ रुपए दिए जाने की मांग की गई।

फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस ने राघवेंद्र को अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। राघवेंद्र के सीने और कंधे में गोली लगी हैं। एक बुलेट कपड़ों में फंसी मिली। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए नाकेबंदी की गई है। पुलिस के अधिकारी अस्पताल पहुंचे हैं। पत्रकार की हत्या से आक्रोशित पत्रकारों ने सोमवार को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब कौशांबी के संरक्षक ओमनीश तिवारी व न्यू प्रेस क्लब अध्यक्ष विमलेश शुक्ला की अगुवाई में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन डीएम मधुसूदन हुल्गी को सौंपा । इस दौरान संगठन ने दिवंगत पत्रकार के हत्यारों को सजा दिलाए जाने एवं परिवार के लोगों को नौकरी व मृतक के परिजनों को एक करोड़ रुपए मुआवजा दिए जाने की मांग की है। इस दौरान कोषाध्यक्ष संजीत कुमार उर्फ रिंकू सिंह, निरंजन चौधरी, विपुल तिवारी, करन सिंह, अनिरुद्ध पाण्डेय, शिव शंकर त्रिपाठी, आबिद हुसैन, अनवर अली, अंकित मिश्रा, राम किशन, हिमांशु मिश्रा, अखिलेश गौतम , शिव शंकर मोदनवाल , सत्येंद्र खरे, धर्मेन्द्र सिंह, रमेश कुमार, तहसील अध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्रा, सुनील चौधरी, शिवा यादव, इंद्रजीत गौतम, हंसराज, राहुल यादव, अमित शुक्ला, नरेंद्र यादव, अभिसार भारती,अरविंद तिवारी, शिव शंकर, अनिरुद्ध आदि मौजूद रहे।

## बंबूपुर में बड़ौदा यूपी बैंक ने लगाया शिविर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** विकासखंड सिराथू क्षेत्र के बंबूपुर गांव में सोमवार को बडौदा यू पी बैंक शाखा उदहिन बुजुर्ग की ओर से कैंप का आयोजन किया गया । कैम्प में ग्रामीणों को बैंक से संचालित प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, आदि के बारे में जानकारी दी गई व विगत दिनो अक्टूबर 2024 में सड़क दुर्घटना में विद्यालय जजैली से मंझनपुर लौटते समय पीडब्ल्यूडी ऑफिस के पास घटी घटना में मृतक कमल सिंह की पत्नी रीता देवी को 25 लाख की चेक इंडिया फर्स्ट बीमा कंपनी की तरफ से दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार कंचन ने अपने संबोधन में कहा कि बैंक से लोन लेते समय बीमा आवश्यक कराऐ ताकि आकस्मिक दुर्घटना घटित होने पर परिजनों को सुरक्षा मुहैया हो सके । शुभ्रा इंडिया फर्स्ट बीमा कंपनी की रीजनल हेड ज्ञानेंद्र कुमार प्रबंधक क्षेत्रीय, उदहिन बुजुर्ग शाखा के प्रबंधक व हेड कैशियर सुनील कुमार सिंह, प्रधान प्रतिनिधि उमेश सिंह सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# भवंस मेहता महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिन हुआ समापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** भवंस मेहता महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिन समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रत्येक दिन की भांति परिसर की साफ सफाई करके किया गया। उसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत गाकर के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रबोध श्रीवास्तव ने सर्वप्रथम मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की ।इसके उपरांत बच्चों ने इन सात दिनों में जो कुछ सीखा जो अनुभूति किया उसके बारे में उन्होंने विस्तार से बताया। इसके उपरान्त पूर्व कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर विमलेश कुमार सिंह यादव ने बच्चों में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति उदासीनता पर खेद व्यक्त किया।इसके उपरांत डॉ0 विवेक कुमार त्रिपाठी ने संबोधित करते हुए



मुक्तिबोध और आदम गोंडवी की कविताओं के माध्यम से स्वयंसेवको को समझाने का प्रयास किया और कहा कि आपको यदि सेवा आपको करना है तो अपने अंदर आत्मलोचन पैदा करना पड़ेगा।कार्यक्रम को प्रोफेसर सतीश चंद्र तिवारी ने बच्चों को अपने जीवन की घटनाओं के माध्यम से उनको प्रोत्साहित करने का कार्य किया।इसके उपरान्त प्रोफेसर श्वेता यादव ने स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए कहा कि यदि जीवन में आगे बढ़ना है तो आत्मानुशासन की महती आवश्यकता होगी। इसके उपरांत कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रबोध श्रीवास्तव ने स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है,वो चाहे जिस क्षेत्र में हो।राष्ट्र की सेवा हमारा सबसे बड़ा धर्म है।यदि तन मन धन से राष्ट्र की सेवा में लगे रहेंगे तो हमें पूरा विश्वास है कि एक दिन ये देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़कर विकसित देश की श्रेणी में शामिल हो जाएगा।इस अवसर पर डॉ0 राहुल कुमार राय ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।साथ ही साथ उन्होंने बच्चों को अपने अंदर राष्ट्रवाद की भावना पैदा करने और देश के प्रति अपने कर्तव्य को समझने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर बच्चों ने कई कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जो कुछ आपने इन सात दिनों में सीखा उसका प्रचार प्रसार अपने समाज में करें जिससे समाज सजग हो सके। डॉ0 राहुल राय,मोहम्मद आदिल,डॉ0दीपक और डॉ0 श्रीवास्तव ने भी बच्चों को सम्बोधित किया और बच्चों को प्रोत्साहित किया।

## रोजगार मेले में 375 अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा बताया गया कि निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0, लखनऊ के निर्देशन में आज डा0ए.एच.रिजवी. इंजीनियरिंग कालेज, करारी, कौशाम्बी के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनियों यथा-पॉलीमेडीक्योर ने 100,एल0जी0 इलेक्टानिक्स ने 66, कृष्णा मारूति ने-49, शिवशक्ति बायोटेक ने-43 तथा द गोल इण्डिया ने 38 चयन किये। रोजगार मेले में कुल 375 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में भर्ती अधिकारियों के साथ कालेज के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने की जल निगम, सिंचाई एवं नलकूप विभाग की समीक्षा बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी धुसूदन हुल्गी द्वारा कार्यालय कक्ष में जल निगम, सिंचाई एवं नलकूप विभाग की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई से जनपद में संचालित नहरों में टेल तक पानी पहुँच रहा है कि नहीं इसकी जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया कि लगातार नहरों की मॉनीटरिंग करते रहें। नहरों में पानी की उपलब्धता निर्वाध रूप से बनी रहें एवं किसानों को सिंचाई में किसी भी प्रकार की समस्या न आने पाये।

जिलाधिकारी ने नलकूप की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता नलकूप को निर्देशित करते हुए कहा कि जहॉ कहीं पर भी नलकूपों का रिबोर होना है, उसकी पूरी जानकारी उपलब्ध कराते हुए तत्काल रिबोर कराने की कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गांवो में लगातार भ्रमण कर नलकूपों का निरीक्षण करते रहें, जहॉ कहीं पर भी नलकूपों के मरम्मत की जरूरत है, तत्काल मरम्मत कार्य कराकर नलकूपों को चालू कराया जाय एवं किसानों को सिंचाई में किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये। जिलाधिकारी ने पूर्व में मण्डलायुक्त की बैठक में अधिशासी अभियंता नलकूप द्वारा बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने पर कठोर चेतावनी जारी की। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम से पेयजल योजनाओं के सम्बन्ध में कराये गये कार्यो की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। इसकी लगातार मॉनीटरिंग अधिशासी अभियंता द्वारा स्वयं की जाय। उन्होंने तीनों अधिशासी अभियंताओं को हर तहसील दिवस में उपस्थित रहनें एवं किसानों से उनकी समस्याओं को सुनने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आप सभी लगातार जनप्रतिनिधियों, गांव के किसानों, किसान संगठनों एवं ग्राम प्रधानों के साथ लगातार चर्चा करें एवं उनसे मिलें, जो भी समस्यायें हों, उनको दूर करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव एवं अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह उपस्थित रहें।

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने स्कूली बस में लगी आग को बुझाने में आम जनमानस के साथ की मदद



**कौशाम्बी।** मंझनपुर चौराहे के पास ओसा की तरफ आ रही बीपी पब्लिक स्कूल की बस बच्चों को लेकर जा रही थी। अचानक बस में आग लगने से अपना तफरी मच गई। चौराहे के समीप अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिले की जिला समिति बैठक चल रही थी। अचानक खबर मिलने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचते ही स्थानीय लोगों के साथ एवं पुलिस के साथ मिलकर आग बुझाने में जुट गए और बच्चों को सकुशल बाहर निकलवाया यहां तक की कार्यकर्ताओं ने अपनी गाड़ियों में लगे अग्निशामन यंत्र का भी उपयोग किया 10 से 15 मिनट के बाद आग पर काबू पा लिया गया एवं दूसरी बस मंगवाकर बच्चों को उनके घर तक सुरक्षित भेजा गया। आग बुझाने में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता जिला संगठन मंत्री अश्वनी सिंह, विभाग संयोजक ऋषभ द्विवेदी ,प्रांत कार्य समिति सदस्य शिवांशु शुक्ला, मंझनपुर तहसील संयोजक सुशील सोनकर ,मंझनपुर नगर मंत्री दिव्यांश द्विवेदी, स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट के प्रांत सह संयोजक अभिराज सिंह, मंझनपुर तहसील सहसंयोजक शिवम द्विवेदी, महामाया महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष गौरव मिश्रा, चायल तहसील संयोजक आर्यन शुक्ला, दारानगर मंत्री पवन भट्ट नगर सह मंत्री परमहंस विश्वकर्मा सहित विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने आग बुझाने में मदद की।

# नॉन स्टाप नीती की तर्ज पर मुख्यमंत्री भाजपा के नेतृत्व मे सबका विकास के लिए वचन बुद्ध- यशपाल ठाकुर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सोनीपत की पावन धरा पर सैन समाज के सम्मेलन मे मुख्य अतिथि के रूप मे पहुँचे यशपाल ठाकुर चेयरमैन हरियाणा केस कला विकास बोर्ड ने समाज को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सभी समाज और धर्म समुदाय के लिए समान अंत्योदय के लिए तत्पर है और हमें समाज हित मे कार्य करने के लिए ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार मे जिम्मेदारी मिली है। ये समाज की नुमाइन्दगी है समाज मे शिक्षा और रोजगार का होना जरूरी है, भाजपा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व मे सबको अवसर मिलेगा सबको सम्मान मिलेगा अपने समाज मे आकर खुशियाँ मिलती है। मै हमेशा समाज मे रह कर जागरूक कार्यक्रम मे समाज हित मे ज्यादा से ज्यादा काम करना चाहूंगा, इस कार्यक्रम मे मंच संचालन रणबीर सिंह बाजवान ने किया एवं अध्यक्षता प्रदीप काले प्रधान सैन धर्मशाला सोनीपत ने की। मुख्य अतिथि



यशपाल ठाकुर, अध्यक्ष केश कला कौशल विकास, बोर्ड हरियाणा सरकार के साथ निखिल मदान, लोकल विधायक सोनीपत और राजीव जैन पूर्व सलाहकार, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल भावी, मेयर प्रत्याशी सोनीपत, यशपाल ठाकुर का यहां पहुंचने पर सैन समाज सोनीपत द्वारा एवम् खाप, तपेदार सैन समाज के गणमान्य लोगों द्वारा फूल माला और पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया। जिसमें समाज के अन्य तपेदार व चौधरी बलजीत जुरासी 360 परगना पानीपत, जयभगवान लाकड़ा रोहतक, जयभगवान बहादुरगढ़, दलबीर सांपला, मास्टर राजेंद्र बाजवान पानीपत, रामफल प्रधान पानीपत, रामकुमार काकरान, उप प्रधान सैन सभा पंचकूला, हरिसिंह सूबेदार जींद सोमपाल प्रधान गोहाना, एवं श्री सुरेश अंतिल मौजूद रहे। भाजपा के विधायक निखिल मदान और राजीव जैन ने भी सैन समाज के लोगो को अपने संबोधन में भारतीय जनता पार्टी की जन कल्याण नीति के बारे में अवगत कराया कि भारतीय जनता पार्टी हर वर्ग के लिए सबका साथ सबका विकास के लिए वचन बुद्ध है। हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सैनी जी नॉन स्टॉप की नीति की तर्ज पर हरियाणा प्रगति की ओर दिन प्रतिदिन विकास के पथ पर अग्रिम राज्य बन रहा है।

## आगामी त्यौहार होली व रमजान के दृष्टिगत एसपी ने किया पैदल माच



**कौशाम्बी।** आगामी त्यौहार होली व रमजान के दृष्टिगत जनपद में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए एवं आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा क्षेत्राधिकारी चायल के साथ थाना चरवा अंतर्गत बेरुआ बाजार में पैदल गस्त की गई तथा शराब की दुकानों एवं संदिग्ध व्यक्तियोंध्वाहनों की चेकिंग की गई। भ्रमण के दौरान लोगों से संवाद कर त्यौहारों को आपस में समन्वय, सौहार्द व शांति के साथ मनाने अपील की गयी तथा सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

# कंपोजिट स्कूल रक्सवारा में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** विकासखंड कौशांबी के कंपोजिट स्कूल रक्सवारा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश वर्मा ने कक्षा 7 की बालिका आरती को प्रधानाध्यापक की कुर्सी पर बैठाकर उसका सम्मान किया । इस अवसर पर विद्यालय में कला एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । विजेता छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया । विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश वर्मा ने बताया कि महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है स यदि किसी समाज को मजबूत एवं शिक्षित बनाना है तो सबसे पहले हमें बालिकाओं को शिक्षित कर उन्हें सशक्त बनाना होगा इस हेतु बालिका शिक्षा अत्यंत जरूरी है स हमारा विद्यालय बालिका शिक्षा हेतु दृढ़ संकल्पित है । इस अवसर पर शिक्षिका रंजीता यादव, अनीता देवी, शिक्षक अजय सिंह, बसंत सिंह, मोहम्मद तारिक, फहीमुद्दीन, राममोहन केसरवानी, संजीव कुमार इत्यादि शिक्षक उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

## एमडीपीजी कॉलेज में होगा रोवर्स-रेंजर्स का समागम

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के रोवर्स- रेंजर्स का समागम 17 एवं 18 मार्च को मुनीश्वरदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में होगा। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ. सी एन पांडेय ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय से संबंध प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ जनपदों की लगभग 40 टीमें शामिल होंगी। प्रत्येक टीम में 24 सदस्य होंगे। कार्यक्रम में दो दिन रोवर्स- रेंजर्स के विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम की तैयारी के लिए प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्र ने महाविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की तेरह कमेटियों का गठन किया है।

## पत्रकार की हत्या को लेकर कार्रवाई न हुई तो होगा धरना प्रदर्शन

**लालगंज प्रतापगढ़।** आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के पत्रकार उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सीतापुर जिले में पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की जघन्य हत्या की कडी निंदा की है। उन्होनें पत्रकार राघवेंद्र की हत्या की घटना को लेकर सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मृतक के निराश्रित परिजनों को एक करोड़ रूपये मुआवजा प्रदान किये जाने का अनुरोध किया है। वही उन्होनें पत्र में हत्यारोपियों के विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई करते हुए घटना के दोषियों पर रासुका के तहत कार्रवाई की भी मांग उठाई है। उन्होनें कहा है कि हत्यारोपी शीघ्र गिरफ्तार न हुए तो रूरल बार एसोशिएसन प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर घटना को लेकर धरना प्रदर्शन करेगा।

## चैंपियन ट्राफी मिलने पर प्रमोद तिवारी ने बताया देश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि

**लालगंज प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने दुबई में हुए आईसीसी चैंपियन ट्राफी की ऐतिहासिक जीत को लेकर भारतीय क्रिकेट टीम के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को देश के लिए गौरवपूर्ण कहा है। उन्होने कहा कि चैंपियन ट्राफी में पांचों मैचों मे अजेय रहते हुए भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा जीत का तोहफा देश के नाम किये जाने को लेकर हर भारतवासी गौरवान्वित हुआ है। उन्होने कहा कि इस जीत से दुनिया को यह संदेश मिला है कि जब जब भारतवासी जाति तथा धर्म व क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर टीम भावना से जिस भी मोर्चे पर खड़े होते हैं पूरी दुनिया में भारत के तिरंगे का परचम लहरा उठता है। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने टीम इण्डिया की जीत को लेकर कप्तान रोहित शर्मा के साथ सभी खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन को जमकर सराहा है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी का बयान यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से सोमवार को निर्गत हुआ है।

## तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व तोडफोड का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने रंजिशन मारपीट व तोडफोड को लेकर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र सड़वा सोमवंशियान निवासी मुकेश यादव की पत्नी संजू ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि आठ मार्च को शाम करीब चार बजे उसकी सास पगला देवी दरवाजे पर बैठी थी। इस समय पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी राम अधार यादव के पुत्र दयाराम व राहुल तथा राम अभिलाष के पुत्र विकास ने गाली देने लगे। मना करने पर आरोपियों ने उसकी सास को मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाया तो आरोपियों ने बाहर रखे हुए घर के सामानों को तोडकर नष्ट कर दिया। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। थानाध्यक्ष अरूण सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया गया है, शीघ्र ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## कोर्ट के फरमान पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोर्ट के फरमान पर लीलापुर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा छेडछाड व घर में घुसकर मारपीट का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के घरौरा निवासी मोहन लाल सरोज की पत्नी राजकुमारी ने कोर्ट में फरियाद किया कि विपक्षियों से उसका जमीनी विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। बीती दो सितंबर को उसका पति जिला मुख्यालय मुकदमें की पैरवी में गया था। दिन में ग्यारह बजे विपक्षी रतन के पुत्र महालाल व महालाल के पुत्रगण उमेश व राजाराम विवादित जमीन पर जबरिया निर्माण करने लगे। पीड़िता ने निर्माण से मना किया तब आरोपियों ने उसे धारदार हथियार से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। पीड़िता जान बचाने के लिए घर के अंदर घुसी तो आरोपी घर में घुस आये और अश्लील हरकत करने लगे। चोट लगने से पीड़िता चीखते चिल्लाते बेहोश हो गयी। उसकी चीखपुकार सुन आसपास के लोग बचाव को दौड़े तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। पीडिता ने पुलिस को घटना की तहरीर सौपी किन्तु जांच के नाम पर केस दर्ज करने में पुलिस हीलाहवाली करती रही। इसके बाद पीड़िता ने कोर्ट में इंसाफ की फरियाद की। कोर्ट के आदेश पर लीलापुर पुलिस ने आरोपी महालाल समेत तीन के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष अरूण सिंह का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## गंगा में डूब रहे दोस्त को बचाने में युवक ने गंवाई जान, कोहराम



**कुंडा प्रतापगढ़।** साथियों संग गंगा नहा रहे युवक ने अचानक डूब रहे साथी को बचाने के प्रयास में गहरे पानी में छलांग लगा दी। दोस्त को तो बचा लिया, लेकिन उसने खुद अपनी जान गवां दी। नवाबगंज थाना क्षेत्र के लालसिंह का पुरवा हिनाहूं निवासी विमलेश उर्फ मुन्ना का 18 वर्षीय बेटा शिवा कक्षा 11 का छात्र था। रविवार को सुबह करीब 10 बजे वह अपने परिवार के ही दोस्त मेवालाल के 17 वर्षीय बेटे ननकऊ, रामसिंह के 17 वर्षीय बेटे अरुण कुमार के साथ गंगा नहाने कालाकांकर घाट गया था। नहाने के दौरान अरुण डूबने लगा। यह देख उसे बचाने को शिवा ने गहरे पानी में छलांग लगा दी। उसने अरुण को तो बचा लिया, लेकिन खुद गहरे पानी की तेज लहरों में फंसकर डूब गया। खबर मिलते ही परिजन, ग्रामीण, पुलिस, गोताखोर मौके पर पहुंच गए। गोताखोरों ने जाल के सहारे उसकी खोज शुरू की। करीब साढ़े तीन घंटे बाद वह घाट से कुछ दूरी पर पानी में मिल गया। पुलिस ने तुरंत सीएचसी भेजा। वहां से रायबरेली रेफर किया गया लेकिन वहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। शिवा दो भाइयों में बड़ा था। उसकी मां सुनीता, भाई छोटू समेत पूरा परिवार चीत्कार करने लगा। शव का पोस्टमार्टम रायबरेली में किया गया।

# शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिये खेल बहुत जरूरी-जिलाधिकारी

- जिला स्पोर्टस स्टेडियम में राज्य आमंत्रण ओपन सीनियर पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का हुआ समापन
- विवेक अकादमी वाराणसी को हराकर झांसी छात्रावास ने जीता राज्य आमंत्रण ओपन हॉकी पुरुष प्रतियोगिता का खिताब



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** खेल निदेशालय लखनऊ के तत्वाधान में दिनांक 06 मार्च से 10 मार्च तक आयोजित राज्य आमंत्रण ओपन सीनियर पुरूष हाकी प्रतियोगिता का समापन स्पोर्टस स्टेडियम में किया गया। राज्य आमंत्रण ओपन हॉकी प्रतियोगिता का खिताब झांसी छात्रावास ने ओलंपियन विवेक अकादमी वाराणसी को हराकर जीत लिया, झांसी छात्रावास के लिए राघवेंद्र ने अपने दमदार खेल के प्रदर्शन के दम पर तीन गोल मार दिए और झांसी छात्रावास ने ओलंपियन विवेक अकादमी को 2 के मुकाबले 3 गोल दागकर अपनी बादशाहत कायम करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया।

समापन समारोह में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने झांसी छात्रावास विजेता टीम व वाराणसी विवेक अकादमी उपविजेता की टीम को बधाई दी और कहा कि प्रदेश के कई जिलो से खिलाड़ियों की टीमों द्वारा यहां पर खेल और कौशल का अच्छा प्रदर्शन किया गया। स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित खेल प्रतियोगिता में जनपद के प्रतिष्ठित नागरिकों द्वारा प्रतिभाग कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया जाता है और विभिन्न विभागों द्वारा भी सहयोग किया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि खेल हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है, खेलो से हममे अनुशासन आता है, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जन्म लेती है।

शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिये खेल बहुत जरूरी है। जिलाधिकारी ने कहा कि मेरे द्वारा स्टेडियम का निरीक्षण किया जायेगा और जो भी कमियां एवं समस्यायें है उसको दूर कराया जायेगा।

भारत विकास परिषद के सदस्यों द्वारा टीमों और निर्णायकों को आंवले बर्फी और मल्टीग्रेन बिस्किट भेट किया गया। पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अनवर खान की तरफ से विजेता को 7 हजार और उपविजेता को 5 हजार रूपये प्रदान किया गया। हाकी प्रतियोगिता में बच्चो के द्वारा सहयोग प्रदान किये जाने पर खेल विभाग द्वारा 10 बच्चों को टीशर्ट प्रदान की गयी। समापन के अवसर पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी ने विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर भारत विकास परिषद विशाल शाखा के सदस्य अश्वनी कुमार केसरवानी, उदय भानु सिंह, शरद केसरवानी, गोविन्द खंडेलवाल, शिशिर खरे, प्रतीक खंडेलवाल, प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री विनय सिंह, शिक्षक कौशलेंद्र सिंह, वॉलीबॉल सचिव विनोद यादव, हॉकी प्रतापगढ़ के सचिव आजम अली पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला, अनवर हॉकी सोसायटी के अमजद खान, खुर्शीद खान, जसीम खान, जिला क्रिकेट के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी उर्फ मुन्ना, जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह, एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव, कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार, खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह, फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश, कंप्यूटर ऑपरेटर निखिल राणा सहित संजय पांडे, पप्पु रमेश जानी, गंगा पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया। अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## किशोरी के साथ छेड़छाड व धमकी को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ केस

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने किशोरी के साथ छेडछाड़ तथा परिजनों को धमकी देने के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न समेत गंभीर धाराओं में सोमवार को केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव के पीड़ित ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती आठ मार्च को उसकी सोलह वर्षीया बेटी शौच के लिए खेत गयी थी। वहां पहले से घात लगाए बैठे आरोपी नया का पुरवा नरायनपुर गांव निवासी शिवा पटेल ने उसकी पुत्री का मुंह दबाकर खेत में घसीट लिया। पीड़िता ने शोरशराबा मचाया तो आरोपी भाग निकला। पीडिता ने घर पहुंचकर पिता से आपबीती सुनाई। जानकारी मिलने पर पीड़िता के पिता ने आरोपी के पिता से शिकायत की। इस पर आरोपी के पिता ने पीड़ित को जातिसूचक गालियां देते हुए शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर आरोपी शिवा पटेल तथा उसके पिता राजाराम पटेल के खिलाफ दलित उत्पीड़न, पास्को एक्ट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

# प्रदेश के किसान प्राकृतिक खेती से अधिक फसल उत्पादन कर होंगे समृद्ध

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** खेती में रसायनों के अधिक प्रयोग से अधिक पानी की आवश्यकता होती है, लगातार रासायनिक खाद के उपयोग से उपजाऊ से उपजाऊ भूमि के उपज क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। रासायनिक खाद से उपजे अनाज से मनुष्य के अंदर कहीं न कहीं धीमा जहर भी पहुंच रहा है। इससे लोग तरह-तरह की बीमारियों की चपेट में भी आ रहे हैं। अगर स्वस्थ जीवन की ओर उन्मुख होना है, तो प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन करना जरूरी है। भारत सरकार ने 'नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फॉर्मिंग' के अंतर्गत किसानों की आर्थिक हालत में सुधार के लिए कई कदम उठाए है, जिसमें जीरो बजट खेती मुख्य बिन्दु है। जीरो फॉर्मिंग के जरिए कृषि के पारंपरिक और मूलभूत तरीके पर लौटने पर जोर दिया जा रहा है। जीरो बजट फॉर्मिंग में किसान जो भी फसल उगाएंगे उसमें फर्टिलाइजर, कीटनाशकों के स्थान पर प्राकृतिक खेती को अपनायेंगे। इसमें रासायनिक खाद के स्थान पर पेड़ पौधो की पत्तियों, कृषि अवशेषों, खर पतवार से बनी देशी खाद, गोबर, गौमूत्र, चने के बेसन, गुड़ और मिट्टी से बने खाद आदि का इस्तेमाल किया जाता है।

देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की अधिकांश आबादी आजीविका के लिए कृषि पर आधारित हैं। कृषि क्षेत्र से ही सबसे ज्यादा रोजगार मिलता हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कृषि के विकास तथा किसानों की खुशहाली के लिए कृतसंकल्प हैं। इसी के दृष्टिगत प्रदेश में किसानों के हित से जुड़ी अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही हैं। किसान को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गोवंश आधारित जीरो बजट, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे कम लागत में अधिक उत्पादन हो और किसानों की आय बढ़ सके। जीरो बजट की प्राकृतिक खेती किसान की आय दोगुनी करने का सबसे सस्ता माध्यम है। प्रदेश में निराश्रित गोवंश आश्रयस्थलों को गौ आधारित प्राकृतिक कृषि एवं अन्य गौ उत्पादों को प्रशिक्षण केन्द्र में विकसित की जा रही है, जो बुंदेलखण्ड को जीरो बजट खेती के माध्यम से संभव हो रहा है। प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में भी शामिल किया गया है।

गोवंश आधारित प्राकृतिक खेती का मुख्य आधार देसी गाय है। गोबर, गौमूत्र और कुछ कृषि उत्पादों को मिलाकर बनने वाले जीवामृत और घनजीवामृत में जमीन को उपजाऊ बनाने और फसल को पोषण देने की पर्याप्त क्षमता होती है। प्रदेश सरकार द्वारा निराश्रित गायों के पालन-पोषण के लिए गोपालकों को प्रति माह प्रति गाय 1500 रूपये की सहायता राशि भी प्रदान की जा रही है। देसी गायों के पालन और उनके गोबर के इस्तेमाल से बेहतर खेती की जा सकती है और काफी पानी बचाया जा सकता है।

ऐसे में सूखे का दंश झेलने वाले बुंदेलखण्ड में प्राकृतिक खेती किसी वरदान से कम नहीं है।कम खर्च में अधिक पैदावार प्राकृतिक खेती का मुख्य उद्देश्य है। किसानों को महंगे बीज, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों की खरीद के चंगुल से मुक्त कराना है। किसान प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग कर खेती कर आत्मनिर्भर हो रहे हैं। कम लागत लगने से खेती करने पर किसानों को अधिक मुनाफा प्राप्त होता है। सोने पे सुहागा यह है कि इस विधि से जो भी फसल उगाई जाती है वह सेहत के लिए काफी लाभदायक होती है, क्योंकि इसे उगाने के लिए किसी भी तरह के रासायनिक पदार्थो का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इन्हीं विशेषताओं के कारण प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित कर रही है।प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र पोषित 'नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फॉर्मिंग' के अंतर्गत प्रदेश सरकार ने प्रदेश के 49 जनपदों की 85710 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती कराने की व्यवस्था की है जिसे भारत सरकार ने स्वीकृति सहित धनराशि दे दी है।

राज्य सेक्टर से बुंदेलखण्ड के समस्त जनपदों में 23500 हेक्टेयर क्षेत्रफल में गौ-आधारित प्राकृतिक खेती कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। प्रदेश में जैविक खेती कार्यक्रम को बढ़ावा दिया जा रहा है। जनपद हमीरपुर में वर्ष 2023-24 तक 35100 हेक्टेयर क्षेत्रफल को जैविक खेती में परिवर्तन किया जा चुका है।प्रदेश में गंगातट के 1038 ग्राम पंचायतों में व्यापक रूप से प्राकृतिक खेती 27 जिलों, 21 नगर निकाय, 1038 ग्राम पंचायतों और 1648 राजस्व ग्रामों में आयोजित गंगा यात्रा के दौरान प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों को विशेष रूप से जागरूक किया गया। गंगा के तटवर्ती दोनों ओर नमामि गंगे परियोजना के तहत व्यापक रूप से प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

गंगा किनारे कुल 4909 क्लस्टरों के 92180 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती कराई जा रही है। पहले चरण में 1038 ग्राम पंचायतों में मास्टर ट्रेनर तैयार किये जा रहे हैं, जो गांवों में जाकर किसानों को गो आधारित खेती का प्रशिक्षण दे रहे हैं।गंगा किनारे गंगा मैदान, गंगा उद्यान, गंगा वन तथा गंगा तालाब को विकसित किया जा रहा है, जो प्राकृतिक खेती के लिए काफी सहायक होंगे।

कृषि विज्ञान केन्द्रों और विश्वविद्यालयों के माध्यम से न सिर्फ प्राकृतिक कृषि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, बल्कि अधिक से अधिक किसानों को इसके प्रति प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक खेती का रकबा बढ़ाना है। प्राकृतिक कृषि उत्पाद मूल्यों का उचित मूल्य मिल सकें, इसके लिए भी सरकार द्वारा व्यापक कार्य किये गये हैं।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गो-आधारित प्राकृतिक खेती के लिए बुंदेलखण्ड के 07 जनपदों के 47 विकासखण्डों में योजना की शुरूआत कर दी है।

प्रत्येक ब्लाक में 500 हेक्टेयर क्षेत्र में चरणबद्ध ढंग से विकसित किया जा रहा है। प्रथम चरण में (वर्ष 2022-23 से 2025-26) में 23500 क्लस्टर व दूसरे चरण में (वर्ष 2023-24 से 2026-27) में 235 क्लस्टर कुल 23500 हेक्टेयर भूमि में प्राकृतिक खेती किये जाने का प्राविधान किया गया है। प्रत्येक क्लस्टर 50 हेक्टेयर क्षेत्रफल का होगा। जनपद स्तर पर समस्त कृषि कर्मी, कृषि वैज्ञानिकों, प्राकृतिक खेती से जुड़े कृषकों को प्रशिक्षण दिया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती हेतु किसानों को प्रोत्साहन स्वरूप आवश्यक सहयोग भी दिया जा रहा है।

# श्रीराम सेवा संस्थान द्वारा भव्य होली मिलन समारोह आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** आपसी भाई चारे और प्रेम का संदेश देने वाला एकता सौहार्द का पावन रंगों का पर्व होली के उपलक्ष्य में श्रीराम सेवा संस्थान द्वारा नालासोपारा पूर्व के राजनगर सर्कल के पास आंबेडकर हाल में होली मिलन समारोह बड़ी धूमधाम और भव्यता से मनाया गया। इसमें समाज में एकता और भाई चारे पर चर्चा परिचर्चा किया गया। कार्यक्रम में फाग गीत और गीत संगीत का आयोजन किया गया, जिसमें गायक सुशील मिश्र मासूम,दीपक पांडेय,खुशबू मिश्रा,अजय मिश्र की टीम ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। मौजूद गणमान्य लोगों ने गीत संगीत का रसास्वादन किया। कलाकारों द्वारा खूब सारी तालियां भी बटोरी गई। इस मौके पर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर फूलों की होली भी खेली गई।एक दूसरे को




होली की बधाई देते हुए गले से लगाया गया।कार्यक्रम के आयोजक श्रीराम सेवा संस्थान के अध्यक्ष अतुल तिवारी ने आते हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि हमारी टीम द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है, ताकि आपसी भाई चारा कायम रहे और होली हमारी संस्कृति की पहचान है। आनंद के साथ होली मना कर संस्कृति को कायम रखने का प्रयास किया जाता है।इस मौके पर कुंवर शैलेन्द्र प्रताप सिंह चेयर परसन एन ई आई डी सी,पूर्व एडवाईजर झारखण्ड सरकार विश्वनाथ दीनानाथ,ओम प्रकाश दुबे डायरेक्टर दुबे मेडिकल कॉलेज,दिनेश त्रिपाठी शिक्षाविद उद्योगपति विद्याधर मिश्र,विनय दुबे अधिवक्ता हाई कोर्ट दिल्ली,आचार्य पवन त्रिपाठी कोषाध्यक्ष सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट मुंबई,प्रमोद मिश्रा भाजपा नेता,चंद्रकांत मिश्र भवन निर्माता मनीष दादा जोशी राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्राम्हण सेना,सुरेंद्र मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष राघवेंद्र सेवा मंच,प्रमोद उपाध्याय ब्राम्हण एकता चैरिटी मंच,नागेंद्र तिवारी संस्थापक अध्यक्ष उत्तर भारतीय विकास मंच,मिलिंद घरात पूर्व नगरसेवक वसई विरार महानगरपालिका,महेंद्र पाटिल जिलाध्यक्ष भाजपा,अभय कक्कड़,संदीप मिश्रा जिला सचिव भाजपा वसई विरार शहर,सुनील सिंह महामंत्री उत्तर भारतीय मोर्चा महाराष्ट्र प्रदेश,संजय पांडेय महाराष्ट्र प्रदेश सचिव कामगार अघाड़ी,शीतला प्रसाद तिवारी निदेशक यस यस कालेज,रामकेश यादव प्रबंधक पंचम स्कूल,संतोष शुक्ल डायरेक्टर ओम साई एस्टेट, एडवोकेट विवेकानंद पांडेय,राजेश मिश्र राष्ट्रीय अध्यक्ष परशुराम सेना,बृजेश ओझा,अशोक ओझा,हरीश मिश्र,डॉ अश्विनी पांडेय,संदीप शुक्ला,भूपेश तिवारी,सुधीर मिश्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सीडीओ की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी कार्यकत्री चयन समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन कक्ष में आंगनबाड़ी कार्यकत्री चयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में भौतिक सत्यापन उपरान्त अभिलेखों को पुनः सत्यापन करने के लिये दिनांक 11 मार्च 2025 को विकास भवन सभागार में 17 जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा कराया जाना निर्णीत हुआ है। मुख्य विकास अधिकारी ने आंगनबाड़ी चयन की वरीयता क्रम बीपीएल विधवा, बीपीएल तलाकशुदा/परित्यक्तता, बीपीएल (सर्वाधिक मेरिट), एपीएल विधवा, एपीएल तलाकशुदा/परित्यक्तता, एपीएल (सर्वाधिक मेरिट) आदि शासनादेश के समस्त मानकों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में चयन समिति के सदस्य सचिव जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार सहित अन्य समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची को लेकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में हुआ मंथन

**लालगंज प्रतापगढ़।** मतदाता सूची के प्रकाशन को लेकर विचारविमर्श हेतु सोमवार को तहसील सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हुई बैठक की अध्यक्षता नोडल अधिकारी एवं नायब तहसीलदार वीरेन्द्र मिश्र ने किया। बैठक में बताया गया कि सात जनवरी को मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद दस मार्च तक कुल आठ सौ बयासी फार्म प्राप्त हुए हैं। इनमें से फार्म छः परिवर्तन के चार सौ तिरान्नवे व विलोपन के सत्तावन तथा संशोधन के तीन सौ बत्तीस फार्म मिले हैं। नायब तहसीलदार ने बताया कि इनमें से सात सौ एक आवेदन का निस्तारण कराया जा चुका है। बैठक में उन्होने बूथ लेवल अधिकारियों को शेष आवेदनों के समय से निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिये। बैठक में यह भी जानकारी दी गयी कि रामपुरखास का जेण्डर रेशियो नौ सौ आठ व ईपी रेशियो चौसठ प्रतिशत है। रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र में तीन हजार आठ सौ अटठावन दिव्यांग मतदाता दर्ज हुए हैं। वहीं तेरह सौ मतदाता पचासी वर्ष के ऊपर है जिन्हें घर से मतदान की सुविधा दी जाया करती है। बैठक में राजनैतिक दलों से नामित बूथ लेवल एजेण्ट की सूची के अवलोकन का भी अनुरोध किया गया। क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सभी बीएलओ की सूची व उनके फोन नंबर उपलब्ध कराए जाने की मांग रखी।

भाजपा के मण्डल अध्यक्ष राजेश मिश्र व पूर्व सभासद बृजेन्द्र पाण्डेय मण्टू ने मृतक मतदाताओं के नाम पृथक किये जाने के लिए बीएलओ को उत्तरदायी बनाए जाने को कहा। सपा के रोशन लाल सरोज व बसपा के सुरेन्द्र गौतम ने भी मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर सुझाव रखे। बैठक में नायब तहसीलदार चंदन लाल तथा खण्ड विकास अधिकारी लालगंज मानवेन्द्र शर्मा ने मतदान प्रतिशत बढाए जाने को लेकर जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाए जाने पर जोर दिया। बैठक का संचालन निर्वाचन पटल के सहायक सुरेश यादव ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता ओमप्रकाश पाण्डेय गुडडू, अजय वर्मा, श्रीनाथ पासी, राजेश यादव भी मौजूद रहे।

## सदर विधायक ने प्राचीन मंदिर पर लगवाया हाईमास्ट,खुशी की लहर

**प्रतापगढ़।** बेलखरनाथ ब्लाक क्षेत्र के फेनहा गांव स्थित प्राचीन मंदिर में सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्या ने हाईमास्ट लगवाया तो क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। लोग सदर विधायक के इस प्रयास की सराहना करते रहे। ज्ञमनोज कुमार सिंह ने बताया कि सदर विधायक से मंदिर के लिए हाईमास्ट की मांग की गई थी।उन्होंने मंदिर पर हाईमास्ट लगवाकर मंदिर के पास उजाले की व्यवस्था करा दी है। मंदिर के पुजारी शिव कुमार पांडेय ने बताया कि हाईमास्ट लगने से अब मंदिर के पास खूब उजाला हो गया है। क्षेत्र के जय प्रकाश सिंह,अनुपम सिंह,संजय सिंह,श्रीनाथ,मिंटू,सोनू,देवेश



पांडे,निखिल पांडे,अंबिका सिंह, आत्मा सिंह,राहुल पांडे, निश्चय यादव,मोहित सिंह,सोनू सरोज,नीरज सिंह,अभिषेक श्रीवास्तव,नितेश सिंह आदि ने सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्या की सराहना की। वहीं सदर विधायक के प्रतिनिधि अरुण मौर्य ने बताया कि इस प्राचीन मंदिर के विकास के लिए जितना भी संभव हो सकेगा उतना प्रयास किया जाएगा। गौरतलब है कि यह मंदिर वर्षों पुराना है,मंदिर में हनुमान जी,सीताराम, दुर्गा जी व शंकर जी की मूर्ति स्थापित है। यहां बड़े पैमाने पर भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन मंदिर काफी पुराना होने के कारण इसकी दीवारें व छत आदि खराब हो गए हैं। इसके जीर्णोद्धार के लिए ग्रामीण जिम्मेदारों से मांग कर रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

## पिता-पुत्रों ने बच्चों के विवाद में घर पर चढ़कर मां-बेटे को पीटा

**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के मलहरा मजरा मलाक मोहिउद्दीनपुर गांव में रविवार की शाम बच्चों के विवाद में पिता-पुत्रों ने घर पर चढ़कर मां-बेटे को जमकर पीट दिया। पिटाई से उन दोनों को काफी चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।क्षेत्र के मलहरा मजरा मलाक मोहिउद्दीनपुर गांव निवासी नरेश कुमार सरोज मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसकी पत्नी सीमा देवी के अनुसार रविवार को उसका पुत्र यश पड़ोसी बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान बच्चों के बीच विवाद हो गया।उसका पुत्र चुपचाप वहां से घर लौट आया। शाम के समय पड़ोसी अपने दो बेटों के साथ हाथों में डंडे लेकर उसके घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर उन लोगों ने यश की पिटाई करना शुरू कर दिया। शोर सुनकर बीच बचाव करने पहुंची सीमा को भी पीटा। इससे दोनों को काफी चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपी पिता-पुत्रों के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## दबंग भाइयों ने मामूली विवाद में घर में घुसकर मां- बेटे को पीटा

**चरवा, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के काजू गांव में सोमवार की सुबह मामूली विवाद में दबंग भाइयों ने घर में घुसकर मां-बेटे को जमकर पीट दिया। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपी भाइयों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।काजू गांव की शांति देवी पत्नी संतोष पासी ने बताया कि उसका पति एक बेटे के साथ मजदूरी करने के लिये बाहर रहते हैं।रविवार की शाम वह बकरी बांधने दूसरे घर में गई थी। इसी दौरान गांव का एक युवक उसके घर में घुसकर चारपाई के नीचे छिप गया। उसके घर लौटने पर वह अपनी चप्पल छोड़कर वहां से भाग निकला।सोमवार की सुबह वही युवक अपने भाई के साथ चप्पल लेने के लिये उसके घर पहुंचा। चप्पल न देने पर वह उसके साथ गाली गलौच करने लगा।आरोप है कि महिला के विरोध करने पर दोनों भाइयों ने उसकी पिटाई करना शुरू कर दिया। शोर सुनकर बीच बचाव करने पहुंचे बेटे श्रवण कुमार को भी पीटा। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आईं।शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया।बताया कि इसके पहले वह एक घर से लैपटाप की चोरी कर चुका है। घायल मां - बेटे ने थाने जाकर आरोपी भाइयों के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## शातिर चोरों ने तीन शटर के तोड़े ताले, दुकान में रखी नगदी किया पार, केस दर्ज

**कड़ा, (कौशाम्बी)।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के देवीगंज कस्बे में शातिर चोरों ने तीन दुकानों के शटर के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना से कस्बे के व्यापारियों में दहशत का माहौल है।सूचना पर पहुंची कड़ाधाम पुलिस मामले की बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है।थाना क्षेत्र के रोजे सैफ खा गड़रियापुर निवासी विनय कुमार पुत्र मोतीलाल ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह देवीगंज कस्बे के कड़ा रोड पर सहज जन सेवा केंद्र चलाता है।शनिवार की शाम वह रोज की भांति दुकान बंद करके घर चला गया।रविवार की सुबह जब वह अपनी दुकान खोलने आया तो दुकान का ताला टूटा हुआ देखकर वह सन्न रह गया।शातिर चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखी 65 हजार की नगदी पार कर दिया।यही नही बगल में संतराम पुत्र विजय सोनी निवासी अफजलपुर सातों थाना कड़ाधाम की ज्वैलर्स की दुकान व शंकर लाल पटेल पुत्र मन्ना लाल निवासी मलाक निंदुरा थाना सैनी की सहज जनसेवा केंद्र की दुकान का भी ताला तोड़ डाला।गनीमत रही कि ज्वैलर्स की दुकान से कोई सामान नही चोरी हुआ जबकि शंकर लाल की दुकान में रखा प्रिंटर चोरों द्वारा पैर रखने के चलते खराब हो गया।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह ने घटना का बारीकी से निरीक्षण किया और मौके पर फोरेंसिक टीम बुलाकर मामले की जांच पड़ताल की बाद पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है , थानाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए टीम लगाई गई है जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।घटना के बाद से कस्बाइयों में दहशत का माहौल है।

## पेरई विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने शानदार प्रस्तुति कर मोहा मन



**चायल, (कौशाम्बी)।** विकास खंड नेवादा के उच्च प्राथमिक विद्यालय पेरई में सोमवार को शारदा संगोष्ठी एवं विद्यालय वार्षिकोत्सव का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी व खंड विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सरस्वती वंदना,स्वागत गीत के साथ गीत, नृत्य, संगीत, नाट्य मंचन सहित विभिन्न कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सत्यवती देवी व राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक हरिओम सिंह ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों व उनके सम्मानित अभिभावकों को सम्मानित करते हुए पुरस्कार वितरण किया। कहा कि बच्चों के अन्दर बहुत सी प्रतिभाएं छिपी होती है उसे निखारने की आवश्यकता होती है जिन्हें ऐसे मंच पर निखारने का अवसर प्राप्त होता है। कार्यक्रम में एआरपी अनुराग मिश्रा, विकास मिश्रा, भूपेन्द्र सिंह, अनूप मिश्रा व ग्राम प्रधान रामप्रकाश साहू और एसएमसी अध्यक्ष सहित विद्यालय के शिक्षक प्रतिमा कुमारी, सोनी गुप्ता, अर्चना सिंह, मनुशर्मा, चक्रपाणि मिश्र व विजेता कनौजिया सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## सामाजिक संस्था श्री नारायणी सेना द्वारा समर्थन पत्र सौंपा



**प्रयागराज।** कोटपूतली - बहरोड नवगठित जिला कोटपूतली बहरोड के जिला मुख्यालय कोटपूतली मे जिला एवं सत्र न्यायालय एवं इसके समकक्ष न्यायालय खुलवाने की मांग को लेकर जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान मे अधिवक्ताओं द्वारा शुरू की गई पेन डाउन हड़ताल व धरना प्रदर्शन स्थानीय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर मे सोमवार को भी अधिवक्ताओं की ओर से क्रामिक अंनशन व भूख हड़ताल जारी रहा। इस दौरान सामाजिक संस्था नारायणी सेना व सैन मंदिर विकास प्रबंधक एवं समाज उत्थान रजिस्टर्ड समिति की ओर से कोटपूतली मे डीजे कोर्ट खुलवाने की मांग को अपना समर्थन पत्र देते हुऐ नारायणी सेना अध्यक्ष ओमप्रकाश सैन की अगुवाई मे अभिभाषक संघ का अध्यक्ष एड. उदय सिंह तंवर को समर्थन पत्र सौंपा। इस मौके पर हव. बनवारी लाल सैन, संजय सैन खेड़की, नेतराम सैन रामपुरा, वेद प्रकाश सैन, कृष्ण सैन मल्लाला, भम्भुराम सैन, विक्रम सैन, पवाना एड., शिवकुमार शर्मा एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री संदर्भ प्रकरण में मनमानी

# डीएम के रुख से जांच टीम को सता रहा है, कानूनी कार्यवाही का डर

**मामला सरसवां ब्लॉक के पभोषा का मजरा बक्शी के पुरवा गांव का**

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री संदर्भ प्रकरण में बरती गई मनमानी जांच टीम के लिए मुसीबत बन सकती है। डीएम के रुख से पूरी की पूरी टीम दहशत में है। टीम के नुमाइंदों को इस बात का डर सताने लगा है, कि कहीं इस रवैये के चलते उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही न हो जाए। उधर ब्लॉक प्रशासन में भी नुमाइंदों के बीच डीएम के तेवर को लेकर हड़कंप मचा हुआ है। मामला ब्लॉक क्षेत्र के पभोषा का मजरा बक्शी का पुरवा गांव का है। यहां सीसी सड़क और नाली को दुरुस्त कराए जाने हेतु मुख्यमंत्री से गुहार लगाई गई थी।

गौरतलब है कि सरसवां ब्लाक अंतर्गत पभोषा का मजरा बक्शी का पुरवा निवासी प्रीतम सिंह ने मुख्यमंत्री से घर के नजदीक पूर्व निर्मित क्षतिग्रस्त सीसी रोड वह नाली को दुरुस्त कराए जाने की गुहार लगाई गई थी, जिस पर बीडीओ सरसवां ने मौके की जांच कराई तो हकीकत उनके सामने आई। इस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2022-23 में इस कार्य के लिए एक लाख आवंटित भी कर दिया गया, यहीं से खेल शुरू हो गया। ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर कार्यवाही रजिस्टर की प्रति अपलोड करने के बजाय उसकी जगह सादा पेपर अपलोड कर दिया गया। इतना ही नहीं कार्यस्थल स्थान बक्शी का पुरवा न दिखा कर पभोषा दर्शा दिया गया। ऐसे में पुनः दोबारा मुख्यमंत्री से इसकी शिकायत की गई। आईजीआरएस में हुई शिकायत पर तत्कालीन जिलाधिकारी ने उक्त कार्य को वार्षिक कार्य योजना 2023-24 की कार्यवाही में सम्मिलित करते हुए वरीयता क्रम एवं धनराशि की उपलब्धता के आधार पर इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण का कार्य नियमानुसार करने का आश्वासन दे दिया। बावजूद इसके खेल बदस्तूर चलता रहा। नतीजतन सूबे के मुख्यमंत्री से पिछले महीने तिबारा इस मामले की शिकायत की गई। अबकी मर्तबा प्रमुख सचिव ने इसे संजीदगी से लेते हुए जिलाधिकारी को उच्च स्तरीय जांच करने का फरमान जारी कर दिया। ऐसे में जिलाधिकारी ने पिछले दिनों डीपीआरओ की अध्यक्षता में टीम गठित कर जांच करने को कह दिया। बताया जाता है कि जांच आख्या में टीम ने जमीन को भूमधरी बताते हुए आपत्ती विवाद का हवाला देकर कार्य करने में असमर्थता जता दी।

जांच टीम में शामिल लोगों के माथे पर तब पसीना आ गया। जब डीएम ने टीम को मौके पर जाकर प्रकरण के निस्तारण का फरमान जारी कर दिया। इस पर टीम ने अपनी रिपोर्ट में इस बात का सुझाव दिया कि दूसरी दिशा में नाली निर्माण कराया जाए। जांच टीम का यह रवैया जब जिलाधिकारी के संज्ञान में आया तो टीम के क्रियाकलाप सवालों के घेरे में आ गए। ऐसे में जिलाधिकारी ने जांच टीम को ही नही वरन खण्ड विकास अधिकारी को भी कारण बताओं नोटिस जारी कर दिया। नोटिस मिलते ही टीम समेत ब्लॉक प्रशासन के जिम्मेदारों में हड़कम्प मच गया। जिलाधिकारी के तेवर से जांच टीम को अब कानूनी कार्यवाही होने का डर सताने लगा है।

### ● तो क्या रसूखदार के इशारे पर, प्रकरण में खेला गया खेल....?

कौशाम्बी। इस पूरे खेल में इलाके के एक रसूखदार की भूमिका अहम बताई जा रहीं है। इलाके से लेकर सरकारी मशीनरी तक धन बल के जरीए रसूख मुकम्मल करने वाले रसूखदार ने इस मामले में जो दखल दिया वह इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। बता दे कि जांच टीम ने अपनी आख्या में जिस भूमिधरी आराजी का जिक्र किया है। उस जमीन पर इसी रसूखदार द्वारा अपत्ति और विवाद का हवाला दिया गया है। एक तरह से माना जाए तो आख्या के मुताबिक रसूखदार की इस प्रकरण में सीधी दखल मानी जा सकती है।

## पत्रकार की हत्या से आक्रोशित पत्रकारों ने पश्चिम शरीरा में निकाला कैंडल मार्च



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** यूपी के सीतापुर में 36 साल के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शनिवार दोपहर बाइक सवार हमलावारों ने पहले राघवेंद्र की बाइक को टक्कर मारी। फिर राघवेंद्र के गिरते ही उन पर तीन राउंड फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस ने राघवेंद्र को अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। राघवेंद्र के सीने और कंधे में गोली लगी हैं। एक बुलेट कपड़ों में फंसी मिली। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए नाकेबंदी की गई है। पुलिस के अधिकारी अस्पताल पहुंचे हैं। वहीं वरिष्ठ पत्रकार रमेश सिंह मनोज सिंह सहित क्षेत्र के तमाम पत्रकारों ने पत्रकार साथी की मौत पर आक्रोश व्यक्त किया है पत्रकार की हत्या से आक्रोशित पत्रकारों ने सोमवार को पश्चिम शरीरा में अंश मिश्रा पत्रकार के तत्वाधान में पश्चिम शरीरा में कैंडल मार्च निकालकर दिवंगत पत्रकार की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रख शोक संवेदना व्यक्त किया और शासन से दिवंगत पत्रकार के हत्यारों को सजा दिलाए जाने एवं परिवार के लोगों को नौकरी व आर्थिक मदद दिए जाने की मांग की है। इस दौरान रमेश सिंह, मनोज सिंह, दीपेंद्र सिंह विजय यादव, अंश मिश्रा आकाश मिश्रा, सौरभ मिश्रा, नटराज, निहाल शुक्ला, अमरदीप, कई पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## डॉ रिजवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में एकदिवसीय पूल कैम्पस ड्राइव का हुआ आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, (कौशाम्बी)।** डॉ व रिजवी कालेज ऑफ इंजीनियरिंग के तत्वाधान में विगत वर्ष के भांति इस वर्ष भी विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. अख्तर हसन रिजवी एजुकेशनल ट्रस्ट के सचिव राशिद रिजवी कर्रार हुसैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर सभी नियोक्ता कंपनियों के प्रतिनिधियों का स्वागत किया।तथा पूल कैम्पस ड्राइव में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में देश की प्रतिष्ठित कंपनियां जैसे जिला सेवा योजन, लेंसकार्ट प्राइवेट लिमिटेड, मारुति, एल. जी., ब्लिंकिट, मैक्स लाइफ इंश्योरेंस जैसी 19 कंपनियों ने अभ्यर्थियों को नियुक्तियां दी। कार्यक्रम में प्रयागराज, कौशाम्बी तथा जिले से लगभग 500 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 180 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महामाया राजकीय पालिटेक्निक कॉलेज के प्रधानाचार्य सुजीत सिंह एवं प्लेसमेंट अधिकारी यमुनाधर द्विवेदी जी को संस्था के निदेशक डॉ इस्तियाक अहमद एवं कुलसचिव सरताज आलम द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव सरताज आलम के द्वारा संस्था के प्लेसमेंट अधिकारी मंतशा हसीब तथा कार्य समन्वयक सुधांशू शर्मा को कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु बधाई दी।

प्लेसमेंट अधिकारी ने बताया कि लेंसकार्ट, मारुति तथा एल. जी. कंपनियों ने विद्यार्थियों को लगभग 5 से 6 लाख तक का सालाना पैकेज प्रदान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता अली जहीर आगा, चिंतामणि पाण्डेय, डी. के. सिंह, हिमांशु जायसवाल, वीरेन्द्र साहू, विकास शर्मा, श्वेता सोनकर आलिम हुसैन, हसनैन हैदर, मोहम्मद ताहा, मो. इमरान, हामिद अहमद, अभिनय राज, रोहित मिश्रा, शुभम पाल, मंतशा रशीद, बेबी शबनम आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

## सदर तहसील प्रशासन ने हटवाया अवैध अतिक्रमण



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** सदर तहसील के धावडा गांव में कुछ लोगों ने ग्राम सभा की भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था , मामले की शिकायत पर डीएम के निर्देश पर एसडीएम सदर ने टीम गठित कर राजस्व टीम द्वारा अवैध कब्जे की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया।सदर तहसील के धावडा गांव में ग्रामसभा की भूमि पर गांव के भैरव सिंह पुत्र दूजई ने अवैध कब्जा कर रखा था मामले की शिकायत डीएम मधुसूदन हुल्गी से की गई तो डीएम ने एसडीएम सदर अजेंद्र सिंह को कार्यवाही का आदेश दिया । मामले को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम अजेंद्र सिंह ने टीम गठित किया । जिसके बाद प्रभारी राजस्व निरीक्षक रोहित अग्रहरि , लेखपाल राजन सिंह , सुधीर आदि ने अवैध कब्जे से भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 160 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## कंटेनर की टक्कर से कार सवार तीन जख्मी

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के केसरिया गांव के नजदीक नेशनल हाईवे पर बेकाबू कंटेनर की टक्कर से कार सवार महिला सहित तीन लोग जख्मी हो गए , हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए सैनी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।मंझनपुर थाना क्षेत्र के बडेरी निवासी अजय मौर्य पुत्र सुखलाल रविवार की रात दस बजे भाई रामचंद्र व भाभी सुकून मौर्या 42 वर्ष के साथ कार से फतेहपुर से वापस लौट रहे , कार सवार जैसे ही सैनी कोतवाली के केसरिया गांव के समीप नेशनल हाईवे पर पहुंचे तभी अनियंत्रित कंटेनर ने कार में टक्कर मार दिया हादसे में कार में सवार सुकून मौर्या पत्नी रामचंद्र जख्मी हो गई और कार में सवार लोग चोटहिल हो गए , आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पहुंची पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए सैनी के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## सीतापुर में हुई पत्रकार की हत्या से पत्रकारो मे आक्रोश, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, (कौशाम्बी)।** प्रेस क्लब मंझनपुर के बैनर तले सीतापुर के माहौली में पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या किए जाने से पत्रकारों में गुस्सा है। इससे नाराज प्रेस क्लब मंझनपुर तहसील क्षेत्र के पत्रकारों ने जुलूस निकाल विरोध जताया। बाद में उन्होंने राज्यपाल व मुख्यमंत्री को सम्बोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी मंझनपुर अजेन्द्र सिह को सौंपते हुऐ कार्रवाई की मांग की। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में पत्रकारों ने पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेयी के हत्यारों को फांसी देने की मांग की। मृतक पत्रकार के परिजनों को 2करोड़ रुपए का मुआवजा दिए जाने, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने के साथ ही पत्रकारों को सुरक्षा दिलाए जाने की मांग की है। इस मौके पर प्रेस क्लब तहसील इकाई के संरक्षक मनोज सिंह ,अध्यक्ष कमलेश गौतम, महामंत्री सुरेश गुप्ता, अनवर अली खान ,गणेश वर्मा ,जैगम रिजवी, मेराज शेख ,धर्मेंद्र दिवाकर, लवलेश कुमार ,महेंद्र त्रिपाठी, मंगला प्रसाद शुक्ला, बृजनंदन द्विवेदी, मोहम्मद हारुन, शुभम दुबे, सौरभ मिश्रा ,राजू पांडे,बीके पांडे,वीरेंद्र शरमा,कौशलेन्द्र चौधरी,शैलेंद्र मौरया ,सहित प्रेस क्लब तहसील इकाई के सैकड़ो पत्रकार मौजूद थे।

## बाजार पर चढ़ने लगा होली का रंग, सजी दुकानें

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** होली पर्व के नजदीक आते ही छोटे बच्चों और नवयुवकों में उत्साह है। होली से दो दिन पूर्व बाजार में भीड़ भाड़ शुरू हो गई है, बाजारों में होली को लेकर तरह तरह की दुकानें सज गई है , सुबह से शाम तक दुकानों में खरीदारी करने लोग पहुंचते रहे हैं।

होली पर्व को लेकर दो दिन शेष हैं लेकिन बाजार रंगों से गुलजार होने लगे हैं सिराथू तहसील के सिराथू , अजुहा , सैनी , देवीगंज , टेढ़ीमोड, अटसरॉय सहित क्षेत्र के दर्जनों बाजारों में दुकानें सज गई है। दुकानदार रंग, गुलाल, पिचकारी, मुखौटे, कपड़े,मिठाई पापड़, मेवा, खोया आदि की खरीदारी करने बाजार पहुंचे रहे हैं। वहीं कस्बों और ग्रामीण इलाके में होलिका दहन की तैयारी की जा रही है। प्रशासन भी होली पर्व को शांतिपूर्वक व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु मुस्तैद है।

## पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या को लेकर पत्रकारों ने जताया रोष



### ● मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, (कौशाम्बी)।** सीतापुर जनपद के महोली तहसील अंतर्गत दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की शनिवार की दोपहर दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। जिसे लेकर चायल तहसील के पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने सोमवार को मुख्यमंत्री को संबंधित चार सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी आकाश सिंह को सौंपा।

चायल प्रेस क्लब के अध्यक्ष सईदुर्रहमान उर्फ मुन्ने की अगुवाई में सोमवार को तहसील परिसर में इकट्ठा हुए दर्जनों पत्रकारों ने प्रदर्शन और नारे बाजी की।उन्होंने बताया कि राघवेंद्र बाजपेई धान खरीद में घोटाला और जमीनी भ्रष्टाचार के खिलाफ खबरें प्रकाशित करते थे।

जिसकी गहन जांच शुरु हो गई थी। इसी से खुन्नस खाकर उनकी हत्या कर दी गई। उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई कि मृतक पत्रकार के परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता, उनके परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी और उनको सुरक्षा प्रदान किया जाये। इसी कार्यक्रम में विनोद सिंह,अरुण मिश्रा, शब्बर अली, लवकुश यादव,उमेश मिश्रा, अनुरुद्ध उपाध्याय, पवन गुप्ता, मदन केसरवानी,पवन मिश्रा,परवेज अहमद,अजय द्विवेदी, शनिराज, राकेश यादव और त्रिभुवन लाल आदि मौजूद रहे।

## अनियंत्रित बाइक सवार युवक ने डायल 112 वाहन को मारी टक्कर, गंभीर




लोकमित्र ब्यूरो

**तिल्हापुर मोड़, (कौशाम्बी)।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के तिलगोड़ी गांव के समीप सोमवार की दोपहर अनियंत्रित बाइक सवार युवक ने पीछे से डायल 112 वाहन में टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में पुलिस ने घायल को इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी पाकर उसके परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

पुलिस चौकी लोधऊर क्षेत्र के दुर्गापुर गांव निवासी प्रभाकर कुमार सोमवार की सुबह बाइक से तिल्हापुर मोड़ बाजार सामान खरीदने आया था। दोपहर के समय वह घर लौट रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित होकर तिलगोड़ी गांव के समीप नेवादा मार्ग पर खड़ी डायल 112 पुलिस की वाहन से टकरा गयी। हादसे में वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस वाहन के पीछे का शीशा टूटने से उसके शरीर में कई जगह जख्म हो गए। आनन फानन में पुलिस ने घायल को इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी पाकर उसके परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

## आई0जी0आर0एस0 सेल द्वारा 21 फरवरी से 06 मार्च के मध्य कुल 165 निस्तारित संदर्भों के विषय में शिकायतकर्ताओं से प्राप्त किया गया फीडबैक

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देशन में जनपद स्तर पर आई0जी0आर0एस0 संदर्भों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के अनुश्रवण के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में आई0जी0आर0एस0 सेल का गठन किया गया, जो लगातार निस्तारित सदर्भो के विषय में शिकायतकर्ताओं से फीडबैक प्राप्त करता हैं। जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद में आई0जी0आर0एस0 के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रहीं है।जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा भी लगातार स्वयं निस्तारित आई0जी0आर0एस0 का सत्यापन स्वयं मौके पर जाकर किया जा रहा हैं। गठित आई0जी0आर0एस0 सेल द्वारा 21 फरवरी, 2025 से 06 मार्च, 2025 के मध्य कुल 165 निस्तारित संदर्भो के विषय में शिकायतकर्ताओं से फीडबैक प्राप्त किये गये। जिसमे से 37 शिकायतकर्ताओं द्वारा असंतुष्ट फीडबैक दिया गया। उपजिलाधिकारी सिराथू के 04, उपजिलाधिकारी चायल के 13 उपजिलाधिकारी मंझनपुर के 01, अधिशासी अभियंता विद्युत के 02, जिला पंचायतराज अधिकारी के 02, उप खण्ड अधिकारी मंझनपुर विद्युत के 03, उप खण्ड अधिकारी चायल के 01, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी के 01, अधिशासी अधिकारी मंझनपुर के 01, अधिशासी अधिकारी सिराथू के 01, अधिशासी अधिकारी चरवा के 02, सी0एम0ओ0 के 01, परियोजना अधिकारी (डूडा) के 01 क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी के 01, थानाध्यक्ष महेवाधाट के 01, थानाध्यक्ष कड़ा धाम के 01 एवं थानाध्यक्ष संदीपन घाट के 01 संदर्भो में असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुआ। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागध्कार्यालय से स्पष्टीकरण मांगा गया। यह भी निर्देशित किया गया कि बिना शिकायतकर्ता से संपर्क किये एवं बिना स्पॉट मेमो के आई0जी0आर0एस0 का निस्तारण कदापि न किया जाय। जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपदस्तरीय अधिकारियों द्वारा आई0जी0आर0एस0 सम्बन्धी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य किया जा रहा है, इससे जनपद आई0जी0आर0एस0 के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में अग्रणी जनपद बनने की ओर अग्रसर हैं।

## सम्पादकीय

# आम हिंदुओं के निशाने समूचा विपक्ष

कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों ने सिर्फ महाकुंभ का नैरेटिव मिस नहीं किया, बल्कि यहां भी ऐतिहासिक गलती कर बैठे, जिससे समूचा विपक्ष आम हिंदुओं के निशाने पर आया। विपक्ष के चुनिंदा नेताओं को छोड़ दें तो ज्यादातर नेता महाकुंभ से गैरहाजिर रहे। किसी ने उस विशाल आयोजन का हिस्सा बनने की कोशिश नहीं की और न सामान्य हिंदू की तरह महाकुंभ में जाकर त्रिवेणी के संगम पर डुबकी लगाने का जतन किया। इतना ही जिस दिन से महाकुंभ शुरू हुआ उस दिन से कांग्रेस का इकोसिस्टम प्रचार करता रहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा स्नान करने आएंगे। पार्टी की ओर से कई बार ढके छिपे तरीके से कार्यक्रम भी बताया गया। एक बार तो प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने एक कार्यक्रम में एक तारीख बताते हुए कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के बारे में कहा कि हम सब प्रयागराज आ रहे हैं। लेकिन राहुल और प्रियंका स्नान करने नहीं गए। इसके बाद कांग्रेस के नेता बताते रहे कि प्रियंका ने कब संगम में डुबकी लगाई थी और सोनिया गांधी कब पवित्र स्नान के लिए पहुंची थीं। कुछ अति उत्साही कांग्रेस समर्थक सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स ने पंडित नेहरू की भी महाकुंभ में स्नान करते हुए तस्वीरें साझा कीं। लेकिन महाकुंभ इतिहास तो है यह तो जितना इतिहास है उतना ही समकालीन भी है। कांग्रेस हो सकता है कि इतिहास में इसका हिस्सा रही लेकिन समकालीन घटनाक्रम का भी तो हिस्सा बनना होगा।अगर कांग्रेस नेताओं को महाकुंभ नहीं जाना था तो जाने की झूठी खबरों का प्रचार भी नहीं कराना चाहिए था। अगर प्रचार कराया तो वहां चले जाना चाहिए था, उससे देश भर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मुंह नहीं छिपाना पड़ता। गांवों में उनसे जवाब देते नहीं बन रहा है। वे किसी तरह पुरानी बातों से बचाव कर रहे हैं। सोशल मीडिया में कुछ समझदार लोग कह रहे हैं कि 12 साल पहले 2013 के महाकुंभ में नरेंद्र मोदी या योगी आदित्यनाथ या अमित शाह में से कोई भी डुबकी लगाने नहीं गया था। लेकिन क्या तब सोनिया, राहुल और प्रियंका गए थे? अगर गए थे तो बताना चाहिए ताकि लोगों को पता चले कि जो सत्ता में होता है वही कुंभ जाता है! ऊपर से कोढ़ में खाज की तरह कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों के नेता महाकुंभ को लेकर अनाप शनाप बयान देते रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने सवाल उठा दिया कि महाकुंभ जाने से क्या देश की गरीबी खत्म हो जाएगी। किसी भी धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजन से देश की गरीबी नहीं खत्म होने वाली है। इंदिरा गांधी ने 1971 में गरीबी हटाओ का नारा दिया था और उसके बाद 30 साल कांग्रेस शासन में रही तो कहां गरीबी मिट गई। लाखों लोग उर्स करने जाते हैं या हज करने जाते हैं तो उससे भी न गरीबी मिटती है और न जहालत खत्म होती है। लेकिन जब उस पर इस तरह के सवाल नहीं उठाए जाते हैं तो महाकुंभ पर भी ऐसे सवाल उठाने की कोई तुक नहीं है। महाकुंभ में 66 करोड़ लोग पहुंचे, यह उनके लिए गरीबी मिटाने या अशिक्षा दूर करने का विषय नहीं था। यह उनकी आस्था का विषय था, जिसका कांग्रेस को सम्मान करना चाहिए। कम से कम सार्वजनिक रूप से तो सम्मान करे

# विदेशों में बढ़ते हिन्दू मंदिरों पर हमले , मोदी सरकार को सख्त कदम उठाने की जरुरत



अशोक भाटिया

खालिस्तान समर्थकों ने एक बार फिर से हिंदू मंदिर को निशाना बनाया है। अमेरिका के कैलिफोर्निया के नेवार्क में खालिस्तान समर्थकों ने हिंदू मंदिर की बाहरी दीवारों पर भारत विरोधी और खालिस्तान समर्थन में नारे लिखे हैं साथ ही उन्हें क्षतिग्रस्त भी किया है। ये मंदिर स्वामीनारायण मंदिर है। जिसकी दीवारों पर काले रंग से आपत्तिजनक बातें लिखी गई हैं। घटना की जानकारी मिलते ही नेवार्क पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई।अमेरिका के हिंदू-अमेरिकन फाउंडेशन ने सोशल मीडिया पर मंदिर की कुछ तस्वीरों को शेयर किया गया है। इसके साथ ही फाउंडेशन ने कैप्शन में लिखा कि स्वामीनारायण मंदिर वासना संस्था को खालिस्तान समर्थकों ने निशाना बनाकर शकी दीवारों पर खालिस्तानी नारे लिखे हैं, साथ ही उसे क्षतिग्रस्त भी किया है । फाउंडेशन ने इस मामले की जानकारी पुलिस के साथ ही न्याय विभाग के नागरिक अधिकारों को भी दी है। फाउंडेशन का कहना है कि वो चाहती है कि इस घटना की जांच पुलिस इसे हेट क्राइम मानकर करे।वहीं खालिस्तान आतंकवादी भिंडरावाले का जिक्र करते हुए बताया जा रहा है कि उसने हत्या के लिए हिंदुओं को निशाना बनाया है अब मंदिर को निशाना बनाया जा रहा है ताकि लोगों खौफ पैदा हो सके। फाउंडेशन का कहना है कि इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि पुलिस इसे घृणा अपराध मानकर जांच करे।वहीं इस मामले पर सैन फ्रांसिस्को में मौजूद भारतीय वाणिज्य दूतावास ने कड़ी आपत्ति जताई है। दूतावास ने स्वामीनारायण मंदिर पर भारत विरोधी नारे लिखे जाने की कड़ी निंदा करते हुए बयान दिया है कि इस घटना से भारतीय समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं।वैसे ये कोई पहला मौका नहीं है जब विदेशी सरजमी पर हिंदुओं के धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया गया हो । इससे पहले भी कई इस तरह के मामले सामने आए हैं। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में भी खालिस्तानियों ने मंदिरों को निशाना बनाया है। इस तरह की घटनाओं पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताते हुए सरकार ने कई राजनयिक मंचों पर इस मुद्दे को उठाया है।इसी साल अगस्त में खालिस्तानी समर्थकों ने कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया शहर में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की थी। साथ ही मंदिर के दरवाजे पर खालिस्तानी पोस्टर चिपका दिए थे। ये सारी घटना परिसर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी। वहीं ऑस्ट्रेलियाके मेलबर्न में भी इसी साल जनवरी में ऐसा ही मामला सामने आया था। यहां स्वामीनारायण मंदिर पर भी खालिस्तान समर्थकों ने भारत विरोधी नारे लिखे थे। वहीं एक दूसरे मंदिर इस्कॉन टेम्पल में भी हिंदुस्तान मुर्दाबाद और खालिस्तान जिंदाबाद जैसे नारे लिखे गए थे।कनाडा स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि मंदिर में तोड़फोड़ से कनाडा में स्थित भारतीय समुदाय की धार्मिक भावना आहत हुई है। अपनी चिंता






जाहिर करते हुए अधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन से आपराधियों के खिलाफ कड़ी कारवाई करने की मांग की है।भारतीय दूतावास ने मंगलवार को कनाडा सरकार को इस संबंध में संज्ञान लेने और मामले की जांच करने के संबंध में अपनी बात रखी है। भारतीय दूतवास ने घटना की कड़ी निंदा की है और हिन्दू धर्म के लिए पनप रही इस नफरत पर चिंता व्यक्त की है। कनाडा पुलिस ने मामले की सख्ती से जांच का आश्वासन दिया है।

फिलहाल कनाडा पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।यह पहली बार नहीं है, जब विदेश में किसी हिन्दू मंदिर की दीवारों पर भारत के विरोध में नारे न लिखे गए हो। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया में भी ऐसी घटना सामने आई। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के श्री शिव विष्णु मंदिर की दीवारों पर रात के समय तथाकथित खालिस्तान समर्थकों ने नफरत भरे नारे लिखे थे। सुबह जब मंदिर प्रबंधन ने मंदिर में तोड़फोड़ और दीवारों पर नारे देखे तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय दूतावास ने संघीय सरकार के सामने इस मुद्दे को उठाया था।बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों और हिंदू धर्म को मानने वालों के खिलाफ जिस तरह की हिंसा भड़की वह तो सबने देखी, लेकिन अमेरिका जो खुद को लोकतंत्र की मिसाल बताता है। ऐसे देश में हिंदुओं के खिलाफ इस तरह की साजिश समझ से बाहर है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि अमेरिका में हिंदू मंदिरों पर हमला उस वक्त हो रहा था , जब यूनाइटेड नेशन में दुनियाभर के नेता वहां मौजूद थे ।

इसके बावजूद सब चुप्पी साधे हुए रहे ।गौरतलब है है कि अब तक के जो मामले सुर्खियों में है जब हिंदू मंदिरों में हुई तोड़फोड़ हुई हो । इनमे प्रमुख है 26 सितंबर, 2024 – का है, जब सैक्रामेंटो अमेरिका में स्वामी नारायण मंदिर। 19 सितंबर, 2024 – न्यूयॉर्क के बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में हमले के बाद अपमानजनक नारे जैसे %हिन्दुस्तान मुर्दाबाद% तक लिखा गया। 5 जनवरी, 2024 – कैलिफोर्निया के विजय का शेरावाली मंदिर पर खालिस्तानी समर्थकों द्वारा हमला किया गया। 23 दिसंबर, 2023 – कैलिफोर्निया के एसएमवीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर पर खालिस्तानी समर्थकों ने हमला किया। वहां कई गंदे चित्र भी उकेरे गए। यानी मंदिर की पवित्रता को खत्म करने की कोशिश की गई। 20 जनवरी, 2023 – ब्रेज़ोस वैली में श्री ओंकारनाथ मंदिर में चोरों ने चोरी की और कीमती सामान उड़ा लिया। उन्होंने मंदिर की एक खिड़की, दान पेटी और तिजोरी तक तोड़ दी। चोर सीसीटीवी में कैद हो गए। 2 नवंबर, 2022 – न्यूजर्सी के श्री उमिया धाम मंदिर में तोड़फोड़ की गई और %मुक्त फिलिस्तीन% के नारे लिखे गए। 31 जनवरी, 2019 – केंटकी के स्वामीनारायण मंदिर में उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की, काले रंग का छिड़काव किया, खिड़कियां तोड़ दी, दीवारों पर स्प्रे के जरिए स्लोगन लिखे गए।19 जुलाई, 2015 – कैरोलिना के विहिप मंदिर पर गोलीबारी की गई। मंदिर पर 4 जुलाई 2015 की दोपहर करीब 1 बजे भी गोलीबारी हुई, जिसमें मंदिर की दीवारों पर 60 से अधिक छेद हो गए। 20 अप्रैल, 2015 – न्यूयॉर्क के उत्तरी टेक्सास हिंदू मंदिर के प्रतीक चिन्हों को तोड़ दिया गया। लंदन में विदेश मंत्री एस जयशंकर पर खालिस्तान समर्थक समूह द्वारा हमले की कोशिश पर भारत सरकार ने गंभीर चिंता व्यक्त तो की है पर उसमें मंदिरों का जिक्र नहीं है पर उसमें कहा गया है कि कथित खलिस्तान के नाम पर ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका जैसे देशों में कुछ आतांकवादी समूह न केवल सक्रिय हैं बल्कि कथित मानव अधिकार के नाम पर कुछ अंतरराष्ट्रीय संगठन और राजनीतिक दल के नेता भी उनका समर्थन करते हैं।ब्रिटेन में लेबर पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रतिपक्ष में रहकर वोट बैंक के लिए या भारत को कमजोर देखने के लिए उनका समर्थन करते रहे हैं।

अब लेबर पार्टी सत्ता में हैं और वह भारत के साथ अच्छे संबंधों के लिए प्रयासरत है। ऐसी स्थिति में भारत का कड़ा विरोध आवश्यक है। लेकिन भारत में भी पाकिस्तान तथा अन्य देशों के माध्यम से फन्डिंग पा रहे कथित खालिस्तानी आतंकी अथवा नक्सली अब भी कुछ इलाकों में समय समय पर हमले की कोशिश करते हैं। उत्तर प्रदेश और पंजाब पुलिस के समूह ने इसी सप्ताह खालिस्तानी आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल तथा पाकिस्तानी आई एस आई के सदस्य लजर मसीह को महाकुंभ में आतंकी वारदात की साजिश के सबूतों के साथ गिरफ्तार किया है।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# योगी कैबिनेट में बदलाव और नये बीजेपी अध्यक्ष की भी सुगबुगाहट



अजय कुमार,लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के लिये उत्तर प्रदेश हमेशा महत्वपूर्ण रहा है। सबसे अधिक सांसद और राज्य के तौर पर सबसे अधिक विधायक देने वाला यूपी इस समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तेजतर्रार राजनीति के कारण हिन्दुत्व की प्रयोगशाला बन गया है। बीजेपी ने 2022 के विधानसभा चुनाव में योगी के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन किया था।हालांकि इसके बाद 2024 के आम चुनाव में बीजेपी को यहां से करारा झटका भी लगा था,यूपी में 70 सीटें जीतने का दावा कर रही बीजेपी गठबंधन को मात्र 36 सीटों पर जीत हासिल हुई थी,जबकि समाजवादी पार्टी कांग्रेस गठबंधन को 42 एवं आजाद समाज पार्टी को एक सीट पर जीत हासिल हुई थी। और कांग्रेस ने छह सीटों पर जीत हासिल की थी। इससे योगी की छवि पर काफी बुरा असर पड़ा। अखिलेश पिछड़ा,दलित और अल्पसंख्यक(पीडीए)का दम भरने लगे,परंतु विधान सभा के उपचुनाव में योगी फिर से मुखर होकर उभरे उन्होंने समाजवादी पार्टी को पूरी तरह से चित कर दिया। इसके बाद अयोध्या की चर्चित मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव में भी बीजेपी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के पीडीए की हवा निकाल दी। मिल्कीपुर के मतदाताओं ने जाति बिरादरी से ऊपर बीजेपी को वोट किया। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव 2024 के बाद यूपी की सियासत में काफी बदलाव आ चुका है। उस पर महाकुंभ सोने पर सुहागा साबित हुआ,जहां जातपात से ऊपर उठकर 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। पूरा प्रदेश ही नहीं देश भी हिन्दू मय हो गया। इन बदलावों के बाद अब योगी कैबिनेट में भी बदलाव की चर्चा हो रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि नवरात्रि में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी कैबिनेट में बदलाव कर सकते हैं। वहीं यूपी में बीजेपी अध्यक्ष के नाम की घोषणा के साथ संगठन में भी फेरबदल हो सकता है ।इस बात के कयास तब से लगना शुरू हुए जब दिल्ली में प्रधानमंत्री से योगी की मुलाकात हुई।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 09 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी. इस दौरान सीएम योगी ने पीएम से अप्रैल में जेवर एयरपोर्ट के लिए उद्घाटन का समय मांगा, लेकिन दोनों ही नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक चली मुलाकात के बाद यूपी मंत्रिमंडल विस्तार से लेकर संगठनात्मक बदलाव तक के कयास लगाए जाने लगे हैं. बता दें महाकुंभ आयोजन के बाद सीएम योगी दो दिवसीय दौरे पर दिल्ली आए थे. प्रधानमंत्री से मुलाकात से एक दिन पूर्व सीएम योगी ने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की थी।बता दें यूपी में बीजेपी के नये प्रदेश अध्यक्ष को लेकर लम्बे समय से मंथन चल रहा है,वहीं योगी कैबिनेट में 6 मंत्री पद भी खाली हैं. ऐसे में जेपी नड्डा और पीएम मोदी से सीएम योगी की मुलाकात को सरकार और संगठन में बदलावों पर सहमति बनाने के रूप में देखा जा रहा है. होली के बाद बीजेपी को नया प्रदेश अध्यक्ष मिलना तय है, लेकिन सवाल यह उठता है कि योगी सरकार में भी फेरबदल होगा।

गौरतलब हो, उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भले ही अभी दो साल बाकी हो, लेकिन हर समय चुनाव के लिये तैयार रहने वाली बीजेपी ने अभी से 2027 के यूपी विधान सभा चुनाव के लिये सियासी बिसात बिछाना शुरू कर दी है। बीजेपी के सामने चुनौती विपक्ष इंडिया गठबंधन, खासकर सपा के पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक यानी पीडीए पॉलिटिक्स की है. 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा के पीडीए पॉलिटिक्स की नैया पर सवार अखिलेश यादव ने बीजेपी को यूपी में तगड़ा झटका दिया. बीजेपी का सवर्ण-पिछड़ा-दलित वोट बैंक वाला समीकरण कमजोर हुआ तो प्रदेश का राजनीतिक दृश्य ही बदल गया था.हालांकि, विधानसभा उपचुनाव आते-आते सीएम योगी के नेतृत्व में बीजेपी ने एक बार फिर समाजवादी पार्टी को चारो खाने चित कर दिया था,तभी सीएम योगी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्होंने यूपी चुनाव 2027 की रणनीति तैयार करनी शुरू कर दी है।

इसको लेकर लगातार बीजेपी जमीन पर काम करती दिख रही है। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद माना जा रहा है कि नवरात्रों में योगी आदित्यनाथ अपने मंत्रिमंडल में बड़ा बदलाव कर सकते हैं. 2024 लोकसभा चुनाव के बाद से लगातार योगी सरकार में बदलाव की संभावना जताई जा रही है. योगी सरकार में मंत्री रहे जितिन प्रसाद ने लोकसभा सांसद बनने के बाद इस्तीफा दे दिया था. बीजेपी के मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की जगह नए अध्यक्ष का चुनाव होना है. ऐसे में भूपेंद्र चौधरी की योगी कैबिनेट में वापसी हो सकती है, क्योंकि संगठन की बागडोर संभालने से पहले मंत्री रहे हैं.बता दें योगी सरकार में फिलहाल 54 मंत्री हैं जबकि अधिकतम 60 मंत्री हो सकते हैं. इस तरह यूपी सरकार में 6 मंत्री पद खाली हैं. इस तरह से योगी मंत्रिमंडल का विस्तार काफी दिनों से प्रस्तावित है. इसके अलावा योगी सरकार ने पिछले दिनों में अपने कई मंत्रियों के कार्य और जमीन पर उनके असर की समीक्षा की थी. इस आधार पर योगी मंत्रिमंडल में बदलाव की संभावना जताई जा रही है.माना जा रहा है कि नवरात्रि में योगी मंत्रिमंडल में बड़ा बदलाव हो सकता है। योगी मंत्रिमंडल विस्तार को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण समझा जा रहा है. बीजेपी कैबिनेट विस्तार के जरिए अपनी रणनीति को अमली जामा पहना सकती है. बात सपा की कि जाये तो समाजवादी पार्टी जिस तरह पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक का जिताऊ फॉर्मूला तैयार कर रही है, उसे मंत्रिमंडल के चेहरों से काउंटर करने की रणनीति पर विचार किया जा रहा है. इसके अलावा जमीन पर पकड़ रखने वाले नेताओं को योगी मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है. इसके जरिए कार्यकर्ताओं को एक बड़ा संदेश देने की रणनीति है.उत्तर प्रदेश में जल्द ही नए प्रदेश अध्यक्ष का भी ऐलान हो सकता है। बीजेपी के संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया प्रदेश में चल रही है. मंडल अध्यक्षों के बाद अब जिला अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया को पूरा करने में पार्टी जुटी हुई है. जिला अध्यक्ष की सूची में कुछ पेंच की वजह से अभी तक जारी नहीं की जा सकी है. ऐसे में सीएम योगी ने बीजेपी के अध्यक्ष जेपी नड्डा और पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष के साथ संगठन के बदलाव पर चर्चा कर सहमति बनाने का फार्मूला निकाला होगा.बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की जगह पार्टी की कमान कौन संभालेगा, इसे लेकर भी कई नामों पर कयास लगाए जा रहे हैं. बीजेपी के लिए यूपी काफी अहम है. इसलिए, अध्यक्ष के चुनाव में कई चीजों का ध्यान रखा जा रहा है.

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। आज आपको जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिलेगा। कार्यों में आ रही समस्याएं आज समाप्त हो जाएंगी। आज गुस्से में किसी से बात करने से आपको बचना चाहिए। आज आपकी आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी। आज धैर्य और सही सोच आपको आगे बढ़ने में आपकी मदद करेगी। |
| वृष | आज ऑफिस में एक्सट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम पूरा हो जाएगा। आज किसी तरह के विवाद में पड़ने से आपको बचना चाहिए। आज आप किसी तरह के विचारों में खोये रहेंगे, बेहतर होगा बेवजह ना सोचे। आय के स्रोतों में स्थिरता बनी रहेगी। आज आप अपने घर के बड़े-बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। |
| मिथुन | आज खास खबर मिलने के योग हैं। लॉ स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई-लिखाई में थोड़ा बदलाव करने की सोच सकते हैं, जो कि उनके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपको अपने खान-पान में थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। जंक-फूड खाने से आपको बचना चाहिए। आर्थिक लाभ पाने के लिए आपको मेहनत करनी पड़ेगी। |
| कर्क | आज नए कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी अधिक मजबूत होगा। बच्चों के साथ आप कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको धन लाभ के बड़े अवसर मिलेंगे। किस्मत के सहयोग से आपका खास काम पूरा होगा। |
| सिंह | आज आपकी कंपनी को किसी बड़ी कंपनी से डील करने का ऑफर मिलेगा। संगीत से जुड़े लोग किसी कॉन्सर्ट में हिस्सा लेंगे। घर पर अचानक किसी मेहमान के आने की संभावना है। आज आप अपने रिश्तों को मजबूत बनाने की कोशिश करेंगे। मित्रों के साथ बैठकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए बातचीत करेंगे। |
| कन्या | आज आपकी सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। व्यापार के सिलसिले में आज आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है। संतान पक्ष से सुख की अनुभूति होगी, जिससे आपकी खुशियाँ बढ़ेंगी। आज ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिलेगा, जिसे पूरा करने पर आपको फायदा होगा। आपको बॉस से इंसेंटिव मिल सकता है। |
| तुला | आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। घर पर किसी दोस्त की पार्टी का इनविटेशन आ सकता है। ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ करेंगे। आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी बातों से लोग काफी इम्प्रेस होंगे। बिजनेस में आपको बड़ा फायदा होने के संकेत हैं। |
| वश्चिक | आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला साबित होगा। आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। आज सोशल साइट के जरिये नए लोगों से आपका संपर्क होगा। किसी काम के लिए योजना बनाने और फैसले लेने के लिए दिन शुभ है। आज बच्चे खेलकूद में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक रूप से आप काफी सक्षम रहेंगे। |
| धनु | आज पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। हर किसी से निजी समस्याओं को शेयर करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि की महिलाओं को शाम को बाहर निकलते समय अपने पर्स का खास ध्यान रखना चाहिए। आपके द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों के लिए आज आपको सम्मानित किया जाएगा। |
| मकर | आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। अगर आप किसी को पसंद करते हैं और उससे अपनी दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन फेवरेबल है। आपको सफलता जरूर मिलेगी। व्यापार में आपको अचानक धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। ऑफिस के कुछ सहकर्मी आपके काम में सपोर्ट करेंगे। |
| कुम्भ | आज व्यापार के मामले में आपके मन में नए-नए विचार आएंगे । किसी काम में बड़े भाई की सलाह फायदेमंद साबित होगी। आज परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। आज कुछ खास लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आप अपनी समझदारी से किसी भी समस्या का समाधान आसानी से निकाल लेंगे। |
| मीन | आज आपको परिवार वालों का पूर्ण स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा। आपके कुछ मित्र बहुत ही मददगार साबित होंगे। आज ऑफिस में आपके ड्रेस की तारीफ होगी, जिससे आप काफी प्रसन्न होंगे। ऑफिस में काम कर रहे किसी सहयोगी से आपकी अच्छी जान पहचान होगी। आज बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा। आज आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होगी। |

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### हाउस वाइफ

मां बहन पत्नी बेटी बन, अपना धर्म निभाऊं।
बाहर निकल के हर क्षेत्र में, भारत का परचम लहराऊं।
जीवन के सुख-दुख में शामिल, शक्ति बन लड़ जाऊं।
हाउस वाइफ कहलाऊं मैं हाउस वाइफ कहलाऊं।
सूर्य देवता के उठने से,पहले ही उठ जाती हूं।
झाड़ू पोछा स्नान पूजा पाठ कर, रसोई में जुट जाती हूं।
टीचर डॉक्टर वेटर कुक बन,हर किरदार निभाऊं।
हाऊस वाइफ कहलाऊं मैं, हाऊस वाइफ कहलाऊं।
सुबह शाम हर काम को करती किसी से ना कुछ कहती।
बच्चों के सपने संजोकर, उनके ही रंग भरती।
सारे रिश्ते नाते संभालूं , उनमें ही बंध जाऊं।
हाऊस वाइफ कहलाऊं मैं, हाऊस वाइफ कहलाऊं।
अपने अश्कों को भर पलकों में, तन्हाई में खोलूं।
अरमानों को अपने संभाले, धीरे-धीरे टटोलूं।
फिर अतीत को छोड़ के पीछे, वर्तमान में खो जाऊं।
हाऊस वाइफ कहलाऊं मैं, हाऊस वाइफ कहलाऊें



आभा मिश्रा
प्रयागराज
उत्तर प्रदेश

### हर दिन हमारा है

क्यों एक दिन हम चुनते हैं,जब हर दिन हमारा है।
युगो युगो से इस जग को, हमने ही तो संवारा है।।
लक्ष्मीबाई बनी कभी, कभी दुर्गा रूप में आई।
मदर टेरेसा सरोजिनी नायडू, कभी ममता की बनी परछाई।।
पूज्य रही और पूज्य रहेगी, क्योंकि वो अधिकारी है।
सहनशीलता और निश्छलता, करूणा सदा ही वारी है।
कितने ही आघात किए, बिखरी नहीं मगर फिर भी।।
टूटा दिल धैर्य से समेटा, और दुगनी शक्ति से उठी।।
मां बहन और संगिनी बन, हर रिश्ते को आधार दिया।
नव शिशु की जन्मदात्री बन, उसको नया संसार दिया।।
प्यार दिया दुलार दिया, रग रग में संस्कार दिया।
जीवन कैसे जीना है, चरित्र का निर्माण दिया।।
जहां सम्मान मिले नारी को, वहीं समृद्धि आती है।
और अपमान जहां नारी का, वहां प्रलय आ जाती है।।
आओ करें समृद्ध राष्ट्र को, हाथों में हाथ हम थाम कर।
एक भी पल न व्यर्थ गंवाए, बेवजह आराम कर।।
अपनी शक्ति को पहचाने, क्यों कमजोर कहाए हम।
हमें सशक्त विधाता ने बनाया, अपना धर्म निभाएं हम।।



सुनीता शर्मा
दिल्ली

### नारी तू नारायणी

नारी तू नारायणी,
तुझमे शक्ति अपार है।
तेरे दम से है जग सारा,
तू जीवन देने वाली।
तू सबकुछ सह कर भी,
सबको हिम्मत देती है।
तू गंगा से निर्मल भी हिय,
तुझमे है ज्वाला अपार भी।
सीता जैसी सहनशीलता,
है काली जैसी क्रोध भी।
मीरा जैसी भक्ति तुझमें,
राधा जैसा त्याग भी ।
तू सृजन का है आधार,
तेरे कदमों मे है जहा भी।
तू ही शक्ति, तू ही प्राण,
तेरे बिना अधूरा है संसार भी।



डॉ. ऋषिका वर्मा
गढ़वाल, उत्तराखंड

# कोलकाता में सम्मानित होकर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बढ़ाया जिले का गौरव

● इंटरनेशनल बेस्ट कम्युनिटी प्रोजेक्ट अवार्ड से नवाजे गए समाजसेवी




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** कर्मवीर ही इतिहास रचते हैं। कार्य और सेवा की सुगंध सभी सीमाओं को तोड़ते हुए वैश्विक रूप ग्रहण करती है। उत्कृष्ट समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने अपने बहुआयामी सेवा भाव से अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई है।

वृद्धाश्रम के वृद्ध माता-पिता की सेवा, महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं की सेवा, दीन- हीनो को वस्त्र- कम्बल दान, निरीह पशुओं को चारा तथा जाड़े में बोरे के कोट पहनाने का कार्य, बीमारी को दवा की व्यवस्था प्रदान करना, खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर उनका प्रोत्साहन करना इत्यादि ऐसे कार्य हैं जिनको रोशनलाल उमरवैश्य धर्म का अंग मानकर संपादित करते हैं।उक्त कार्यो को दृष्टिगत रखते हुए एलायंस क्लब इंटरनेशनल के शीर्ष नेतृत्व ने क्लब के 17वें वार्षिक अधिवेशन में कोलकाता के प्राईड प्लाजा होटल में रोशनलाल उमरवैश्य को बेस्ट कम्युनिटी प्रोजेक्ट अंतरराष्ट्रीय अवार्ड 2024- 25 से अलंकृत करते हुए व आउटस्टैंडिंग इंटरनेशनल डायरेक्टर का सर्वोच्च अवार्ड से भी सम्मानित किया गया।

इसके पूर्व भी क्लब व विभिन्न संस्थाओं द्वारा जिले, प्रदेश व देश आदि में लगभग 400 पुरस्कारों से उनके महान सेवा कार्यों व समर्पण के लिए इनको उत्कृष्ट पुरस्कार उपाधियों से विभूषित किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल राम नाईक द्वारा भी इनको पुरस्कृत किया जा चुका है। उक्त सम्मानों से नवाजते हुए क्लब की इंटरनेशनल प्रेसिडेंट सरिता वर्मन, पूर्व प्रेसिडेंट भूपेंद्र चाहवाला तथा के0जी0 अग्रवाल एवं फाउंडर प्रेसिडेंट सतीश लाखोटिया व कमाल लाखोटिया ने रोशनलाल उमरवैश्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। अवार्ड पाकर क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने इंटरनेशनल प्रेसिडेंट सरिता वर्मन, 2025-26 के इंटरनेशनल प्रेसिडेंट सुशील कुमार अग्रवाल, पूर्व प्रेशिडेंट भूपेंद्र चाहवाला, के0जी0 अग्रवाल सर, सतीश लाखोटिया सर, कमाल लाखोटिया आदि शीर्ष नेतृत्व का बहुत-बहुत आभार जताया और कहा कि आपके निर्देशन में इसी प्रकार क्लब कार्य करता रहेगा। यह समाचार सुनकर जनपद में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रबुद्धजनों ने बधाई दी।

इस दौरान प्रख्यात साहित्यकार डॉ0 दयाराम मौर्य %रत्न%, आनंद मोहन ओझा, राजीव कुमार आर्य, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, आदर्श कुमार, विवेक यादव, सुनील कुमार सिंह, राधेश्याम दीवाना, श्रीनाथ मौर्य, कुंज बिहारी लाल मौर्या, प्रेम कुमार त्रिपाठी, अनिल कुमार %निलय%आदि क्लब के पदाधिकारीयों ने बधाई दी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मोहल्ले में दुपट्टे से फांसी लगाकर जान देने की चर्चा रही। नगर पंचायत कुंडा के वार्ड नंबर 10 पुरानी बाजार चिकवन टोला मोहल्ला निवासी मो. अफजल उर्फ सोनू की 35 वर्षीय पत्नी आशिया बानो की रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला के मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सोमवार को सुबह पुलिस को खबर मिली तो दरोगा राहुल सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। महिला की एक बेटी है। महिला की मौत को लेकर मोहल्ले में फांसी लगाने की चर्चा रही। इंस्पेक्टर सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि आशिया बानो के घर में फांसी लगाने की बात बताई गई। सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# मेहंदी प्रतियोगिता में सीमा एवं निबंध प्रतियोगिता में शुभांगी अव्वल




● सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर शैक्षणिक सेमिनार आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** महिला कल्याण समिति के तत्वावधान में बाबू जगजीवन राम नेशनल फाउंडेशन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शिक्षक व समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर एक शैक्षिक सेमिनार का आयोजन गोकुल सिंह स्मारक महाविद्यालय चिलबिला में किया गया। इसमें महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ ।सेमिनार में डॉ. लाल जी त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में शिव शंकर सिंह भोले व विशेष अतिथि के रूप में समाजसेविका महिमा गुप्ता की मौजूदगी रही।मोटिवेशनल स्पीकर अनूप उपाध्याय ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें अपने अभाव को अपनी ताकत बनाते हुए अग्रसर होना चाहिए, व अपनी छिपी शक्तियों को पहचान कर आगे बढ़ना चाहिए ।सेमिनार को डायट पूर्व प्रवक्ता राकेश कंन्नौजिया, निदेशक मुराद अहमद, उप निदेशक डॉ. संतोष सिंह, डॉ. श्याम शंकर शुक्ल, डॉ. नुमान अहमद ने सम्बोधित किया ।छात्र छात्राओं के लिए आयोजित मेहदी प्रतियोगिता में सीमाविश्वकर्मा प्रथम, मानसी कनोजिया द्वितीय तथा तीसरे स्थान पर नाहिद अख्तर रहे। वही निबंध प्रतियोगिता में शुभांगी यादव प्रथम, आशीष कुमार पटेल द्वितीय व वंदिता गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। कला प्रतियोगिता में क्रमशः खुशबू सिंह, जय किशन सिंह, खान नूर सबा ने बाजी मारी । सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान बिलाल अहमद, रूबी सिंह, पम्मी मिश्रा, सोनिया गुप्ता, शाहिद अंसारी, शिवेन्द्र त्रिपाठी, रुद्रमणि, आलोक सिंह, सर्वजीत सिंह मौजूद रहे। अंत में महिला कल्याण समिति के सचिव जावेद अख्तर ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया ।

# कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है सुदामा चरित्र - माधुरी पाठक

● संडवा चंद्रिका के रायतारा में श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए मंत्री दिनेश प्रताप सिंह



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।**संडवा चंद्रिका के रायतारा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में अंतिम दिन कथा व्यास ओरछा मध्यप्रदेश की माधुरी पाठक ने सुदामा चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए। मित्र एक दूसरे का पूरक होता है। भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर रोते हुए अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें उलाहना दिया कि जब गरीबी में रह रहे थे तो अपने मित्र के पास तो आ सकते थे, लेकिन सुदामा ने मित्रता को सर्वोपरि मानते हुए श्रीकृष्ण से कुछ नहीं मांगा। बताया कि सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। निःस्वार्थ समर्पण ही वास्तविक मित्रता है।

श्रीमद्भागवत में बताए उपदेशों उच्च आदर्शों को जीवन में ढालने से मानव जीवन जीने का उद्देश्य सफल हो जाता है। कथा के दौरान परीक्षित मोक्ष का भी वर्णन किया। भजनों पर मगन होकर श्रद्धालु नृत्य करने लगे। प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ.संजय सिंह,विधायक जीतलाल लाल पटेल,मिस इंडिया विंकल शुक्ला,अशोक सिंह ने व्यास पीठ से आशीर्वाद लिया। इस दौरान मुख्य यजमान सूबेदार सिंह,माला सिंह, अनुज सिंह,डॉ. अनूप सिंह,लोक अभियोजक अरुण सिंह,लक्ष्मण सिंह,लेफ्टिनेंट ऋचा सिंह, संघमित्रा सिंह,हवलदार सिंह,डॉ. सीपी पांडेय,डॉ. केके सिंह आदि रहे।

# भारतीय किसान संघ काशी प्रांत के दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

लोकमित्र ब्यूरो



**जेठवारा-प्रतापगढ़।** जनपद के नगर पंचायत डेरवा में स्थित गोवर्धन वाटिका में भारतीय किसान संघ उत्तर प्रदेश काशी प्रांत कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग रविवार को प्रारंभ हुआ और सोमवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष भैया राम मौर्य एवं द्वि प्रदेश उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री शिवकांत दीक्षित काशी प्रांत अध्यक्ष इंद्रासन प्रसाद सिंह, महामंत्री रवि शेखर प्रांत संगठन मंत्री राम चेला, श्रीकुंवर, प्रांत कोषा अध्यक्ष शिव शंकर पाठक, प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ. मान सिंह, प्रांत मंत्री जयदीप, प्रांत प्रतिनिधि अंजनी सिंह ने गौ माता पूजन, ध्वजारोहण भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री परिवार द्वारा वेद मंत्रो के उच्चारण के साथ किया गया। उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश अध्यक्ष भैया राम मौर्य ने कहा कि किसानों को जागृत करने के लिए ग्राम समिति केन्द्रित प्रशिक्षण वर्ग करने होंगे। ग्राम समिति के प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं में देश निर्माण के लिए विशेष पद्धति, रीति-नीति के साथ अनुशासित, प्रेरणादायक कार्यकर्ताओं का निर्माण करना होगा। किसान का उत्थान,राष्ट्र का उत्थान जैसे नारे की सही सार्थकता को बताते हुए राष्ट्र के साथ साथ किसानों का उत्थान करना होगा। द्वि प्रदेश उत्तराखंड उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री शिवकांत ने कहा कि भारतीय किसान संघ वंदे मातृभूमि वंदे की भावना से किसानों और सर्व समाज को स्वावलंबी, स्वस्थ बनाने की दृष्टि से कार्य करता है। परंतु यह कार्य करेगा कौन..कौन मातृभूमि की जय-जयकार कराएगा कौन..कौन इस कार्य को साकार करेगा। इसलिए प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है। ऐसा प्रशिक्षित कार्यकर्ता जिसका भाव सात्विक हो, सत के प्रति ईमानदार हो, सत के प्रति निष्ठावान, राष्ट्रभक्त,चित निर्मल, चरित्र से परिपूर्ण और उसका चिंतन किसानों के लिए,राष्ट्र के लिए हो, क्योंकि कार्यकर्ता कार्य का दर्पण होता है। उन्होंने कहा कि देश की खुशहाली गांव से आयेगी, गांव खुशहाल होगा तो देश खुशहाल रहेगा। हमें प्रत्येक ग्राम समितियों में ऐसे कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना होगा जो ग्रामीण विकास के लिए स्वयं से संकल्प लेकर किसी एक रचनात्मक कार्य को लेकर परिवर्तन करने की भावना रखे। काशी प्रांत अध्यक्ष इंद्रासन प्रसाद सिंह ने कहा कि ग्राम समिति की नियमित बैठक भारतीय किसान संघ की रीति नीति को आधार बनाकर हों उनमें सर्व समाज की सहभागिता हो। ग्रामीण- विकास के ग्राम समितियों द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रेरणादायक, रचनात्मक, संघर्षनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। काशी प्रांत संगठन मंत्री श्रीराम चेला ने कहा कि हम सभी प्रांतीय कार्यकर्ताओं को योजना बनाकर ग्राम समितियों तक जाना होगा तभी किसान भारतीय किसान संघ के उद्देश्य से प्रेरित हो पाएंगे। काशी प्रांत महामंत्री रविशेखर द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का संचालन किया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र में रामचंद्र अखिल भारतीय घोष प्रमुख, केंद्र कोलकाता आपका भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्था में जिले के अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह जिला मंत्री हौसला वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष डॉ.भारत लाल गुप्ता व जिले के समस्त कार्यकारिणी रही।

# गाली देने के विरोध पर रिटायर फौजी ने युवक को मारी गोली, गंभीर

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना क्षेत्र के लक्ष्मण का पुरवा गांव में शनिवार को यरात 11 बजे रिटायर फौजी ने गाली देने का विरोध करने पर कल्पनाथ पांडेय के 28 वर्षीय बेटे अंकित को गोली मार दी। पेट में गोली लगने से अंकित घायल हो गया। उसे सीएचसी बाघराय से प्रयागराज रेफर कर दिया गया। मामले में रिटायर फौजी, उसकी पत्नी, भाई और भतीजे के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज कराया गया है।लक्ष्मण का पुरवा निवासी अंकित के घर में दो दिन पूर्व शादी के आयोजन से खुशी का माहौल था। शनिवार को रात पड़ोसी रिटायर फौजी रामबास पांडेय उर्फ बमशंकर अंकित के घर के सामने खड़े होकर बगल के गांव माहियामऊ के पूर्व प्रधान राजू दुबे को गालियां देने लगा। अंकित घर में कार्यक्रम चलने की बात कहते हुए महिलाओं के सामने गाली देने का विरोध करने लगा। इस पर बमशंकर अंकित और उसके पिता को भी गालियां देने लगा। इससे कहासुनी बढ़ गई और बमशंकर के घर के अन्य सदस्य भी पहुंच गए। बमशंकर ने तैश में आकर अंकित पर अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली चला दी। पेट में गोली लगने से अंकित घायल हो गया। मौके पर चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को सीएचसी बाघराय ले गई। वहां से उसे प्रयागराज रेफर कर दिया गया। मामले में घायल के पिता कल्पनाथ पांडेय की तहरीर पर रामबास पांडेय, उसकी पत्नी नीलम, भाई गिरजा शंकर, भतीजे चंदन उर्फ शिवम पांडेय के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी आरोपी फरार हैं। एसओ धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कृषि विज्ञान केन्द्र उन्नति ग्राम योजनार्न्तगत कृषक प्रशिक्षण एवं कृषक-वैज्ञानिक संवाद आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो



**कुंडा प्रतापगढ़ ।** उत्तर प्रदेष में किसानों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केन्द्र उन्नति ग्राम योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना का उद्देश्य किसानों को तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराना और उनके स्वयं के आयामों से अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कराना है। इसके अन्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र कालाकांकर द्वारा कृषि विभाग के सहयोग से ग्राम कस्बा लतीफपुर और छाछामऊ में दो दिवसीय कृषक प्रषिक्षण और कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कृषि वैज्ञानिक डा0 नवीन कुमार सिंह ने बीज संरक्षण और जायद की उन्नत खेती के बारे में तकनीकी जानकारी दी। प्रसार वैज्ञानिक डा0 अवधेष कुमार सिंह ने किसानों को खेती के साथ मछली पालन करने पर जोर दिया और कहा कि इससे आपकी आमदनी में काफी वृद्धि होगी। उद्यान वैज्ञानिक महेन्द्र प्रताप सिंह ने इस समय आम के बागो की देखभाल और बेमौसमी सब्जी की खेती के बारे में जानकारी प्रदान की। पषुचिकित्सक डा0 प्रसेनजीत देबनाथ ने किसानों को बताया कि मानसून आने से पहले अपने पशुओं का टीकाकरण अवष्य कराये। इससे जानलेवा बीमारी से बचाव और आर्थिक नुकसान होने से भी बचत होती है। कृषक-वैज्ञानिक संवाद के दौरान कृषको ने वर्तमान में कृषि की समसामयिक समस्याओं पर चर्चा की। जागरूक किसानों में श्रीमती अनुपम, रोषनी, तारा, सीता, श्री रोषन लाल, राजकुमार, रावेन्द्र कुमार, वीरेन्द्र कुमार, रोमिल, विनीत आदि उपस्थित रहे।

# कच्ची शराब समेत युवक गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**बिहार- प्रतापगढ़।** बाघराय थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने चौकी इंचार्ज कमासिन तेज बहादुर यादव मय हमराही के साथ बड़ी कार्रवाई करते हुए होली के त्यौहार के मद्देनजर एक बड़े गुंडवर्क को अंजाम दिया है। बताते चलें कि बाघराय थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में चौकी इंचार्ज तेज बहादुर यादव ने मय हमराही थाना क्षेत्र के धारूपुर ग्रामसभा से सूरज उर्फ पुट्टे सरोज को अवैध देशी शराब 40 ली. के साथ गिरफ्तार करते हुए भारी मात्रा में लहन को भी नष्ट किया। सनद रहे बाघराय पुलिस प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में होली त्यौहार के मद्देनजर लगातार समाज में भय पैदा करने वाले अराजक तत्वों,अवैध कारोबारियों पर कठोर कार्रवाई करती नजर आ रही है।

# आयुष चिकित्सक भर्ती में काबिल अभ्यर्थियों के साथ हुआ खेल

## डी.एम से लेकर पी.एम.व सीएम तक की गई शिकायत

**प्रतापगढ़।** स्वास्थ्य विभाग में आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति में इंटरव्यू के जरिए की गई भर्ती प्रक्रिया में सी.एम.ओ कार्यालय के एक खास कर्मी के जरिए संविदा कर्मियों के मेरिट में हेर फेर करके उनके चहेतों की की गई नियुक्ति के विरोध में चयन प्रक्रिया में शामिल अभ्यर्थियों ने मोर्चा खोल दिया है ।अभ्यर्थी डॉक्टर विजय विक्रम सिंह ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र को डीएम के साथ प्रधान मंत्री मुख्य मंत्री,स्वास्थ्य मंत्री,समेत आयुष निदेशक के यहां देते हुए सीएमओ समेत उनके कर्मियों के ऊपर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने फर्जी तरीके से की गई चयन प्रक्रिया को रद्द करने के साथ आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग किया है।आरोप यह भी है कि आयुष चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया में चयनित अभ्यर्थी की पचासी प्रतिशत मेरिट विभिन्न प्रमाण पत्रों से लेने के साथ मात्र पंद्रह प्रतिशत में कोरोना काल में सहयोग करने के साथ इंटरव्यू से लेना था। जबकि चयन समित ऐसा न करके मानक को दरकिनार करते हुए धन बल के चक्कर में अपने चाहते अपात्र व्यक्तियों का चयन कर दिया। देखा जाय तो कर्मियों के इस खेल ने इंटरव्यू के दौरान चयन प्रक्रिया में शामिल दो सौ बावन अभ्यर्थियों के मनसूबे पर पानी फेर कर योगी सरकार के कथनी और करनी पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। गलत चयन प्रक्रिया से आहत अभ्यर्थियों की माने तो यदि न्याय संगत कार्यवाही न हुई तो लोग माननीय उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते है। फिलहाल मामला चाहे जो भी हो लेकिन जनपद के स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की फेहरिस्त लंबी है, जो जांच बाद ही उजागर हो सकती है।

# विलुप्त हो रही पालि भाषा को संरक्षित करने को 313 ने दी परीक्षा

▶▶हाई स्कूल में 201 और इंटर की बोर्ड परीक्षा में बैठे 112 छात्र
▶▶भाषा को संरक्षित करने को जिले में डॉ. शिव मूर्ति लाल मौर्य की अगुवाई में चलाया जा रहा अभियान



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** सम्राट अशोक के शासन में भली भांति फली फूली पालि भाषा को वर्तमान में संरक्षित करने का जिले में अभियान चलाया गया है। जिसका नतीजा है कि इस वर्ष की बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल में 201 और इंटर में 112,कुल 313 परीक्षार्थियों ने पालि भाषा में परीक्षा देकर इसको फिर से जीवंत करने का प्रयास किया है।

एक समय था जब पालि भारत की प्रचलित भाषा थी। ईसा पूर्व छठी शताब्दी में यह भारत के मगध छेत्र की जनभाषा हुआ करती थी। इतना ही नहीं भगवान बुद्ध की देशनाएं त्रिपिटक में पालि भाषा में ही संग्रहित हैं। परन्तु दुर्भाग्यवश अब यह भाषा लुप्त प्रायः हो चुकी है। जिले में इसको संरक्षित करने का अभियान वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डाक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य की अगुवाई में चलाया जा रहा है।

इसका नतीजा रहा कि इससे प्रभावित होकर इस बार 313 लोगों ने एकल विषय पालि भाषा से बोर्ड का फार्म भरा और परीक्षा में बैठे। खास बात यह है कि हाई स्कूल और इंटर पास कर चुके छात्र और छात्राओं ने केवल पालि भाषा के पेपर के लिए व्यक्तिगत फार्म भरा था। जिसमे जिले के कोने कोने से लोग फार्म डाले थे। अभियान के संयोजक डाक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य का कहना है कि यह अभियान आगे भी चलता रहेगा।

# दीवार गिराने से रोकने पर युवक को पीटा

**कुंडा प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के लाखीपुर लरु गांव निवासी रामराज ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि 26 फरवरी को उसने अपने पूर्वजों की भूमि में निर्माण कराया था। उसी मामले को लेकर रात करीब आठ बजे गांव के ही कुछ लोग फावड़ा, हथौड़ा आदि लेकर पहुंचे और बनवाई गई दीवार को गिराने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। इस बीच आरोपियों ने उसकी दीवार गिरा दी। पीड़ित रामराज की तहरीर पर पुलिस ने रामदुलारे सरोज, राम हरख सरोज, सोनू सरोज, अजय सरोज, सतीश सरोज के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# बीएसएस एकेडमी के बच्चों ने मनाई होली, खूब उड़ाया अबीर-गुलाल




**प्रतापगढ़।** बी एस एस एकेडमी, फुलवारी, में सोमवार को वार्षिक परीक्षा के आखिरी दिन परीक्षा समाप्ति के बाद होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों और अध्यापकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। बच्चों ने अबीर - गुलाल उड़ाए और होली के गीतों पर जमकर थिरके। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक विनोद सिंह ने कहा कि होली प्यार और सौहार्द का त्योहार है। होली मनाने के पौराणिक महत्व के बारे में बच्चों को समझाया कि किस तरह से भगवान विष्णु ने भक्त प्रहलाद को बचाया और बुराई की प्रतीक होलिका जलकर राख हो गई। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों, शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं दी। मैनेजर धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि ऐसे रंगों का उपयोग न करें जिससे त्वचा को नुकसान पहुंचे।

उन्होंने सभी बच्चों को होली का त्योहार सावधानी पूर्वक मनाने की सलाह दी।इस अवसर पर विद्यालय कोआर्डिनेटर धर्मराज मौर्य , शिवानी वर्मा, किरन सिंह, ऊषा जायसवाल, आयुषी उपाध्याय, यमी सिंह, सुलेखा त्रिपाठी, दिव्या साहू, संजय सिंह, नीरज सिंह, निखिल सिंह, संजीव शुक्ला, दिग्विजय सिंह, राहुल रावत आदि के साथ ही युवराज सिंह, स्वरिध तिवारी, रुमन, माही सिंह, अनन्या पटेल, आस्था , अदिति सिंह, दिव्यांशी मोदनवाल, मानशी पांडेय, मनन मिश्रा, शौर्य श्रीवास्तव, अर्चित सावन, चांदनी श्रीवास्तव, हर्षिता मिश्रा, शुभी सिंह, कशिश, कोमल मिश्रा, दीप्ति पटेल, आदित्य पटवा, श्रेयस, आरव आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सिंचाई बन्धु की बैठक आज

**प्रतापगढ़।** जनपदीय सिंचाई बन्धु की बैठक दिनांक 11 मार्च 2025 को सिंचाई खण्ड कार्यालय में होनी प्रस्तावित है। बैठक की अध्यक्षता अधिशासी अभियन्ता/सचिव बन्धु अरविन्द वर्मा द्वारा की जायेगी। बैठक में जनपद के जनप्रतिनिधिगण/जनपदीय अधिकारी एवं कृषकगण प्रतिभाग कर सकते है।

# अधिवक्ता के निधन पर शोक

**प्रतापगढ़ ।** जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता वकील परिषद के पुस्तकालय अध्यक्ष संगम लाल पाण्डेय एडवोकेट के निधन पर अधिवक्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया । जनपद न्यायाधीश के न्याय कक्ष में बार बेंच की संयुक्त शोक सभा जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में हुई , जिसमें श्री पाण्डेय को याद करते हुए मौन रखा गया।

# निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ करें जन समस्याओं का निस्तारण- एडीएम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर सोमवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एडीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस पोर्टल में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में यदि किसी विभाग को समस्या हो, तो कलेक्टरेट में प्रभारी अधिकारी आईजीआरएस एवं सम्बन्धित लिपिक से समझ ले ताकि निस्तारण में गलती न हो। कहा कि जिन भी समस्याओं का निस्तारण किया जाए, उनका मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण भी करें। कोई भी प्रकरण डिफाल्टर नहीं होना चाहिए, अन्यथा सम्बन्धित अधिकारी को ही जिम्मेदार माना जाएगा। कहा कि समस्याओं के निस्तारण के दौरान जो भी आख्या लगाई जाए, वह स्पष्ट होनी चाहिए। किसी भी समस्या के निस्तारण में गलत रिपोर्ट नहीं होनी चाहिए। यदि किसी के पास अन्य विभागों से सम्बन्धित कोई प्रार्थना पत्र आ गया है, तो तत्काल सम्बन्धित विभाग को वापस करें। कहा कि तहसील दिवस के प्रकरणों के निस्तारण में भी शासन स्तर पर जनपद की रैंकिंग ठीक नहीं है।

सभी उपजिलाधिकारी सम्बन्धित विभागों से संपर्क करके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। निस्तारण आख्या को फीड करने से पहले यह जान ले की समस्याग्रस्त व्यक्ति समाधान से संतुष्ट है की नहीं। समस्याओं के निस्तारण के दौरान श्रेणी चयन में भी विशेष ध्यान दिया जाए। कहा कि एक से 10 मार्च तक निस्तारित की गई समस्याएं जिनमें फीडबैक असंतुष्ट प्राप्त हुए हैं, उनके सम्बन्ध में आईजीआरएस कार्यालय में संपर्क करके निस्तारण कराए।अपर उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक ने बताया कि आईजीआरएस निस्तारण की जो नई प्रक्रिया शासन द्वारा शुरू की गई है, उसमें अभी सम्बन्धित विभागों द्वारा शासन की मंशानुरूप निस्तारण गुणवत्तापूर्ण नहीं किया जा रहा है। जिससे विभिन्न संदर्भ निस्तारण में डिफाल्टर तथा सी श्रेणी में आ जाते हैं, जिससे जनपद की रैंकिंग प्रभावित होती है।इस मौके पर उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मऊ सौरभ यादव, मानिकपुर मोहम्मद जसीम, राजापुर, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एम के जतारया, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई प्रमोद कुमार मिश्र, सहायक निदेशक मत्स्य भानुचंद्रा, जिला दिव्यांग जन शक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक शुक्ला सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## राज्यपाल के सम्भावित आगमन को लेकर जिलाधिकारी ने किया स्थल निरीक्षण



**मीरजापुर।** राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल के 12 मार्च को सम्भावित जनपद आगमन के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कार्यक्रमस्थल पंचशील डिग्री कालेज मवई कला, हलिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महामहिम के सम्भावित जनपद आगमन से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करा लें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि. एवं रा. शिव प्रताप शुक्ल, उप जिलाधिकारी लालगंज युगांतर त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# काली पट्टी बांधकर सड़कों पर उतरे पत्रकार, प्रदर्शन कर दिया धरना

● सीएम को भेजा ज्ञापन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - सीतापुर जिले में पत्रकार की गोली मारकर हत्या कर देने के मामले में सोमवार को चित्रकूट प्रेस क्लब ने विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही धरना देने के बाद ज्ञापन सौंपकर कर हत्यारोपियों को गिरफ्तार करते हुए कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की गई।जिला मुख्यालय में सोमवार को चित्रकूट प्रेस क्लब ने विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि सीतापुर के महोली कस्बे के निवासी पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेयी की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना से जिले के सभी पत्रकारों में शोक व्याप्त है। हत्यारोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाना चाहिए। बताया कि स्व. राघवेन्द्र बाजपेयी ने कुछ दिन पूर्व धान खरीद में अनियमितता की खबरों का प्रकाशन किया था। इससे कुछ लोग उनसे नाराज थे। इसके चलते बीते शनिवार की दोपहर तीन बजे बाइक सवार तीन बदमाशों और थार गाड़ी में सवार कुछ लोगों ने उनका पीछा किया। सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के हेमपुर रेलवे क्रासिंग के पास बने ओवर ब्रिज पर पहले बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। मृतक पत्रकार के परिजनों के अनुसार लगभग 10 दिन पहले उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। दिन दहाड़े हुए इस हत्याकांड के आरोपियों को पुलिस को तत्काल गिरफ्तार करना चाहिए। साथ ही हत्यारोपियों पर कठोर कार्यवाही करते हुए मृतक के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा और मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए। ऐसा न होने पर आज के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बाद पत्रकार अब उग्र आंदोलन करेंगे। इसके पूर्व पत्रकारों ने चित्रकूट प्रेस क्लब कार्यालय से नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला और कलेक्टरेट पंहुच कर धरना दिया। इस दौरान सदर विधायक अनिल प्रधान, सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव, भाकपा के जिला सचिव अमित यादव भी धरना स्थल पर पंहुच गए और सभी नेताओं ने पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई हत्याकांड के मामले में प्रदेश सरकार और सीतापुर पुलिस को कटघरे में खड़ा किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह और अपर जिलाधिकारी राजेश प्रसाद को सौंपा गया।इस मौके पर जिले के समस्त वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे।

## अधिवक्ता की पुण्यतिथि कल

**प्रतापगढ़।** प्रखर अधिवक्ता एवं लोकतंत्र सेनानी कृपा शंकर ओझा की द्वितीय पुण्यतिथि वकील परिषद के सभागार में 12 मार्च को दोपहर 1 बजे आयोजित होगी।यह जानकारी वकील परिषद के अध्यक्ष आनंद पांडेय ने दी है।

# प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान पी0एम0 कुसुम योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया प्रारम्भ

**कौशाम्बी।** उप कृषि निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी0एम0कुसुम) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया प्रारम्भ है जो लक्ष्य की समाप्ति तक कृषकों द्वारा इसका लाभ प्राप्त करनें के लिए विभागीय वेबसाइट पर ''सोलर पंप बुकिंग करें'' लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन बुकिंग की जा सकेगी।

योजना का लाभ उठाने के लिए कृषकों का विभागीय वेबसाइट पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। कृषकों को ऑनलाइन बुकिंग के साथ रू0 5000.00 टोकन मनी के रूप में ऑनलाइन जमा करना होगा। टोकन कंफर्म की सूचना मोबाईल पर प्राप्त होनें पर कृषक अंश की अवशेष धनराशि विभागीय पोर्टल से चालान जनरेट कर ऑनलाइन या ऑफलाइन इण्डियन बैंक के किसी भी शाखा में निर्धारित समयावधि में जमा करना होगा। कृषक अंश न जमा करनें पर कृषक का चयन स्वतः निरस्त हो जायेगा एवं जमा टोकन मनी रू0 5000.00 जब्त कर ली जायेगी। योजनान्तर्गत विभिन्न क्षमता के सोलर पंप 60 प्रतिशत अनुदान पर किसानों की सुविधाओं के लिए लगाया जायेगा।

सोलर पंप के तीन व पॉच हार्स पावर के लिए 6 इंच तथा साढ़े सात व दस हार्स पावर के लिए 8 इंच की बोरिंग होना अनिवार्य है। किसान की स्वयं की बोरिंग होगी। सत्यापन के समय उपयुक्त बोरिंग न पाये जानें पर टोकन मनी की धनराशि जब्त कर ली जायेगी एवं आवेदन निरस्त हो जायेगा।

सूक्ष्म सिंचाई तकनीकी का प्रयोग इच्छुक, प्रयोग कर रहे दोहित एवं अतिदोहित क्षेत्र के कृषक भी अपनें डीजल पम्प से संचालित बोरिंग को सोलर पम्प में परिवर्तित कर सकते हैं।

यदि किसी व्यक्ति विशेष द्वारा कृषक अंश की धनराशि जमा करनें के लिए कृषक को फोन किया जाता है तो कृषक भाई इसे संज्ञान में न लें।

अधिक जानकारी के लिए उप कृषि निदेशक कार्यालय मंझनपुर में सम्पर्क किया जा सकता हैं।

# अधिवक्ताओं की हड़ताल समाप्त

**प्रतापगढ़ ।** लालगंज में ए सी जे एम कोर्ट संचालित किए जाने के विरोध में चल रही,जिला मुख्यालय के अधिवक्ताओं की हड़ताल आज से समाप्त कर दी गई है। इस आशय की विज्ञप्ति जिला बार एसोसिएशन, वकील परिषद, जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन द्वारा संयुक्त रूप से जारी की गई है। बताया गया कि ए सी जे एम लालगंज कोर्ट जिला मुख्यालय से तहसील लालगंज में संचालित किए जाने के विरोध में जिला मुख्यालय के अधिवक्ताओं ने डेढ़ माह हड़ताल पर रहते हुए न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया । उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति माननीय नीरज त्रिपाठी प्रशासनिक न्यायमूर्ति को अधिवक्ता संगठनों द्वारा ज्ञापन दिया गया है । वादकारी हित को ध्यान में रखते हुए दिनांक 11 मार्च 2025 से अधिवक्ताओं ने हड़ताल को स्थगित किए जाने का निर्णय लिया है। अधिवक्ता संगठनों के इस निर्णय पर अधिवक्ताओं में गहरा आक्रोश भी है ।

अधिवक्ताओं का कहना है कि बिना सोचे समझे की गई हड़ताल से क्या लाभ हुआ ।आम सभा के माध्यम से अधिवक्ताओं को बिना विश्वास में लिए हड़ताल क्यों स्थगित की गई ।

## सज गया होली के सामानों का बाजार

**प्रतापगढ़।** होली के त्योहार को घरो मे तैयारिया शुरू हो गइ है। इसके लिए बाजार सज गया है। खरीददारी के लिए दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। जरुरी सामानों की खरीददारी तेज हो गई है। दुकानों एवं सड़कों के किनारे रंग, गुलाल एवं पिचकारी की दुकानें सज गई हैं। अनेक प्रकार की कम से अधिक दाम में अनेक डिजाइनों की पिचकारियां बच्चों को आकर्षित कर रही है। महिलाएं पापड़,चिप्स, नमकीन तथा अन्य सामानों को बनाने में जुटी हुई हैं। हालांकि आधुनिक युग में यह सभी सामान बाज़ार में मिल रहा है। इसके बावजूद भारतीय परिवेश का प्रभाव अभी व्यापक तौर पर कायम है। विशेषकर होली के सामानों को घर पर ही बनाने की परंपरा निभाई जा रही है। गृहणियां मनोयोग से इसमें लगी हुई है। आलू एवं अन्य सामानों पर महंगाई का असर है। इससे महंगाई की काली छाया भी इसे प्रभावित कर रही है। उधर पर्व के अवसर पर खाद्य पदार्थो में मिलावटखोरी बढ़ा दी गई है। मिलावटी एवं नुकसानदेह सामानों से बाजार पट गया है। खाद्य विभाग की टीम का कहीं खौफ नहीं दिखाई दे रहा है। तेल, रिफाइंड, मैदा, सूजी। खोवा, पनीर एवं मिठाइयों में साफ मिलावट झलक रहा है। दुकानदार बेखौफ इसकी बिक्री कर रहे हैं। लोगो का कहना है कि दो, चार दुकानों पर प्रशासन छापे की कार्रवाई करके शान्त हो जाता है और खरीददारों की सेहत खराब होती है।

## सुदामा चरित्र सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु



**प्रतापगढ़।** सदर ब्लॉक के गड़ई चकदेइया पूरे माधव सिंह में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को वृंदावन धाम से आये कथा व्यास राजीव नयन शरण जी महराज ने सुदामा चरित्र का का प्रसंग सुनाया। प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र के दुःख को बिना कहे समझ जाए। कष्ट के समय हमेशा सहयोग के लिए खड़ा रहे। अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे, परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। इस दौरान मुख्य यजमान नरेंद्र बहादुर सिंह,डॉ. शिव कुमार सिंह,डॉ.चेत प्रकाश पांडेय,डॉ.केके सिंह,डॉ.एसपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# 800 काश्तकारों को वितरित किए गए जोत चकबंदी आकार पत्र



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** -सदर तहसील के बाबूपुर गांव में सोमवार को चकबंदी अधिनियम की धारा 20 का प्रकाशन कराया गया। इस दौरान लगभग 800 काश्तकारों को जोत चकबंदी आकार पत्र 23 भाग एक का वितरण किया गया।उच्च प्राथमिक विद्यालय स्थित पंचायत भवन में पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार सोमवार को हुई चकबंदी चौपाल में अपर जिलाधिकारी न्यायिक व उपसंचालक चकबंदी राजेश प्रसाद ने बताया कि चकबंदी आयुक्त तथा जिलाधिकारी के स्पष्ट निदेश है कि चकबंदी प्रक्रिया में पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता बरती जाए। उत्तर प्रदेश चकबंदी अधिनियम की धारा 20 के अंतर्गत प्रारम्भिक चकबंदी योजना के प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर अधिनियम की धारा 21 के अधीन चक आपत्ति प्रस्तुत करने का प्राविधान है, जो चकबंदी अधिकारी के न्यायालय में पंजीकृत की जाएगी। धारा 20 के प्रकाशन के बाद यदि किसी कृषक को आपत्ति है, तो चकबंदी अधिकारी के न्यायालय में तथ्यों के साथ आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है या 15 दिन के अंदर आपत्ति चकबंदी अधिकारी के न्यायालय में प्रस्तुत कर दी जाए।अपर जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित सभी कृषकों को चक के सम्बन्ध में विस्तृत एवं बिन्दुवार जानकारी देते हुए बताया कि चकबंदी आकार पत्र 23 में अंकित अभिलेखों को समझ लें। इनमें कोई आपत्ति होने पर चक आपत्ति दायर करके अनुतोष प्राप्त किया जा सकता है।

## मनरेगा मजदूरी न आने से होली का रंग हो रहा फीका

## पांच महीने से मजदूरी का इंतजार कर रहे मजदूर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार प्रतापगढ़।** विकासखंड बिहार के मनरेगा मजदूरों की मजदूरी लगभग पांच माह से न आने के कारण अब मनरेगा मजदूरों के चेहरे पर मायूसी स्पष्ट प्रतिबिंबित होती दिखाई पड़ रही है। मजदूरों के चेहरे मायूस हो भी क्यों न, एक वर्ष के इंतजार के बाद रंगों और पकवानों का त्यौहार होली जो नजदीक है,लेकिन शासन द्वारा मनरेगा मजदूरों के हिस्से का पैसा अब तक उनके खाते में ट्रांसफर न करना कहीं न कहीं मजदूरों के लिए हाथ मलने जैसा तो है ही। अपितु सरकार के खिलाफ आक्रोश भी उत्पन्न करने का कार्य कर रहा है। ग्रामीण अंचल में ग्रामसभा वार मजदूरी करके अपना जीवन यापन करने वाले मजदूरों को सौ दिन काम की गारंटी देने वाली महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना अब भाजपा सरकार के खोखले दावे के गहरे खड्डु में समाकर दम तोड़ती नजर आ रही है,जबकि केंद्र से लेकर राज्य की भाजपा सरकारें मनरेगा मजदूरों के लिए पैसों की कोई कमी न होने की बड़े बड़े दावे भी करती नजर आई हैं। बावजूद इसके लगातार पांच महीने तक मनरेगा योजना में मजदूरी के पेमेंट की बात जोह रहे मजदूरों को होली के नजदीक शासन द्वारा मनरेगा फंड जारी करने की उम्मीद थी जो कि अब दम तोड़ चुकी है। ऐसे में ग्राम प्रधानों की भी सिरदर्दी बढ़ती नजर आ रही है। शासन द्वारा इस तरह मनरेगा मजदूरों के व्यवहार से मजदूर निकट भविष्य में मजदूरी करने से दूरी बनाने को भी मजबूर होंगे।

## अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 11 मार्च से 25 मार्च तक होगा खाद्यान्न का वितरण

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माह मार्च 2025 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को दिनांक 11.03.2025 से दिनांक 25.03.2025 तक खाद्यान्न का वितरण ई-पॉस वेइंग मशींन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जायेगा। अन्त्योदय कार्डधारकों में 14 किग्रा0 एवं 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों कों प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल (कुल 05 किग्रा0) खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण उचित दर विक्रेता द्वारा किया जायेगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को माह जनवरी, फरवरी व मार्च 2025 के सापेक्ष कुल तीन माह हेतु प्रति कार्ड 03 किग्रा0 चीनी रूपये 18 प्रति किग्रा0 की दर से वितरित की जायेगी। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। चीनी के वितरण में पोर्टेबिलिटी की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी, चीनी अन्त्योदय लाभार्थी अपने मूल दुकान से ही प्राप्त कर सकेंग। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न न प्राप्त होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि अर्थात 25.03.2025 को खाद्यान्न प्राप्त कर सकेगें। वितरण के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की शिकायत के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षकों से एवं विभागीय टोल फ्री नम्बर, 1800-1800-150 एवं 1967 पर शिकायत की जा सकती है। कार्डधारको से अपील की जाती है कि वह अपना धैर्य बनाये रखे व वितरण में यथोचित सहयोग प्रदान करें।

## सड़क हादसों में दो लोग घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के अहिबरनपुर गांव निवासी रघुबर पाल का 32 वर्षीय बेटा सुरेन्द्र कुमार बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। नगर पंचायत कुंडा के मलियन टोला मोहल्ला निवासी श्यामलाल का 50 वर्षीय बेटा संजय गुप्ता अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। परिजनों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

## दो बाइकों की भिडंत में दो जख्मी

**सिराथू, कौशाम्बी।** पंइसा थाना क्षेत्र के उदीहीन खुर्द गांव के समीप दो बाइकों की भिड़ंत में दो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज मंझनपुर में भर्ती कराया है। बताया जाता है कि फतेहपुर जनपद के धाता थाना अंतर्गत केवटमई गांव निवासी कोमल प्रसाद पुत्र बच्चा लाल 42 वर्ष गांव के शिवभूषन पुत्र रामलाल 36 वर्ष के साथ सोमवार की शाम मोटरसाइकिल से सिराथू बाजार से होकर वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार उदिहिन खुर्द गांव के समीप पहुंचे तभी सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इस दौरान टक्कर मारकर बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

# योगी आदित्यनाथ की छवि धूमिल करने के प्रकरण में मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार प्रतापगढ़।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोशल मीडिया व्हाट्सअप ग्रुप पर आपत्तिजनक तस्वीर शेयर करना युवक को भारी पड़ता दिख रहा है। बताते चलें कि सोशल मीडिया पर सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ की आपत्तिजनक तस्वीर का स्क्रीनशॉट सोमवार को सुबह तेजी से सोशल मीडिया वाट्सअप ग्रुप पर वायरल हुआ तो सोशल मीडिया पर खबरों का हिस्सा बन गया।योगी आदित्यनाथ की आपत्तिजनक तस्वीर की खबर को पत्रकारों ने प्रमुखता से स्थान दिया तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।इसमें ग्रुप के एडमिन से लेकर सदस्यों तक की पूरी जानकारी पुलिस इकट्ठा कर रही है, जिससे सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक तस्वीर शेयर करने वाले के साथ साथ वाट्सअप ग्रुप के सदस्यों में भी खलबली मच गई।ज्ञात हो कि सोशल मीडिया के माध्यम से सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक तस्वीर शेयर करने वाले की पहचान बाघराय थाना क्षेत्र के ग्रामसभा खरगीपुर निवासी एक व्यक्ति की हुई है। वहीं इस पूरे प्रकरण के बाबत जिले की पुलिस सोशल मीडिया टीम ने ग्रुप में लिखित तौर पर संबंधित प्रकरण में मुकदमा दर्ज होने तथा अग्रिम कार्रवाई किए जाने की सूचना प्रदान की।बात सूबे के मुखिया का होने के नाते पुलिस पूरी तन्मयता से आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## चिलबिला रजबहा में पानी आने से किसान हर्षित

**प्रतापगढ़।** सहायक अभियन्ता शारदा सहायक खंड 51 शिवपूजन के प्रयास से चिलबिला रजबहा की बेहतर सफाई हुई। साथ ही समय पर पानी पहुंचा। इससे किसानों में खुशी है। इस दौरान आभार प्रकट करने वाले किसानों राम शिरोमणि मिश्रा, मनोज कुमार सिंह, देव बहादुर सिंह, हरकेश बहादुर सिंह, तेज बहादुर सरोज, अजीत यादव प्रधान ताला आदि ने अभियंता का आभार व्यक्त किया।

## मारपीट में महिला समेत तीन घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के कोटिला अखित्यारी गांव में रंजिश में दो पक्षों में विवाद हो गया। इसके बाद मारपीट में भगवानदीन का 55 वर्षीय बेटा ओम प्रकाश उर्फ कल्लू और उसकी 52 वर्षीय पत्नी सन्नू देवी और धर्मेंद्र सरोज की 38 वर्षीय पत्नी संगीता देवी घायल हो गई। परिजनों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया तथा आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने मामले की जांच करके कार्रवाई की बात कही है।


**आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना, रायबरेली**

**सांकेतिक नोटिस**

**विषयः आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में 52 रिक्त पदों पर सेवानिवृत रेलवे कर्मचारियों को संविदा के आधार पर पुनः नियुक्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाये जाने के संबंध में।**

इस कार्यालय के द्वारा जारी समसंख्यक पत्र दिनांक 20.01.2025 के अनुसार आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज, रायबरेली के यांत्रिक विभाग, विद्युत विभाग, भंडार विभाग एवं सिविल विभाग में कुल 52 (बावन) रिक्त पदों में संविदा के आधार पर सेवानिवृत रेलवे कर्मचारियों की पुनः नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये थे। जिसके अंतर्गत आवेदन जमा करने अंतिम तिथि **19.03.2025** तक बढ़ा दी गई है तथा अन्य नियम व शर्तें समान रहेंगी। इच्छुक सेवानिवृत रेलवे कर्मचारी उम्मीदवार अपना आवेदन **दिनांक 19.03.2025 सायं 05:30 बजे तक वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/एन.जी. आरेडिका/रायबरेली** को भेजना सुनिश्चित करें।

**नोटः सेवानिवृत रेलवे कर्मचारियों के पुनः नियुक्ति हेतु सूचना एवं निबंधन की शर्तों से संबंधित विस्तृत जानकारी को आरेडिका की वेबसाइट www.mcf.indianrailways.gov.in पर देखें।**

No.: MCF/RBL/Re-engagement/Non-Gaz/Retired/Rly.Staff Dated: 04.03.2025

वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/एन.जी.
कृते महाप्रबंधक/(कार्मिक)



**कार्यालय ग्राम पंचायत चकमझानीपुर वि0ख0-बाबाबेलखरनाथ धाम, प्रतापगढ़**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024–25 में ग्राम पंचायत चकमझानीपुर में इण्टरलाकिंग निर्माण पर कार्य हेतु सामग्री की आवश्यकता है। पंजीकृत फर्मो द्वारा सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 11.03.2025 से दिनांक 16.03.2025 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 17.03.2025 को दिन में 2 बजे उपस्थित फर्मो के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान/सचिव की उपस्थित में निविदा फार्म खोली जायेगी, फर्मो का जी0एस0टी0 नं0 होना अनिवार्य है। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षारी में निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | मॉप | अनुमानित लागत | सामग्री का विवरण/प्रकलन के अनुसार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सबरून निशा पत्नी मो0 सगीर का कैटिल शेड निर्माण | मनरेगा | 1 नग | 130877 | ईंट प्रथम श्रेणी, ईंट गिट्टी, महीन बालू, मोटी बालू, सीमेन्ट, स्टील सीट, इंगल, सरिया, पत्थर गिट्टी सामाग्री आदि |
| 2 | शहनूर बानो पत्नी सैफुद्दीन का कैटिल शेड निर्माण | मनरेगा | 1 नग | 131033 | |

**शाहीन बेगम**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–चकमझानीपुर
वि0ख0–बाबाबेलखरनाथ धाम, प्रतापगढ़

**संजय कुमार शुक्ल**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत–चकमझानीपुर
वि0ख0–बाबाबेलखरनाथ धाम, प्रतापगढ़

पत्रांक : मेमो/निविदा/2024–25 दिनांक 10.03.2025



9452526750, 9839665450,8565970115

**दैनिक लोकमित्र**

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ करें जन समस्याओं का निस्तारण- एडीएम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर सोमवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एडीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस पोर्टल में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में यदि किसी विभाग को समस्या हो, तो कलेक्टरेट में प्रभारी अधिकारी आईजीआरएस एवं सम्बन्धित लिपिक से समझ ले ताकि निस्तारण में गलती न हो। कहा कि जिन भी समस्याओं का निस्तारण किया जाए, उनका मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण भी करें। कोई भी प्रकरण डिफाल्टर नहीं होना चाहिए, अन्यथा सम्बन्धित अधिकारी को ही जिम्मेदार माना जाएगा। कहा कि समस्याओं के निस्तारण के दौरान जो भी आख्या लगाई जाए, वह स्पष्ट होनी चाहिए। किसी भी समस्या के निस्तारण में गलत रिपोर्ट नहीं होनी चाहिए। यदि किसी के पास अन्य विभागों से सम्बन्धित कोई प्रार्थना पत्र आ गया है, तो तत्काल सम्बन्धित विभाग को वापस करें। कहा कि तहसील दिवस के प्रकरणों के निस्तारण में भी शासन स्तर पर जनपद की रैंकिंग ठीक नहीं है।

सभी उपजिलाधिकारी सम्बन्धित विभागों से संपर्क करके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। निस्तारण आख्या को फीड करने से पहले यह जान ले की समस्याग्रस्त व्यक्ति समाधान से संतुष्ट है की नहीं। समस्याओं के निस्तारण के दौरान श्रेणी चयन में भी विशेष ध्यान दिया जाए। कहा कि एक से 10 मार्च तक निस्तारित की गई समस्याएं जिनमें फीडबैक असंतुष्ट प्राप्त हुए हैं, उनके सम्बन्ध में आईजीआरएस कार्यालय में संपर्क करके निस्तारण कराए।अपर उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक ने बताया कि आईजीआरएस निस्तारण की जो नई प्रक्रिया शासन द्वारा शुरू की गई है, उसमें अभी सम्बन्धित विभागों द्वारा शासन की मंशानुरूप निस्तारण गुणवत्तापूर्ण नहीं किया जा रहा है। जिससे विभिन्न संदर्भ निस्तारण में डिफाल्टर तथा सी श्रेणी में आ जाते हैं, जिससे जनपद की रैंकिंग प्रभावित होती है।इस मौके पर उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मऊ सौरभ यादव, मानिकपुर मोहम्मद जसीम, राजापुर, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एम के जतारया, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई प्रमोद कुमार मिश्र, सहायक निदेशक मत्स्य भानुचंद्रा, जिला दिव्यांग जन शक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक शुक्ला सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# राज्यपाल के सम्भावित आगमन को लेकर जिलाधिकारी ने किया स्थल निरीक्षण



**मीरजापुर।** राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल के 12 मार्च को सम्भावित जनपद आगमन के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कार्यक्रमस्थल पंचशील डिग्री कालेज मवई कला, हलिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महामहिम के सम्भावित जनपद आगमन से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करा लें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि. एवं रा. शिव प्रताप शुक्ल, उप जिलाधिकारी लालगंज युगांतर त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# काली पट्टी बांधकर सड़कों पर उतरे पत्रकार, प्रदर्शन कर दिया धरना

● सीएम को भेजा ज्ञापन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - सीतापुर जिले में पत्रकार की गोली मारकर हत्या कर देने के मामले में सोमवार को चित्रकूट प्रेस क्लब ने विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही धरना देने के बाद ज्ञापन सौंपकर कर हत्यारोपियों को गिरफ्तार करते हुए कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की गई।जिला मुख्यालय में सोमवार को चित्रकूट प्रेस क्लब ने विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि सीतापुर के महोली कस्बे के निवासी पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेयी की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना से जिले के सभी पत्रकारों में शोक व्याप्त है। हत्यारोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाना चाहिए। बताया कि स्व. राघवेन्द्र बाजपेयी ने कुछ दिन पूर्व धान खरीद में अनियमितता की खबरों का प्रकाशन किया था। इससे कुछ लोग उनसे नाराज थे। इसके चलते बीते शनिवार की दोपहर तीन बजे बाइक सवार तीन बदमाशों और थार गाड़ी में सवार कुछ लोगों ने उनका पीछा किया। सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के हेमपुर रेलवे क्रासिंग के पास बने ओवर ब्रिज पर पहले बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। मृतक पत्रकार के परिजनों के अनुसार लगभग 10 दिन पहले उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। दिन दहाड़े हुए इस हत्याकांड के आरोपियों को पुलिस को तत्काल गिरफ्तार करना चाहिए। साथ ही हत्यारोपियों पर कठोर कार्यवाही करते हुए मृतक के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा और मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए। ऐसा न होने पर आज के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बाद पत्रकार अब उग्र आंदोलन करेंगे। इसके पूर्व पत्रकारों ने चित्रकूट प्रेस क्लब कार्यालय से नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला और कलेक्टरेट पंहुच कर धरना दिया। इस दौरान सदर विधायक अनिल प्रधान, सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव, भाकपा के जिला सचिव अमित यादव भी धरना स्थल पर पंहुच गए और सभी नेताओं ने पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई हत्याकांड के मामले में प्रदेश सरकार और सीतापुर पुलिस को कटघरे में खड़ा किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह और अपर जिलाधिकारी राजेश प्रसाद को सौंपा गया।इस मौके पर जिले के समस्त वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे।

# 800 काश्तकारों को वितरित किए गए जोत चकबंदी आकार पत्र



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** -सदर तहसील के बाबूपुर गांव में सोमवार को चकबंदी अधिनियम की धारा 20 का प्रकाशन कराया गया। इस दौरान लगभग 800 काश्तकारों को जोत चकबंदी आकार पत्र 23 भाग एक का वितरण किया गया।उच्च प्राथमिक विद्यालय स्थित पंचायत भवन में पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार सोमवार को हुई चकबंदी चौपाल में अपर जिलाधिकारी न्यायिक व उपसंचालक चकबंदी राजेश प्रसाद ने बताया कि चकबंदी आयुक्त तथा जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देश है कि चकबंदी प्रक्रिया में पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता बरती जाए। उत्तर प्रदेश चकबंदी अधिनियम की धारा 20 के अंतर्गत प्रारम्भिक चकबंदी योजना के प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर अधिनियम की धारा 21 के अधीन चक आपत्ति प्रस्तुत करने का प्राविधान है, जो चकबंदी अधिकारी के न्यायालय में पंजीकृत की जाएगी। धारा 20 के प्रकाशन के बाद यदि किसी कृषक को आपत्ति है, तो चकबंदी अधिकारी के न्यायालय में तथ्यों के साथ आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है या 15 दिन के अंदर आपत्ति चकबंदी अधिकारी के न्यायालय में प्रस्तुत कर दी जाए।अपर जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित सभी कृषकों को चक के सम्बन्ध में विस्तृत एवं बिन्दुवार जानकारी देते हुए बताया कि चकबंदी आकार पत्र 23 में अंकित अभिलेखों को समझ लें। इनमें कोई आपत्ति होने पर चक आपत्ति दायर करके अनुतोष प्राप्त किया जा सकता है।इस मौके पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल वर्धन, सहायक चकबंदी अधिकारी श्यामलाल गौतम, चकबंदी कर्ता साधू सिंह, चकबंदी लेखपाल अतुल गुप्ता सहित सम्बन्धित ग्राम प्रधान, चकबंदी समिति अध्यक्ष, सदस्य और क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

# गांजा बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**राजापुर, चित्रकूट**- पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना राजापुर के उपनिरीक्षक कन्हैया बक्श सिंह, इमरान खान व उनकी टीम मुख्य आरक्षी मुकेश कुमार, आरक्षी उज्जवल पाण्डेय व शाकिर अली द्वारा आरोपी संतोष निषाद उर्फ बबुआ निवासी ग्राम रगौली थाना राजापुर को एक किलो 400 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# बाल अधिकारों का नहीं होने देंगे हनन- एएसपी

**लोकमित्र ब्यूरो**



**चित्रकूट** - जिला मुख्यालय के सानेपुर स्थित पुलिस कार्यालय राघव प्रेक्षागार में सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू), बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी), एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) की मासिक गोष्ठी आयोजित की गयी।गोष्ठी में एएसपी ने समस्त थानों के पुलिस बाल कल्याण अधिकारियों को निर्देश दिए कि विधि का उल्लंघन्न करने वाले बालक तथा पीड़ित की जन्मतिथि का सत्यापन आधार कार्ड से न करके विद्यालय के अंक-पत्र, जन्म प्रमाण-पत्र, नगर निकाय, नगर पालिका या मेडिकल परीक्षण कराकर किया जाए। बाल कल्याण समिति को बताया गया कि यदि कोई नाबालिग पीड़ित/पीड़िता है और उसके साथ कोई वयस्क व्यक्ति नहीं है, तो ऐसी स्थिति में बाल कल्याण इकाई के सदस्य द्वारा स्वयं वादी बनकर अभियोग पंजीकृत कराए। इसमें पीड़िता का तत्काल निश्चित समय सीम के अन्दर विधि के अनुरुप मेडिकल परीक्षण कराए तथा आर्थित रुप से कमजोर पीड़िताओं को शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ दिलायें। इस दौरान एएसपी ने एसजेपीयू, सीब्ल्यूसी एव एएचटीयू के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। कहा कि बाल विवाह पर रोक लगाते हुए गठित जनपदीय टीम द्वारा भ्रमण कर बालकों से कराये जा रहे श्रम को प्रतिबंधित कराया जाये और जिनके द्वारा श्रम कराया जा रहा है, उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही करायी जाए।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने कहा कि विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों से अपराधी के तरह व्यवहार न करें। गुमशुदा बच्चों के बरामद होने के बाद उन्हे बाल सुरक्षा समिति के सुपुर्द करें, बाल सुरक्षा समिति बच्चे के परिजनों की पहचान कर उन्हें परिजनों के सुपुर्द करेगी। यदि कोई नाबालिग आत्महत्या का प्रयास करता है, तो पुलिस ऐसे नाबालिग बच्चों को बाल सुरक्षा समिति के सुपुर्द करें एवं समिति ऐसे बच्चों की काउंसलिंग के बाद आत्महत्या के प्रयास के कारण जानकर उन्हें परिजनों के सुपुर्द करें।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरन सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटीयू शिवमूरत, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन प्रभारी जयप्रकाश उपाध्याय, अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# 18 गौवंश के साथ एक पशु तस्कर गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** थाना चील्ह पुलिस ने क्रूरतापूर्वक मारपीट कर वध के लिए ले जाए जा रहे 18 गोवंश के साथ एक अन्तर्जनपदीय तस्कर को गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त डीसीएम वाहन को सीज किया।

थाना चील्ह पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिरी सूचना के आधार पर थाना चील्ह क्षेत्रांतर्गत चील्ह तिराहे से एक अभियुक्त नन्हे आलम खान निवासी 83/12 काशीराम कालोनी, पहाडीगेट, थाना सिविल लाइन जनपद रामपुर उ.प्र. को गिरफ्तार किया गया और मौके से डीसीएम वाहन में क्रूरता पूर्वक मारपीट कर वध हेतु ले जा रहे कुल 18 राशि गोवंशो को बरामद किया गया।

उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चील्ह में वांछित धाराओं में मुक़दमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को जेल भेजा गया। तस्करी में प्रयुक्त डीसीएम वाहन को पुलिस ने सीज कर दिया।

# आज से होगा खाद्यान्न वितरण

**चित्रकूट** - जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह मार्च के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण 11 से 25 मार्च के मध्य किया जाएगा।बताया कि इसमें अन्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्ड 14 किग्रा गेहूँ, 14 किग्रा चावल एवं सात किग्रा बाजरा उपलब्धतानुसार (कुल 35 किग्रा) खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को प्रति यूनिट दो किग्रा गेहूं, एक किग्रा चावल, एक किग्रा बाजरा एवं एक किग्रा ज्वार (कुल पांच किग्रा प्रति यूनिट) खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

# टीचर सेल्फ केयर टीम दिवंगत परिवारों हेतु वरदान- अमर बहादुर सिंह

● शिक्षक अशोक सिंह निवास में सहयोग कार्यक्रम संपन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - टीएससीटी के संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद के निर्देश के क्रम में जनपद चित्रकूट के शिक्षक स्व अशोक कुमार पटेल के नॉमिनी को सहयोग करने के लिए स्थलीय निरीक्षण किया गया।

स्थलीय निरीक्षण में समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करने बाद उपस्थित सभी साथियों द्वारा अशोक के पुष्प पर पुष्प अर्पण कर श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। बताया कि टीएससीटी द्वारा सहयोग हर माह के 15 से 25 तारीख के बीच होता है। अब तक टीएससीटी द्वारा 276 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को लगभग 109 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। इस कार्यक्रम में प्रभारी जिला बेसिक शिक्षाधिकारी शंशाक शेखर शुक्ला तथा टीचर केयर सेल्फ टीम के जिला संयोजक अमर बहादुर सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसमें जनपद के बहुत सारे शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभासद एवं वरिष्ठ पत्रकार शंकर प्रसाद यादव का अतीत मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ।

जिला अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने कहा कि टीचर सेल्फ केयर टीम टीचर के लिए टीचर द्वारा टीचर के लिए है जिससे हमारे जनपद में यह दूसरा सहयोग हो रहा है इसके द्वारा शिक्षक शिक्षकों के ही सहयोग करके लगभग पचास से साठ लाख की धनराशि नमनी के खाते में एकत्रित करते हैं जिससे उनके परिवार में आने वाली समस्याओं को दूर किया जा सकता है।इस मौके पर जिला प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह, कमलेश गुप्ता,

देवेंद्र यादव, रावेंद्र सिंह, महेश प्रसाद पटेल, डॉक्टर संग्राम सिंह, अशोक सिंह, संजय निरंजन, राजेश सिंह, सुधींद्र सिंह, सौरभ सिंह, राजेन्द्र सिंह, राजबहादुर, ओम प्रकाश सिंह, अनिल सिंह, महेंद्र सिंह पटेल, शिवशंकर यादव, आरडी सिंह, विद्यासागर, रमानिवास विश्वकर्मा, मिथलेश, मनोज सिंह, नीतेश सिंह, राजेश सिंह पटेल आदि उपस्थित रहे।

# बाल खिलाड़ियों की बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**चित्रकूट**- प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शशांक शेखर शुक्ला एवं जिला व्यायाम शिक्षक दयानन्द सिंह ने राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए चयनित विद्यार्थियों को सोमवार को हरी झंडी दिखाकर बस द्वारा लखनऊ के लिए रवाना किया। यह विद्यार्थी लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।जिला व्यायाम शिक्षक दयानन्द सिंह ने बताया मण्डलीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुए है। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 11 व 12 मार्च को गुरु गोविंद सिंह स्टेडियम लखनऊ में आयोजित होनी है। जिसमें चित्रकूट, रामनगर, मानिकपुर एवं पहाड़ी ब्लाक के विद्यार्थी व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से खेलकूद में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए सोमवार को चयनित विद्यार्थियों को बस द्वारा लखनऊ के लिए रवाना किया गया।इस मौके पर बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय लिपिक सन्दीप सिंह, ब्लाक व्यायाम शिक्षक चित्रकूट महेन्द्र कुमार सिंह, ब्लाक व्यायाम शिक्षक पहाड़ी रामनारायण साहू, शिक्षक बिहारीलाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, रामभूषण पाण्डेय, हनुमंत शरण, वागीश शुक्ला, शिवकृपाल सिंह, प्रमोद द्विवेदी, महेन्द्र सिंह, दिनेश कुमार मिश्र, जय सिंह आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालयधगांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा विद्यालय में जाकर, थाना कड़ाधाम पुलिस टीम द्वारा माता शीतला धाम मन्दिर में भ्रमण कर, थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर छात्राओं, बच्चियों,महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- (1) 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्वैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# मासिक बैठक में आलू के दाम बढ़ाने की मांग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सरसवां, (कौशाम्बी)।** कौशाम्बी सरसवां ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन(टिकैत) गुट की मासिक बैठक में संगठन को मजबूत करने तथा विद्युत के बिलों में हो रही धांधली की समस्या का निस्तारण करने पर विचार विमर्श किया गया।जिला प्रवक्ता चंद्रभूषण सोनी ने कहा कि किसान यूनियन किसानों के हितों के लिए सदा लड़ाई लड़ती रहती है और कहा कि सरकार खाद के दाम बढ़ाकर किसानों के साथ दोहरी राजनीति कर रही है लेकिन सरकार को आलू के दाम को बढ़ाना चाहिए क्योंकि किसानों को लागत भी नहीं निकल पा रही है यह भी कहा कि विद्युत के बिलों में बिजली विभाग द्वारा इस समय काफी हेराफेरी की जा रही है। विभाग अनदेखी कर रहा है और गलत बिल बना कर किसानों को दिए जा रहे हैं जिनको सही किया जाए अन्यथा भारतीय किसान यूनियन बिजली घरों का घेराव करने के लिए बाध्य होगी।जिसका ज्ञापन बीडीओ को दिया।इस दौरान शिवराम सरोज,दशरथ,भैयालाल,रामचंद्र सिंह सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दो बाइकों की भिडंत में दो जख्मी

**सिराथू, कौशाम्बी।** पंइसा थाना क्षेत्र के उदीहीन खुर्द गांव के समीप दो बाइकों की भिड़ंत में दो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज मंझनपुर में भर्ती कराया है। बताया जाता है कि फतेहपुर जनपद के धाता थाना अंतर्गत केवटमई गांव निवासी कोमल प्रसाद पुत्र बच्चा लाल 42 वर्ष गांव के शिवभूषन पुत्र रामलाल 36 वर्ष के साथ सोमवार की शाम मोटरसाइकिल से सिराथू बाजार से होकर वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार उदिहिन खुर्द गांव के समीप पहुंचे तभी सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इस दौरान टक्कर मारकर बाइक सवार मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

# अवैध शराब बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट**- पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्दशन में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने चार आरोपियों को 30 लीटर अवैध कच्ची शराब व 25 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गनींवा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक यदुवीर सिंह व उनकी टीम मुख्य आरक्षी वीरेन्द्र कुमार व आरक्षी रामकेश द्वारा आरोपी वीरेन्द्र उर्फ ज्वाला पटेल निवासी रमपुरिया पतेरे मजरा हरदौली थाना राजापुर को 25 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ, थाना मऊ के उपनिरीक्षक अनूप कुमार शुक्ला व उनके हमराही आरक्षी सोनपाल द्वारा आरोपी अजमत उल्ला निवासी वियावल थाना मऊ को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ, उपनिरीक्षक ओमप्रकाश सिंह व उनके हमराही आरक्षी प्रवीण पाण्डेय द्वारा आरोपी शिवमंगल सिंह निवासी ग्राम वियावल थाना मऊ को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ व थाना मानिकपुर के मुख्य आरक्षी कमलाकान्त द्विवेदी व आरक्षी अजीजउद्दीन व सुजीत कुमार यादव द्वारा आरोपी लवकुश पुत्र सुखलाल निवासी सिगवा कोटा कंडैला थाना मानिकपुर को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# सीतापुर में हुए पत्रकार की हत्या के विरोध में जिले के पत्रकारों ने उठाई आवाज

## पुलिस महानिदेशक को ज्ञापन भेजकर की हत्यारों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की मांग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** सीतापुर में दैनिक जागरण के पत्रकार और कलम के सच्चे सिपाही राघवेंद्र बाजपेई की नृशंस हत्या के बाद रायबरेली के पत्रकारों ने सोमवार को एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की है। जिले पत्रकारों ने पुलिस अधीक्षक के माध्यम से उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को ज्ञापन भेजकर हत्यारों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की मांग की। पत्रकारों ने हत्यारों को फांसी की सजा, पत्रकारों के लिए सुरक्षा कानून, और मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता व नौकरी देने की मांग की गई। पत्रकारों ने कमल के सिपाही को कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि भी दी। ज्ञापन देने के बाद रायबरेली मीडिया क्लब के अध्यक्ष अजित सिंह ने कहा कि वे सरकार और जनता के बीच सेतु का काम करते हैं। सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार से लेकर उनमें व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करने तक, पत्रकार लोकतंत्र को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद, उनकी सुरक्षा के लिए कोई कानून या व्यवस्था नहीं है। ज्ञापन में हाल के वर्षों में पत्रकारों पर बढ़ते हमलों और हत्याओं का जिक्र करते हुए इसे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला करार दिया गया। क्लब के महामंत्री संजय मौर्य ने मांग करते हुए कहा कि राघवेंद्र हत्याकांड में त्वरित कार्रवाई हो, हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर फांसी की सजा दिलाई जाए। वरिष्ठ पत्रकार अनुज अवस्थी ने कहा कि मृतक पत्रकार के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। पत्रकार सुरक्षा कानून पत्रकारों की सुरक्षा के लिए विशेष कानून बनाकर तत्काल लागू किया जाए। वरिष्ठ पत्रकार रोहित मिश्रा ने कहा कि किसी पत्रकार के खिलाफ कोई भी मामला दर्ज करने से पहले सीओ या राजपत्रित अधिकारी से जांच कराई जाए। पत्रकारों को विधिक प्रक्रिया के तहत शस्त्र लाइसेंस प्रदान किया जाए। पत्रकारों की शिकायतों पर त्वरित और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बता दें, 8 मार्च 2025 को सीतापुर में राघवेंद्र बाजपेई की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावरों ने उनकी बाइक को टक्कर मारने के बाद उन पर चार गोलियां दागीं। इस हत्याकांड को लेकर परिजनों और पत्रकारों का मानना है कि यह उनकी खोजी पत्रकारिता का नतीजा हो सकता है, क्योंकि वह धान खरीद घोटाले और जमीन रजिस्ट्री में धांधली जैसे मुद्दों पर काम कर रहे थे। इस घटना के बाद से पत्रकारों में डर और गुस्से का माहौल है। ज्ञापन सौंपने से पहले रायबरेली के पत्रकारों ने एक कैंडिल मार्च निकाला, जिसमें उन्होंने राघवेंद्र को श्रद्धांजलि दी और हत्यारों को सजा देने की मांग की। इस मौके पर गौरव अवस्थी, अशोक शर्मा, पुलक त्रिपाठी,अनुज अवस्थी,विजय यादव, हिमांशु श्रीवास्तव, संजय सिंह, शिवा मौर्य, रोहित मिश्रा, संदीप मौर्य ,नीरज कुमार, सुशील सिंह, हरीशानंद मिश्र, राम संजीवन चौधरी, चंद्रशेखर सिंह, संदीप पांडेय, अमर सिंह विकाश श्रीवास्तव, आरबी सिंह, अभय, शीबू मिश्र शशी कपूर, बबलू अंगारा, माधव सिंह सहित भारी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।



# पत्रकार की हत्या की न्यायिक जांच कराए जाने की मांग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की गोली मारकर निर्मम हत्या के प्रति आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने महामहिम राज्यपाल को पत्र भेज कर मामले की न्यायिक जांच कराए जाने की मांग की है। महामहिम को पत्र उप जिलाधिकारी लालगंज मिथिलेश त्रिपाठी के माध्यम से भेजा गया है। जर्नलिस्ट एसोसिएशन संरक्षक शेर बहादुर सिंह, संरक्षक रामबाबू गुप्ता और अध्यक्ष सुशील शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतुल त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या लोकतंत्र की हत्या है। समाज की हत्या है। पत्रकार की हत्या यानी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना है ऐसी स्थिति में मामले की न्यायिक जांच कर कर दोषियों को फांसी की सजा दीजाए। इसके अलावा मृतक के परिवार को 50 लाख रुपए की सहायता सरकार प्रदान करें। वहीं मृतक राघवेंद्र के परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। मीडिया के सहयोग में व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिला अध्यक्ष रोहित सोनी भी मौजूद रहे और उन्होंने कहा कि राघवेंद्र की हत्या की उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल घोर निंदा करता है।इस अवसर पर अनंत विजय सिंह, अजय प्रताप सिंह, मोहम्मद याकूब,अशोक शुक्ला, विकास तिवारी , पवन द्विवेदी,चंदन त्रिवेदी , देवेंद्र अवस्थी ,शीतला गुप्ता, शिवम गुप्ता, शशि राज पटेल, रणविजय सिंह,मोहम्मद परवेज, यशपाल सिंह, मोहम्मद अफजल, आदित्य वर्मा, अंकित सूर्यवंशी मौजूद रहे।



# एनटीपीसी द्वारा आंगनवाड़ी केंदों को मिली सहायता



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार के नैगम सामाजिक दायित्व नीति के तहत परियोजना के निकट के गांव बिकई बभनपुर तथा उमरन में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र को सुसज्जित व सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से कुर्सी, मेज, खाने के बर्तन के साथ साथ ट्राइसाइकिल, किताबें, तथा खेलकूद की सामग्री मुहैया कराई गई। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित परियोजना के कार्यकारी निदेशक अभय कुमार श्रीवास्तव तथा प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा अनुपमा श्रीवास्तव ने कहा कि आस पास के गांवों के बुनियादी ढांचा गत विकास के प्रति एनटीपीसी निरंतर कार्य करती रहती है। आंगनवाड़ी केंदों को सशक्त करने से लाभार्थियों को संबल मिलेगा और उनका एनटीपीसी के प्रति विश्वास बढ़ेगा। दोनों गांवों के प्रधानगण पुत्तीलाल मौर्य, छोटेलाल तथा प्रधान प्रतिनिधि रंजीत सिंह ने एनटीपीसी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा, प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अन्य पदाधिकारी आंगनवाड़ी केंदों की हेड, सहायिकाएं एवं एनटीपीसी सी एस आर के अधिकारियों की भागीदारी उल्लेखनीय रही। विदित हो कि एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा इसके पहले आस पास के छह अन्य आंगनवाड़ी केंदों को जरूरी सामग्री मुहैया कराई जा चुकी है।

# वेतन न मिलने से नाराज संविदा विद्युत कर्मी धरने पर, कामकाज ठप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** अधिशासी अभियंता ओपी सिंह के आश्वासन के बाद चार दिन बीत जाने पर भी नहीं मिला संविदा कर्मियों को बकाया वेतन जिसके चलते विद्युत उपकेंद्र महराजगंज में एकत्रित होकर संविदा कर्मचारियों ने कामकाज बंद कर दिया और वेतन न मिलने तक काम न करने की ठानी है। विद्युत सबडिवीजन महराजगंज में तमाम संविदा कर्मचारी बकाया वेतन की मांग को लेकर स्ट्राइक पर चले गए और अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड महराजगंज को देते हुए बकाया वेतन दिलाए जाने की मांग की। स्ट्राइक के चलते मीटर रीडिंग से लेकर राजस्व वसूली तक का काम ठप हो गया, जिसका असर सीधा विभाग पर पड़ा।बताते चलें कि, सब डिवीजन महराजगंज के विद्युत संविदा कर्मचारियों का माह जनवरी और फरवरी का वेतन न मिलने पर सभी कर्मचारी संयुक्त रूप से स्ट्राइक पर चले गए, जिससे विद्युत कार्य बाधित रहा। संविदा कर्मचारियों ने एक ज्ञापन अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड महराजगंज को देते हुए कहा है कि, विद्युत वितरण खंड महराजगंज के 33/11 पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से वर्ल्ड क्लास सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा संविदा कर्मचारियों को माह जनवरी और फरवरी 2025 के बकाया वेतन का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। जिससे सभी कर्मचारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। संविदा कर्मचारी गणों की बात को सुनकर अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड महराजगंज ओपी सिंह ने टेलिफोनिक वार्ता के माध्यम से अधीक्षण अभियंता अनुभव कुमार से बात करी। कहा कि, वर्ल्ड क्लास सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कहा गया है कि, एक-दो दिन के भीतर संविदा कर्मचारियों को उनके दो माह के बकाया वेतन का भुगतान किया जाएगा। इस आश्वासन के बाद सभी संविदा कर्मचारीगण कम पर वापस लौटे थे लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी वर्ल्ड क्लास सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के अधीनस्थ लोगों द्वारा वह अधिशासी अभियंता के आश्वासन के बाद भी वेतन न आने पर संविदा कर्मचारी आक्रोशित दिखे और धरना प्रदर्शन कर कामकाज बंद कर दिया है।



वहीं उपस्थित संविदा कर्मचारियों ने पत्रकारों को बताया कि विगत दो वहां से वेतन नहीं मिला है हम लोगों की रोजी-रोटी पर संकट के बदले छाए हुए हैं तथा होली जैसा महापर्व आने वाला है ऐसे में हम सभी संविदा कर्मचारी त्यौहार कैसे मनाए। इस मौके पर सभी संविदा कर्मचारी एकजुट होकर मौके पर मौजूद रहे।

# भागवत कथा समापन के बाद विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के समापन के पश्चात पूर्व ब्लाक प्रमुख जयशंकर सिंह और श्रीमती उपासना सिंह के द्वारा बीएमपीएस ग्राउंड पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें करीब दस हजार लोगों ने छककर प्रसाद ग्रहणकिया। पूर्व ब्लाक प्रमुख के द्वारा ब्राह्मणों का सम्मान भी किया गया और उन्हें ससम्मान सम्मानित करते हुए दक्षिणा देकर विदा किया गया। इस मौके पर कुदुवा भोज का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम की सराहना करते हुए पूर्व विधायक अशोक सिंह और पंडित चक्रपाणि त्रिवेदी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा और भंडारे का आयोजन निश्चित रूप से समाज के लिए बहुत ही हितकारी है। इस अवसर पर बीएमपीएस निदेशक सुनील सिंह,पूर्व डीआईजी तहसीलदार सिंह, जय करन सिंह, राम यश सिंह, आशुतोष शुक्ला, विनीत त्रिवेदी जितेंद्र शुक्ला , सारंग पाणि त्रिवेदी,नवनीत त्रिवेदी, देवी कुमार गुप्ता , कल्लू बाजपेई, राकेश बाजपेई, कुंवर बहादुर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# खाटू श्याम बाबा की रायबरेली में प्रथम फागुन की एकादशी पर निशान यात्रा आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** सोमवार को श्री श्री माँ शीतला शनि सरकार एवं खाटू श्याम समिति द्वारा खाटू श्याम बाबा की रायबरेली में प्रथम फगुन की एकादशी पर निशान यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 110 भक्तों ने बाबा का निशान चंपा देवी मंदिर से खाटू श्याम मंदिर रायबरेली तक पदयात्रा करके बाबा को निशान चढ़ाया यात्रा के पूर्ण होने पर मंदिर में ही एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें रायबरेली के सीएमएस प्रदीप अग्रवाल के सहयोग से जिला अस्पताल की पूरी टीम मंदिर प्रांगण में उपस्थित हुई और लगभग 32 यूनिट ब्लड का दान दिया गया। समिति द्वारा सभी रक्त दाताओं को एक प्रशस्ति पत्र देकर धन्यवाद दिया गया। आज के कार्यक्रम अधिकारी राघव मुरारका ने बताया कि शाम को लखनऊ से आए कलाकारों सोनल शुक्ला और मयंक राजपूत के द्वारा बाबा का भविष्य



कीर्तन होगा जिसमें कलाकार अपने मीठे मीठे भजनों के साथ गुलाल और फूलों की होली खेलेंगे इस कार्य क्रम में समिति के अध्यक्ष अमिय शुक्ला, प्रबंधक दिनेश खेतान, महेश नारायण अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, अभिषेक गोयल, राजेश गाडिया, राघव मुरारका, ऋषि अग्रवाल, राजकमल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अर्पित सिंघल, राघव सिकरिया, रोहित मित्तल, राकेश अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल, ललित शुक्ला, पल्लव अग्रवाल, रिषभ बिंदल, अनुराग मुरारका, प्रतीक अग्रवाल, आशुतोष तिवारी, आदि लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा की समुचित व्यवस्था से दूर अमावां -सपा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर जनपद के सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हरियावा,अमावा में आयोजित पीडीए चर्चा जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में अमावा क्षेत्र का विकास अवरुद्ध है पूर्व सपा सरकार में चल रहे जन कल्याण के कार्य बंद हो गये हैं ग्रामीण विकास की डा.लोहिया,जनेश्वर मिश्र समग्र ग्राम योजनाएँ बंद होने के कारण गाँवों में सड़क,नाली एवं गरीबों को आवास,पात्रों को पेंशन के कार्य बाधित हो गये।जिला अध्यक्ष ने कहा कि अमावा ब्लॉक क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा के लिए सुदूर बाहर जाना पड़ता है एक भी डिग्री कॉलेज अथवा शासकीय विद्यालय नहीं है।बीजेपी के जनप्रतिनिधियों का क्षेत्र की शिक्षा के स्तर एवं ग्रामीण विकास से कोई सरोकार नहीं है परिणाम स्वरूप शिक्षा की समुचित व्यवस्था से अमावा ब्लॉक दूर है।वरिष्ठ नेता एवं पूर्व



प्रत्याशी आरपी यादव ने कहा कि गरीबों के बच्चों को शिक्षा एवं सम्मान मिले इसके लिए पिछड़ों,दलितों,अल्पसंख्यकों की जागरूकता एकजुटता से भाजपा सरकार को बदलकर पीडीए की सरकार पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में बनाना है।इस अवसर पर पीडीए कार्यक्रम को युवा नेता मुकेश यादव, जिला पंचायत सदस्य आलोक कुमार,योगेश्वर पटेल,राजेश मौर्या,राजेंद्र प्रधान,अनूप यादव,आशुतोष कुमार,मोहित यादव आदि ने सम्बोधित किया।जनपद के अनेकों सेक्टरों में पीडीए की जनपंचायतों को समाजवादी पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं द्वारा सम्बोधित कर पिछड़ों,दलितों,अल्पसंख्यकों एवं आधी आवादी की एकजुटता पर बल दिया।उपस्थित लोगों ने समाजवादी पार्टी सरकार में हुए कार्यों को याद किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग एवं महिलाएँ उपस्थित रही सभी ने आगामी चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

# पुस्तक मेले में 10 हजार लोग पहुंचे, 2 हजार किताबें बिकीं

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** फिरोज गांधी कॉलेज सभागार परिसर में पहली बार नौ दिनों के लिए लगाए गए आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी पुस्तक मेले में 10 हजार से अधिक लोग आए। दो हजार से अधिक किताबें बिकीं। बच्चों और युवाओं का रुझान पुस्तक मेले में देखने को मिला। पाठकों को भी पुस्तक मेला काफी पसंद आया।आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति न्यास के संयोजक गौरव अवस्थी ने बताया कि पुस्तक मेला उम्मीद से अधिक सफल रहा। उन्होंने कहा कि उम्मीद थी कि नौ दिवसीय पुस्तक मेले में पांच-सात हजार लोग आएंगे लेकिन 10 हजार से अधिक लोग मेले में पहुंचे। उम्मीद से अधिक किताबें भी बिकीं। अध्यक्ष विनोद



शुक्ल ने बताया कि मेले में स्टाल लगाने आए विभिन्न प्रकाशनों के दुकानदारों को भी इतनी बिक्री का अनुमान नहीं था। पुस्तक खरीदने वालों का प्रतिशत भी अन्य जनपदों के मुकाबले अधिक नजर आया। महामंत्री अनिल मिश्रा ने बताया कि अन्य जनपदों में 100 में से जहां 30 लोग किताबें खरीदते हैं वहीं रायबरेली में 100 में 60 लोगों ने किताबें खरीदी।

### राजकमल से लेकर अनबाउंड स्क्रिप्ट के स्टाल लगे

रायबरेली। पुस्तक मेले में राजकमल प्रकाशन समूह, लोक भारती प्रकाशन प्रयागराज, उत्कर्ष डिस्ट्रीब्यूटर कानपुर, वर्मा बुक कंपनी गाजियाबाद, अनबाउंड स्क्रिप्ट दिल्ली, निखिल प्रकाशन समूह आगरा और रोहित बुक कंपनी गाजियाबाद के स्टॉल लगे थे। इन स्टॉल में बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए किताबें मौजूद थी। अंग्रेजी का भी लिटरेचर काफी संख्या में प्रकाशक लेकर आए थे।

### विभिन्न कार्यक्रमों ने भी बढ़ाई लोगों में रुचि

रायबरेली। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति न्यास की ओर से पुस्तक मेला परिसर में प्रतिदिन विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस बीच कवि सम्मेलन, स्वास्थ्य मेला, सांस्कृतिक संध्या, नाट्य मंचन, निफ्ट के छात्र-छात्राओं के राउंड बंद की प्रस्तुति और फूलों की होली भी खेली गई। इन कार्यक्रमों की वजह से भी पुस्तक मेला की पहुंच आम लोगों तक बढ़ी।

# एसजेएस ऊंचाहार में वार्षिक प्रगति -पुस्तिका का वितरण

**रायबरेली।** एसजेएस पब्लिक स्कूल ऊंचाहार में शैक्षणिक सत्र 2024-25 का परीक्षाफल वितरण किया गया। स्कूल के विशाल प्रांगण में अभिभावकों व विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। वर्ष भर निरंतरता के साथ कठिन अभ्यास उन्हें उत्कृष्ट व सर्वश्रेष्ठ बनाता है। सर्वांगीण विकास, विश्वास व उत्तम शिक्षा का एकमात्र संस्थान ग्रुप ऑफ एसजेएस श्रेष्ठता का पर्याय बन गया है। इस अवसर पर कई मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। ओजस्वी प्रबंधक अनुज सिंह तथा सरल ,मृदुभाषी व सर्वप्रिय प्रबंधिका श्रीमती प्रियंका सिंह और कर्मठ और जुझारू प्रधानाचार्या श्रीमती हेना कौसर ने कार्यक्रम का श्री गणेश विघ्न विनाशक की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। स्कूल




संस्थापक स्व0 करन बहादुर सिंह बाबूजी व वात्सल्य की प्रतिमूर्ति मैडम मधुरता की तैलीय प्रतिमा को भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। सरस्वती वंदना, शिव स्तुति, डाडिया, कृष्ण लीला व अन्य सांस्कृतिक व मनोरंजक नृत्य नाटिकाएं व नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन आश्रवी त्रिपाठी, आदित्य, तनु मौर्या, वैष्णवी व रहमा ने किया। प्रबंधक महोदय ने सभी सफल व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्राओं को शुभकामनाएं दी। उन्हें संकल्प के साथ आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। राष्ट्र निर्माण के लिए योग्य युवा और युवाओं के लिए अच्छी शिक्षा होना जरूरी है। सभी का उद्देश्य जब मानव कल्याण है तो शिक्षा उसका आवश्यक घटक। प्रबंधिका महोदया ने अपने उद्बोधन में अगामी सत्र 2025-26 की शैक्षणिक व पाठ्य सहगामी गतिविधियों की विस्तृत चर्चा की। नये सत्र की कार्य योजनाओं की रूपरेखा रखी।

प्रबंध तंत्र-अध्यापक- अभिभावक तथा विद्यार्थियों का सामूहिक प्रयास ही राष्ट्र-निर्माण की नींव रखता है। प्रधानाचार्या ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 समापन के अवसर पर प्रबंध तंत्र, अभिभावक, विद्यार्थियों व अध्यापकअध्यापिकाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा नये आयाम स्थापित करने का आह्वान किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। शत- प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले व बेस्ट बैंग रखने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

# डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएमध्वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक आन्तरिक निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली गई। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत अधिकारी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज विकासखंड के सोंडासी ग्राम पंचायत के बैशखा गांव की महिलाओं और ग्राम पंचायत सदस्य विक्रम बहादुर सहित भाजपा सेक्टर अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के खिलाफ जनहित के मामलों में लापरवाही और अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए खंड विकास अधिकारी लालगंज से शिकायत किया है। मामले की शिकायत करते हुए गीता देवी ,रामलली, तारावती ,गंगा देवी, पुष्पा डेढ़ दर्जन महिलाएं सोमवार को लालगंज ब्लॉक पहुंची जहां उन्होंने खंड विकास अधिकारी से गुहार लगाते हुए कहा कि उन लोगों ने तहसील दिवस में मनरेगा जॉब कार्ड बनाए जाने के बाबत शिकायत दर्ज कराई थी और मजदूरी के बाबत भी शिकायत की थी जिसको लेकर 7 मार्च को ग्राम पंचायत अधिकारी और पंचायत मित्र ने उन्हें बुलाया और




कहा कि तुम लोग शिकायत बहुत करते हो। अब तुम्हारा जॉब कार्ड कतई नहीं बनेगा और तुम्हें ग्राम पंचायत में काम भी नहीं मिलेगा। मामले में जब ग्राम पंचायत सदस्य ने दखल देने का प्रयास किया तो उसको भी ग्राम पंचायत अधिकारी ने हड़काया और धक्का भी देदिया। मामले में खंड विकास अधिकारी ने बताया कि सेक्रेटरी ने किसी को धक्का नहीं दिया है।धक्का मुक्की तो गांव वालों नेकिया है।

वही ग्राम पंचायत अधिकारी प्रखर तिवारी ने भी किसी भी प्रकार से किसी को भी धक्का देने की बात से इनकार किया है।

# क्षेत्र पंचायत कोरांव की बैठक संपन्न, लिए गए बीडीसी मेंबरों और प्रधानों से प्रस्ताव

## मेरा पूरा प्रयास है कि गांवों में मेरे स्तर से विकास कार्य हो– मुकेश कोल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कोरांव,प्रयागराज।** ब्लॉक डेवलेपमेंट कमेटी कोरांव की बैठक सोमवार को भागीरथी गार्डन में ब्लॉक प्रमुख कोरांव मुकेश कुमार कोल की अध्यक्षता में आहुत हुई। बैठक में ब्लॉक प्रमुख ने सदन में सभी सदस्यों,अतिथियों का स्वागत किया। बीडीओ कोरांव मनोज कुमार सिंह ने तथा अन्य अफसरों ने प्रमुख का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मुकेश कुमार कोल ने सदन को संबोधित किया और सभी के विचार सुने तथा प्रस्ताव लिए। उन्होंने कहा मेरा पूर्ण प्रयास है कि प्रत्येक गांवों में मेरे स्तर से विकास की किरणें जरूर पहुंचे। और पहुंच भी रहा है। प्रमुख ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित कार्य योजनाएं पूर्ण रूप से अंतिम चरण में हैं। और नए प्रस्तावों पर धन की उपलब्धता के सापेक्ष सभी गाव में कार्य कराए जाएंगे।




खंड विकास अधिकारी कोरांव समिति के सचिव मनोज कुमार सिंह द्वारा पिछली कार्यवाही पढ़ कर सुनाई गई। और आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। जिसका ध्वनि मत से प्रस्ताव पारित हुआ। जनप्रतिनिधियों की विचारों और समस्याओं पर रोशनी डाली। और समस्याओं का समाधान किए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने पीएम सी एम आवास आदि योजनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। श्री सिंह ने पंचायत सहायकों को पंचायत भवन पर नियमित जाने के लिए ग्राम प्रधानों द्वारा निगरानी करने और न जाने पर कार्यवाही करने को कहा। और विस्तार से विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला।

इसी तरह पशु चिकित्साधिकारी कोरांव,अधीक्षक सी एच सी कोरांव डा शमीम अख्तर,बाल विकास परियोजना से मधु गुप्ता,पंचायतीराज विभाग से एडीओपी कोरांव विवेक कुमार मिश्र,आदि विभागों के अफसरों ने अपने अपने विभाग को योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जिला पंचायत सदस्य पिंटू चौबे,राजेश सिंह,सोमदत्त सिंह पटेल,प्रदीप कुमार कोल जिला पंचायत सदस्य,और एम एली सी मानसिंह यादव के प्रतिनिधि यादवेंद्र अहिर दिलीप सोनी,रामानुज यादव,शहजादे ग्राम प्रधान ने ,,नफरत के कारखानो में ये कैसा शोर है,क्या अब ये जामुन आसमा जाने जा दौर है,थी चार दिन की जिंदगी खुशियां नहीं दिखीं,लगता है करबला को बनाने जा वक्त है,,कह कर अपनी बातें रखीं,और भूमि प्रबंधक समिति की राजस्व विभाग की अनदेखी पर सदन द्वारा कार्यवाही हेतु पत्राचार किए जाने की बात कही।उमाशंकर सिंह बीडीसी,वेद प्रकाश सिंह,रमाकांत सिंह,आदि नेब भी सदन में अपने विचार जोरदार ढंग से व्यक्त किए।

बैठक का संचालन एडीओ आई एस वी रामेश्वर सिंह ने किया।

# बसपा से अशोक गौतम को निष्काशित करने से कार्यकर्ताओं में निराशा

**करछना(प्रयागराज)।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा पार्टी गतिविधि विरोधी अभियान के तहत पूर्व राज्य मंत्री डॉ अशोक गौतम को 9 मार्च को पार्टी से निष्कासित करने पर बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रयागराज के कार्यकर्ताओं में मायूसी छाई हुई है कार्यकर्ताओं का कहना है कि बहन जी की कार्रवाई पर सभी कार्यकर्ता मायूस है और बहन जी से उन्हें एक बार मौका देने का निवेदन किया गया।जिससे प्रयागराज मंडल के बहुत ही पुराने सभी पदों पर काम कर चुके और राज्य मंत्री अशोक गौतम को ऐसे दरकिनार नहीं करना चाहिए। जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरता जा रहा है बहन जी ने एक माह के अंदर अपने भाई आकाश के ऊपर कारवाई भतीजे आकाश आनंद के ऊपर कारवाई अपने समधी अशोक सिद्धार्थ के ऊपर कारवाई कर चुकी है।

बहन कुमारी मायावती पार्टी के मुखिया हैं इनका सम्मान करना आदर करना हम सभी कार्यकर्ता का कर्तव्य होता है।

# समाजवादियों ने दिया धरना, सौंपा उपजिलाधिकारी को ज्ञापन

## कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न बंद नहीं होगा तो जिले पर होगा आन्दोलन–पप्पू लाल निषाद



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कोरांव(प्रयागराज)।** आज कोराव तहसील परिसर में समाजवादियों का जमावडा सुबह लगभग 10:00 बजे से लगने लगा धीरे-धीरे ज्यो ज्यो समय बितता गया लगभग 12:00 बजे आन्दोलन अपने चरम पर पहुंच गया समाजवादियों का जमावड़ा देख प्रसासन के हाथ पाव फूल गए जहां पर सपा नेताओं ने सरकार के गलत नीतियों का जमकर विरोध किया वहीं पुलिस प्रशासन के तानाशाही रवैया पर प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए आन्दोलन का विकराल रूप देख कर उपजिलाधिकारी कोराव आकाक्षा सिंह मय फोर्स सहित धरना स्थल पर आ गई और सम्पूर्ण निदान कार्यवाई का आस्वासन समाजवादीयो को दिलाया तपस्चात जिलाअध्यक्ष जी ने ग्यापन सौंपा आपको बता दे की मुख्य अतिथि के रूप में जिले के जिला अध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने ग्यान सौपते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं होगा अगर अधिकारी अपने दमनकारी कार्य करते रहे तो बड़ा आंदोलन होगा वही ललन पटेल पटेल ने प्रशासन पर जमकर हमला बोला वहीं जिला उपाध्यक्ष विधानसभा प्रभारी राजेश पाण्डेय ने किसानों मजदूरों के मूद्दे पर जमकर तहसील प्रशासन व थाना प्रशासन पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि आज पुरा तहसील थाना दलालों का अड्डा बन गया है निर्दोशों को थाने पर मारा जा रहा है जिसके कारण अपराधियों के हौसले बुलंद कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जयशंकर भारतीया सनाउल्लाह खान नितेश तिवारी शहादत अली अजीत सिंह महताब खान विनय सोनकर मंगला कोल रामदेव निडर दिनेश पटेल ओम प्रकाश कुशवाहा शिवानी पाल रविंद्र जैसल अनीता शुक्ला अनुपमा आदिवासी सुशीला आदिवासी सूमन अंसारी फूला देवी फूल कली आदिवासी के साथ सैकड़ो महिलाएं एवं पुरुष मौजूद है धरने का कुशल संचालन प्रमोद मिश्रा पयासी नेतृत्व विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल ने किया।

# पापड़-चिप्स खोवे की बढ़ी मांग



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** इन दोनों क्षेत्र में होली की तैयारीयां घर-घर शुरू हो गई है। रंग, पिचकारी के बाजार में पापड़ , चिप्स , नमकीन का बाजार भी रौनक से भर गया है । पापड़ , चिप्स बेचने वाले व्यापारियों का कहना है कि रंगीन पापड़ कचरी की बिक्री कम है । स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं घरों में बनाए जाने वाले आलू पापड़ , चिप्स आदि की बाजार में ज्यादा मांग है । दुकानदार आदित्य प्रसाद केसरी ने बताया कि होममेड पापड़ वह आर्डर के हिसाब से बनाते हैं । पिछले वर्ष की तुलना में पापड़ , चिप्स आदि के दामों में दस प्रतिशत तक वृद्धि हुई है । इस बार होममेड प्रोजेक्ट के डिमांड ज्यादा है । स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जाने वाले पापड़ , मूंग , उड़द , दाल टमाटर आदि के पापड़ बाजार में है । विशाल केशरी ने बताया कि मसाला, समोसा , खस्ता की बिक्री होली पर खूब होती है । मांग के कारण पहले ही बिक्री शुरू हो गई थी । माल दोबारा मांगना पड़ रहा है । रमजान में चिप्स , पापड़ , नमकीन की मांग बढ़ी है । इस बार पिछले साल से भी अच्छे कारोबार की उम्मीद है । गृहणियों भी घरों में आलू , का पापड़ , चिप्स बनाने में जुटी है । बाजार क्षेत्र के तमाम गांव और मोहल्ले में महिलाएं आलू , पापड़ चिप्स साबूदाना पापड़ , केले के चिप्स आदि बनाने में जुटी है । गृहिणी शिवानी देवी ने बताया कि पापड़ , चिप्स और नमकीन बनाया जा रहा है । रूपा रहती है कि पापड़ , चिप्स बना चुकी हूं । अब खोवा , सूजी , सेवई की गुझिया , शकरपारे और मठरी , बेसन का पापड़ की बारी है । शीला भी आलू का पापड़ पिछले एक सप्ताह से बना रही है ।

# फखरुद्दीन अली मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट 17 से

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** स्वर्गीय फखरुद्दीन अली मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता 17 मार्च से दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान पर खेली जायेगी। आयोजन सचिव मोहम्मद रिज़्वान के अनुसार लीग कम नॉकआउट आधार पर खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता में इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन से संबद्ध टीमों को ही प्रवेश दिया जाएगा। इसमें वही खिलाड़ी खेल सकेंगे जिन्होंने यूपीसीए में अपना रजिस्ट्रेशन अंडर-14 आयु वर्ग में कराया है। सभी मैच 30 ओवर के होंगे। इच्छुक टीमें मोहम्मद रिज़्वान (6306960217) अथवा आमिर आब्दी (7905167472) से संपर्क कर सकती हैं।

# आम के पेड़ों पर लहलहाने लगे बौर, बेहतर फल की जगी उम्मीद

## मौसम ने दिया साथ तो होगी अच्छी पैदावार

किराए पर आम का बाग खरीद कर व्यापारी अच्छी कमाई की उम्मीद लगाए हुए हैं । बौर आने से पहले ही वह बाग मालिकों से मिलकर सौदा तक लेते हैं । और फलों की बिक्री के बाद उन्हें भुगतान करते हैं । दवाओं के छिड़काव के साथ ही बाग में नमी बनाए रखना और रखवाली सब इन्हीं के जिम्मे रहता है । खोंचा के व्यापारी उपेंद्र कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने बहरैचा ग्राम प्रधान शंकर दयाल तिवारी के दस पेड़ों की आम बाग के बाग दो लाख रुपये में खरीदा है । इस बार पेड़ों में बौर पर्याप्त मात्रा में लगे हैं । प्रकृति के साथ दिया तो बेहतर मुनाफा होने की उम्मीद है ।



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** आम के बागों में इन बौर लहलहाने लगे हैं। जिन्हें देखकर बागवान गदगद हैं । यदि मौसम ने साथ दिया और किसानों की ओर से सावधानी बरती गई। तो फिर इस बार फलों का राजा आम खूब धमाल बचाएगा।

फरवरी के आखिरी सप्ताह से आम के पेड़ों में बौर आने का सिलसिला शुरू हुआ । भगवानों का कहना है कि इन दिनों कई गांवों के बागों में पेड़ों का पर लगे बौर दिखाई दे रहे है। जो आगे बेहतर लाभ की स्थिति के संकेत है। पिछले वर्ष आम की पैदावार पर मौसम की मार से ऊंची कीमतों के कारण फलों के राजा का लोग भरपूर स्वाद नहीं ले पाए थे । लेकिन इस बार पर्याप्त मात्रा में पेड़ों पर बौर आने से किसानों बागवानों में खुशी दिख रही है। जिन व्यापारियों ने आम के बगीचों को बाग मालिकों से खरीद लिया है । उनके द्वारा दवाओं के छिड़काव के साथ बाग में नमी बनाए रखने का काम तेजी से किया जा रहा है । कारोबार करने वालों की उम्मीद है कि इस बार वह बेहतर मुनाफा प्राप्त करेंगे ।

**कैसे करें सावधानी**

कृषि विशेषज्ञ आशुतोष द्विवेदी का कहना है कि इस समय आम के बागों की सिंचाई न करें । यदि किसान इस समय बागों में सिंचाई करेंगे तो उसे फायदा के बजाय भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है । बौर से जब आम का फल मटर के दानों की तरह हो तब हल्का पानी दे सकते हैं।

# टीम इंडिया की जीत पर मनाई खुशियां



**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)।** भारत इस बार फिर चैंपियन बना इस अवसर पर खुशी का इजहार करते हुए शिवनगर निवासियों ने मिष्ठान बांटा। खुशी का इजहार करते हुए संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख के नेतृत्व में शिव नगर तिराहे नैनी प्रयागराज पर सभी आने जाने वाले नागरिकों को मिष्ठान वितरित करके टीम इंडिया 20 विश्व कप के विजई होने पर जो 12 वर्ष बाद भारत चैंपियन ट्रॉफी को वापस अपने महान क्रिकेटरों के द्वारा विजय हासिल की गई उसकी खुशी में उत्साह में मिष्ठान बात करके खुशियां मनाते शंकर भारतीय आशीष यादव पंकज तिवारी अतुल श्रीवास्तव चरण यादव रामबाबू भारतीय मिस्त्री रमेश कनौजिया विक्कू यादव राकेश कुमार आज कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया

# विजय दिवस व होली मिलन समारोह सम्पन्न

**शंकरगढ(प्रयागराज)।** समाज में हर त्योहार का अपना महत्व होता है, होली सबसे खास त्यौहार है । क्योंकि इसमें समाज का हर वर्ग रंग में सराबोर होकर हृदय से एक दूसरे से गले मिलकर उत्सव को उत्साह से मनाते है। रंगों के इस त्योहार में किसी का भेदभाव नहीं होना चाहिए। तभी होली के रंग का उत्साह समाज को खुशहाल बना सकता है ।

उक्त बातें विधायक बारा डॉ वाचस्पति ने आज विजय दिवस एवं होली मिलन समारोह के कार्यक्रम में एम वी कॉन्वेंट स्कूल कनक नगर शंकरगढ़ में कही द्य उन्होंने यह भी कहा कि हृदय का मिलन ही होली मिलन है। कार्यक्रम में बिरहा गायिका रेनू, रेशमी, सीमा सरगम , राम भवनपाल, बबलू दीवाना और शोभा लाल ने होली के गीतों से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि फूल




चंद्र पटेल व श्यामू निषाद सम्मिलित रूप से किया । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी, राजू द्विवेदी, कमलेश पांडेय, संदीप पटेल, राजकुमार पटेल, डॉ विनोद त्रिपाठी, सुरेश केसरवनी ओम शान्ति वाले, अमर सिंह पटेल, पप्पू गर्ग, उमा वर्मा, गुड्डू पटेल, उमा शंकर बिंद, धीरज सिंह, सुभाष कुशवाहा, राकेश पाठक, चंचल द्विवेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अखिलेश पटेल, जगत शुक्ला, वंदना सिंह, दिनेश प्रजापति, आशीष पाल, नितेश निषाद, प्रकाश सिंह, राम जतन, अवध बिहारी, पारस नाथ कोल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# बाजारों में बढ़ी रौनक, सजी रंग-गुलाल व पिचकारी की दुकानें

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** रंग पर्व होली निकट है । ऐसे में लेड़ियारी बाजार से लेकर गांवों तक के सभी बाजार के तिराहे और चौराहे पर रौनक बढ़ गई है । वही सजी रंग - गुलाल और पिचकारी की दुकानें सज गई है । खरीदारी भी शुरू हो गई है । लेड़ियारी बाजार , रतेवरा , देवी बांध , खीरी , खूंटा , लालतारा , पूरादत्तू , कैथवल , आदि बाजार सहित अन्य प्रमुख बाजार में पिचकारी , रंग , गुलाब , मुखौटा , टोपी और होली से जुड़ी अन्य वस्तुओं की दुकानें सज गई है । लेड़ियारी तिराहा और चौराहा और मुख्य बाजार में होली से संबंधित वस्तुओं की सजी दुकानों में खरीदारी शुरू हो गई है । लेड़ियारी तिराहे के कमलेश कुमार केसरवानी , विजय कुमार केशरी के पास के दुकानदार प्रशांत तिवारी ने बताया कि



इस वर्ष होली का बाजार काफी अच्छा होने की उम्मीद है। इस लिए बड़े पैमाने पर सामानों को मंगाया गया है। युवाओं और बच्चों में होली को लेकर जबरदस्त उत्साह है।

वाटर गन समेत विभिन्न प्रकार के पिचकारी रंग , अबीर - गुलाल, मुखौटा टोपी, पट्टी आदि की खरीदारी हो रही है। खासतौर से मुखौटा, बाल, टोपी , टी - शर्ट अलग-अलग डिजाइन की पिचकारी बच्चों को आकर्षित कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त रंग - बिरंगी चिप्स , पापड़ , पुपुली , साबुन दाना की बनी पापड़ आदि की मांग भी बाजार में बढ़ गई है। ब्रांडेड कंपनियों की ओर से तैयार किए गए मूंग और उड़द की दाल के पापड़ महंगे बिक रहें हैं।

जबकि अधिकांश गरीब तबके के लोग सस्ता सामान ले रहे हैं। वही अच्छे लोग अपनी मन पसन्द के खरीद करते नजर आ रहे हैं।

# श्री महा नर्मदेश्वर शिव का प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)।** क्षेत्र के पी डी ए कालोनी के ब्लॉक - ए, रामलीला पार्क के बगल में स्थित श्री महा नर्मदेश्वर शिव मंदिर का जीर्णोद्धार एवं त्रिदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह सोमवार को संपन्न हुआ। प्रथम दिवस अन्नाधिवास, जलाधिवास, फलाधिवास, घृत में आवास, शय्याधिवास आदि उपचार किए गए। दूसरे दिन भगवान शिव का नगर भ्रमण हुआ एवं तीसरे दिन सोमवार को पूर्ण विधि विधान से भगवान श्री महा नर्मदेश्वर शिव, बाबा नंदी, माता पार्वती, भगवान गणेश एवं कार्तिकेय, मां दुर्गा एवं हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा भागवताचार्य पं राजेंद्र प्रसाद शुक्ल के नेतृत्व में विद्वान पुरोहितों के द्वारा की गई। मुख्य यजमान राकेश कुमार त्रिपाठी एवं वंदना त्रिपाठी ने भगवान शिव का का पूजन-वंदन किया। कार्यक्रम के अंत में भक्तों को



प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर के पुनरुद्धार एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्य भूमिका निभाने वाले पीडब्ल्यूडी के सेवानिवृत्त अभियंता राकेश कुमार त्रिपाठी ने सभी अवंतिका वासियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राकेश कुमार त्रिपाठी, वंदना त्रिपाठी, राजेंद्र कुमार शुक्ल, अवधेश पांडेय, राधे श्याम तिवारी, आर के शुक्ला, पुष्कर पंत, बी बी दुबे, अंबरीश दुबे, संतोष तिवारी, अरुण तिवारी, वी के शुक्ला, अजीत राय, शिव पाल, गिरीश मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, मीना पांडेय, पुष्पा तिवारी, प्रतिभा राय, रीना पांडेय, नीलम पांडेय, अनुराधा पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# कक्षा आठ के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित

**कोरांव(प्रयागराज)।** सोमवार को आर्यावर्त एकेडमी कोरांव प्रयागराज में कक्षा आठ में अध्यनरत् छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मिस्टर फेयरवेल अनुभव मिश्रा और मिस फेयरवेल अरायना त्रिपाठी चुने गए । छात्रों के लिए शिक्षकों के द्वारा विभिन्न गेम्स और एक्टिविटीज भी आयोजित की गईं।

इस अवसर पर नीरज पांडेय जी ने कहा कि -

जीत लो हर लम्हा बीत जाने से पहले,

क्योंकि लौटकर यादें आतीं हैं वक्त नही।

प्रधानाचार्य धीरज पाण्डेय जी ने कहा कि हम सभी शिक्षकों की



शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद आप बच्चों के साथ हमेशा रहेंगी। स्फ़ेयरवेल सेरिमनी में शिखा मिश्रा एवं हिमांशु सिंह के द्वारा बहुत ही प्रभावशाली एंकरिंग की गई।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य धीरज पांडेय जी, नीरज पांडेय जी, अजय कुमार सिंह, आर्यन सर, हिमांशु सर, अंकित सर, आमरीन, इशिता,जैस्मिन, पुष्पा सिंह, आकांक्षा, प्रतिभा, अलीशा एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# रमजान के महीने में खुलते हैं जन्नत के दरवाजे

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** रमजान के महीने में अल्लाह जन्नत के दरवाजे खोल देता है । इसी महीने में अल्लाह ने पवित्र कुरआन नाजिल किया है । इसी किताब में जिंदगी - बसर करने के तरीके बताए हैं । इसलिए इस महीने में कुरआन की तिलावत का खास महत्व है । उक्त बातें लेड़ियारी मौलवी आफिज मुस्लिम रजा खान मस्जिद में कुरआन के मुकम्मल होने पर मौलाना मुस्लिम रजा खान ने कही । उन्होंने कहा कि तरावीह की नमाज सुनते मुअक्केदा हैं जो हर इंसान के लिए जरूरी है । जो रमजान का चांद देखकर शुरू होता है । ईद का चांद दिखने से पहले तक जारी रहता है । कुरआन के मुकम्मल होने के बाद भी तरावीह की नमाज पढ़ा जाना उतना ही जरूरी है । जितना कि मुकम्मल होने से पहले था । तरावीह की नमाज के दौरान आठ दिन में हाफिज मुस्लिम रजा खान ने कुरआन मुकम्मल किया । मौलाना अख्तर राजा ने कहा कि जो लोग आर्थिक रूप से संपन्न है । उनके लिए रमजान के महीने में फितरा देना जरूरी है । रमजान के महीने में ही जकात निकल जाता है । इस दौरान अहमद अली , पीर गुलाम , महमूद आलम , जुमरात अली , जुम्मन अली , मो, नसीम , मो , समीम , अम्बर सद्दीकी , असलम खान , राहत अली , डा, हामीद अली सिद्दीकी , नौशाद अली आदि बच्चों ने नमाज पढ़ा।

# शरारती तत्वों पर होगी पैनी नजर

**नारीबारी (प्रयागराज)।** आगामी त्योहारों को लेकर थाना शंकरगढ़ के चौकी नारीबारी में पीस कमेटी की बैठक की गई, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे । आपसी सौहार्द और शांति पूर्ण ढंग से त्योहार मनाने के लिए चौकी इंचार्ज नारी बारी अनुराग ने लोगो से अपील की और साथ ही साथ किसी प्रकार के अराजकता फैलाने वालों पर पुलिस कड़ी



कार्यवाही से निपटेगी । किसी भी प्रकार का लड़ाई का अंदेशा होने पर पुलिस को सूचित करे । उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान दिनेश शुक्ल, प्रदीप मिश्रा, विशंभर मिश्रा, रत्नाकर सिंह, पृथ्वीराज शाहू, भारत निषाद, और पत्रकार सूर्यकांत शुक्ला, अशोक मिश्रा, प्रमोद बाबू झा, दिवाकर त्रिपाठी, और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# मनमानी की भेंट चढ़ा निर्माणाधीन सरकारी पशु अस्पताल

**लालापुर( प्रयागराज)।** जनपद के यमुनानगर तहसील बारा विकास खंड शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम सभा ओठगी तरहार में तालाब के उत्तर वर्षो से निर्माणाधीन सरकारी पशु अस्पताल जे ई और ठेकेदार की साठ गांठ से बाउंड्री वॉल से लेकर भवन निर्माण में ठेकेदार द्वारा सरकारी मानक की धज्जियां उड़ाते हुए सरकारी धन का घोर दुरुपयोग किया गया है भवन निर्माण से लेकर बाउंड्री वॉल में मानक विहीन मटेरियल ईट, सीमेंट, बालू, सरिया इस्तेमाल कर कुछ इस तरह से भवन को खड़ा किया गया है जो काफी कमजोर है। शौचालय सीवर में भी बिना पिलर, कालम के नहीं बनता इतना बड़ा सरकारी पशु अस्पताल विना पिलर कालम के ही बन गया। बाउंड्री वॉल की नीव मानक के अनुसार 3 फीट होनी चाहिए पर ठेकेदार ने बीम सहित केवल 2 फीट ही नीव बनाई गई। जबकि अस्पताल की बाउंड्री नाले से लगी हुई है ।

बरसात के दिनों में यह नाला हमेशा उफान पर रहता है। अस्पताल भवन निर्माण में की गई मनमानी की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

# अपना दल एस बारा की बैठक संपन्न

**घूरपुर (प्रयागराज)।** अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष/केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल जी के निर्देशानुसार संगठन की मजबूती एवं विस्तार हेतु विधानसभा स्तर पर कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक आयोजित की जाती है। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए क्षेत्रीय जनता की समस्याओं एवं निस्तारण के संबंध में विशेष रूप से चर्चा की जाती है। इसी कड़ी में सोमवार को अपना दल यश विधानसभा बारा की मासिक बैठक सकुशल संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि श्री गोकुल प्रसाद पटेल प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता मंच, जिला अध्यक्ष यमुना पार राम मनोहर पटेल, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार पटेल,



विधानसभा अध्यक्ष गुड्डू सिंह पटेल, राजू सिंह पटेल, सहकारिता मंच विधानसभा अध्यक्ष शिव प्रसाद पटेल, पंचायत मंच विधानसभा अध्यक्ष जोन अध्यक्ष चंदन सिंह पटेल, पूर्वी जोन अध्यक्ष विकास कुमार पटेल, सेक्टर अध्यक्ष श्याम मनोहर पटेल, सेक्टर अध्यक्ष बृजमोहन पटेल, बिन्द राकेश पटेल जिला सचिव, विधानसभा उपाध्यक्ष नागेंद्र प्रताप पटेल कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड राज्य निर्माण में पत्रकारों का सराहनीय योगदान- गणेश जोशी

**● एनयूजे,आई लघु एवं मझोले अखबार मालिकों की लड़ाई में शामिल- रास बिहारी**

**● पत्रकार सुरक्षा कानून व मीडिया कोंसिल पत्रकारों के लिए जरूरी- प्रदीप तिवारी**




**हरिद्वार।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आजादी के बाद से अब तक पत्रकारिता के स्वरूप में काफी बदलाव आया है। उत्तराखंड राज्य के निर्माण पत्रकारों के सहयोग को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने हमारे सम्मुख जो भी पत्रकारों की पीड़ा अथवा उनके हितों की बात सामने आई है मै उससे आपका वकील बनकर मुख्यमंत्री के समक्ष रखूंगा। आपकी जो पत्रकार एक्ट की मांग है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि जिस तरह यूसीसी बनाने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना उसी तरह उत्तराखंड में भी पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा पत्रकार समाज का आईना है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के साथ सरकार को उनकी कमियों से भी अवगत कराते हैं। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अगला सम्मेलन मसूरी में आयोजित करने के लिए आमंत्रित किया।

**● वर्च्युल संबोधन सीएम धामी**

लोकतंत्र के आज के इस सशक्त दौर में मीडिया के सामने कई चुनौतियां है, जिनसे पत्रकार हर दिन सामना करता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र पत्रकारिता स्वस्थ्य लोकतंत्र की आत्मा होती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आज के इस अधिवेशन से उठी चर्चा सम्पूर्ण देश में एक क्रांति लाएगी। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के कोने कोने से आए पत्रकारों का देवभूमि में स्वागत किया।नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया के राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे दिन ह्हद्भ्द्ध के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज बिहारी ने कहा कि उत्तराखंड में क्षेत्रीय पत्रकारिता का बड़ा महत्व रहा। प्रदेश बनने और हिंदी के विस्तार के लिए उनका बड़ा योगदान रहा। सरकारी नीतियों के चलते यूं अख़बारों को चलाना मुश्किल हो गया। आज के दौर में चैनल बहुत हो गए। कुछ लोगों ने गलत तरीके से अख़बार निकाला जिसके चलते सरकार को नीतियां बनानी पड़ी,लेकिन इनमें उन अख़बारउन्होंने कहा कि इस तरह की शिकायत मिली है कि उत्तराखंड में छोटे अख़बारों व चैनलों को विज्ञापन देने में भेदभाव किया जाता है। मेरी प्रदेश सरकार से मांग है कि मीडिया को मिलने वाले विज्ञापनों में फैला सरकारी भ्रष्टाचार रोकने पर भी ध्यान दे। छोटे अख़बार व छोटे चैनलों की आर्थिकी स्थिति को देखते हुए उनकी सहायता की जाए। पत्रकार सुरक्षा कानून बनाकर बाकी राज्यो के लिए उत्तराखंड यूसीसी की तरह ही एक उदाहरण पेश करे। ह्हद्भ्द्ध के राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप तिवारी ने पत्रकार सुरक्षा कानून, मीडिया कोंसिल , पत्रकार पेंशन योजना जैसे कई मुद्दे केबिनेट मंत्री के समक्ष उठाए। लघु व मझौले पत्रकारों का ध्यान रखते हुए मंच से उन्होंने सरकार से आह्वान करते हुए कहा कि आप बड़े अखबारों को विज्ञापन देते है जिनके पास अथाह पैसा है लेकिन छोटे अख़बारों के पास आजीविका चलने के लिए भी पैसा नहीं उनका भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व में पत्रकारों को रेलवे पास मिलता था, लेकिन हमारी वह सुविधा भी हटा दी गई। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जो भी इस मंच से पत्रकारों के हितों की बात उठाई गई उस पर सरकार गंभीरता से विचार करे और उन्हें लागू करे।

## कार और ट्रक में जबरदस्त भिड़ंत, 5 लोगों की मौके पर मौत; शवों की नहीं हो पाई पहचान



**बस्ती (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के बस्ती में सोमवार को एक सड़क हादसे की जानकारी सामने आई है। यहां तेज रफ्तार ट्रक की कार से जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।मामला नगर थाना क्षेत्र के गोटवा टाटा एजेंसी के नेशनल हाईवे का है। बताया जा रहा है कि राजस्थान नंबर (आरजे18जीबी5710) का ट्रक बस्ती से अयोध्या की तरफ जा रहा था। इसी दौरान ट्रक चालक ने लेन बदलने की कोशिश की, तभी अयोध्या से बस्ती की तरफ जा रही कार की उससे जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और इस हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।वहीं, हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही उन्होंने हादसे में घायल हुए तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल सभी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। हालांकि, अभी मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है।

# भूपेश बघेल के आवास पर ईडी की छापेमारी को लेकर पवन खेड़ा ने भाजपा को घेरा

**● कहा- ध्यान भटाकने का षड्यंत्र**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को छत्तीसगढ़ के भिलाई के पदुम नगर इलाके में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के आवास पर छापेमारी की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने ईडी की इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा पर निशाना साधा।पवन खेड़ा ने सोमवार को एक्स पर शेयर किए वीडियो बयान में ईडी की छापेमारी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सुबह 6.30 बजे से भिलाई में भूपेश बघेल के यहां ईडी छापेमारी कर रही है। कोई हैरानी की बात नहीं है। विपक्ष के यहां ईडी भेजने की परंपरा भारतीय जनता पार्टी ने शुरू कर रखी है। यह छापेमारी किस केस में की जा रही है ये किसी को नहीं मालूम। क्यों हो रही है? नहीं मालूम।उन्होंने आगे कहा कि आज से कुछ दिनों पहले कोर्ट ने सीबीआई का एक केस जो बघेल के खिलाफ था, उसको खारिज कर दिया था। उनके खिलाफ कोई केस नहीं है। फिर भी आज ईडी की छापेमारी उनके आवास पर चल रही है।आज संसद का सत्र शुरू हो रहा है। भाजपा चारों तरफ से घिरी हुई है। छापेमारी ध्यान भटाकने का एक षड्यंत्र है। ये भी हो सकता है कि भूपेश बघेल पंजाब में अपनी राजनीतिक गतिविधि अब शुरू कर रहे हैं, प्रभारी बने हैं। उनको वहां परेशान करने की कोशिश की जा रही हो। भारतीय जनता पार्टी का एक अंग बनकर आज ईडी जिस तरह से काम कर रही है यह भुला नहीं जाएगा, हम भी याद रखेंगे।वीडियो के साथ पवन खेड़ा ने कैप्शन लिखा, आज जब संसद का सत्र शुरू हो रहा है। चारों तरफ से घिरी हुई भाजपा ने हैडलाइन बदलने के लिए, देश का ध्यान टैरिफ, गिरती हुई अर्थव्यवस्था, वोटर्स लिस्ट फ्रॉड आदि से भटकाने के लिए आज सुबह से ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल के घर पर ईडी द्वारा रेड करवा दी। भाजपा को समझ लेना चाहिए कि वह ना कांग्रेस को रोक पाएगी, ना हमारे किसी भी नेता को, ना डरे हैं, ना डरेंगे।बता दें कि ईडी की टीम सुबह से छत्तीसगढ़ के भिलाई के पदुम नगर इलाके में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के आवास पर छापेमारी कर रही है। टीमें चार इनोवा कारों में सवार होकर चैतन्य के भिलाई स्थित आवास पर पहुंचीं। रिपोर्टों के अनुसार, ईडी की टीम कोयला घोटाला और महादेव सट्टा ऐप मामले में जांच करने आई है।

## सीएम मोहन यादव करेंगे मध्य प्रदेश के 9वें टाइगर रिजर्व का शुभारंभ

**भोपाल (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को माधव टाइगर रिजर्व का शुभारंभ करेंगे। यह मध्य प्रदेश का 9वां टाइगर रिजर्व होगा, जिसका आज शुभारंभ किया जाएगा।दरअसल, मुख्यमंत्री मोहन यादव टाइगर रिजर्व के शुभारंभ के अवसर पर एक बाघ और बाघिन एक जोड़ा टाइगर रिजर्व में छोड़ेंगे। इसके अलावा, सीएम यादव टाइगर रिजर्व की 13 किलोमीटर लंबी पत्थर की सेफ्टी वॉल का भी उद्घाटन करेंगे।मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माधव राष्ट्रीय उद्यान को देश के 58वें और मध्यप्रदेश के 9वें टाइगर रिजर्व की सौगात देने पर आभार जताया।सीएम मोहन यादव ने कहा कि टाइगर रिजर्व बनने से वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और पर्यटन को नई ऊंचाई मिलेगी। माधव राष्ट्रीय उद्यान ऐतिहासिक और प्राकृतिक दृष्टि से बेहद समृद्ध है।मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा, मध्य प्रदेश को मिला नया टाइगर रिजर्व, वन्यजीव संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कदम।

# भारतीय टीम की जीत के जश्न के दौरान बवाल

**▶▶ मस्जिद के सामने दो गुट भिड़े, आगजनी और पथराव; 4 घायल**



**इंदौर (आरएनएस)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने रविवार को तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया, जिसका जश्न देशभर में मनाया गया। हालांकि, मध्य प्रदेश के इंदौर में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत का जश्न मनाने के दौरान हिंसा एक मामला भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि दो गुटों के बीच हुए विवाद के बाद लोगों पर पथराव किया गया और गाड़ियों तथा दुकानों को आग लगा दी गई।मामला इंदौर के महू का है। बताया जा रहा है कि रविवार रात भारतीय क्रिकेट टीम के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का जश्न मनाया जा रहा था। एक पक्ष का आरोप है कि कुछ नमाजी मस्जिद से नमाज पढ़कर निकल रहे थे। इसी दौरान किसी शरारती तत्व ने उन पर पटाखा फेंक दिया, जिसके कारण विवाद बढ़ गया। उनका आरोप है कि पहले हिंदू पक्ष की तरफ से पथराव किया गया।स्थानीय निवासी मोहम्मद जावेद ने बताया कि जश्न के दौरान एक जुलूस निकाला जा रहा था। इस दौरान किसी ने नमाजियों की तरफ एक सुतली बम फेंका, जिससे मामला बढ़ गया।

उन्होंने कहा कि मुझे समझ नहीं आ रहा है कि यहां से जुलूस क्यों निकाला गया और उन्हें जुलूस निकालने की इजाजत मिली थी या नहीं। जहां तक पथराव की बात की जाए तो यह घटना पुलिस की मौजूदगी में ही घटित हुई। दूसरे पक्ष के लोगों ने पुलिस के सामने ही पथराव करना शुरू कर दिया।वहीं, महू विधायक उषा ठाकुर ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि मुझे महू की घटना देशविरोधी का परिचय दिखती है। भारतीय क्रिकेट टीम की जीत का जश्न मनाया जा रहा था, तभी अल्पसंख्यक समाज की बस्तियों से पथराव किया गया। इस दौरान जानबूझकर रास्ता भी डायवर्ट किया गया।

मुझे लगता है कि यह एक सुनियोजित षडयंत्र था। गाड़ियों में आग लगाई गई और सीसीटीवी को भी नष्ट किया गया।उन्होंने कहा, महू की घटना देशविरोधी है, क्योंकि अचानक वहां इतना पत्थर जमा हो गया और इसके बाद पथराव भी किया गया। पुलिस ने इस मामले में कठोर कार्रवाई की है और करीब 13 लोग गिरफ्तार भी हुए हैं। मेरी मुख्यमंत्री से भी बात हुई है, उन्होंने आश्वासन दिया है कि राष्ट्रविरोधी मानसिकता वाले लोगों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।पुलिस अधिकारी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि भारतीय क्रिकेट टीम की जीत को लेकर एक जुलूस निकाला गया था। इस दौरान दो पक्षों में विवाद हुआ और तभी कुछ अराजक तत्वों ने पथराव किया। साथ ही आगजनी भी की गई। इस मामले में जांच की जा रही है और पुलिस एफआईआर दर्ज कर रही है।इंदौर के कलेक्ट्रेट आशीष सिंह ने बताया कि महू में शांति स्थापित कर दी गई है और लोगों से अपील की जा रही है। इसके साथ ही इस घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि चार लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है। पता चला है कि कुछ बाइक की दुकानों को जलाया गया है। इसके अलावा मामले में जांच चल रही है। फिलहाल इंदौर के महू इलाके में हालात सामान्य हैं। साथ ही महू में कई फोर्स को भी तैनात किया गया है और इस मामले में जांच की जा रही है।

# हनुमानगढ़ी पर नागा साधुओं ने जमकर खेली होली, कोतवाल ने निशान का किया स्वागत

**● रंग भरी एकादशी के साथ ही अवधपुरी में होली का हुआ आगाज**



**अयोध्या, (हि.स.)।** राम नगरी के मंदिरों में रंगभरी एकादशी तिथि पर सोमवार को खेली गई होली का अलग ही नजारा रहा, जिसमें 500 वर्षों के संघर्ष के बाद निर्मित हुए राम मंदिर की खुशी समाहित दिख रही थी , सभी जय श्री राम, हनुमान जी महाराज की जय का उदघोष करते रहे। रंग भरी एकादशी के साथ ही अवधपुरी में होली का आगाज हो गया।

अवध में होली के आगाज पर मंदिरों में आने वाले भक्तों को भी प्रसाद के रूप में गुलाल लगाया गया,तो इसी से रामनगरी की संस्कृति और भी पुष्ट हो गयी।राम नगरी अयोध्या के 6 हजार से अधिक मंदिरों के गर्भगृह में विराजमान भगवान के विग्रह को ब्रह्ममुहूर्त में साज-सज्जा के साथ आरती कर गुलाल लगाया गया।माघ शुक्ल पंचमी, बसंत पंचमी पर्व से रामनगरी में औपचारिक रूप से मंदिरों में होली का शुभारंभ हो जाता है और प्रतिदिन भगवान को अबीर-गुलाल भी चढ़ाया जाता है, लेकिन फाल्गुन शुक्ल एकादशी को रंगभरी एकादशी पर्व प्रमुख रूप से मनाया जाता है ।यह प्राचीन परम्परा सदियों से धार्मिक नगरी अयोध्या में चली आ रही है और इसी परम्परा के तहत रंग भरी एकादशी के अवसर पर अयोध्या के प्रमुख सिद्धपीठों में शामिल प्राचीन हनुमानगढ़ी के नागा परम्परा से जुड़े साधू संत हनुमान गढ़ी मंदिर में रखे हनुमंत लला के प्रतीक चिन्ह झंडे और निशान को लेकर मंदिर परिसर में ही जमकर होली खेली., फिर जुलूस की शक्ल में नागा साधुओं की टोली बैंड बाजे के साथ अखाड़ों के पहलवानों के करतब दिखाते हुए, अयोध्या की सड़कों पर निकली , होली की मस्ती में सराबोर संतो ने हर आने-जाने वाले लोगों को अबीर गुलाल से रंगा दिया।आज हनुमानगढ़ी परिसर में रंगभरी एकादशी पर रंगो के बीच आस्था का ज्वार दिखा और साथ ही धार्मिक नगरी अयोध्या कि सड़कें अबीर और गुलाल से रंगी नजर आयीं तथा परम्परागत रूप से कड़ी सुरक्षा में हनुमानगढ़ी के निशान को लेकर साधू, संतों का जुलूस अयोध्या की सड़कों पर निकला , संतो ने ढोल कि धुन पर जमकर नृत्य किया।

अयोध्या कोतवाली पहुंचने पर कोतवाल मनोज शर्मा ने स्वागत किया।नागा संतों का यह जुलूस अयोध्या के प्रमुख मार्गो से होता हुआ मार्ग में पड़ने वाले हर मंदिर में पहुंचा, जहां पर नागा संतों ने भगवान् के विग्रह के साथ होली खेली, इसी क्रम में संतों ने अयोध्या की पंचकोसी परिक्रमा कर सरयू स्नान भी करेंगे।

## गाजीपुर में युवक की गोली के मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया, जाम खोला जा रहा : एडिशनल डीसीपी

**गाजीपुर (आरएनएस)।** दिल्ली में गाजीपुर थाना क्षेत्र में देर रात एक 32 वर्षीय युवक रोहित की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गाजीपुर इलाके में भयंकर जाम के हालात हैं। इलाके में एक युवक की गोली मारकर हत्या के बाद लोगों का गुस्सा भड़क उठा है।सोमवार सुबह मृतक के परिजनों ने नेशनल हाईवे-24 को जाम कर दिया, जिससे 4 किलोमीटर से अधिक लंबा जाम लग गया। स्थिति को संभालने के लिए पूर्वी दिल्ली के एडिशनल डीसीपी विनीत कुमार के साथ स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।डीसीपी ने परिवार वालों को समझाया कि जाम खोल दें, क्योंकि इसमें एंबुलेंस भी फंसी है और लोगों को दूर तक जाना है। हालांकि, परिजनों को समझाकर जाम खुलवाया जा रहा है।एडिशनल डीसीपी विनीत कुमार ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि तड़के चार बजे हमें एक व्यक्ति के गोली लगने की सूचना मिली थी। मामले में कार्रवाई करते दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# होली को लेकर पंजाब में सुरक्षा सख्त, पुलिस ने चलाया तलाशी अभियान



**चंडीगढ़ ,(आरएनएस)।** होली से पहले पंजाब पुलिस ने रविवार को 262 बस स्टैंडों पर घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया। यह अभियान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव के निर्देश पर सभी 28 पुलिस जिलों में चलाया गया।राज्य स्तरीय इस अभियान की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे विशेष पुलिस महानिदेशक (विशेष डीजीपी) कानून एवं व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने कहा कि सभी पुलिस आयुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों (एसएसपी) को इस अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक (एसपी) स्तर के अधिकारियों की निगरानी में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया है।उन्होंने कहा कि पुलिस टीमों ने खोजी कुत्तों की मदद से बस स्टैंड पर आने-जाने वाले लोगों की तलाशी ली। साथ ही टीमों ने सत्यापन के लिए संदिग्ध लोगों को भी पकड़ा। उन्होंने कहा कि हमने सभी पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश दिए थे कि वे इस अभियान के दौरान हर व्यक्ति से दोस्ताना और विनम्र तरीके से पेश आएं।विशेष डीजीपी ने कहा कि राज्य भर में 121 राजपत्रित रैंक के अधिकारियों की निगरानी में 3,000 से अधिक पुलिसकर्मियों वाली 400 पुलिस पार्टियों को तैनात किया गया था, ताकि राज्य के विभिन्न बस स्टैंडों पर संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी की जा सके और लोगों को कम से कम असुविधा हो।उन्होंने कहा कि राज्य के लगभग 262 बस स्टैंडों पर चलाए गए अभियान के दौरान लगभग 3,868 लोगों की जांच की गई, जबकि पुलिस टीमों ने पूछताछ के लिए 175 लोगों को हिरासत में लिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस टीमों ने अभियान के दौरान दो आपराधिक मामले भी दर्ज किए हैं और 100 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने बस स्टैंडों और उसके आसपास खड़े वाहनों की भी जांच की है।

उन्होंने कहा कि टीमों ने 208 वाहनों का चालान किया और 14 वाहनों को जब्त किया है। विशेष डीजीपी शुक्ला ने दोहराया कि सीमावर्ती राज्य में शांति और सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के अभियान जारी रहेंगे।

# कांग्रेस ने महिला आरक्षण को लेकर जंतर-मंतर पर किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने सोमवार को महिला कांग्रेस की अन्य सदस्यों के साथ लोकसभा और विधानसभाओं में 33 फीसदी महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन किया।अलका लांबा ने केंद्र सरकार पर महिला आरक्षण को संसद में पारित होने के बावजूद इसके कार्यान्वयन में देरी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ÷यह कानून यूपीए सरकार ने पारित किया था लेकिन इस सरकार ने इसके नाम पर वोट मांगते हुए इसे दस साल तक रोक कर रखा।उन्होंने कहा, ÷आज सत्ता में होने के बावजूद, भाजपा ने इस कानून को लागू नहीं किया है। कांग्रेस के विधायक इसे लागू करने के लिए लड़ते रहेंगे।कांग्रेस नेता ने कहा कि उनका इरादा हाशिए पर मौजूद महिलाओं की आवाज बनने का है। उन लोगों के लिए खड़े हैं, जो पीड़ित और असहाय हैं। हमारी लड़ाई उनके खोए हुए आत्मविश्वास और सम्मान को बहाल करने के लिए है।उन्होंने कहा कि आज से संसद का सत्र आरंभ हो रहा है, जो लगभग एक महीने तक चलेगा।

इस सत्र में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के विधायकों की मांग है कि संसद के सत्र के दौरान महिलाओं के लिए बात की जाए।उन्होंने कहा कि लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने का विधेयक पारित कर चुकी है लेकिन केंद्र सरकार इसे क्रियान्वित नहीं कर रही है। इसे लेकर कांग्रेस के विधायक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## सुक्खू ने महिला कबड्डी में स्वर्ण पदक जीतने पर महिला टीम को दी बधाई

**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को एशियाई महिला कबड्डी चैम्पियनशिप में हिमाचल की पाँच बेटियों को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी।सुक्खू ने कहा कि इन बेटियों ने भारत को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। सिरमौर की पुष्पा राणा (उप-कप्तान), बिलासपुर की निधि शर्मा, सोलन की ज्योति ठाकुर, साक्षी शर्मा और भावना ठाकुर ने अपने शानदार खेल से भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।उन्होंने कहा कि इस शानदार जीत पर सभी खिलाड़ियों और प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देता हूं।

# कनाडा के नये पीएम होंगे मार्क कार्नी, ट्रूडो का दौर खत्म



**ओटावा,(हि.स.)।** कनाडा की सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी ने रविवार को जस्टिन ट्रूडो की जगह मार्क कार्नी को नया प्रधानमंत्री चुन लिया है। तीन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ आसानी से नेतृत्व की दौड़ जीतने वाले मार्क कार्नी अगले आम चुनाव में लिबरल पार्टी की ओर से चुनाव लड़ेंगे। उनकी नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ धमकियों के कारण कनाडा की अर्थव्यवस्था प्रभावित होने वाली है। 9 वर्षों तक प्रधानमंत्री पद संभालने वाले ट्रूडो ने चौतरफा दबाव के बीच जनवरी में ही अपने इस्तीफे की घोषणा की थी।

पूर्व केंद्रीय बैंक गवर्नर कार्नी ने रविवार को लिबरल पार्टी का नेता चुनने के लिए हुए मतदान में 85.9 फीसदी वोटों के साथ शानदार जीत हासिल की। उन्होंने तीन मजबूत प्रतिद्वंद्वियों पूर्व कैबिनेट मंत्री करीना गोल्ड, पूर्व वित्त मंत्री और उप प्रधानमंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड और पूर्व लिबरल सांसद फ्रैंक बेलिस को आसानी से हराया।1965 में नॉर्थवेस्ट टेरिटरीज के फोर्ट स्मिथ में जन्मे कार्नी ने हार्वर्ड में अपनी पढ़ाई की। वे ब्रिटेन और कनाडा के केंद्रीय बैंकों के प्रमुख रह चुके हैं। बैंक ऑफ कनाडा के चीफ रहे कार्नी ने अपने कार्यकाल में वित्तीय संकटों का सामना किया।

2008 के वित्तीय संकट से कनाडा कई अन्य देशों की तुलना में तेजी से उबरा था। 2013 में वे बैंक ऑफ इंग्लैंड के प्रमुख बने।हालांकि मार्क कार्नी ने कभी कोई निर्वाचित पद नहीं संभाला और वे संसद के सदस्य भी नहीं हैं। अमेरिका के साथ बढ़ते टकराव को देखते हुए आगामी चुनाव में यह मुद्दा सबसे मजबूत होकर उभरेगा कि अमेरिका से मिल रही चुनौतियों और उसके साथ संबंधों को संभालने वाला बेहतर चेहरा कौन होगा। कनाडा में बढ़ती राष्ट्रवादी लहर ने आगामी संसदीय चुनाव में लिबरल पार्टी की संभावनाएं बढ़ा दी हैं।

# योगी कैबिनेट ने 19 प्रस्तावों को दी मंजूरी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट की बैठक में 19 प्रस्ताव पास हुए हैं। मंत्रीमंडल ने राज्य में नई गेहूं क्रय नीति मंजूर को मंजूरी दे दी है। बलिया में मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन स्वीकृति हो गई। नोएडा में जेवर एयरपोर्ट के पास भूमि अधिग्रहण पर फैसला हुआ।

उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की सोमवार को हुई बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। मंत्रिमंडल के समक्ष कुल 19 प्रस्ताव आए और उन सभी को स्वीकृति प्रदान की गई। प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने संवाददाताओं को मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से उत्तर प्रदेश में आगामी 17 मार्च से 15 जून तक गेहूं की खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए खाद्य विभाग की विपणन शाखा समेत कुल आठ खरीद एजेंसियों द्वारा पूरे राज्य में 6500 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

किसानों को मूल्य समर्थन योजना का ज्यादा से ज्यादा फायदा दिलाने के उद्देश्य से किसानों का गेहूं न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदना सुनिश्चित किया जाएगा।

**बलिया में मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन स्वीकृतिः** वित्त मंत्री ने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए एक अन्य निर्णय में बलिया जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए निःशुल्क जमीन का स्थानांतरण करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गयी है। उन्होंने बताया कि जिला कारागार की 14.05 एकड़ जमीन को चिकित्सा शिक्षा विभाग को निशुल्क हस्तांतरित किया जाएगा। इनमें से 12.39 एकड़ जमीन पर मेडिकल कॉलेज बनेगा और लगभग दो एकड़ जमीन का सौंदर्यीकरण करके उस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चित्तू पांडे का स्मारक बनाया जाएगा। उनके नाम पर ही प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज का नामकरण किया जा सकता है। मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए एक अन्य निर्णय के अनुसार बुलंदशहर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए राजकीय कृषि विद्यालय के नाम दर्ज भूमि को चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में निःशुल्क हस्तांतरित किए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदन दिया गया है।

कृषि विभाग की यह 4570 वर्ग मीटर की जमीन राजकीय कृषि विद्यालय के नाम पर बड़न तहसील के ग्राम बलीपुरा में है। उन्होंने बताया कि एक अन्य निर्णय में इटावा के सैफई में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत 300 शैय्या के गायनी ब्लॉक (100 शैय्या के पीडियाट्रिक ब्लॉक को शामिल करते हुए) के निर्माण के लिए पुनरीक्षित प्रायोजना की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति से संबंधित प्रस्ताव को भी मंत्रिमंडल ने हरी झंडी दे दी है। खन्ना ने बताया कि इसके लिए व्यय वित्त समिति द्वारा तय की गई शर्तों के तहत आकलित पुनरीक्षित लागत धनराशि 23217.73 लाख रूपये के वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है।

**10 से 25 हजार रुपए मूल्य तक के भौतिक स्टांप होंगे चलन से बाहरः** मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए एक अन्य निर्णय में 10 हजार से लेकर 25 हजार रुपए मूल्य तक के भौतिक स्टांप को चलन से बाहर घोषित करने के लिए व्यवस्था निर्धारित करने के उद्देश्य से शासनादेश जारी किए जाने के संबंध में प्रस्ताव को भी मंत्रिमंडल ने अनुमोदित कर दिया है। वित्त मंत्री ने बताया कि छह अक्टूबर 2024 को प्रदेश के कोषागारों में पांच हजार से लेकर 25 हजार मूल्य वर्ग के निष्प्रयोज्य स्टांप का कुल मूल्य 5630.87 करोड रुपए है। अब 10 हजार से 25 हजार रुपए मूल्य वर्ग के स्टांप को एक अधिसूचना के जरिए चलन से बाहर घोषित किया जाएगा और यह अधिसूचना जारी होने के बाद कोषागारों में जमा अवशेष ऐसे स्टांप पत्रों को पूर्व में निर्धारित शासनादेश के अनुरूप नष्ट करने की कार्यवाही पूरी की जाएगी ताकि भविष्य में उनका दोबारा इस्तेमाल न किया जा सके। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित परियोजना असिस्टेंस फॉर एस एंड टी सेक्रेटेरिएट टू सीएसटीयूपी के तहत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश में पिछले 25 वर्षों से काम कर रहे सात कर्मचारियों को परिषद के स्थाई कर्मचारियों की तरह सातवें वेतन आयोग के अनुरूप वेतन दिए जाने के प्रस्ताव को भी मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है।

वित्त मंत्री ने टैक्सफेड समूह के तहत उत्तर प्रदेश सहकारी कताई मिल संघ लिमिटेड कानपुर की बंद पड़ी मिलन की जमीन के औद्योगिक इस्तेमाल के लिए उसे अप सीधा को निशुल्क हस्तांतरित किए जाने के संबंध में एक प्रस्ताव को भी मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि पिछले दो दशकों से बंद पड़ी कताई मिलों की निष्प्रयोज्य 451.20 एकड़ जमीन के हस्तांतरण से राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक विकास के काम जल्द से जल्द शुरू किए जाएंगे। इससे स्थानीय उद्यमिता के ज्यादा से ज्यादा अवसर प्राप्त होंगे।

0.8 हेक्टेयर भूमि निशुल्क दिए जाने से संबंधित एक प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि 94 लाख 19 हजार 120 मूल्य की इस जमीन पर फैसिलिटी का विकास एक संयुक्त जांच केंद्र के रूप में होगा जिसका इस्तेमाल डिफेंस कॉरिडोर लखनऊ नोड के तहत स्थापित रक्षा इकाइयों द्वारा अपने उत्पादों का परीक्षण एवं प्रमाणन करने के लिए किया जाएगा।

# 25 मार्च को हर विधानसभा क्षेत्र में प्रदर्शनी लगेगी



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 25 मार्च को उनकी सरकार के 8 साल पूरे हो रहे हैं। इन 8 सालों के काम को जनता के सामने ले जाने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में विकास प्रदर्शनी लगाई जाएगी। विकास कार्यो को गिनाते हुए कहा प्रदेश में एआई बेस्ड डाटा सेंटर बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री लखनऊ में सोमवार को आभार दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे। यह कार्यक्रम लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सरोजनी नगर से विधायक डॉक्टर राजेश्वर सिंह रहे। समारोह में उन्होंने कई परियोजनाओं लोकार्पण-शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समारोह में कहा कि पीजीआई लखनऊ अभी तक प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा संस्थान है। इसे देश का सर्वश्रेष्ठ संस्थान बनाएंगे। इसके अलावा, प्रदेश का पहले फोरेंसिक इंस्टीट्यूट भी बनाया जा रहा है। यह सरोजनी नगर में होगा। कार्यक्रम में सरोजनी नगर सोलर संवाद एवं विकास प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में 4000 से अधिक विकास कामों को दर्शाया जाएगा। जिसमें सौर ऊर्जा, स्वच्छ ऊर्जा, और अन्य बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगे।

# भाजपा को अब संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करना चाहिए बंदः प्रमोद तिवारी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के घर हुई ईडी की छापेमारी को लेकर सियासत तेज हो गई है। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को अब संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग बंद कर देना चाहिए। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने न्यूज एजेंसी से बात करते हुए कहा, भारतीय जनता पार्टी ने संवैधानिक संस्थाओं को अपनी जेब में रख लिया है, जो उसका विरोध करता है, उसके यहां छापे पड़ते हैं।

पिछले सात साल से शराब कांड का मुद्दा उठा रहे हैं, उन्हें अब तक कुछ मिला क्या? इस मामले में भी उन्हें कुछ नहीं मिलने वाला है। मैं इतना ही कहूंगा कि भाजपा डराना और धमकाना बंद करे। साथ ही भाजपा को अब संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग बंद कर देना चाहिए। प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार ने देश को तबाह और आर्थिक रूप से बर्बाद कर दिया। एक तरफकहते हैं कि ट्रंप और अमेरिका टैरिफहटाने के लिए सहमत हो गए हैं और दूसरी तरफ95 लाख करोड़ शेयर मार्केट में क्रैश हो जाता है। भारत का 12 प्रतिशत विदेशी निवेश गिर गया है, महंगाई आसमान छू रही है और एक लाख 67 हजार करोड़ रुपये बाजार से निकाला गया है। ये सारी बातें आर्थिक तबाही के संकेत हैं। पीएम मोदी के हाथ से सब कुछ निकल गया है और इसलिए मैं उनसे यही कहना चाहता हूं कि वह यहां बहुत आंखें दिखाते हैं। जब ट्रंप आंखें दिखा रहा था तो वह हंस रहे थे। उन्हें (पीएम मोदी) भारत के स्वाभिमान के प्रति ऐसा नहीं करना चाहिए था। बजट सत्र के दूसरे सीजन को लेकर उन्होंने कहा, आज बजट सत्र को लेकर विपक्ष की बैठक होगी, जिसमें आगे की रणनीति बनाई जाएगी। साथ ही शेयर बाजार, चुनाव आयोग समेत अलग-अलग मुद्दों पर रणनीति बनाई जाएगी।

## नरेंद्र कश्यप ने की दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण योजनाओं की समीक्षा



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने सोमवार को सचिवालय में विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में दिव्यांगजन, पिछड़ा वर्ग एवं छात्रवृत्ति योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए उन्होंने योजनाओं के त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।मंत्री ने कहा कि दिव्यांगजन पेंशन योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों को समय से मिले, इसके लिए सभी स्तरों पर समुचित निगरानी रखी जाए। कृत्रिम अंगों एवं सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया जाए, जिससे जरूरतमंद लाभान्वित हो सकें। उन्होंने शादी अनुदान योजना के आवेदन को सरल बनाने और लाभार्थियों को शीघ्र सहायता राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा के दौरान मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि छात्रवृत्ति आवंटन प्रक्रिया तय समय सीमा में पूरी की जाए, जिससे छात्रों को वित्तीय सहायता समय पर मिल सके। कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के विस्तार और प्रचार-प्रसार पर जोर दिया।

## यूपी में जल्द वॉलीबॉल लीग का होगा आयोजनः ब्रजेश




लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में वॉलीबॉल के विकास एवं खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए लखनऊ में यूपी वालीबॉल लीग का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दी। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन में नए पदाधिकारी की नियुक्ति भी की गई है। सोमवार को राजभवन कॉलोनी में आयोजित संगठन की कार्यकारिणी बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में वॉलीबॉल को बढ़ावा देने के लिए हम सभी को संयुक्त रूप से प्रयास करने होंगे। क्वॉलीबॉल के उत्थान और खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए जल्द ही यूपी वॉलीबॉल लीग का आयोजन किया जाएगा।

आयोजन को सफल बनाने के लिए उन्होंने एक समिति बनाने एवं एसोसिएशन के शिविर कार्यालय को स्थापित किए जाने पर भी बल दिया। एसोसिएशन के महासचिव सुनील तिवारी ने अब तक के क्रियाकलापों एवं आगामी कार्य योजना की जानकारी दी।

बैठक में सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष पद पर ब्रजेश सेंगर एवं राजेश शुक्ला को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष आठ अगस्त को यूपी वॉलीबॉल दिवस का आयोजन अयोध्या में किया जाएगा। बैठक में संगठन के पूर्व अध्यक्ष अजय राज शर्मा, सचिव आरके मिश्रा सहित दिवंगत पदाधिकारियों के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

बैठक में कोषाध्यक्ष मोहम्मद इब्राहिम, बीएन मिश्रा, प्रदीप चौहान, डीके शाही, राघवेंद्र दुबे, विमल पांडेय, प्रदेश संयोजक विशाल मिश्रा एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## सामाजिक कार्यकर्ताओं ने यूनिस सिद्दीकी के कार्यालय पहुंचकर उन्हें शॉल और स्मृति चिन्ह किया भेंट



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।**ऑल इंडिया जमीयत अल-कुरैश के महासचिव चौधरी शादाब कुरैशी, इंडियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी मुहम्मद फहीम सिद्दीकी, सैयद शारिक रजा, राष्ट्रीय सामाजिक कार्य संगठन के संयोजक मुहम्मद आफाक ने इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मुहम्मद यूनुस सिद्दीकी के कार्यालय पहुंचकर उन्हें शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट किया और कहा कि हमारे यूनुस सिद्दीकी साहब बिना किसी भेद भाव के सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। वह गरीबों और कमजोरों की जरूरतों को अपनी जरूरतों की तरह हल करते हैं। वे स्वास्थ्य, शिक्षा लोगों पहुँचाने के लिए लिए भी हर संभव प्रयास करते हैं। फहीम सिद्दीकी और चौधरी शादाब कुरैशी ने कहा कि आपके पूरे परिवार के बलिदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, क्योंकि देश सेवा का जज्बा आप चारों भाइयों में दिखता है। आपके बड़े भाई अय्यूब सिद्दीकी (बाबू), टाइम्स ऑफ इंडिया के सच्चे और ईमानदार पत्रकार परवेज सिद्दीकी, जावेद सिद्दीकी, चारों भाई शहर के सम्मानित लोगों में से हैं।

हम ऐसे गुणों से परिचित लोगों से अपील करते हैं कि वे 18 अप्रैल 2025 को शाम 5 बजे सुन्नी इंटर कॉलेज में मुस्लिम सामूहिक निकाह कमेटी द्वारा आयोजित किए जा रहे विवाह में शामिल हों।

# बिजली कर्मियों ने शक्ति भवन घेरा

## बिडिंग की तारीख 15 मार्च तक बढ़ाई गईः निजीकरण के विरोध में प्रांत भर में प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कंसलटेंट नियुक्त करने के लिए टेक्निकल बिड खोले जाने के विरोध में आज बिजली कर्मचारियों ने शक्ति भवन घेर लिया।

बिजली कर्मियों के विरोध के चलते टेक्निकल बिड नहीं खोली जा सकी। बिड खोलने की तारीख 15 मार्च तक बढ़ाई गई है। संघर्ष समिति के आह्वान पर आज प्रदेश भर में बिजली कर्मचारियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

राजधानी लखनऊ में आज सुबह से ही सभी कार्यालयों के बिजली कर्मचारी और अभियंता शक्ति भवन पहुंचने लगे और बिड खोलने के निर्धारित समय से पहले शक्ति भवन को घेर लिया।

राजधानी लखनऊ के अलावा प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजना मुख्यालयों पर भी आक्रोशित बिजली कर्मचारियों ने भोजन अवकाश के दौरान जोरदार विरोध प्रदर्शन किए। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि बिजली का निजीकरण जिस प्रकार से किया जा रहा है वह प्रक्रिया पूरी तरह से गैरकानूनी है।

निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कंसलटेंट नियुक्त करने की निविदा में कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट (हितों के टकराव) के प्राविधान को हटा दिया गया है। यह सीवीसी की गाइडलाइंस का उल्लंघन है। ऐसा करने से यह आभास मिल रहा है कि निजीकरण के पीछे कोई जनहित नहीं है बहुत बड़ा घोटाला होने वाला है।

संघर्ष समिति ने ऐलान किया है कि 15 मार्च को प्रदेश के समस्त जनपदों परियोजना मुख्यालयों और राजधानी लखनऊ में और बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। निजीकरण के विरोध में समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध के कार्यक्रम जारी रहेंगे।

साथ ही माननीय जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन दो अभियान चलाया जाएगा जिसके तहत बिजली कर्मी समस्त जनपदों में सांसदों और विधायकों को निजीकरण के विरोध में ज्ञापन देंगे।

आज राजधानी लखनऊ के अलावा वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, हरदुआगंज, पारीछा, ओबरा, पिपरी और अनपरा में विरोध प्रदर्शन किए गए।

## मेडिकल की पढ़ाई अमीरों तक सीमित की जा रही हैः संविधान संरक्षण मंच

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में संविधान संरक्षण मंच ने सरकार पर आरोप लगाया है कि मेडिकल कॉलेजों में फीस एक समान नहीं है। मेडिकल की पढ़ाई को केवल अमीरों तक सीमित किया जा रहा है। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण विभाग ने अनियमित शुल्क निर्धारण किया। मंच के राष्ट्रीय संयोजक गौतम राणे सागर ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने याचिका की सुनवाई में समान फीस का आदेश दिया था। फीस विनियमन समिति का गठन कर ट्यूशन फीस समान रूप से तय करने की बात कही थी। कहा कि समिति तो गठित की गई लेकिन मनमाने तरीके से अलग-अलग कॉलेजों की अलग-अलग फीस निर्धारित कर दी। राणे ने कहा श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज बरेली में फीस 16,48,512 रुपए प्रति वर्ष है जबकि हिन्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज सीतापुर में 10,77,229 रुपए प्रति वर्ष है। इसी प्रकार गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज और केएमसी मेडिकल कॉलेज में 12,58,288 रुपए प्रति वर्ष फीस है। प्रदेश के सभी कॉलेजों में फीस अलग-अलग है ये छात्रों और परिजनों के लिए बड़ी चुनौती है। गौतम राणे सागर ने कहा कि सभी मेडिकल कॉलेजों का पाठ्यक्रम, भवन मानक, छात्र संख्या, शिक्षकों की आवश्यक संख्या समान रूप से निर्धारित है। छात्रावास, मेस और अन्य शुल्क समान निर्धारित किए गए हैं, तो ट्यूशन फीस अलग-अलग क्यों है। सरकार इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी मेडिकल कालेजों की ट्यूशन फीस समान निर्धारित करे।

# मेयर के विरोध में पार्षद ने दिया इस्तीफा

## कहा अधिकारी नहीं सुनते बातय महापौर बोलीं-इसके पीछे किसका हाथ पता नहीं

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** पार्षद मुकेश सिंह मोंटी ने नगर निगम की कार्यकारिणी से नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी को इस्तीफा सौंप दिया है। उनका कहना है कि अधिकारी पार्षदों की बात सुनते नहीं हैं। दरअसल, लखनऊ नगर निगम में 2025-26 के बजट को लेकर सोमवार सुबह 9 बजे बैठक थी। इसमें कार्यकारिणी समिति के सदस्य नहीं पहुंचे। महापौर 11 बजे तक इंतजार करती रहीं इसके बाद बैठक निरस्त कर दी गई। अब 18 मार्च को बैठक करने का निर्णय लिया गया है। लखनऊ नगर निगम में 42 अरब रुपए के बजट का प्रस्ताव है। इसमें विस्तारित सीमा के विकास पर जोर दिया गया है। 100 करोड़ रुपए से अधिक के खर्च का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही बैठक में कम विज्ञापन आने की चर्चा भी हो रही है। निगम में सदस्यों की संख्या 12 है। रंजीत यादव और गिरीश गुप्ता दो ही सदस्य बैठक में पहुंचे थे। बजट में पार्षद निधि बढ़ाने का प्रस्ताव नहीं होने के कारण भाजपा के साथ में सपा के भी पार्षद महापौर का विरोध कर रहे हैं। पार्षदों का कहना है कि कार्यकारिणी के कई सदस्य बैठक में इसलिए नहीं पहुंचे क्योंकि यह काला बजट है। जनता के हित का बजट नहीं है। वार्ड विकास निधि नहीं बढ़ाई जा रही। सफाई के बजट में अप्रत्याशित बजट बढ़ा दिया गया है। पार्षदों से कोई चर्चा नहीं की गई है। कोटा बढ़ाने की चर्चा नहीं। वहीं, कांग्रेस पार्षद ने कहा आंकड़ों में हेर फेर किया गया है। ये विकास विरोधी बजट है। भाजपा और सपा सदस्यों द्वारा बैठक का बहिष्कार करने से महापौर नाराज हैं। उनका कहना है कि मामले की शिकायत भाजपा के नगर अध्यक्ष से की है। इसके पीछे जिसका भी हाथ है उसका पता लगाएंगे। अब 18 मार्च को बैठक बुलाई गई है। बैठक से भाजपा के आठ सदस्य, जबकि सपा के दो सदस्य नहीं आए। सिर्फदो सदस्य ही बैठक में पहुंचे थे बैठक में नहीं पहुंचने पर भाजपा पार्षद और कार्यकारिणी सदस्य अनूप कमल सक्सेना, उमेश सनवाल, मुकेश सिंह मोंटी, अनुराग मिश्रा, भृगुनाथ शुक्ला, चरणजीत गांधी, कृष्ण नारायण सिंह और गौरी सांवरिया की महापौर सुषमा खर्कवाल ने शिकायत की है। उनका कहना है कि इन सदस्यों के मौजूद नहीं होने के कारण लखनऊ के विकास में बाधा उत्पन्न हो रही है। भाजपा के जिन पार्षदों की शिकायत महापौर ने भाजपा के महानगर अध्यक्ष से की है। वह पार्षद भाजपा के नेताओं से मिलने पहुंचे हैं। पार्षदों का कहना है कि सदन के फैसले को अधिकारी और महापौर पलट देते हैं। इस दौरान पार्षदों ने कहा- बजट की बैठक से एक दिन पहले अधिकारियों के साथ में बैठक हुई थी। इस दौरान अपनी आपत्तियों को लेकर नाराजगी व्यक्त की। इसके बाद भी समस्या के समाधान को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया। सपा पार्षद और कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र वाल्मीकि ने कहा- लगातार हर कार्यकारिणी और सदन में यह बात उठाई जा रही थी कि लखनऊ में नगर निगम की सीमा बढ़ाई गई है। पार्षद निधि के बजट में बढ़ोतरी होनी चाहिए, लेकिन इन बातों को नहीं सुना जा रहा। पार्षद निधि बढ़ाने की बजाय कम कर दिया गया। पार्कों, अंत्येष्टि स्थल सहित अन्य विकास कार्यों की अवहेलना की जा रही है। इस वजह से सपा के दो पार्षदों ने कार्यकारिणी का बहिष्कार किया। कार्यकारिणी में 12 में से 10 पार्षद एक साथ हैं।

## आजाद समाज पार्टी का राजधानी में प्रदर्शन

राजभवन के घेराव के लिए पहुंचे कार्यकर्ता

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया है। सांसद चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में यह प्रदर्शन होगा। सभी जिलों के कार्यकर्ता राजभवन का घेराव करने के लिए पहुंचे है। भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। चारबाग, चौक और हजरतगंज इलाके में बैरिकेडिंग लगाकर कार्यकर्ताओं को रोका जा रहा है।

बता दें कि मथुरा में अनुसूचित जाति की लड़की के साथ हुई घटना और सांसद चंद्रशेखर पर हुए हमले के विरोध में आज आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता लखनऊ में प्रदर्शन करने के लिए पहुंचे। कल चंद्रशेखर को वाराणसी में रोका गया था। इसके बाद आज प्रदर्शन करने का ऐलान किया गया था। आज चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ता राजभवन के घेराव के लिए पहुंचे। इस दौरान सुरक्षा के लिए परिवर्तन चौक से लेकर हजरतगंज चौराहे तक का पुलिस फोर्स तैनात की गई।

जगह-जगह बैरिकेडिंग लगाई गई है। प्रदर्शन के लिए भारी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं की वजह से कई इलाकों में जाम लग गया। हजरतगंज छावनी में तब्दील हो गया है। सुरक्षा के लिए भारी संख्या में आरएएफ, पीएसी और आरआरएफजवानों व पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है।

प्रदर्शन के ऐलान के बाद हजरतगंज पुलिस ने पार्टी नेताओं की धड़पकड़ तेज कर दी। पुलिस ने कई आसपा नेताओं को हाउस अरेस्ट किया है। जिला संगठन मंत्री सूफियान खान और नगर महासचिव मो दाऊद को हाउस अरेस्ट किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### हरौनी पुलिस चौकी को मिला नया प्रभारी



**लखनऊ।** हरौनी पुलिस चौकी में दरोगा अर्जुन राजपूत ने नए चौकी प्रभारी के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। वे 2015 बैच के अधिकारी हैं। उनका स्थानांतरण सुशांत गोल्फ सिटी से हुआ है। नए प्रभारी ने कार्यभार संभालते ही क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर विशेष नजर रखने की बात कही है। उन्होंने स्थानीय नागरिकों और पुलिस स्टाफ से सहयोग की अपील की है। सुशांत गोल्फ सिटी में तैनाती के दौरान दरोगा राजपूत ने अच्छी कार्यशैली से लोगों के बीच सकारात्मक छवि बनाई। उनके कार्यभार ग्रहण करने पर पुलिस स्टाफ और स्थानीय लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### शान्ति नगर सरोजनी नगर में हुआ पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ



**लखनऊ।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन शांति नगर में 10 मार्च 2025 को संपन्न हुआ इस पंचकुंडीय यज्ञ का उद्देश्य लोगों में जन जागरण मे संस्कृति की प्रेरणा जगाना, लोगो को व्यसनों से दूर रहने कि प्रेरणा देना। पुंसवन संस्कार, विद्यारंभ संस्कार तथा शादी की साल ग्रह, होलिका पर्व मनाया गया शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में टोली इस प्रकार है। अनिल तिवारी समन्वयक आलमबाग ,श्रीमती निष्ठा रस्तोगी जी, श्रीमती रेखा,श्रीमती मालती, लालू अग्रवाल, रोहित, नरेंद्र कुमार सक्सेना समन्वयक तीन सरोजिनी नगर से तथा संपूर्ण गायत्री परिवार सरोजिनी नगर में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। हवन पूजन के पाश्चात्य भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम की आयोजककर्ता श्रीमती रूपलता सिंह, सूर्यपथ के संपादक अविनेन्द्र सिंह राठौड़, शान्ति नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष विशाल सिंह बिट्टू, राघवेन्द्र सिंह, आशीष तिवारी,डीके सिंह, अमित सिंह,आदि शान्ति नगर ब सरोजनी नगर क्षेत्र के भक्त गढ़ शामिल हुए।

### बाबा की तेरहवीं से लौटे छात्र ने फांसी लगाई

**लखनऊ।** पारा के डॉक्टर खेड़ा में शनिवार को बाबा की तेरहवीं से लौटे योगेश विश्वकर्मा (22) ने फांसी लगा ली। पिता ने जांच की मांग की है। पिता का आरोप है कि शनिवार रात एक बाइक से दो युवक और एक युवती कमरे पर आए थे। वह लोग कमरे पर चार घंटे रुके भी थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूलरूप से प्रतापगढ़ के उदयपुर निवासी कारपेंटर राजेश विश्वकर्मा पारा के अर्जुन विहार कॉलोनी में किराए के घर में रह रहे थे। राजेश के मुताबिक बेटा योगेश विश्वकर्मा (22) बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। योगेश के बाबा का एक मार्च को देहांत हो गया। आठ मार्च को तेरहवीं थी। परिवार के सभी लोग प्रतापगढ़ गए थे। तेरहवीं के कार्यक्रम के बाद योगेश अकेले ही पारा स्थित घर वापस आ गया। पिता का अरोप है कि पड़ोसियों से जानकारी हुई है कि शनिवार रात में कमरे पर बाइक से दो युवक और एक युवती आए थे। वह लोग चार-पांच घण्टे कमरे पर रुके भी थे। इसके बाद ऐसा क्या हुआ कि योगेश ने फांसी लगा ली। पुलिस के मुताबिक शनिवार रात में योगेश पड़ोसी से मोबाइल चार्जर लेकर आया था। देर रात पड़ोसी चार्जर वापस लेने आया पर कई आवाज देने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद वह वापस लौट गया। रविवार शाम को वह फिर वापस योगेश के कमरे पर आया। अभी भी कोई जवाब नहीं मिला। योगेश के परिवार वालों सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस रिश्तेदार की मौजूदगी में दरवाजा तोड़कर भीतर गई तो योगेश का शव पंखे से दुपट्टे से फंदे के सहारे लटका हुआ था। इंस्पेक्टर पारा के मुताबिक तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सीएमएस छात्रों ने ओलम्पियाड में जीते तीन गोल्ड मेडल

**लखनऊ।** सीएमएस अयोध्या रोड कैम्पस के तीन छात्र वीनस, हार्दिक मणि तिवारी एवं अयांश श्रीवास्तव ने इण्टरनेशनल जनरल नॉलेज ओलम्पियाड में तीन गोल्ड मेडल जीते हैं। ओलम्पियाड का आयोजन दिल्ली के साइंस ओलम्पियाड फाउण्डेशन के तत्वावधान में किया गया। सीएमएस के हेड कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि इस जनरल नॉलेज ओलम्पियाड में भारत समेत कई देशों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। तीनों छात्रों को गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीएमएस.प्रबन्धक प्रो.गीता गांधी किंगडन ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### दो बच्चों समेत आत्मदाह का प्रयास करने आई महिला पर मुकदमा

**लखनऊ।** विक्रमादित्य मार्ग लामार्ट चौराहे पर शुक्रवार सुबह दो बच्चों संग आत्मदाह का प्रयास करने वाली रेखा मिश्रा के खिलाफ गौतमपल्ली थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमा आत्मदाह निरोधक जोन-पांच, सेक्टर सात के प्रभारी के प्रभारी हेड कांस्टेबल बलराम सिंह ने दर्ज कराया है। रेखा मूल रूप से प्रतापगढ़ के फत्तनपुरवा मिश्रपुर के सुरोमा गांव की रहने वाली हैं। इंस्पेक्टर गौतमपल्ली पंकज कुमार अम्बष्ट के मुताबिक हेड कांस्टेबल बलराम सिंह ने तहरीर देकर बताया कि उस दिन वह टैंगो-03 पर ड्यूटी कर रहे थे। इस बीच सुबह करीब 11 बजे रेखा दो बच्चों के साथ पहुंची। साल के अंदर उन्होंने पेट्रोल की बोतल छुपा रखी थी। उन्होंने खुद के और बच्चों पर पेट्रोल डाल लिया। यह देख भागकर किसी तरह पुलिस कर्मियों के साथ उन्हें बचाया। रोकने पर रेखा गाली-गलौज करने लगी। रेखा के इस कृत्य के कारण पीक आवर में यातायात बाधिक हुआ। सरकारी कार्य में बाधा हुई। रेखा ने पूछताछ में बताया था कि पड़ोसी से पैतृक जमीन को लेकर उनका विवाद है। प्रतापगढ़ पुलिस और प्रशासन व फत्तनपुरवा थाने के प्रभारी पर सुनवाई न करने का आरोप लगाया था। उन्होंने बताया था कि मुख्यमंत्री के जनता दरबार में प्रार्थनापत्र देने आई थी। इस बीच आत्मदाह का प्रयास किया। रेखा ने आत्मदाह का प्रयास कर लोक सेवकों पर अनुचित दबाव बनाने का कृत्य किया था।

### रोजगार मेले में 490 अभ्यर्थियों को मिला जॉब आफर

**लखनऊ।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय की ओर से चरक एण्ड सुरुचि ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में सोमवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। सीतापुर-हरदोई बाईपास स्थित संस्थान परिसर में लगे रोजगार मेले में 14 कम्पनियों के स्टाल लगाए गए। कम्पनियों ने प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार के जरिये विभिन्न पाठ्यक्रम के 490 अभ्यर्थियों का चयन किया। कम्पनी ने चयनित अभ्यर्थियों को जॉब ऑफर दिये। सेवायोजन के सहायक निदेशक सूर्यकांत कुमार ने बताया कि युवाओं को आत्म निर्भर भारत अभियान के तहत रोजगार मुहैया कराया जा रहा है।

### पीजीआई के सीएमएस बने डॉ. देवेंद्र गुप्ता

**लखनऊ।** एसजीपीजीआई का नया मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. देवेंद्र गुप्ता को बनाया गया है। इससे पहले संस्थान के सीएमएस डॉ. संजय धीराज थे। उनका कार्यकाल छह मार्च को पूरा हो गया। अब निदेशक ने एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. देवेंद्र गुप्ता को नया सीएमएस बनाया है। डॉ. देवेंद्र गुप्ता ने सोमवार को कार्यभार संभाल लिया। एसजीपीजीआई ऑल एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मेश कुमार, महामंत्री सीमा शुक्ला, अमर सिंह, डीके सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों ने डॉ. देवेंद्र को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी।

# बर्थडे पार्टी में जमकर पथराव और चाकूबाजी, छत से बरसाई ईंट

लोकमित्र ब्यूरो







**लखनऊ।** लखनऊ के महानगर इलाके में रविवार देर रात बर्थ-डे पार्टी में गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई। कुछ लोग छत से ईंट फेंकने लगे। नीचे उतरकर आए लोगों को खदेड़-खदेड़कर चाकू मारना शुरू कर दिया। घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हमलावर पक्ष के तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की भी कोशिश की गई। हमले में महिलाओं और बच्चों ने टेबल के नीचे छिपकर जान बचाई। महानगर स्थित बीरबल साहनी मार्ग शिवधाम बस्ती के सोनू रावत हैदराबाद में नौकरी करते हैं। रविवार को उन्होंने घर में बेटे के जन्मदिन की पार्टी रखी थी। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि पार्टी में मोहल्ले के कई लोगों सहित रिश्तेदार आए थे। कार्यक्रम के दौरान पड़ोसी सब्बीर और उनके बेटे अमन ने छत से गाली-गलौज शुरू कर दी। मना किया गया तो छत से ईंट चलानी शुरू कर दी। घटना से टेंट में भगदड़ मच गई। सोनू ने बताया कि एक ईंट उन्हें लगी जिससे सिर फट गया। सब्बीर, अमन, अरमान, छोटू, सलमान समेत कई अन्य लोग पहुंचे और सांप्रदायिक नारेबाजी करने लगे। उनके हाथ में चाकू और लाठी-डंडे थे। कुर्सियां पलटाते हुए हमला कर दिया। सारा सामान फेंकने लगे। दबंगों की हरकत देख महिलाएं और बच्चे मेज के नीचे छुप गए। हमलावर जो भी सामने आए उस पर चाकू से हमला कर देते थे। हमले में मोनू और विजय के भी सिर फट गए। घबराए लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके से पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सोनू ने बताया कि सब्बीर का पड़ोसी विक्की कनौजिया से लंबे समय से विवाद चल रहा है। विक्की को भी पार्टी में बुलाया। उसे देखते ही आरोपियों ने ऐसा किया। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा ने बताया कि सोनू रावत की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ मारपीट, बलवा, एससीएसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सब्बीर, शाहिद समेत तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## डीएफओ को बाघ के दहशत का अंत करने पर संगठन द्वारा स्मृति चिन्ह दे कर किया गया अभिनन्दन



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी के नेतृत्व में संगठन का एक प्रतिनिधि मंडल आज डीएफओ लखनऊ सीतांशु पांडेय से मिला व 90 दिनों तक मलिहाबाद क्षेत्र में दहशत फैलाए रखने वाले बाघ के आतंक का अंत करने पर उनको स्मृति चिन्ह दे कर अभिनंदन किया गया। श्री त्रिवेदी ने बताया कि उक्त मुलाकात के दौरान डीएफओ लखनऊ द्वारा उनके व उनकी टीम के अनुभव को साझा किया गया उन्होंने बताया कि कैसे 90 दिनों में कई बार टीम के सदस्यों का बाघ से सामना हुआ और उसके हमले में कर्मचारी बाल बाल बचे साथ ही वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा अपनी जान को जोखिम में डाल कर कैसे मलिहाबाद क्षेत्र की जनता को बाघ के दहशत से मुक्ति दिलाने का ये कभी न भूल पाने वाला अभियान सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। श्री त्रिवेदी ने बताया कि मुलाकात के दौरान टिंबर व्यापारियों की तमाम समस्याओं पर भी चर्चा हुई व श्री सीतांशु पांडेय जी ने हर प्रकार की समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया।

डीएफओ लखनऊ को स्मृति चिन्ह दे कर उनका अभिनंदन करने वाले व होली की अग्रिम शुभकामनाएं देने वाले प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश महासचिव अख्तर खान, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, एजाज खान, अवधेश शुक्ल व अमरोहा के साथी शरिक मौजूद रहे।

### आयुर्वेदिक अस्पताल में नर्सें भिड़ीं, जांच के आदेश

**लखनऊ।** टूड़ियागंज स्थित राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल के प्रसूति विभाग की सिस्टर इंचार्ज प्रतिमा त्रिपाठी और सिस्टर ऊषा सिंह में सोमवार को कहासुनी हो गई। प्रतिमा का आरोप है कि ऊषा प्रसूति विभाग में सुबह पहुंची और अभद्रता करते हुए गाली गालौज शुरू कर दिया। मारने की धमकी देने लगीं। आरोप यह भी है कि करीब 28 साल से अस्पताल में ही तैनात ऊषा पूर्व में भी कई नर्स से मारपीट कर चुकी हैं। प्रतिमा ने मामले की लिखित शिकायत महानिदेशक आयुर्वेद सेवाएं मानवेंद्र सिंह के कार्यालय और कॉलेज के प्राचार्य डॉ. माखनलाल से की है। प्राचार्य और मैटर्न से शिकायत पर उन लोगों ने कोई कार्रवाई नहीं की। ऊषा ने आरोप बेबुनियाद बताए हैं। ऊषा का कहना है कि नर्सेज संघ का चुनाव हारने के बाद प्रतिमा वह गलत बयानबाजी व आरोप लगा रही हैं। वहीं, प्राचार्य डॉ. माखनलाल ने कहा कि शिकायत मिली है। मामले की जांच करवाई जाएगी।

## विधायक आवास में घुसे आक्रोशित मीट विक्रेता, जमकर किया हंगामा

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की बात कहने पर इंदिरानगर सेक्टर-12 शिव विहार कालोनी के मीट विक्रेता रविवार को विधायक के आवास में घुस गए और जमकर हंगामा किया। विक्रेताओं ने विधायक के खिलाफ गाजीपुर थाने में तहरीर भी दी है। इंदिरानगर सेक्टर-12 में शिव विहार आवासीय समिति के अध्यक्ष राम राज ने कॉलोनी के लोगों के साथ विधायक ओपी श्रीवास्तव को एक पत्र दिया। लोगों का कहना था कि खुले में मीट की बिक्री के कारण उन लोगों को परेशानी होती है। इसके चलते शनिवार को विधायक ने समिति सदस्यों के साथ बाजार का निरीक्षण किया। खुले में मांस की बिक्री होते मिली। विधायक ने कहा कि खुले में मीट बेचने की मनाही है। नियम का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए हैं। कार्रवाई की बात से मीट दुकानदार आक्रोशित हो गए और विधायक के आवास में घुस कर अभद्रता की। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय के मुताबिक तहरीर आई थी। जिसमें दुकानदार ने आरोप लगाए है। मामले की जांच की जा रही है।

## अंसल के खिलाफ 3 दिन में 18 मुकदमे

### यूपी समेत 5 राज्यों में खंगाली जा रही क्राइम हिस्ट्री

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी में रियल एस्टेट सेक्टर के दिग्गज अंसल ग्रुप पर कानूनी शिकंजा कसता जा रहा है। तीन दिनों में लखनऊ के हजरतगंज और सुशांत गोल्फ सिटी थाने में अंसल ग्रुप के खिलाफ 18 नए मुकदमे दर्ज हुए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद लगातार असल के निवेशक लखनऊ समेत विभिन्न थानों में मुकदमा दर्ज कर रहे हैं। इन मुकदमों में अंसल ग्रुप के मालिक सुशील अंसल, प्रणव अंसल समेत कंपनी के अधिकारियों को आरोपी बनाया गया है। ज्यादातर मामलों में पैसा लेकर भी प्लॉट न देने के आरोप लगे हैं।

तीन साल पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंसल ग्रुप के खिलाफ जांच शुरू की थी, लेकिन अचानक जांच ठप हो गई थी। अब नए मुकदमों के बाद ईडी ने दोबारा फाइलें खोलनी शुरू कर दी है। यूपी समेत 5 राज्यों में अंसल ग्रुप के खिलाफ दर्ज केसों की जानकारी जुटाई जा रही है। 2019 में ईडी को पता चला था कि अंसल ग्रुप पर यूपी, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में कुल 59 मुकदमे दर्ज थे।

लखनऊ में ही 27 केस थे, जबकि आगरा-मेरठ में 6-6, गाजियाबाद में 2 और कानपुर-जौनपुर में 1-1 मामला दर्ज था। लखनऊ पुलिस ने सितंबर 2019 में प्रणव अंसल को नई दिल्ली एयरपोर्ट के बाहर से गिरफ्तार किया था। उस वक्त ईडी की रडार पर एक पूर्व आईएएस अफसर और अंसल ग्रुप के तत्कालीन एमडी भी थे। सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने उन्हें पूछताछ के लिए नोटिस भेजा था।

साथ ही 150 करोड़ रुपए निवेश करने वाले एक एनआरआई पर भी एजेंसी की नजर थी।

## रोड एक्सीडेंट में युवक की मौत, तेज रफ्तार दो पहिया से हुई भिड़ंत

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के वजीरगंज इलाके में दो बाइकों भिड़ंत हो गई। जिसमें एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक अपने दोस्त के साथ सुशांत गोल्फ सिटी इलाके से बाइक से लौट रहा था। तभी हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। ठाकुर गंज थाना क्षेत्र के शीश महल का रहने वाले सैफ अब्बास (23) पुत्र मोहम्मद अली समीर प्राइवेट जॉब करता था। भाई शानू ने बताया कि रविवार को अपने दोस्त जामिन के साथ बाइक से किसी काम से सुशांत गोल्फ सिटी गए थे। जहाँ से वापस लौटते समय रकाब गंज चौराहे के पास उनकी बाइक एक तेज रफ्तार दो पहिया गाड़ी से टकरा गई। जिसमें दोनों गंम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके से पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद परिजनों को सूचना दी। परिजनों को पहुंचने से पहले इलाज के दौरान सैफ की मौत हो गई। वहीं जामिन को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस को अभी कोई शिकायत नहीं मिली है। मृतक के परिवार में पिता मोहम्मद अली समीर, माँ नसरीन, बहन खुशनुमा, भाई शानू और असद हैं।

## हिंदू युवक ने मुस्लिम बनकर रचाई शादी

अब युवती को दहेज के लिए कर रहा प्रताड़ित

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुस्लिम नाम से फर्जी आधार बनाकर युवक ने महिला को प्रेम जाल में फंसाया। तलाक कराकर निकाह किया। फिर दहेज में कार और अन्य सामान की मांग को लेकर प्रताड़ित किया। मौका देख सारी फोटो, वीडियो डिलीट कर जेवर और नगदी लेकर पत्नी को अकेला छोड़कर भाग निकला। पीड़िता ने आरोपी और उसके घरवालों के खिलाफ कैसरबाग कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर कैसरबाग सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

कैसरबाग निवासी पीड़िता निजी अस्पताल में नौकरी करती है। वर्ष 2021 में उसकी मुलाकात अस्पताल में सीतापुर निवासी मोहित से हुई थी।

### इंस्पेक्टर बन धमकाया

पीड़िता ने बताया कि 14 फरवरी को दोपहर 12 बजे उनके पास एक कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को अलीगंज थाने का इंस्पेक्टर राज अवस्थी बताया। कथित इंस्पेक्टर ने उनसे मोहित को बंधक कर अपने पास रखने की बात कही। पीड़ित को पता चला कि कॉल मोहित के परिचित ने की थी। विरोध पर आरोपी ने कॉल काट दी। पीड़िता का कहना है कि आरोपी मोहित ने उसका मोबाइल इस्तेमाल के बहाने लेकर निकाह की सारी फोटो और वीडियो डिलीट कर दिया।



बातचीत के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां हो गई। मोहित ने शादी का प्रस्ताव रखा। पीड़िता ने पूर्व में विवाहित होने और दूसरे धर्म में शादी करने से इनकार कर दिया।

कुछ दिन बाद आरोपी ने कॉल की और बताया कि धर्म परिवर्तन कर वह समीर रजा बन गया है। यही नहीं आरोपी ने समीर नाम से अपना जाली आधार कार्ड की फोटो व्हाट्सएप पर भेजी। इसके बाद पीड़िता ने पति को तलाक देकर मोहित से मुस्लिम रीति रिवाज से फरवरी 2024 में निकाह कर लिया। धीरे-धीरे मोहित उर्फ समीर व उसके घरवाले बाइक व गृहस्थी की मांग करने लगे। दबाव पड़ने पर पीड़िता के घरवालों ने मांग पूरी कर दी। इसके बावजूद मोहित कार की मांग करने लगा। असमर्थता जताने पर आरोपी प्रताड़ित करने लगा। कुछ दिन बाद वह गहने और नकदी लेकर पीड़िता को छोड़कर भाग गया।

### चंद्रशेखर की योगी को चेतावनी, दुरूस्त करें कानून व्यवस्था

**लखनऊ।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद सोमवार को सूबे की मुखिया पर बिफर पड़े। चंद्रशेखर ने प्रदेश में बेरोजगारी, कानून व्यवस्था और पिछड़ों के साथ हो रहे अत्याचार और दमनकारी कार्यों को मुद्दा बनाया। नगीना सांसद ने कहा कि जब मैं बिहार से लखनऊ जा रहा था तब उत्तर प्रदेश पुलिस ने मुझे रोक दिया। मेरे कार्यकर्ता जो जगह-जगह से आ रहे थे उन्हें टोल से लेकर पुलिस चौकियों में रिटेन कर दिया गया या फिर हाउस अरेस्ट कर दिया गया। पूरी ताकत हमें रोकने में लगा दी गई। इससे एक बात तो साफ हो चुकी है कि उत्तर प्रदेश सरकार लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास नहीं रखती और लोकतंत्र का गला घोटने का काम कर रही है।चंद्रशेखर आजाद का कहना था कि सरकार जो लोगों के घरों पर बुलडोजर चला रही बारातों पर हमले हो रहे, महिलाओं पर हिंसा हो रही और छात्रों की परेशानियों के निवारण पर ध्यान देगी तो ज्यादा अच्छा होता, यूपी में परेशानियां कम होतीं। कार्यकर्ताओं का धन्यवाद जो तमाम बाधाओं को लांघकर लखनऊ आए।

# हाईकोर्ट की ग्रुप डी भर्ती की मुख्य परीक्षा में सेंध, कोचिंग संचालक समेत चार गिरफ्तार

### एसटीएफ ने चिनहट व गोमतीनगर विस्तार थाने में लिखाई एफआईआर -प्रज्ञा इंटरनेशनल स्कूल व लोएला इंटरनेशनल स्कूल से पकड़ा इन आरोपितों को

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** एसटीएफ ने हाईकोर्ट की ग्रुप डी भर्ती की मुख्य परीक्षा में भी नकल कराने वाले गिरोह ने सेंध लगाने की कोशिश की। एसटीएफ ने रविवार को इस गिरोह में शामिल कोचिंग संचालक समेत तीन साल्वर व एक अभ्यर्थी को लखनऊ के दो परीक्षा केन्द्रों से पकड़ा। इन लोगों को चिनहट स्थित प्रज्ञा बालिका इंटर कालेज व गोमतीनगर विस्तार स्थित लोएला इंटरनेशनल स्कूल से गिरफ्तार किया है। कोचिंग संचालक व मुख्य अभ्यर्थी फिरोजाबाद से आए थे जबकि दो अन्य साल्वर मथुरा व राजस्थान से आए थे। इस गिरोह के बारे में और जानकारी जुटाई जा रही है।

एसटीएफ के एएसपी अवनीश्वर श्रीवास्तव के मुताबिक गिरफ्तार लोगों में साल्वर फिरोजाबाद के रसूलपुर निवासी वेद प्रकाश, मुख्य अभ्यर्थी रिंकू गुज्जर, साल्वर मथुरा के राया निवासी हरेन्द्र और राजस्थान के भरतपुर निवासी बनवारी शामिल है। इनके पास चार प्रवेश पत्र, छह फर्जी आधार कार्ड, चार प्रश्न पुस्तिका, चार ओएमआर शीट, दो सिटिंग प्लान बरामद हुआ है। एसटीएफ को इस मुख्य परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिली थी। इस पर ही एसटीएफ ने यह कार्रवाई की।

**कोचिंग संचालक भी बनता था साल्वर:** एएसपी के मुताबिक, वेद प्रकाश प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग चलाता है। वह अपने यहां तैयारी करने वाले छात्रों से परीक्षा में पास कराने के नाम पर रुपये लेता था। कई परीक्षाओं में वह खुद ही साल्वर बनकर बैठा। कोचिंग में ही रिंकू गुज्जर उसके सम्पर्क में आया था। लेखपाल भर्ती परीक्षा में रिंकू के स्थान पर वेद प्रकाश साल्वर बनकर शामिल हो चुका है। रिंकू का चचेरा भाई सोमेन्द्र सिंह और दोस्त तरुण चाहर है। रिन्कू के कहने पर ही वेद प्रकाश ने इन दोनों के स्थान पर परीक्षा देने के लिए हरेन्द्र व वनवारी को तैयार किया था। इसके बदले उन्हें 50-50 हजार रुपये देने को कहा गया था।

**दो अभ्यर्थी लखनऊ नहीं आए, उनके साल्वर पहुंचे:** एसटीएफ के मुताबिक, लोएला स्कूल में आगरा के तरुण चाहर और राजस्थान के सोमेन्द्र सिंह को परीक्षा देनी थी। इनमें रिंकू गुज्जर का भाई सोमेन्द्र है। ये दोनों परीक्षा केंद्र नहीं पहुंचे। इनके स्थान पर परीक्षा देने के लिए साल्वर हरेन्द्र व बनवरी आए थे। इन दोनों को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया था। एएसपी ने बताया कि तरुण और सोमेन्द्र वांछित हैं। इनकी तलाश की जा रही है। गिरोह के लोग परीक्षा में पास कराने के लिए चार से पांच लाख रुपये वसूलते थे। सोमेन्द्र को दो साल पहले हिरासत में लिया गया था। पर, तब पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया था। उसे तब एक परीक्षा में सेंधमारी करने के आरोप में उठाया गया था।

## नकली शराब बेचने वाला गिरफ्तार, ब्रांड के फर्जी होलमार्क-स्टीकर लगाकर बेचता था

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में नकली शराब बेचने वाला गिरफ्तार हुआ है। खाली बोतलों पर ब्रांडों के फर्जी होलमार्क और स्टीकर लगाकर खुद की बनाई शराब बेचता था। होली पर करीब 2.5 लाख रुपए की शराब बेचने की तैयारी थी। उसे सोमवार को चेकिंग के दौरान ठाकुरगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ने बताया कि पुलिस टीम होली के त्योहार को देखते हुए चेकिंग अभियान चला रही थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि मरीमाता मंदिर के पास एक व्यक्ति अपने घर में अन्य प्रदेशों की अवैध शराब खाली बोतलों में अलग-अलग कंपनी के स्टीकर और फर्जी होलमार्क लगाकर बेच रहा है। ढक्कन पर क्यूआर कोड लगाकर असली शराब के तौर पर हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने छापा मारकर 22 पेटी अवैध व मिलावटी शराब बरामद की। मौके से 4 बोरी अलग-अलग ब्रांडों की शराब की खाली बोतल और ढक्कन बरामद किए। इसके बाद ही फर्जी होलमार्क व क्यूआर कोड भी मिले। पूछताछ में आरोपी की पहचान एकता नगर बरौरा हुसैनबाड़ी ठाकुरगंज निवासी अनिल सिंह (35) पुत्र चेतराम के रुप में हुई। आरोपी अनिल ने बताया कि गैर प्रदेशों से शराब की तस्करी करके लखनऊ लाता। यहां पर अलग-अलग ब्रांडों की खाली बोतलों में मिलावटी शराब भरकर नकली होलमार्क स्टीकर और ढक्कन पर क्यूआर कोड लगाता। इसके बाद बिना लाइसेंस के बाजार से थोड़ा कम रेट में बेच देता। आरोपी इसके पहले भी जुआं अधिनियम व अन्य मामलों में जेल जा चुका है।

## आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनायें रंगों का पर्व होली: एसडीएम



एसडीएम की अध्यक्षता में कोतवाली में आयोजित हुई शान्ति बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** आगामी रंगों के पर्व होली तथा ईद के त्यौहार को शान्ति पूर्वक,आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाये। किसी प्रकार का द्वेषभाव न रखें। यदि कोई संदिग्धता महसूस हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें उक्त उदगार एसडीएम भावना विमल ने सोमवार को पुलिस कोतवाली में आयोजित शान्ति बैठक में व्यक्त किए गये।एसडीएम भावना विमल ने कहा कि कानून अपने हाथ मे नही लें। कानून का पूर्णतः पालन करें। जबरन किसी पर रंग नही डालें। शांति बनाए रखने में पुलिस प्रशासन की मदद करे। आगामी रंगों के पर्व होली एवं ईद के त्यौहार को हसीं खुशी के साथ मनाये। आपसी गिले शिकवे दूर कर एक दूसरे के गले मिले। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार राघव ने कहा कि खुशहाली के साथ होली और रमजान मनाये। ड्रॉन कैमरों से पूरे शहर की निगरानी की जायेगी। संदिग्ध गतिविधि होने पर पुलिस को सूचित करें। शान्ति बैठक में- चेयरमैन प्रतिनिधि संजीव वर्मा, ईओ प्रद्युम्न कुमार, एसडीओ गुलशन कुमार, एसएफआई महेश चंद्र यादव,समर सिंह, सिटी इंचार्ज चन्द्र शेखर त्रिपाठी, चौकी प्रभारी अभिषेक कुमार,सत्यराम यादव, लोकेन्द्र पाठक,पवेन्द्र सिंह पम्मी, श्यामवीर सिंह, शैलेन्द्र सिंह राजपूत प्रधान,आशू ठाकुर अमित पण्डित, सुरेन्द्र वर्मा, जेपी सिंह, एनुल हक़, नजराना वेगम आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 25 मार्च तक मिलेगा निशुल्क खाद्यान्न

जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता ने सर्व साधारण को सूचित किया

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता ने सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्र सरकार द्वारा योजनान्तर्गत आच्छादित गरीब लाभार्थियों के आर्थिक बोझ को कम करने तथा राष्ट्रीय एकरूपता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, एन0एफ0एस0ए0 में आच्छादित अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 01 जनवरी, 2024 से आगामी 05 वर्ष हेतु, निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को दिनांक 01 जनवरी 2024 से आगामी 05 वर्ष तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरित कराये जाने में आने वाले सम्पूर्ण व्ययभार का वहन भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। वन नेशन वन राशनकार्ड योजनान्तर्गत आच्छादित लाभार्थियों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत माह जनवरी 2024 से 05 वर्ष दिसम्बर 2028 तक निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं।

अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को दिनांक 01 जनवरी 2024 से आगामी 05 वर्ष तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरित कराये जाने में आने वाले सम्पूर्ण व्ययभार का वहन भारत सरकार द्वारा किया जाएगा।

अतः राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को माह मार्च 2025 हेतु राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण माह मार्च 2025 में दिनांक 11 मार्च 2025 से दिनांक 25 मार्च 2025 के मध्य प्रातः 06 बजे से सायं 09 बजे तक किया जाएगा। समस्त अन्त्योदय योजना के कार्डधारकों को निःशुल्क 35 किग्रा0 खाद्यान्न प्रति कार्ड (14 किग्रा0 गेहूँ, 14 किग्रा0 चावल व 07 किग्रा0 बाजरा) तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 03 किग्रा0 प्रति यूनिट (उपलब्धतानुसार) बाजरा चावल के स्थान पर एवं गेहूँ 02 किग्रा0 प्रति यूनिट (कुल 05 किग्रा0 खाद्यान्न) का निःशुल्क वितरण किया जाएगा एवं समस्त अन्त्योदय कार्डधारकों को माह जनवरी, फरवरी व मार्च 2025 त्रैमास के सापेक्ष आवंटित 03 कि0ग्रा0 चीनी प्रतिकार्ड 18 रू0 प्रति कि0ग्रा0 की दर से (अर्थात 54 रू0 में 03 कि0ग्रा0) उपलब्ध कराया जाएगा।जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह के आदेशानुसार पर उचित दर दुकानवार नोडल अधिकारी की ड्यूटी लगाई गयी है।

जिनके द्वारा निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण अपनी उपस्थिति में कराया जाएगा। उक्त वितरण चक के दौरान जिन कार्डधारकों के किसी कारणवश अंगूठा /अंगुली ई0पॉस मशीन में मैच नहीं हो पाती है, तो उन्हें ई0पॉस मशीन के माध्यम से मोबाइल ओ0टी0पी0 सत्यापन द्वारा वितरण की अन्तिम तिथि अर्थात् 25 जनवरी 2025 को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में राशन कार्डधारकों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन कर सकेंगे। अन्त्योदय कार्डधारकों को चीनी के सम्बन्ध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे।

## पीडीए को लेकर नगला मोहन में किया गया कार्यक्रम आयोजित



लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** अलीगंज में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पीडीए को लेकर जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम वासियों को पीडीए के बारे में बताया गया और जागरूक किया गया। संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सचिव विनोद फौजी द्वारा किया गया। अलीगंज के गांव नगला मोहन में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी द्वारा पीडीए को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यशवीर सिंह सिंह पाल ने की। बैठक में आगामी चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाध्यक्ष परवेज जुबैरी ने बताया कि आगामी चुनावों में जनता के सहयोग से हम साम्प्रदायिक ताकतों को हराने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बैठक में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। गांव गांव जाकर पार्टी की नीतियों के बारे में लोगों को अवगत कराये। बैठक में जिला अध्यक्ष परवेज जुवेरी, भूपेंद्र प्रजापति महासचिव, विनोद जिला पंचायत सदस्य, विनोद फौजी प्रदेश सचिव, हरीकिशन राजपूत विधानसभा अध्यक्ष, सत्यदेव सिंह, राम प्रकाश महा सचिव, जितेन्द्र सिंह नगर अध्यक्ष, राज बहादुर ब्लॉक अध्यक्ष, सुरेन्द्र कोषा अध्यक्ष, अतर सिंह संतोष कुमार, गिरीश चंद्र सर्वेश कुमार आदि सैनिक प्रकोष्ठ के साथी शामिल हुए।

## आयोजित किया गया होली मिलन समारोह

देव मणि शुक्ल



**नोएडा।** ईडब्ल्यूएस पॉकेट 7 सेक्टर 82 में आरडब्ल्यूए द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे ने पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम में पधारे फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, थाना फेस टू प्रभारी विंध्याचल तिवारी, चौकी प्रभारी राधेश श्रीवास्तव को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। पॉकेट वासियों ने फूलों से होली खेलकर एवं एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। होली मिलन समारोह में प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल किया गया। सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई और गले मिलकर भाईचारे एवं प्रेम का संदेश दिया। इस दौरान होली के गीतों पर पॉकेट वासी जमकर थिरके। समस्त पॉकेट वासी होली के रंग में सराबोर नजर आए इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे ने कहा कि होली हमें आपसी भाईचारे एवं प्रेम का संदेश देती है। विविधता में एकता का रूप होली में दिखाई देता है। होली एक ऐसा त्यौहार है जहां ऊंच, नीच , अमीर गरीब , जाति पांत के सभी बंधन टूट जाते हैं और सभी एक ही रंग में रंग जाते हैं वह है प्रेम का रंग। आओ सभी मिलकर ऐसे होली का त्यौहार मनाएं जहां ना ईर्ष्या हो, ना भेदभाव हो, ना कोई व्यसन हो। इस अवसर पर फोनरवा के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने कहा कि होली का पावन पर्व हमारे संस्कारों की पूंजी है। विविध रंग हमें अनेकता में एकता का संदेश देते हैं। प्रेम के पावन पुनीत पर्व की सभी को बधाई। इस मौके पर फेज टू प्रभारी विंध्याचल तिवारी ने कहा कि सुरक्षित ढंग से होली का त्यौहार मनाएं। होली मिलन समारोह में सुशील शर्मा, महासचिव बंटी कुमारी, उपाध्यक्ष रवि राघव, कोषाध्यक्ष सुशील पाल, गोरे लाल, उत्तम चंद्रा,विकास कुमार, रमेश शर्मा, धीरज कन्याल, दीपक तिवारी, संजय पांडेय, देवमणि शुक्ल, गुड्डू चौधरी, रमेश वर्मा, देवेंद्र गुप्ता, हनुमान कुमार, रमेश गुप्ता, विकास शर्मा, विष्णु शर्मा, हंसमणि शुक्ल, टोनी कपूर, शिवव्रत तिवारी, शिव कुमार, सुभाष शर्मा, पप्पू सिंह, अंगद सिंह तोमर, रविन्द्र कुमार, प्रकाश जोशी, बीड़ी गुप्ता, नवल मिश्रा, जूली चौधरी, अनूप सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रशांत पाठक, अनिल कुमार शर्मा,नीरज शर्मा, रश्मि राघव, ललिता तोमर, मंजू वर्मा, विभा शुक्ला, भावना पाण्डेय, शिप्रा सिंह, अंशू, प्रिया, शीतल, वर्षा सिंह, लक्ष्मी पाल सहित तमाम सेक्टरवासी मौजूद रहे।

## महामंडलेश्वर की घोषणा, जंतर-मंतर पर मौलाना मदनी के साथ मनाएंगे होली



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर और श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने शिवशक्ति धाम डासना से एक वीडियो जारी करके मौलाना मदनी और उसके समर्थकों को चुनौती दी है। महामंडलेश्वर ने कहा कि मुसलमानों के बाप दादा अपना हिस्सा लेकर पाकिस्तान जा चुके हैं। हिंदुओ के पूर्वजों ने अपने हिस्से की जमीन पर यहां अपनी अज्ञानता जनित सद्भावना के कारण मुसलमानों को यहां रख लिया था। परंतु अब अपनी वह इस बचे हुए भारत पर भी कब्जा करना चाहते हैं। उन्होंने वीडियो में कहा है कि हिंदुओं के पवित्र त्यौहार होली से एक दिन पहले जंतर-मंतर को शाहीन बाग बनाने की कोशिश करके मौलाना मदनी और उसके साथियों ने अपने इरादे जाहिर कर दिए हैं। शाहीन बाग में जिस तरह से सरकार को डरा दिया गया, अब वो ही प्रयोग मौलाना मदनी दोबारा करना चाहते हैं पर अब ये संभव नहीं है। दिल्ली सरकार इनकी तादात से डर कर कहीं वक्फ बोर्ड पर हो रहे संशोधन के मामले में कोई समझौता न कर ले, इसलिए वहां हमारा होना बहुत जरूरी है और हम वहां बहुत ही शांतिपूर्वक तरीके से विरोध करेंगे। इस बार हमारी होली जंतर-मंतर पर ही मनाई जाएगी। उन्होंने 13 मार्च को दिल्ली जंतर-मंतर पर आने और इनकी गुंडागर्दी का विरोध करने का आह्वान किया।

## वीडियो ने खोली सकरौली में विकास कार्यों की पोल

ग्रामीणो ने शासन-प्रशासन से की विकास कार्यो की तकनीकी जांच की मांग

लोकमित्र ब्यूरो




**जलेसर/एटा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहाँ प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाये जाने को लेकर प्रयासरत हैं वही जलेसर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में विकास के नाम शासन से आयी धनराशि का ग्राम प्रधानों और पंचायत सचिवों द्वारा विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से विकास की जगह बन्दरबाँट हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल प्राथमिक विद्यालय व आंगनवाड़ी केन्द्र की वीडियो ने ग्राम पंचायत सकरौली में विकास के नाम हुए बडे भृष्टाचार की पोल खोल दी है। ग्राम पंचायत के उपग्राम महापुर के बाद अब उपग्राम धर्मपुर के निवासियों में भी पंचायत सचिव व प्रधान को लेकर आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने विकास कार्यों की तकनीकी जांच कराये जाने की मांग की है। गांव धर्मपुर के तुर्रम सिंह राजपूत,सीमा देवी, भूरी देवी,अनीता देवी, मीरा देवी, बच्चू सिंह,राहुल कुमार, बन्टू सिंह, अरविन्द कुमार, किशन स्वरूप सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा वायरल वीडियो के साथ बताया गया है कि गांव के प्राथमिक विद्यालय एवं लर्निंग लैब आंगनबाड़ी केंद्र के विकास के नाम पर हुए भ्रष्टाचार हुआ हैं।

आंगनबाड़ी केंद्र में रनिंग वॉटर के नाम पर भी घोटाला हुआ है। छत पर रखी टंकी में पानी का कनेक्शन नहीं हुआ है। टोंटियों का चोरी होने दर्शा दिया गया है। शौचालय भी आधे अधूरे पड़े हुए हैं। जिनके आजतक ताले ही नहीं खुले हैं। आंगनबाड़ी केंद्र के प्रांगण में इंटरलॉकिंग की जगह जंगल झाड़ी खड़ी है। बाउंड्री की पीछे की ओर अभी तक प्लास्टर नहीं हुआ है। आंगनबाड़ी केंद्र में मिट्टी पड़ने की जगह के गड्ढे बने हुए हैं। कमोवेश यही हाल प्राथमिक विद्यालय के सौन्दर्यीकरण एवं इंटरलाकिंग का है। जहाँ आज भी प्रांगण में गड्ढे बने हुए हैं। प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र के बाहर की इंटरलॉकिंग को पीएमजीएसवाई के अन्तर्गत बनबाया गया है। जबकि ग्राम पंचायत अपने द्वारा बता रही है। ग्रामीणों ने बताया कि विकास के नाम पर हुए भृष्टाचार को लेकर तहसील व जिला प्रशासन को पहले ही शिकायती पत्र दिये जा चुके है। अब मुख्यसचिव व कमिश्नर को शिकायती पत्र भेज कर ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यो की तकनीकी जांच कराये जाने की मांग की गयी है। खण्ड विकास अधिकारी पीएस आनन्द ने बताया कि मामला संज्ञान में है।

## आयोजित द्वितीय उत्तराखंडी होली मिलन समारोह



देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** उत्तराखंडी संस्कृति, संगीत और परंपराओं के रंग में सराबोर एक अविस्मरणीय शाम साबित हुआ।

उत्तराखंड की लोकसंस्कृति को समर्पित इस कार्यक्रम में प्रवासी उत्तराखंडियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। आयोजन में उत्तराखंडी लोकगीतों, पारंपरिक व्यंजनों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। श्री राम पर्वतीय लोक कलामंच के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत होली गीतों ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया इस भव्य आयोजन में उपस्थित सभी उत्तराखंडी भाई-बहनों ने अपने राज्य की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को आत्मसात किया। यह कार्यक्रम आप सभी की सहभागिता और सहयोग से ही सफल हो पाया।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी महिलाओं द्वारा अटल प्रयास किया गया और उसकी जितनी सराहना की जाए वह कम है। आयोजकों में दीपक पंत, विकास भट्ट, रजनीश भंडारी, पारस जोशी, मनोज उप्रेती, सोमिल बेलवाल, हरिश दुर्गापाल, राकेश मनराल, हरीश कन्याल, पंकज उपरेती, गोपाल बिष्ट, आरुल उपाध्याय, प्रदीप सिरोला, गणेश शाही, विवेक डबराल, अनुराग बिष्ट , कवीन सिंह चौहान, जयपाल सिंह, आशिष साह, जे एस कंडारी आदि शामिल रहे।

## व्यापार मंडल द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित

देव मणि शुक्ल




**नोएडा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के द्वारा सेक्टर 22 के कम्युनिटी सेंटर में रंगारंग कार्यक्रम के साथ भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर फूलों की होली खेली गई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और राधा कृष्ण पर आधारित झांकियां प्रस्तुत की गई कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की गई एवं छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए होली के मधुर गीतों को प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत फेलिक्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉक्टर डीके गुप्ता जी ने आशीर्वचन देकर होली की शुभकामनाएं दी एवं संस्था के हृष्टक्र अध्यक्ष श्री सुनील गुप्ता जी ने अस्वस्थता के कारण घर से वीडियो कॉल करके उपस्थित सभी लोगों/संस्था के पदाधिकारियों को होली की शुभकामनाएं दीं मंच का संचालन वरिष्ठ महासचिव अमित अग्रवाल द्वारा किया गया! आए हुए सभी अतिथियों का अंग वस्त्र पहनाकर एवं सम्मान प्रतीक द्वारा संस्था के अध्यक्ष सुधीर चंद पोरवाल, वरिष्ठ महासचिव अमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, संरक्षक राज कुमार गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, सत्यनारायण गोयल एवं मूल चंद्र अवाना, संगठन महामंत्री फूल सिंह यादव, संयोजक विधि प्रकोष्ठ मनोज गुप्ता एडवोकेट, महासचिव अमित पोरवाल एवं राहुल भाटिया, उपाध्यक्ष गोविन्द अग्रवाल विक्रम सेठी, डॉ जे एस वेदी, सचिव सुनील वर्मा, धर्मवीर बंसल एवं सुरेन्द्र गर्ग के द्वारा किया गया एवं वंदना शर्मा ने चंदन टीका लगाकर सभी को होली की शुभकामनाएं दीं! इस अवसर पर मुख्य अतिथि नोएडा के विधायक पंकज सिंह, अति विशिष्ट अतिथि पुलिस प्रशासन एसीपी द्वितीय राकेश प्रताप सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजय वाली , अ. भा. अ. वैश्य मित्र मंडल के अध्यक्ष राधा कृष्ण गर्ग ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं! विशेष आमंत्रित अतिथि संजय गोयल, मनोज गोयल, पुनीत गर्ग, सेक्टर 22 आर डब्ल्यू ए अध्यक्ष मदन शर्मा, संरक्षक रवि शर्मा, रणपाल अवाना, तरुण राज, मुकुल वाजपेई, राज कुमार अग्रवाल, संदीप गर्ग, हीरा लाल, कृष्णा साह, सरोज गुप्ता,अजय बाटला, कैलाश साह, तुषार गोयल,लक्ष्मण धस्माना, रवि विश्वकर्मा, डी एस कटोच, प्रतुल पांडे, पवन शर्मा, सुशील राणा, अन्नू गिरी, पारुल वत्रा, मंजू , कनकलता पोरवाल, निमिषा नेगी, योगिता मल्होत्रा, पूजा अवाना, अंजू चौहान , सोना चौधरी, मधु सिंह, ज्योति पोरवाल, रूबी पोरवाल, रितु पोरवाल, आदि सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा फूलों की होली खेल एवं नाच गाकर एक दूसरे को बधाइयां देते हुए होली के पर्व को पूरे हर्षो उल्लास के साथ मनाया ! संस्था के अध्यक्ष सुधीर चंद पोरवाल ने समारोह की समाप्ति पर संस्था के कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं व्यापारी समाज के लिए संस्था के द्वारा जो कार्य शासन स्तर से किए जा रहे हैं। सभी अतिथियों, पुलिस प्रशासन, पत्रकार बंधुओं आर डब्ल्यू ए पदाधिकारी का उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के रंगो उत्सव समारोह में पधार कर उत्सवर्धन करने के लिए धन्यवाद दिया।

## एक मद्यनिषेध प्रदर्शनी व एक मद्य निषेध संगोष्ठी का किया गया आयोजन




लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय बहादुरगढ़ एटा में एक मद्यनिषेध प्रदर्शनी व एक मद्य निषेध संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें छात्र/छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया संगोष्ठी में जिला मद्य निषेध अधिकारी एटा भूपेश कुमार उपस्थित रहे जिनके द्वारा बताया गया कि नशा हमारे देश की प्रगति में बाधक बन रहा है। अतः इसको समूल उखाड़ फैकना आवश्यक है। एवं नशा युवा वर्ग को अपनी चपेट में ले रहा है। जिससे युवा वर्ग की आर्थिक स्थिति व सामाजिक स्थिति का पतन हो जाता है। संगोष्ठी में मुख्य रूप से श्रीमती माला यादव प्रभारी प्रधानाध्यापिका श्रीमती अनीता रानी सहायक अध्यापक श्रीमती पूजा संहायक अध्यापक एवं श्रीमती सीता सहायक अध्यापक उपस्थित रहे। बीच-बीच में मद्य निषेध साहित्य का वितरण किया गया एवं नशा के विरूद्ध शपथ ग्रहण करायी गयी।

## जीवन भर की जमापूंजी बिल्डर को देने के बाद भी ठगे गए बायर्स

रेरा, प्राधिकरण हर जगह शिकायत देने के बाद भी जारी है बिल्डर की मनमानी

देव मणि शुक्ल




**नोएडा।** डब्ल्यू टीसी प्रोजेक्ट के बायर्स ने आज नोएडा मीडिया क्लब के एक प्रेसवार्ता कर जानकारी दी है। यमुना एक्सप्रेस एवं डब्ल्यू टीसी सीबीडी सेक्टर -132 में है, उसके डब्ल्यूटीसी नोएडा डायरेक्ट आशीष भल्ला ने लगभग 5000 करोड़ रुपए और 20,000 ख़रीदार एवं इन्वेस्टर को धोखा किया हैं। डब्ल्यूटीसी नोएडा के मालिक आशीष भल्ला आदतन अपराधी हैं और उन्होंने 2010 से पहली कंपनी एएन बिल्डवेल के साथ धोखाधड़ी शुरू कर दी थी। आशीष भल्ला का काम करने का तरीका यह है कि वह डब्ल्यूटीसी एसोसिएशन यूएसए से फ्रेंचाइजी लेता है, मुख्य रूप से भारत में इनवेस्टर क्लीनिक और विदेशों में स्क्वायर यार्ड और उनके विभिन्न बिक्री एजेंटों बेचता से है क्योंकि प्रॉपर्टी एजेंट डब्ल्यूटीसी नोएडा परियोजनाओं को डब्ल्यूटीसीए यूएसए परियोजनाओं के रूप में बेचता है और खरीदारों से भारी प्रीमियम लेता है और डब्ल्यूटीसी नोएडा आशीष भल्ला प्रॉपर्टी एजेंटों को भारी कमीशन देता है। यदि हम डब्ल्यूटीसीए यूएसए को लिखते हैं, तो वे हमें बताता है डब्ल्यूटीसी नोएडा उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है, जबकि कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के अनुसार डब्ल्यूटीसीए यूएसए और डब्ल्यूटीसी नोएडा (वेरिडन रेड) के बीच कोई संबंध नहीं है लेकिन आशीष भल्ला कभी भी कोई प्रोजेक्ट पूरा नहीं करता हैं और खरीदारों का सारा पैसा उनकी शेल कंपनियों में जमा कर दिया हैं। डब्ल्यूटीसी नोएडा आशीष भल्ला के खिलाफ विभिन्न भारतीय अदालतों में कई कानूनी मामले हैं। इस प्रोजेक्ट में अब भूतनी ग्रुप ने शेयर खरीद कर एक और बड़े फ्रॉड को अंजाम देने की भूमिका तैयार की जा रहीं हैं, भूटानी डब्ल्यूटीसी नोएडा परियोजना को भूटानी अल्फातम परियोजना में बदलने की पेशकश कर रहे हैं, जहां ओसी प्राप्त नहीं हुआ है और 10,000 पीएसएफ की दर मांग रहे हैं।

## ड्रमों में भरकर नगर निगम का डीजल चोरी करते मिले कर्मचारी

लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** नगर निगम के वाहनों के लिए मिलने वाले डीजल को कर्मचारी चोरी कर रहे थे। एक ही दिन में दो लाख का डीजल चोरी किया जा रहा था। इसके लिए बाकायदा गाड़ी लगाई गई थी। इसका पता चलने पर अफसरों ने टीम भेजकर जांच कराई तो कर्मचारी रंगे हाथों पकड़े गए।नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के आधार पर नंदी गोशाला स्थित पेट्रोल पंप पर तैनात सुपरवाइजर संजय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पंप से निगम के वाहनों में डीजल भरवाने के लिए ठेके पर रखे गए दो कर्मचारी सत्येंद्र तोमर और सत्येंद्र पोद्दार की सेवा समाप्त कर दी गई है। जोनल सेनेटरी ऑफिसर ओमपाल और डीजल का हिसाब रखने वाले लिपिक से जवाब तलब किया गया है। उन्होंने बताया कि डीजल चोरी की जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर दी गई। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जांच में यह भी पता चल जाएगा कि डीजल की चोरी कब से की जा रही थी।

इस चोरी का खुलासा पूर्व पार्षद ललित कश्यप से मिली शिकायत की जांच कराने पर हुआ। ललित ने रविवार की सुबह ही महापौर सुनीता दयाल को फोन करके बताया था कि नगर निगम के वाहनों को मिलने वाले डीजल को चोरी किया जा रहा है। कर्मचारियों ने अपना वाहन लगा रखा है। निगम के वाहनों के बजाय डीजल ड्रमों में भरा जाता है।इसे वाहन के अंदर रखकर दूसरे पेट्रोल पंप पर ले जाकर बेच दिया जाता है। वाहन पर नगर निगम लिखा हुआ है ताकि किसी को चोरी का पता न चले। डीजल चोरी लंबे समय से की जा रही है। महापौर लखनऊ में थीं। उन्होंने निगम के अधिकारियों को सूचना दी। नगर आयुक्त ने अफसरों की टीम भेजकर जांच कराई।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला समाजसेवी को किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो




**अलीगंज/एटा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला व समाजसेवियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नारी सशक्तिकरण पर बल दिया गया और महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए जागरूक किया गया। शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कलक्ट्रेट सभागार में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला व समाजसेवी महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला आयोग की अध्यक्ष ने नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर बल दिया। महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री डीपी भारती, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप जैन, सीडीओ डॉ. नागेंद्र नारायण मिश्र आदि ने संयुक्त रूप से मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री डीपी भारती, भाजपा जिला महामंत्री आशीष राजपूत, जिला अध्यक्ष संदीप जैन, महिला आयोग अध्यक्ष डॉ बबीता चौहान, डॉली सक्सेना नीतू चौहान लता सिंह मंजू वर्मा मनीष जैन आदि उपस्थित रहे।प्रदेश मंत्री डीपी भारती यह दिन उनकी मेहनत, समर्पण, संघर्ष और सम्मान का प्रतीक है। एक महिला अपने जीवन में कई सारे उतार-चढ़ावों से गुजरना पड़ता है। बावजूद इसके हर मुश्किलों को पार कर वह अपनी सभी जिम्मेदारियां को बखूबी निभाती हैं। हम सभी के जीवन में कोई न कोई महिला खास होती है। एक महिला मां, बहन, बेटी, पत्नी या दोस्त के रूप में आपके जीवन में अहम भूमिका निभाती है। जिला महामंत्री आशीष राजपूत नें बताया कि नारी सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं बल्कि एक क्रांति है, जो समाज में महिलाओं को समानता, स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता बनाती है। पंखों में ही शक्ति नहीं होती, हौसलों से उड़ान होती है नारी जब ठान ले कुछ, तो हर मुश्किल आसान हो जाती है। अगर नारी चाहे तो कोई भी मुकाम हासिल कर सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अमेठी ,गौरीगंज।** ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू की है। बीते रविवार की देर शाम थाना क्षेत्र गौरीगंज के टिकरिया रेलवे क्रासिंग से लगभग 500 मीटर गौरीगंज की तरफ रेलवे ट्रैक पर एक युवक किसी ट्रेन से कट गया। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया। वहीं सोमवार की सुबह मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मृतक की पहचान गौरीगंज कस्बे के कटरा लालगंज निवासी 45 वर्षीय कमलेश यादव पुत्र राम आसरे के रूप में की। मृतक के पिता के मुताबिक कमलेश ई-रिक्शा चलाता था। वह रविवार की रात घर नहीं लौटा था। एसएचओ श्याम नारायण पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच की जा रही है।

### श्रीमद्भागवत महापुराण कथा मे श्रोताओ की उमडी भीड़

**अमेठी।** श्रीमद्भागवत महापुराण संगीतमय कथा मे श्रोताओ की भीड उमड पडी। कथा व्यास आचार्य महराज ने सोमवार को वृन्दावन मे गोवर्धन पूजा पर कथा सुनाई। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओ पर चर्चा की। पूतना की कथा सुनाई। इस महोत्सव मे ब्राह्मणो मे संस्कार के गिरवाट पर चर्चा की। यज्ञोपवीत अब नही होता है। बच्चो मे पाश्चात्य सभ्यता की ओर बढ रहे है। बच्चे जनेऊ धारण नही कर रहे है। गुरु की महत्ता पर प्रकाश डाला। माता पिता को धर्म बताया। गुरु की कृपा सदैव बनी रहे। गुरु के रहते अमंगल नही होता। परिवार की रक्षा सदैव होती है। मुख्य यजमान कैलाश नाथ मिश्र,सपरिवार ने भोग भगवान को लगाये। इस अवसर पर कार्यक्रम मे क्षेत्र के सैकड़ो ग्रामीण, आदि मौजूद रहे।

### तमंचा और कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**अमेठी।** जिले में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में 10.03.2025 को उ0नि0 मंजीत सिंह थाना अमेठी मय हमराही द्वारा अभियुक्त अमित सिंह पुत्र राजेश सिंह उर्फ राजकुमार निवासी ग्राम शहरी थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब 21 वर्ष को समय करीब 08:02 बजे सुबह में गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा व 01 जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### युवा सपा नेता ने अग्निपीडितों को राहत सामग्री प्रदान की



**बांगरमऊ,उन्नाव।** युवा सपा नेता इमरान सिद्दीकी ने क्षेत्र के ग्राम खैरूद्दीनपुर का दौरा किया। यहां श्री सिद्दीकी ने अग्नि पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें राहत सामग्री वितरित की। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व क्षेत्र के ग्राम खैरुद्दीनपुर मे अचानक आग लग गई थी। जिससे लगभग 20 परिवारों की गृहस्थी जलकर राख हो गई थी। युवा सपा नेता इमरान सिद्दीकी रविवार को अग्नि प्रभावित गांव पहुंचे। यहां पर उन्होंने अग्नि पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें राहत सामग्री वितरित की तथा आर्थिक सहायता भी की। श्री सिद्दीकी के साथ जीशान खान, पवन गौतम, निर्मल निषाद, सुनील गौतम, श्याम द्विवेदी, देवी चरण निषाद व अर्पित सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। मालूम हो इसके पूर्व सपा की राष्ट्रीय सचिव, पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने भी अग्नि पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की थी।

### सप्त दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन




**जगदीशपुरअमेठी।** हफ्तों से चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का समापन समारोह मधुर गीतों के साथ सम्पन्न हुआ जिसमे छात्र छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया। जगदीशपुर जायस रोड पर स्थित राजा कान्ह पीजी कालेज जगेसरगंज मे हफ्तों से आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर मे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमे प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लाल शीतला शरण सिंह रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता अहद इन्टर कालेज के प्राचार्य शीतला बख्श सिंह ने किया। समारोह का समापन विदाई गीत के साथ संपन्न हुआ डॉक्टर चंद्र प्रकाश पाण्डेय ने आए हुए अतिथियों का स्वागत सत्कार करते हुए शिविर के समापन की औपचारिक घोषणा के बाद कार्यक्रम समाप्त हो गया। इस अवसर पर प्रबंधक डॉक्टर एसपी सिंह,डॉक्टर राजकरन सिंह, डॉक्टर चंद्र शेखर सिंह, अरूण प्रताप सिंह, नीरज तिवारी, रमाशंकर तिवारी, सोहन सिंह, उदयभान सिंह, रेनू पाण्डेय, पुष्पांजलि सिंह, हरिश्चंद्र राठौर, प्रमोद कुमार शर्मा, राधा रमन पाण्डेय समेत समस्त कालेज स्टाफ मौजूद रहा।

### 33 केवी लाइन का जंफर उड़ने से पांच घंटे गुल रही बिजली



**शुक्लागंज, उन्नाव।** विद्युत विभाग द्वारा 33 केवी त्रिभुवन खेड़ा सबस्टेशन के लिए कई दिनों से डबल लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। सोमवार को भी तार बिछाने का कार्य शुरू करने के लिए सुबह 5 बजे से 7 बजे तक शुक्लागंज सबस्टेशन, गंगाघाट टाउन और त्रिभुवन खेड़ा सबस्टेशन की आपूर्ति बंद रही। कार्य पूरा होने के बाद करीब 7:30 बजे आपूर्ति बहाल कर दी गई, लेकिन मसवासी के पास 33 केवी लाइन का जम्पर उड़ गया, जिससे पूरे शहर की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। लाइन स्टाफ मरम्मत कार्य में जुट गया, जिसके बाद दिन में करीब 10:30 बजे बाधित सबस्टेशनों की आपूर्ति बहाल हो सकी। लगभग पांच घंटे तक बिजली गुल रहने से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की लगभग तीन लाख से अधिक आबादी प्रभावित हुई। हजारों घरों में लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ा। विद्युत विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि डबल लाइन बिछाने का कार्य तेजी से चल रहा है। जम्पर उड़ने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी, लेकिन हमारी टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आपूर्ति बहाल कर दी। उन्होंने जनता से असुविधा के लिए खेद जताया। स्थानीय लोगों ने बिजली गुल रहने से हुई असुविधा पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली की बार-बार कटौती से उन्हें काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने विद्युत विभाग से बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाने की मांग की।

# पत्रकार की नृशंस हत्या से आक्रोशित पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को भेजा 6 सूत्रीय ज्ञापन

संवाददाता शिव कुमार तिवारी



**अमेठी।** सीतापुर जिले के महोली कस्बे में पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की निर्मम हत्या से प्रदेशभर के पत्रकारों में आक्रोश है। अमेठी के पत्रकारों ने इस वीभत्स घटना के खिलाफ प्रेस क्लब अध्यक्ष शीतला मिश्रा के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को 6 सूत्रीय ज्ञापन भेजा।

पत्रकारों ने इस कायराना हत्या की कड़ी निंदा करते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की।ज्ञापन में मांग की गई कि इस जघन्य हत्याकांड की सीबीआई जांच कराई जाए ताकि साजिशकर्ताओं का भी पर्दाफाश हो।साथ ही, दोषियों को कड़ी सजा दिलाने, पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा सुरक्षा के मद्देनजर परिवार को शस्त्र लाइसेंस जारी करने की मांग की गई। प्रेस क्लब ने प्रदेशभर में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कानून बनाने और सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को इस संबंध में कड़े निर्देश जारी करने की अपील की। इसके अलावा, पत्रकारों को आत्मरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस दिए जाने की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने हेतु सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने की भी मांग रखी गई। प्रेस क्लब अध्यक्ष शीतला मिश्रा ने जिलाधिकारी अमेठी से जिले के पत्रकारों को शस्त्र लाइसेंस जारी करने की सिफारिश की, जिस पर जिलाधिकारी निशा अनंत ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

ज्ञापन सौंपने के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में दिवंगत पत्रकार की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर महामंत्री योगेन्द्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष विशम्भर तिवारी, मोहम्मद तौफीक, संजय सिंह, कंचन सिंह, डॉ. नृपेन्द्र त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी रणदीप सिंह, रमन पांडेय, सचिन मौर्य, लक्ष्मीकांत, सर्वेश श्रीवास्तव, अध्यक्ष प्रेस क्लब मुसाफिरखाना, के.के. सिंह, अनिल भदौरिया, सी.पी. मौर्य, अनिल तिवारी, नौशाद अहमद, हम्माद सिद्दीकी, आदित्य शुक्ल, उदयभान तिवारी, नूर आलम सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन हॉस्पिटल का सदर विधायक पंकज गुप्ता ने किया निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** स्वास्थ्य सेवाओ को लेकर बीमारियो के उपचार हेतु शहर के मोहल्ला शिवनगर में 15 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन 50 बेड के हॉस्पिटल का सदर विधायक पंकज गुप्ता ने निरीक्षण किया गया। बताते चले कि इस हॉस्पिटल के निर्माण की मांग सदर विधायक द्वारा मुख्यमंत्री से अनवरत् किये जाने व विधानसभा कार्यवाही में लाये जाने पर स्वीकृति प्रदत्त हुई थी जिसका निर्माण कार्य तीव्रगति से जारी है।

आज भवन की छत पड़ने पर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने पहुंचकर पूजा कर छत में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता परखते हुये कार्यदायी संस्था को गुणवत्तापूर्ण कार्य सम्पन्न कराने की हिदायत दी।

उन्होने कहा कि यह बेहद जन उपयोगी कार्य है इस कार्य की महत्ता व आवश्यकता को देखते हुये समय-समय पर निरीक्षण कर समयबद्ध ढंग से गुणवत्ता पूर्ण कार्य सम्पन्न करने हेतु कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया जा रहा है। उन्होने कहा कि इस हॉस्पिटल के निर्माण से गम्भीर बीमारियो के इलाज में जनपद के लोगो को खासा लाभ प्रदान होगा। इस मौके पर उनके साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सभासद प्रतिनिधि नवीन सिंह व कार्यदायी संस्था के लोग मौजूद रहे।

## पुलिस द्वारा किया गया फ्लैग मार्च

**अमेठी।** जनपद में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद के थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में और अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार द्वारा शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा मिशन शक्ति नारी सुरक्षानारी सम्माननारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं बालिकाओं एवं आमजन मानस में सुरक्षा व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ कस्बा मुसाफिरखाना में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्चपैदल गश्त किया गया तथा मुख्य मार्गों एवं चौराहों आदि पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, वाहनों तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई तथा वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से वार्ता की गई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह व अन्य अधिकारीकर्मचारीगण मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई आंगनबाड़ी चयन प्रक्रिया पूर्ण



लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तो वहीं बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद के 13 परियोजनाओं में रिक्त 427 पदों के सापेक्ष 409 पदों पर चयन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से नियमानुसार, निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से पूरी प्रक्रिया पूर्ण की गई है।

चयन के उपरांत चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सूची जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय व संबंधित विकासखंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा करा दिया गया है।

## पत्रकार की निर्मम हत्या के विरोध में एसडीएम को दिया ज्ञापन



लोकमित्र ब्यूरो

**रामनगर, बाराबंकी।** जनपद सीतापुर के महोली तहसील के दैनिक जागरण के संवाददाता राघवेंद्र बाजपेई की निर्मम हत्या पर जनपद बाराबंकी की तहसील रामनगर के दर्जनो पत्रकारों ने इसे बहुत ही कायराना कृत्य करार देते हुए रविवार को 2 मिनट का मौन धारण कर शोक संवेदना व्यक्त किया था। सोमवार को रामनगर तहसील के सभी पत्रकार एकजुट होकर मुख्यमंत्री महोदय उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी रामनगर कार्यालय पहुंचकर न्यायिक तहसीलदार महिमा मिश्रा को सौपा।

ज्ञापन मे कहा गया है कि जनपद सीतापुर के महोली क्षेत्र के दैनिक जागरण पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की निर्मम हत्या पर तहसील रामनगर बाराबंकी के पत्रकार क्षुब्ध हैं ।भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इस लिए पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई के हत्यारों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। पत्रकार की पत्नी को सरकारी नौकरी दी जाए तथा बच्चों व परिवार की सुरक्षा की जाए। पीड़ित पत्नी को सरकार के द्वारा एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। पीड़ित सहमे पत्रकार समाज की सुरक्षा संरक्षा सुनिश्चित किया जाय।उक्त मांगों का ज्ञापन तहसील रामनगर में दर्जनों पत्रकारों द्वारा तहसील के मुख्य द्वार पर न्यायिक तहसीलदार को दिया गया। इस मौके पत्रकार चंद्र प्रकाश चौरसिया, राम शंकर वर्मा, संजय तिवारी, रामकुमार मौर्य, निरंकार त्रिवेदी, अशोक कुमार सिंह, पंकज चतुर्वेदी, एसपी शुक्ला, विशाल अवस्थी, विवेक शुक्ला, मुकेश शुक्ला, हरिओम अवस्थी, आफताब आलम, तौफीक, अनूप पांडे, चैतन्य चालू, जितेंद्र मिश्रा, गौरव मिश्रा, बी त्रिपाठी, विनायक गिरी, नीरज शुक्ल सहित भारी संख्या पत्रकार मौजूद रहे।

## पत्रकार की हत्या से सनसनी, राष्ट्रीय युवा वाहिनी ने परिजनों को दिया समर्थन

लोकमित्र ब्यूरो



**अमेठी।** पत्रकारिता जगत को झकझोर देने वाली घटना में 9 मार्च 2025 को पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस निर्मम हत्या ने न सिर्फ पत्रकार बिरादरी, बल्कि पूरे क्षेत्र में आक्रोश पैदा कर दिया है। दिवंगत पत्रकार अपने पीछे 10 वर्षीय बेटा, 8 वर्षीय बेटी, पत्नी और बीमार माता-पिता को बेसहारा छोड़ गए हैं। राष्ट्रीय युवा वाहिनी के अध्यक्ष देव प्रकाश शुक्ला ने मृतक पत्रकार के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संस्था की ओर से परिवार को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी और भविष्य में भी हर संभव मदद सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, उन्होंने प्रशासन से मांग की कि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोरतम सजा दी जाए। देव प्रकाश शुक्ला ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि न्याय की इस लड़ाई में वे अकेले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय युवा वाहिनी पत्रकार समाज की सुरक्षा और न्याय के लिए पूरी ताकत से आवाज उठाएगी। इस हृदयविदारक घटना ने पत्रकार सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन इस मामले में कितनी तत्परता दिखाता है और दोषियों को कब तक कानून के शिकंजे में लाया जाता है। जनपद में भी पत्रकारों द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन दिया गया।

## प्रदेश संयोजक अजय ने किए किसान कार्यालयों के उद्घाटन



लोकमित्र ब्यूरो

**शुक्लागंज, उन्नाव।** सोमवार को किसान आंदोलन के प्रदेश संयोजक अजय अनमोल ने जनपद के मिर्जापुर, भवानी खेड़ा और आदर्श ग्राम पंचायत दुवा में किसान कार्यालयों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों के पक्ष में कृषि नीति बनाने के लिए सरकार को संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेती लगातार घाटे का सौदा बनती जा रही है और किसान कर्ज में डूबकर आत्महत्या करने को मजबूर हैं। इसलिए संसद की चुप्पी टूटनी चाहिए और किसानों के पक्ष में ठोस कृषि नीति बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव-गांव किसान कार्यालय खुलने से किसान जागरूक हो रहे हैं और अपने हक-अधिकारों के लिए नई दिशा तय कर रहे हैं। आदर्श ग्राम पंचायत दुवा के प्रधान ने किसानों को धरती का भगवान बताते हुए कहा कि किसानों की उपेक्षा करके देश का भला नहीं हो सकता। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जय प्रकाश राजपूत, जिला महासचिव प्रदीप निषाद, जिला संगत सचिव करण त्रिवेदी, तहसील अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद लोधी, विकास निषाद और जिला कार्यकारिणी सदस्य अखिलेश वर्मा ने भी किसानों को संबोधित किया।

## नवीन पुल पर पीक ऑवर में डेढ़ घंटे जाम से जूझे लोग

लोकमित्र ब्यूरो



**शुक्लागंज, उन्नाव।** सोमवार सुबह नवीन पुल पर वाहनों का भार बढ़ने के कारण जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में पुल से लेकर फोरलेन तक वाहन सवार कतारों में खड़े हो गये। मौजूद पुलिस कर्मी भी जाम हटवाने में खासे परेशान रहे। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे बालूघाट मोड़ से वाहन सवार जल्दबाजी में निकल रहे थे। जिससे एक ओर का यातायात रूक गया। आड़े तिरछे वाहन फंस गये और जाम लगना शुरू हो गया। वाहनों का अधिक भार होने के कारण नवीन पुल से लेकर फोरलेन तक दोपहिया, चौपहिया, टेंपो, ई रिक्शा, लोडर समेत अन्य वाहन कतारों में खड़े हो गये। भीषण जाम को देख गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों को सीधा कराने का प्रयास किया। इसके बावजूद जाम नहीं हटा। किसी तरह पुलिस कर्मियों ने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद वाहन आगे रेंगे। इस दौरान कानपुर ड्यूटी जाने वालों के अलावा स्कूली छात्र-छात्राएं देरी से स्कूल पहुंची। वहीं नवीन पुल, फोरलेन, मनोहर नगर, पोनी रोड पर चौतरफा जाम लगा रह। दोपहर करीब बारह बजे वाहनों का भार कम हुआ। जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

## समाज कल्याण विभाग, बना चर्चा का विषय

» प्रधान सहायक ने उनके नाम पर एक पीड़ित से 50 हजार रुपये उनके नाम से लिया था। जानकारी के बाद पीड़ित को शपथपत्र पर शिकायत प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। जिसका निराकरण कराते हुए पीड़ित को नकद वापसी के लिए मेरे द्वारा दबाव बनाया गया।

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जिला समाज कल्याण विभाग में प्रधान सहायक व जिला समाज कल्याण अधिकारी के बीच चल रहा विवाद गहराता जा रहा है। बाबू ने अधिकारी पर लोगों से रिश्वत वसूलने के दबाव का आरोप लगाया जा रहा है। तो वहीं उसके मोबाइल से अपनी पत्नी के खाते में 40 हजार रुपये भेजने का भी आरोप लगाया है। जब इस विषय पर जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज शुक्ला से बात की गई तो उनके द्वारा पूरे मामले को सिरे से खारिज किया है। जिला समाज कल्याण विभाग में कार्यरत प्रधान सहायक गोकुल प्रसाद जायसवाल व जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ला के बीच पटल को लेकर विवाद चल रहा है। जिसकी सुनवाई अगले 24 मार्च को दोबारा होनी है। प्रधान सहायक का आरोप है कि विभागीय अधिकारी नियम विरुद्ध पटल का आवंटन किया है। गोकुल का आरोप है कि अधिकारी का कहना है कि अपने पटल का काम करने के बदले लोगों से पैसा लेकर उन्हें भी दें। उन्होंने आरोप लगाया कि बीते 26 दिसंबर 2024 को जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ला ने उनका मोबाइल जबरन लेकर अपनी पत्नी डॉ. अंजू शुक्ला के खाते में 40 हजार रुपए की धनराशि दो बार मे ट्रांसफर कर लिया है। जिसकी शिकायत बाबू ने विभागीय मंत्री से भी किया है। मामले को लेकर जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज शुक्ला ने बताया कि प्रधान सहायक द्वारा लगाए गए सभी आरोप गलत हैं। प्रधान सहायक ने उनके नाम पर एक पीड़ित से 50 हजार रुपये उनके नाम से लिया था। जानकारी के बाद पीड़ित को शपथपत्र पर शिकायत प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। जिसका निराकरण कराते हुए पीड़ित को नकद वापसी के लिए मेरे द्वारा दबाव बनाया गया,किन्तु लगातार आनाकानी करते हुए गोकुल बाबू टाल-मटोल करता रहा। पीड़ित को आनलाइन वापस करने पर अड़ा रहा,किन्तु पीड़ित अपने 50000 रुपये की नकद वापसी ही चाह रहा था।अन्ततः पीड़ित को नकद वापसी कराने के उद्देश्य से गोकुल से 40000 हजार रुपये आनलाइन प्राप्त कर पीड़ित को 31दिसम्बर 2024 को मैंने कार्यालय के कर्मचारियों की उपस्थिति में नकद वापस किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधान सहायक के खिलाफ कई मामलों में भ्रष्टाचार से जुड़ी जांच चल रही है। जांचों से बचने के लिए वह उन पर फर्जी निराधार आरोप लगा रहे हैं।

## जेसीआई ने पत्रकार राघवेन्द्र की नृशंस हत्या की निंदा

» देश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग



**बाराबंकी।** जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया (रजि.) ने दैनिक जागरण के पत्रकार की नृशंस हत्या की निंदा करते हुए एक वर्चुअल बैठक का आयोजन किया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनुराग सक्सेना ने सीतापुर में दिनदहाड़े हुई दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेन्द्र वाजपेई की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा करते हुए उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी से उत्तर प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाए जाने के साथ इसे तत्काल प्रभाव से लागू किए जाने की मांग की है। उन्होने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर प्रदेश भर की पुलिस के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए जाएं। जिससे भविष्य में इस तरह के कृत्य की पुनरावृत्ति न हो।आजकल पत्रकारों के विरुद्ध फर्जी तरीके से मुकदमे लिखवाए जाने का भी प्रचलन बढ़ता जा रहा है, इस पर भी रोक लगाई जाए। यह निष्पक्ष निर्भीक पत्रकारिता के लिये बडी चुनौती है।

जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया ने मांग की है कि पत्रकारों एवं उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। राघवेन्द्र वाजपेई के हत्यारों एवं साजिश में शामिल लोगो के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए साथ ही मृतक पत्रकार के परिवार की आर्थिक सहायता शीघ्र अतिशीघ्र प्रदान की जाए। पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाए। बैठक मे उपस्थित सभी पत्रकारों ने मृतक पत्रकार की हत्या की एक स्वर में निंदा की।

गोष्ठी मे गाजीपुर से वरिष्ठ पत्रकार डॉ. ए के राय, बाराबंकी से बी त्रिपाठी एड0, प्रतापगढ से सलमान खान व आशुतोष खरे, फतेहपुर से डॉ. आर सी श्रीवास्तव,गोरखपुर से राकेश सिंह श्रीनेत्र, असम से जस्टिस विकाश कुमार, राजस्थान से राजू चारण व राकेश कुमार वशिष्ठ,बिहार से कुनाल भगत, झारखंड से अशोक कुमार सहित कई पत्रकार शामिल हुए।

## विधायक ने भारत के विश्व चैंपियन बनने का मनाया जश्न



- विधायक संजीव शर्मा ने शहरवासियों को भारत की जीत की बधाई दी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** भाजपा के महानगर अध्यक्ष शहर विधायक संजीव शर्मा तथा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष बलप्रीत सिंह ने भारत के आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का जश्न पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मनाया। उन्होंने भारतीय टीम व शहरवासियों को चैंपियंस का चैंपियन बनने की बधाई दी और कहा कि भारतीय टीम ने देश का पूरे विश्व में गौरव बढा दिया। शहर विधायक संजीव शर्मा ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष बलप्रीत सिंह व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ हुए फाइनल का आनंद लिया। जैसे ही भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष बलप्रीत सिंह जीती, संजीव शर्मा ने बलप्रीत सिंह व पार्टी कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। संजीव शर्मा ने कहा कि भारत ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया और फाइनल में न्यूजीलैंड पर शानदार जीत के साथ ही आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर पूरे विश्व में भारत का डंका बजा दिया। टीम इंडिया ने होली के पर्व को यादगार बना दिया और होली से पहले ही देशवासियों को दीपावली मनाने का मौका दे दे दिया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष बलप्रीत सिंह ने कहा कि भारतीय टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर पूरे विश्व में भारत का परचम फहरा दिया। आज भारत क्रिकेट में तो महाशक्ति है ही, साथ ही शतरंज, निशानेबाजी, एथलीट आदि खेलों में भी शानदार प्रदर्शन कर रहा है।

# महिला सशक्तिकरण की पहचान होगा आकांक्षा स्टोर

- समूह की महिलाओं को मिलेगा सशक्त मंच, उद्यमिता को लगेंगे पंख
- प्रदेश की आकांक्षा अध्यक्ष और मंडलायुक्त ने किया उद्घाटन

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखीमपुर-खीरी।** महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए लखीमपुर खीरी में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अभिनव पहल के तहत ÷आकांक्षा स्टोर÷ की स्थापना की गई, जो स्वयं सहायता समूहों (सात्व) के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। इस स्टोर का उद्घाटन उत्तर प्रदेश आकांक्षा समिति अध्यक्ष डॉ. रश्मि सिंह, आयुक्त लखनऊ मंडल डॉ. रोशन जैकब और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की छह उत्कृष्ट महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने कार्यों से अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्थापित की है। कार्यक्रम में आयुक्त लखनऊ मंडल डॉ. रोशन जैकब ने कहा कि ÷महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए आकांक्षा स्टोर एक क्रांतिकारी कदम है। यह न केवल महिला उद्यमियों को आगे बढ़ने का अवसर देगा, बल्कि स्थानीय बाजार को भी मजबूती प्रदान करेगा।

उम्मीद जताई की कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में आकांक्षा समिति का यह प्रयास निरंतर आगे बढ़ता रहेगा और महिलाओं को स्वावलंबन और आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में नए अवसर प्रदान करता रहेगा। महिलाओं को आर्थिक संबल देने की दिशा में मजबूत कदम आकांक्षा समिति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्व-रोजगार और उद्यमिता के लिए अवसर प्रदान करना है। यह समिति न केवल वित्तीय सहायता उपलब्ध कराती है, बल्कि महिला समूहों को कौशल विकास, विपणन रणनीति और आर्थिक स्थिरता की दिशा में भी मार्गदर्शन देती है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि आकांक्षा समिति महिलाओं के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए समर्पित है। इसका प्रयास है कि स्वयं सहायता समूहों को बाजार तक पहुंच और सही मूल्य मिले, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

महिला उद्यमिता को नया मंच स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को सही बाजार उपलब्ध कराने के लिए आकांक्षा स्टोर एक महत्वपूर्ण पहल है।

### महिला सशक्तीकरण की ओर मजबूत कदमः रश्मि सिंह

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप्र की आकांक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ रश्मि सिंह ने कहा कि लखीमपुर खीरी की महिलाएं अब अपने उत्पादों को बेहतर मंच पर प्रदर्शित कर सकेंगी और रोजगार के नए अवसर प्राप्त करेंगी। आकांक्षा समिति का यह प्रयास महिला उद्यमिता को नया आयाम देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। आकांक्षा स्टोर महिलाओं के लिए नए दरवाजे खोलेगा और उनके सपनों को साकार करने में सहायक सिद्ध होगा। मुझे यहां आकर गर्व की अनुभूति अनुभव हो रही है। उन्होंने आकांक्षा समिति लखीमपुर खीरी के महिला कल्याण, महिला सशक्तिकरण, विकास में महिलाओं की भूमिका के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। यहां की समूह की महिलाएं विकास की गति के साथ आगे बढ़े। मुझे खुशी है कि एक छत के नीचे एक साथ कई समूह को समायोजित होते हुए देखना, जहां उनके सारे सपने पूरे हो रहे हैं। उन्होंने लखनऊ में आयोजित आकांक्षा हॉट कार्यक्रम में समूह से जुड़ी महिलाओं की संस्मरण सुनाया। उन्होंने कहा कि आकांक्षा स्टोर में उपलब्ध उत्पादों की गुणवत्ता को प्रभावित होकर कई उत्पादों की खरीद की। इस आकांक्षा स्टोर में असीम संभावनाएं है। इसकी आवाज और आग़ाज़ बहुत दूर-दूर तक जाएगी।

अब तक जिले में कोई ऐसा प्लेटफार्म नहीं था, जिससे महिलाओं को अपने उत्पादों के सही दाम मिल सकें। यह स्टोर स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी मदद करेगा।

**सीएलएफ को स्टोर संचालन की जिम्मेदारी:** दोनों अतिथियों ने आकांक्षा समिति की भूमिका, आकांक्षा स्टोर की वर्किंग, सीएलएफ की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान डीएम ने बताया कि आकांक्षा स्टोर के संचालन की जिम्मेदारी विकास प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति (सीएलएफ) को सौंपी गई है। स्टोर दो शिफ्टों में संचालित होगा। प्रथम शिफ्ट~ सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक। द्वितीय शिफ्ट~दोपहर 3 बजे से रात 8 बजे तक। प्रत्येक शिफ्ट के लिए सीएलएफ की ओर से एक सेल्स पर्सन और एक कैशियर कम स्टोर मैनेजर की नियुक्ति की गई है, ताकि संचालन सुचारू रूप से हो। *स्थानीय उत्पादों को मिलेगा उचित मूल्य* आकांक्षा स्टोर के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को न केवल बाजार तक सीधी पहुंच मिलेगी, बल्कि उनके उत्पादों का उचित मूल्य भी मिलेगा। इससे महिलाओं की आर्थिक स्थिरता बढ़ेगी और उनके परिवारों की आय में सुधार होगा। आकांक्षा समिति इस स्टोर की निगरानी करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि समूहों को उनके उत्पादों का सही मूल्य मिले और किसी भी प्रकार का आर्थिक शोषण न हो।

इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की छह बेहतरीन महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने कौशल, मेहनत और लगन से न केवल अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया, बल्कि अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया। , और लखीमपुर से रिशू वर्मा ने हस्तशिल्प, बुनाई, बनाना फाइबर उत्पाद, गोबर से बने उत्पाद, मसाले निर्माण, और सिलाई कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

## महिला ने दर्ज कराई दुष्कर्म की रिपोर्ट, पुलिस ने जाँच शुरू की

**बांगरमऊ,उन्नाव।** एक दलित महिला रात के समय अपने घर में दो अबोध बच्चों के साथ सो रही थी। तभी एक युवक दीवार फांद कर घर के अंदर दाखिल हो गया और मुंह में कपड़ा ठूंस कर जबरन महिला के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने कहीं बताने पर पीड़िता और उसके परिवार को जान से मार डालने की धमकी भी दी। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दलित महिला द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार बीते 22 फरवरी को उसका पति मजदूरी करने बाहर चला गया था और उसके बड़े बच्चे गांव की बारात में चले गए थे। वह दो अबोध बच्चों के साथ अपने घर में सो रही थी। तभी रात के समय ग्राम फतेहपुर खालसा निवासी रिजवान उर्फ मुनौनू पुत्र इशाक दीवार फांद कर घर में घुस आया और मुंह में कपड़ा ठूंस कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। आरोपी ने धमकी भी दी कि यदि किसी को बताया तो उसे और उसके परिवार को जान से मार डालेंगे।

# खीरी पहुंचे गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय

- अफसरों की ली बैठक, दिए निर्देश
- गौमाता हमारी संस्कृति का अभिन्न अंगः उपाध्याय
- गोबर से संचालित बायोगैस यंत्र स्थापना हेतु करे प्रेरित, बताए फायदे

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखीमपुर-खीरी।** सोमवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार गौ सेवा आयोग के मा. सदस्य रमाकांत उपाध्याय जनपद लखीमपुर खीरी पहुंचे, विकास भवन के स्वामी विवेकानंद सभागार में गो संरक्षण समिति की समीक्षा बैठक हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मा. सदस्य ने कहा कि गाय हमारी माता है और हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। गाय का दूध लाभदायक होने के साथ-साथ उसके गोमूत्र एवं गोबर से भी अनेकों प्रकार के लाभ प्राप्त होते हैं। गौशाला में गाय गोबर से बायोगैस के छोटे यंत्र लगाया जाए। इस कार्य हेतु ब्लॉक स्तर पर बैठके आयोजित की जाए, जिसमें ग्राम प्रधानों एवं समाजसेवियों को शामिल कर अपने गांव में गाय के गोबर से संचालित किए जाने वाले बायोगैस यंत्र स्थापित करने हेतु प्रेरित किया जाए और उनसे होने वाले लाभ के संबंध में अवगत कराया जाए। बायोगैस यंत्र से निकले गोबर से निर्मित खाद जैविक खेती के लिए लाभदायक है। उन्होंने कहा की सहभागिता योजना से लाभान्वित समस्त लाभार्थियों के यहां छोटे बायोगैस यंत्र स्थापित कराए जाएं।

सीसीटीवी की निगरानी में खीरी के सभी गो आश्रय स्थल ~ सीडीओ

बैठक में सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि शासन की मंशानुरूप सभी गौशालाओं में पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। गौशालाओं पर नियमित निगरानी हेतु समस्त गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए और उनकी नियमित कंट्रोल रूम से निगरानी की जा रही।

सीवीओ डॉ दिनेश सचान ने बताई गो आश्रय स्थलों की व्यवस्थाएं बैठक के प्रारंभ में सीवीओ डॉ दिनेश सचान ने अवगत कराया कि जनपद में कुल 140 गौ आश्रय स्थल संचालित है, जिसमें निराश्रित गोवंश को संरक्षित किया गया है। सभी गो आश्रय स्थलों में गोवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में हरा चारा भूसा एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जनपद में पांच वृहद गौशालाएं निर्माणाधीन है, जिसमें लगभग तीन पूर्ण हो चुकी हैं। उन्होंने अवगत कराया की सहभागिता योजना के तहत 11178 गोवंशों को सुपुर्दगी में दिया गया है। सभी लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से योजना का लाभ प्रदान किया।

बैठक में डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, सभी बीडीओ, सभी उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, ईओ, गोला नगर पालिका परिषद, अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र,गन्ना विकास समिति अर्निखाना अध्यक्ष अशोक अवस्थी, दुग्ध संघ के डायरेक्टर रमेश चंद्र मिश्र, संगठन मंत्री भूपेंद्र रविंद्र कटियार, नीरज सिंह, विनीत भदोरिया इत्यादि मौजूद रहे।

## पत्रकार राघवेंद्र की हत्या मामले में पत्रकारों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

- पत्रकार राघवेंद्र की हत्या के प्रकरण में पत्रकारों का आक्रोश सड़कों पर उतर आया है घटना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है।

**लोकमित्र ब्यूरो**



**निघासन-खीरी।** जनपद सीतापुर के महोली में पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की अमानवीय तरीके से हत्या के बाद पूरे प्रदेश में पत्रकारों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है हत्या के बाद पत्रकारों का गुस्सा सड़कों पर उतर आया है और उन्होंने इस घटना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। प्रदेश भर में पत्रकार संगठनों के नेतृत्व में पत्रकार एकजुट हो गए हैं और वे प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं जैसा कि आल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) के शीर्ष नेतृत्व के निघासन में पत्रकारों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपे गये ज्ञापन में पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की गई और प्रशासन से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।

जैसा कि ऐप्जा संघ निघासन व सिंगाही के पत्रकार बंधु तहसील परिसर से होते हुए एसडीएम के दफ्तर जा पहुंचे साथ अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए कठोरतम कार्यवाही मांग के नारे लगाए एकत्रित पत्रकार बंधुओं ने एसडीएम राजीव निगम को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पत्रकारों ने कहा कि सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की हत्या चौथे स्तंभ पर सीधा कुठाराघात है इसलिए पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की आवश्यकता है समाज के हर वर्ग का प्रतिनिधित्व पत्रकार करता है इसलिए पत्रकार हत्या कांड के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए,पीड़ित परिवार को सरकारी नौकरी व एक करोड़ रुपये दिए जाएं व बच्चों की शिक्षा निःशुल्क की जाए। तभी कलमकार राघवेंद्र बाजपेयी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी राघवेंद्र बाजपेयी की हत्या से पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है। इसलिए पत्रकार के हत्यारों को फांसी की सजा दी जाए जबकि बहुत से जनपद में बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

# छोटीकाशी गोला व गोला के बाहर अवैध प्लाटिंग का जारी खेल

- शासन-प्रशासन की नीतियों का मजाक उडाते हुए मानकविहीन अवैध कालोनियों को बसाने और अवैध रूप से प्लाटिग का गोरखधंधा जारी
- गोला बाहर जिला पंचायत से भवन नक्शा /प्लाटिग ले-आउट प्लान उप विधि के बगैर अवैधकालोनी प्लाटिंग पर आखिर कब होगा ध्वस्तीकरण
- सरकारी, चारागाह, खलिहान व ग्राम समाज की भूमि पर दबंगों ने अवैध ढंग से कब्जा कर प्लाटिग कर बिक्री जारी

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखीमपुर-खीरी।** धार्मिक नगर छोटीकाशी गोलागोकर्णनाथ व गोला बाहर एक दशक पहले जहां हरियाली थी और कृषि उत्पादन का कार्य होता था पर इस हरियाली पर भू-माफियाओं की नजर लग गई और देखते देखते सैकड़ों एकड भूमि पर मिटटी डालकर समतलीकरण करने के सरकारी चारागाह खलिहान व ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा बाद अवैध रूप से प्लाटिग का गोरखधंधा चल रहा है अगर मुख्यमंत्री उत्तर-प्रदेश ने संज्ञान लिया तब होगा ध्वस्तीकरण।

जानकारी के अनुसार धार्मिक नगर छोटीकाशी गोलागोकर्णनाथ में और नगर सीमा व ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय भू-माफियाओं ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से मिलकर सैकड़ों - एकड कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग व कालोनी बसाने का गोरखधंधा कर रहे हैं। बताते चलें कि धार्मिक नगर गोला व उसके आसपास सैकड़ों एकड कृषि भूमि पर खेती होती थी जिससे चारों तरफ हरियाली बनी रहती थी और पर्यावरण भी संतुलित रहता था पर मिटटी खनन के बाद से निचले इलाके का समतलीकरण कर अवैध ढंग से प्लाटिग व कालोनी बसाने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है जिसमें तमाम खामियां सामने आई है जिसमें नियमानुसार नगर के अंदर नगरपालिका परिषद व ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत से भवन नक्शा /प्लाटिग करने के ले - आउट प्लान उप विधि का होना जरूरी है इसके बाद मानक के अनुसार सडक बच्चों के लिए पार्क (ओपन ऐरिया)डेनेज विधुतीकरण मंदिर कचरा प्रबंधन की व्यवस्था के साथ पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं का होना अति आवश्यक है। उत्तर प्रदेश सरकार व जिला पंचायत व नगरपालिका परिषद से बगैर ले - आउट प्लान की स्वीकृति, प्लाटिग व कालोनियों को बसाने के साथ साथ वह सभी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था न करने पर ध्वस्तीकरण किया जा सकता है इसके साथ ही कृषि भूमि का रकबा कम हो गया है जिसकी भरपाई सम्भव नहीं है। भू-माफियाओं का एक यह भी खेल चल रहा है कि राजस्व कागजों में हेरफेर कर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करना व उनकी बिक्री कर खाकपति से करोड़पति बनना है जिसका प्रमाण तहसील गोला के चारों तरफ व बाईपास तथा ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जा सकता है।

## ध्यान और योग से विचारों मे आती है सकारात्मकता

- एकात्म अभियान और हार्टफुलनेस की टीम रामवीर, रंजना यादव
- केंद्र और प्रदेश सरकार के निर्देश पर जारी गांव-गांव अभियान

**सुनील बाजपेई**



**कानपुर।** दीर्घायु और और शारीरिक स्वस्थता के लिए अगर कोई ईश्वरीय वरदान है तो वह है योग और इस योग में भी प्राणायाम और ध्यान ही ऐसा है जो कि तनाव और चिंता से निजात दिलाने के मामले में किसी रामवाण से कम नहीं। दरअसल यह प्राणायाम और ध्यान योग ही है ,जो पशु मानव से मानव एवं मानव से देव मानव बनने की दशा में आगे बढ़ने में सफलता प्रदान करता है। यहां तक कि ध्यान और प्राणायाम के महत्व को समझते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार भी इस दिशा में सार्थक और सफल भूमिका निभा रही है। मसलन भारत सरकार के संस्कृतिक मंत्रालय एवं श्री राम चन्द्र मिशन हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट के संयुक्त तत्वाधान में सहज मार्ग के संस्थापक पूज्य श्री बाबूजी महाराज की 125वीं जयंती के अवसर पर ग्रामीण स्तर पर एकात्म अभियान चलाने के लिए गए निर्णय के मुताबिक इसका उद्देश्य ध्यान और योग के माध्यम से लोगों की विचारधारा में सकारात्मक परिवर्तन कराते हुए उनके हृदय को प्रसन्न और स्वस्थ रखना है। इस अभियान का प्रारंभ स्थानीय स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन और हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट के संयुक्त तत्वाधान में सरसौल ब्लॉक से किया गया। दयानन्द विहार स्थित हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट के ध्यान केंद्र से इसका शुभारंभ संस्थान के वयोवृद्ध स्वयंसेवक रामजी पाण्डेय एवं राम मल्होत्रा द्वारा झंडी दिखा कर किया गया।

अगर हार्टफुलनेस संस्था की बात करें तो यह कर्म और ईश्वरी सत्ता में विश्वास रखने वाले रामवीर सिंह जैसे व्यवहार कुशल समाजसेवी प्रशिक्षकों के जरिए ईश्वर साक्षात्कार की दिशा में एक सरल एवं आसान पद्धति से लोगों को परिचित कराती है। इसके अलावा हार्टफुलनेस संस्था किसानों को वायओचार के मध्यम से उनकी उपज बढ़ाने के तरीके भी बताती है।

## गर्म तेल की कढ़ाही गिरी, दो पक्षों के विवाद में तीन लोग झुलसे

**गाजियाबाद।** थाना क्षेत्र मसूरी में एक पुरानी बात को लेकर दो पक्षों के बीच हाथापाई हो गई। जिसमें ठेली पर रखी खौलते तेल की कड़ाही पलट गई। हादसे में तीन लोग झुलस गए हैं। जानकारी के अनुसार मसूरी के मिसलगढ़ी में पुरानी बात को लेकर दो युवकों के बीच हुई हाथापाई में ठेली पर रखी खौलते तेल की कड़ाही पलट गई। इसमें दोनों युवकों समेत तीन लोग झुलस गए। तीनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू कर दी।एसीपी मसूरी लिपि नगायच ने बताया कि मिसलगढ़ी निवासी अमन व मनोज कुमार दोस्त की शादी में मोदीनगर के बखरवा गए थे। वहां उनमें डीजे बंद करने को लेकर कहासुनी हो गई। उस वक्त उनमें विवाद किसी तरह शांत करा दिया गया। शाम को अमन रोजाना की तरह अपनी ठेली पर जलेबी बना रहा था। इसी दौरान मनोज कुमार आया।

## बोधगया बिहार का प्रबन्धन बौद्धों को दिये जाने के सम्बन्ध मे राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**लोकमित्र ब्यूरो**



**अलीगंज/एटा।** युवा बौद्ध संघ के पदाधिकारियों ने विश्व धरोहर स्थल महाबोधि महाविहार बोधगया बिहार का प्रबन्धन पूर्णतः बौद्धों को दिये जाने के सम्बन्ध मे एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार मोरल के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा है। युवा बौद्ध संघ के पदाधिकारी ने मांग करते हुए ज्ञापन के माध्यम से बताया विश्व धरोहर स्थल महाबोधि महाविहार बोधगया बिहार का प्रबन्धन पूर्णतः बौद्धो को दिया जाये, यह स्थल दुनियाभर के बौद्धो की आस्था का बहुत बडा केन्द्र है तथा वर्तमान में वहां लागू बीटी एक्ट 1949 जिसमें मात्र चार बौद्ध तथा पाँच गैर बौद्ध है जो संविधान की प्रस्तावना व अनुच्छेद 25 व 26 का उल्लघन करता है। ऐसे संविधान विरोधी बीटी एक्ट 1949 को रद्द करके भारत की अमूल्य विश्व धरोहर महाबोधि महाबिहार का प्रबन्धन पूर्णरूप से बौद्धो को दिया जाये। बीटी एक्ट 1949 हमारे देश की संविधान के विरूद्ध है हमारे देश की प्रस्तावना में, हम भारत के लोग भारत को सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी, पन्थ निरपेक्ष, लोकतन्त्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा समस्त नागरिको को समाजिक, आर्थिक, राजनैतिक न्याय, अभिव्यक्ति, विश्वास धर्म एवं उपासना की स्वतन्त्रता प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बन्धुता बढाने के लिए दृढ संकलिप्त है। हम बौद्धों की धार्मिक विश्व धरोहर पर और हमारे संवैधानिक अधिकारो पर अतिक्रमण करने वाले बीटी एक्ट 1949 को रद्द करते हुए आन्दोलनरत बौद्ध भिक्षुओ की मांगो को मानते हुए बौद्धों की विरासत बौद्धो को सौंपी जाये। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष सुदेश शाक्य, शिव कुमार, बुद्ध पाल, राजकुमार, ललित, आकाश शाक्य विशेष आपके रामवीर सिंह रघुनंदन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 14 वर्षीय नाबालिग को न्याय दिलाने मुरादाबाद पहुंची रॉयल वाल्मीकी आर्मी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** रॉयल वाल्मीकी आर्मी राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय विशाल चावरिया नेतृत्व मे हजारो की संख्या मे रॉयल वाल्मीकी आर्मी के कार्यकर्ता देश के कोन कोन पहुचे पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग की दिनांक 02-01-2025 को नाबालिग लडकी गॉव दोलापुरी थाना भगतपुर से सलमान नाम व्यक्ति व उसके तीन साथीयो द्वारा लडकी का जबरन अपहरण किया ओर लडकी का 2 महीने तक गैंगरेप किया उसके हाथ पर बने ओम के निशान को तेजाब से जलाया,दो महीने तक गो मांस खिलाया व उसका धर्म परिवर्तन कराया गया ।यह घटना पूरे समाज को शर्मसार करती है व प्रशासन की नाकामी का जीता जागता उदाहरण है लगातार इस तरह के कृत्य आज महिलाओ पर हो रहे जो सरकार पर सवालिया निशान पैदा करती सरकार को जरूरत इस तरह के कृत्य पर सख्त कानून बनाने की ओर कडी कार्यवाई करने मुरादाबाद की इस बेटी के लिए रॉयल वाल्मीकी आर्मी ने सरकार व प्रशासन को फटकार लगाते हुए कडी कार्यवाई की मांग की व पीड़ित परिवार को 50 लाखं रूपये मुआवजा, एक सरकारी नोकरी ओर आवस की मांग की है वही रॉयल वाल्मीकी आर्मी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से उन आरोपीयो के घरो पर बुलडोजर चलाने की मांग भी की है ओर जिस मौलाना ने लडकी धर्म परिवर्तन कराया उसपर भी कडी से कडी कार्यवाई होनी चाहिए। रॉयल वाल्मीकी आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विशाल चावरिया के साथ वहा आकाश चन्देल, एड.रवि वेदी, मोनू बेनीवाल, दिपक बहोत, सनी टांक, बिट्टू कीर, काशी गुरूजी, कृष्ण खैरालीया, जितेन्द्र बागडी, बंन्टी, सुमित, कृष्ण, सुनील सुखराली, अभिषेक रत्नाकर, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा से भारी मात्रा मे कार्यकर्ता पहुचे ।

# चौथे दिन मिला हरदुआ नाले से मनोज का शव

- सोमवार को फ्लड पीएसी के साथ स्थानीय गोताखोरों ने चलाया आपरेशन
- कोतवाल सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

**लोकमित्र ब्यूरो**




**धौरहरा-खीरी।** गुरुवार रात धौरहरा ढखेरवा हाइवे के हरदुआ पुल से नाले में गिरे युवक का शव चौथे दिन हरदुआ नाले से बरामद हो गया। हालांकि तीन दिनों तक सुबह से शाम तक चलने वाले आपरेशन के बाद चौथे दिन सोमवार को फ्लड पीएसी सीतापुर की टीम व स्थानीय गोताखोरों को लगभग 12 बजे सफलता मिली,शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

धौरहरा थाना क्षेत्र से गई बारात में शामिल होकर वापसी करते समय बीते गुरुवार रात करीब एक बजे के करीब अज्ञात वाहन की टक्कर से नाले में गिरे तेलियनपुरवा निवासी 20 वर्षीय मनोज पुत्र तेजनरायन को तलाश करने के लिए पुलिस ने चौथे दिन स्थानीय गोताखोरों के अलावा फ्लड पीएसी सीतापुर की टीम ने सर्च आपरेशन चलाकर शव को बाहर निकाला गया,शव बरामद होते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई,खैर मौके पर मौजूद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस मामले में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी धौरहरा प्रीतम पाल सिंह व प्रभारी निरीक्षक सुरेश मिश्रा ने बताया कि लगभग 12 बजे मनोज का शव बरामद हो सका,आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला मुख्यालय भेजा जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

## भाकियू ने मासिक पंचायत कर 7 बिंदुओं का एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा



**अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत में 7 बिंदुओं का ज्ञापन तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह को सौंपा गया। इस ज्ञापन में सोहावल तहसील क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण समस्याओं का जिक्र किया गया, जिनमें मुख्य रूप से आवारा पशुओं, खासकर हिंसक सांडों द्वारा आए दिन लोगों को चोटिल किए जाने और कई लोगों की जान जाने की घटनाओं का उल्लेख किया गया। इसके अलावा, ईशान की फसल को भी नुकसान हो रहा है। किसानों ने मांग की कि इन पशुओं को पकड़वाकर गौशाला भेजा जाए।ज्ञापन में सोहावल तहसील के कोर्टों में दाखिल खारिज रजिस्टर्ड वसीयतों में लंबी तारीखों और मुकदमों में वादियों को वर्षों तक परेशान करने की समस्या का भी जिक्र किया गया। किसानों ने न्याय के जल्द निस्तारण की मांग की ताकि जनता को समय पर न्याय मिल सके।मीरपुर कांटा में अधूरी माइनर की समस्या पर भी चर्चा की गई, जिससे किसानों को काफी परेशानी हो रही है। पंचायत ने इस माइनर को पूरा बनाने की मांग की। सोहावल तहसील परिसर में करोड़ों की लागत से बनी अधूरी पानी की टंकी को गर्मी के मौसम में संचालित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। साथ ही, सोहावल विद्युत विभाग के उपभोक्ताओं को फाइनल बिल के बाद भारी-भरकम बिल और डबल बिल आने की शिकायत की गई। उन्होंने मांग की कि इन समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए।

पंचायत में यह भी मुद्दा उठाया गया कि छूटे हुए पात्र व्यक्तियों का राशन कार्ड बनाया जाए। पंचायत में प्रमुख रूप से वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद, तहसीलदार सोहावल प्रदीप कुमार सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष जवाहरलाल तिवारी, महिला जिला अध्यक्ष सविता मौर्य, राकेश वर्मा, आसमा, नीशा मुर्तजा अली, मिर्जा कमरू, जमा लाजवती, दादा काशीराम, मंगरु दादा, विनता देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिला दिवस पर हुआ नारी शक्ति सम्मान समारोह



**अयोध्या।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अयोध्या जनपद के कुचेरा बाजार स्थित सृष्टि सेवा संस्थान के नेतृत्व में नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान जागरूकता रैली व साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। संस्था की अध्यक्ष नीलम शुक्ला ने बताया कि उनके संस्थान के माध्यम से महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, बुनाई जैसे रोजगार से जुड़ी ट्रेनिंग दी जा रही है, साथ ही बच्चियों को निःशुल्क सिलाई सिखाया जाता है और उन्हें सिलाई मशीन देकर सम्मानित किया जाता है। इसके अलावा, महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर एक नृत्य प्रस्तुति भी की गई, जिसमें योग के महत्व को दर्शाया गया।

इस आयोजन ने महिलाओं के योगदान और उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करते हुए समाज में उनके महत्व को और अधिक उजागर किया। राजेश्वरी शुक्ला सरिता शर्मा आंशु प्रीति निगम सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

## माँ कामाख्या धाम महोसत्व में आज शिरकत करेंगे भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ



**अयोध्या ।** भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ आयेंगे माँ कामाख्या धाम महोसत्व।रुदौली विधानसभा के दक्षिणी छोर पर स्थित सिद्ध पीठ माँ कामाख्या धाम में चल रहा है 7 दिवसीय महोत्सव।प्रथम दिवस की संध्या में भोजपुरी स्टार अभिनेता पवन सिंह माता के भजनों की दिए थे प्रस्तुति।बीजेपी विधायक रामचंद्र यादव ने बताया की शाम 6 बजे भोजपुरी स्टार नेता अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ माँ कामाख्या धाम महोसत्व में माता के भजनों की करेंगे प्रस्तुति।महोसत्व न्यास के अध्यक्ष रविकान्त तिवारी मोनू ने बताया कि भोजपुरी स्टार निरहुआ अपनी पूरी टीम के साथ आ रहे है।जिसमे हजारो हजार की भीड़ होंगी।दिनेश लाल निरहुआ के आने के लेकर व उनको सुनने के लिए क्षेत्रवासी कायल है।

## बचपन से ही बच्चों में संस्कार देने चाहिएस्वाती शर्मा

**अयोध्या।** सिंधी समाज अयोध्या की प्रमुख संस्था सिंधु सेवा समिति (रजि.) द्वारा संचालित बचपन प्ले स्कूल, रामनगर कालोनी में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री स्वाती शर्मा (ए. आई. एस, ज्वाइंट मैजिस्ट्रेट) और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिंगल बेल स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रिया शर्मा ने शिरकत की।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर और माल्यार्पण करके की गई। इस अवसर पर लेवल 2 के बच्चों, प्रत्यक्ष, राघव, आशि, हेजल, ताशी, दर्श ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को सम्मानित करते हुए टीका लगाया।लेवल 3 के बच्चों ने सरस्वती वंदना नृत्य प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन गुरमीत कौर और कंचन वासवानी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अमृत राजपाल ने की।विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती रेनू सावलानी ने मुख्य अतिथि सुश्री स्वाती शर्मा और विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रिया शर्मा का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया और विद्यालय के पिछले वर्ष के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि बचपन प्ले स्कूल के कार्यक्रमों में 100त्न कार्य को सही तरीके से पूरा किया गया है।

सिंधु सेवा समिति के अध्यक्ष अमृत राजपाल और अन्य पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को शाल और प्रभु झूलेलाल की मूर्ति स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट देकर उनका सम्मान किया।

मुख्य अतिथि सुश्री स्वाती शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कार वान बच्चे ही भारत के भविष्य के निर्माता हैं और बचपन प्ले स्कूल बच्चों की नींव को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संस्था के अध्यक्ष अमृत राजपाल ने कहा कि नन्हे-मुन्हे बच्चे ही देश का भविष्य हैं, और ये बच्चे समाज, परिवार और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने सफल कार्यक्रम के लिए प्रधानाचार्य, शिक्षिकाओं, स्टाफ और अभिभावकों का धन्यवाद किया।विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रिया शर्मा ने कहा कि बचपन स्कूल के बच्चों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। उन्होंने बचपन स्कूल को तन, मन और धन से सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# अयोध्या में साधु संतों ने रंगभरी एकादशी पर खेली होली

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दूसरी बार रंगभरी एकादशी को लेकर गजब का उत्साह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** योगी सरकार बनने के बाद अयोध्या में आस्था को पुनः सम्मान मिल रहा है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दूसरी बार श्रीराम की नगरी में ब्रह्ममुहूर्त से ही संत-महंतों के बीच रंगभरी एकादशी का उत्साह देखने को मिला। हनुमानगढ़ी में रंगोत्सव की शुरुआत होने के बाद अयोध्या के 10 हजार से भी अधिक मंदिरों में भगवान को अबीर गुलाल लगाया गया। बसंत पंचमी पर्व से रामनगरी में औपचारिक रूप से 40 दिन की मंदिरों में होली का शुभारंभ हो जाता है। प्रतिदिन भगवान को अबीर-गुलाल भी चढ़ाया जाता है। लेकिन फाल्गुन शुक्ल एकादशी यानि कि रंगभरी एकादशी पर्व से अवध की होली का विधिवत श्रीगणेश हो जाता है। हनुमानगढ़ी परिसर में रंगभरी एकादशी की श्रद्धा अपने चरम पर दिखी। परम्परागत रूप से कड़ी सुरक्षा में प्रमुख सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी से साधु संतों का जुलूस अयोध्या के सड़कों पर निकला। संतों ने ढोल की धुन पर जमकर नृत्य किया। अखाड़े के पहलवान अपनी शस्त्र कला का



भी प्रदर्शन किया। यही नहीं अवध में होली के आगाज पर मंदिरों में आने वाले भक्तों को भी प्रसाद के रूप में गुलाल लगाया गया। अबीर से सराबोर हुई रामनगरी की संस्कृति का उल्लास और भी चटख हो चला।

### अबीर और गुलाल से रंगी नजर आईं अयोध्या की सड़कें

फाल्गुन शुक्ल एकादशी मतलब रंगभरी एकादशी पर्व से अवध की होली का विधिवत शुभारंभ होता है। रंगभरी एकादशी के पर्व पर रामनगरी में संत-महंतों ने अपने आराध्य के प्रति अनुराग प्रकट करते हुए अबीर-गुलाल उड़ाकर प्रभु के साथ होली खेली। हनुमानगढ़ी परिसर में रंगभरी एकादशी पर श्रद्धा अपने चरम पर दिखी। इस मौके पर धार्मिक नगरी अयोध्या कि सड़कें अबीर और गुलाल से रंगी नजर आई। परम्परागत रूप से कड़ी सुरक्षा में प्रमुख सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी से संतों का जुलूस अयोध्या की सड़कों पर निकला। इसी क्रम में अयोध्या नगर में सिद्धपीठ नाका हनुमानगढ़ी,सहादतगंज हनुमानगढ़ी, रिकाबगंज हनुमानगढ़ी मे भी रंगभरी एकादशी की धूम रही।

### रंगोत्सव में सराबोर दिखे नागा साधु

जुलूस में नागा साधुओं की टोली बैंड बाजे के साथ अखाड़ों के पहलवानों के करतब दिखाते हुए अयोध्या की सड़क पर निकले। होली की मस्ती में सराबोर संतो ने हर आने-जाने वाले लोगों को अबीर गुलाल से सराबोर कर दिया। अयोध्या में होली से चार दिन पूर्व ही होली का अहसास हो गया। नागा साधुओं का यह जुलूस अयोध्या के प्रमुख मार्गों से होता हुआ जुलूस के मार्ग में पड़ने वाले हर मंदिर तक पहुंचा, जहां पर नागा साधुओं ने भगवान् के विग्रह के साथ होली खेली। इसी क्रम में संतों ने परिक्रमा कर सरयू स्नान किया।

### इकबाल अंसारी ने की योगी सरकार की सराहना

बाबरी मस्जिद मामले के पूर्व वादी इकबाल अंसारी ने कहा कि संतों ने एकादशी से होली की शुरुआत कर दी। हमने भी उनके साथ मिलकर होली खेली। यह भाईचारे, सौहार्द का पर्व है। सभी मिलकर मनाएं। इकबाल अंसारी ने योगी सरकार की सराहना की। कहा कि अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से मेंटेन है। योगी सरकार के नेतृत्व में अयोध्या में सौहार्द बना हुआ है।इस दौरान निर्वाणी अखाड़ा के महंत मुरली दास, महापौर/महंत गिरीश पति त्रिपाठी महंत संजय दास, वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास, महंत राजू दास, पुजारी रमेश दास, अभय दास, अभिषेक दास, सत्यदेव दास, मणिराम दास और राजेश पहलवान सहित अन्य नागा साधु मौजूद रहे।

## होलिका दहन में दिखेगी सिंधी संस्कृति की झलक - महंत गणेश दास

**अयोध्या ।** रामनगर स्थित ॐ शिवालय मंदिर के महंत गणेश राय दास ने जानकारी दी प्रत्येक वर्ष की भाती इस वर्ष भी ॐ शिवालय परिवार सिंधी समाज होलिका दहन उत्सव मनाएगा जिसमें सिंधी भगत (भजन संध्या),पल्लव साहब आदि कार्यक्रमों के माध्यम से सिंधी संस्कृति की झलक दिखाई देगी कार्यक्रम सचिव उमेश संगतानी, संतोष मोटवानी ने कहा कार्यक्रम की शुरूआत भजन संध्या से आरम्भ होकर पूज्य माता आशा राय जी के द्वारा पल्लव साहब पर समाप्त होगी कार्यक्रम संस्कृत प्रभारी राजेश जसवानी जी ने बताया शिवालय परिवार के तुलसी दास, राजेश संगतानी जी की जोड़ी सिंधी भक्ति भजन का समा बांधेगी जो भक्तो के मन को मोह लेगा भंडार प्रभारी सुनील केशवानी,राजेश चावला ने बताया भक्तो के लिए प्रसाद सेवा में सिंधी सुखरी व जलपान में अनेकों व्यंजन की व्यवस्था की गई है और युवा महंत कान्हा राय, अभिषेक संगतानी,हर्ष संगतानी, प्रियांशु सावलानी, हेमंत केवलरामानी,सहज कुमार, शंकर खिलवानी,राम संगतानी सभी युवा इस कार्यक्रम को भव्यता देने के लिए तैयार है।

## मृतका के पिता ने दहेज की मांग ना पूरी होने पर जहर देकर हत्या करने का आरोप, थाने में मामले की शिकायत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सोहावल-अयोध्या।** पूराकलन्दर थाना क्षेत्र के ग्राम बेगमगंज में संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत हो गई है। मृतका के पिता ने दहेज की मांग ना पूरी होने पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में मामले की शिकायत की है। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू की है।

जनपद श्रावस्ती के लखपत नगर इकौना निवासी ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि उनकी पुत्री वैष्णवी गुप्ता का विवाह राजकुमार गुप्ता पुत्र शीतला प्रसाद कसौधन निवासी ग्राम बेगमगंज के साथ वर्ष 2021 में हुआ था। अपने हैसियत के मुताबिक उपहार नगद 5 लाख व घर वालो को कपडे सोने की चैन अंगूठी आदि दिया गया था।कुछ दिन बाद से ही मेरी बेटी के ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे और बोले हमे कि तुम हकलाती हो ,जब जरूरत होगी दहेज मांगेगे अगर तुम्हारे घर वाले नही देगे तो अपने बेटे की शादी और कही करा देगे। मेरे दामाद राजकुमार का अवैध सम्बन्ध किसी और के साथ था जिसके कारण मेरा दमाद मेरी पुत्री मारता पीटता था तथा मानसिक रूप से प्रताणित करता था। इसी बीच मेरी बेटी गर्भवती हो गयी तो उसके पति और सास ने मिलकर उसे घर से निकाल दिया जिसके बाद मेरी बेटी कुछ दिन मायके में रही फिर मैंने रिस्तेदार की मध्यस्थता कराकर अपनी बेटी को ससुराल भेज दिया मेरी बेटी से दो बच्चे भी है जो बेटा श्याम 2 वर्ष तथा पुत्री कनक 07 माह की है। उसके उसके बावजूद भी सास और पति ने प्रताडित करना नहीं छोड़ा जिसकी सूचना मेरी बेटी फोन पर दिया करती थी लोकलाज के कारण मेरी बेटी प्रताडनाये सहती रही। रविवार को सुबह सूचना मिली कि मेरी बेटी की मौत हो गई है।

पिता ने आरोप लगाते हुए बताएं कि मेरे बेटी के सास व मेरी बेटी के पति ने दहेज के लिए हत्या कर दी । मिली सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है।

## अयोध्या विवादः महिला, बेटे और रिटायर्ड इंस्पेक्टर के बीच झगड़े में नया मोड़, धरना जारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** कोतवाली अयोध्या के आदित्य नगर कॉलोनी में दो दिन पूर्व महिला, उसके बेटे और एक सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर बीएन सिंह के बीच हुए विवाद ने नया मोड़ ले लिया है।

रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में बीएन सिंह ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की सगाई के दिन घर के पास किसी ने ट्रक से मोरंग गिरवा दिया था, जिससे रास्ता बाधित हो गया। जब उन्होंने इसे हटाने को कहा, तो किसी तरह आधा रास्ता साफ किया गया। उसी दौरान एक युवक अपनी मोपेड लेकर वहीं खड़ा था। जब बीएन सिंह ने उसे रास्ता देने को कहा, तो उसने गाली-गलौज शुरू कर दी और फोन करके अपनी मां और बहन को बुला लिया। आरोप है कि महिला और उसके परिवार ने बीएन सिंह व उनकी घर की महिलाओं से अभद्रता व मारपीट की। जब सिंह परिवार ने बचाव की कोशिश की, तो उनका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया गया और उन्हें फर्जी केस में फंसाने की साजिश की गई। इस विवाद के बाद पुलिस ने



शांति भंग की आशंका में बीएन सिंह का चालान कर दिया, लेकिन उनकी पत्नी द्वारा दी गई तहरीर पर 72 घंटे बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### धरना प्रदर्शन और चौकी इंचार्ज पर आरोप

दूसरी ओर, उक्त महिला व उसके सहयोगी रायगंज चौकी इंचार्ज वीरेंद्र पाल के स्थानांतरण की मांग को लेकर रविवार सुबह 11 बजे से गांधी पार्क में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, तेज धूप के कारण महिला की तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया और फिर धरना स्थल पर वापस लाया गया। पत्रकार सुरक्षा कवच संगठन के अध्यक्ष अंतरिक्ष तिवारी ने कहा कि चौकी इंचार्ज वीरेंद्र पाल संवेदना जताने जिला अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन गिरफ्तारी से इनकार कर दिया। चौकी इंचार्ज पर पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार करने का भी आरोप लगाया है।

तिवारी ने चेतावनी दी कि जब तक वीरेंद्र पाल को हटाया नहीं जाता और अराजक तत्वों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने प्रशासन को चुनौती देते हुए कहा कि अगर वे सख्त हैं, तो पत्रकारों पर मुकदमा दर्ज करें या जेल भेज दें।

### स्थिति तनावपूर्ण, पुलिस पर दबाव

इस पूरे मामले को लेकर अयोध्या में तनाव बना हुआ है। पुलिस प्रशासन पर दोनों पक्षों का दबाव बढ़ता जा रहा है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस विवाद को शांत करने के लिए क्या कदम उठाता है।

## आरटीओ अयोध्या ने की डीलर्स एवं चालकों के साथ बैठक

### आगामी त्यौहारों में बरते सड़क सुरक्षा सावधानियां वाहनों को रखें फिट

**अयोध्या ।** संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ऋतु सिंह ने होली, ईद एवं आगामी त्योहारों में सुलभ एवं सुरक्षित आवागमन संचार व्यवस्था हेतु माननीय मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री और मुख्यालय` द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में लगातार सुरक्षित त्यौहार एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरुक किया गया।

आरटीओ प्रशासन सुश्री ऋतु सिंह ने आज डीटीटीआई अयोध्या में वाहन डीलरों, ट्रांसपोर्टर एवं डीएल आवेदकों के साथ बैठक करते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए होली, ईद एवं अन्य त्यौहारों के माहौल में विशेष सावधानी बरतने की अपील की है ताकि उत्सव और उल्लास के अवसर पर किसी भी अप्रिय घटना-दुर्घटना से खलल न पड़े। निर्देश दिये किः बसों एवं अन्य वाहन के चालक एवं परिचालक किसी भी दशा में नशे की हालत में वाहन न चलायें। चालक एवं परिचालक यात्रियों के साथ संयमित व्यवहार रखें। किसी भी दशा में बदसलूकी एवं दुर्व्यवहार न किया जाए। यात्रीगण वाहनों में यात्रा करते समय खिड़की से हाथ व सर बाहर न निकालें एवं सह यात्रियों विशेष कर महिलाओं के साथ अच्छा व्यवहार



करें।परमिट शर्तो के उल्लंघन न किया जाए और न ही वाहनों में ओवरलोडिंग न की जाए। चालक सीट बेल्ट अवश्य लगायें। वाहनों के प्रपत्र वैध रखें।

ई-व्हीकल खरीदने वाले आवेदक शीघ्र सब्सिडी हेतु आवेदन करें। ट्रांसपोटर्स अपने वाहन में कोई अल्ट्रेशन/ परिवर्तन न करे जैसे लोहे के एंगल इत्यादि न लगाये एवं सिर्फ फिटनेस के समय ही नहीं वरन वर्ष भर वाहन फिट रखें। माल वाहन में यात्री न बैठायें।

परिवहन आयुक्त के पहल पर प्रदेश भर में नो हेल्मेट नो फ्यूल की व्यवस्था सभी जिलों में लागू की गयी है जिसका सभी संबंधित अनिवार्य रूप से पालन करें।

वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें।

दो पहिया वाहन पर ट्रिपलिंग न करें, व स्टंट न करें

दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। हेडफोन का प्रयोग न करें। प्रेशर हार्न का प्रयोग न करें। अत्यधिक तेज गति से वाहन न चलायें।त्यौहारों के उमंग में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों को नजर अंदाज न करें। पानी व रंगों का गुब्बारा वाहन चालकों के ऊपर न फेंके। इससे दुर्घटना होने की संभावना रहती है।वाहन में संगीत या तेज ध्वनि न चलायें।ई-रिक्शा व टेम्पों चालक वैध लाइसेंस होल्डर से ही चलवायें। अव्यस्क चालक से वाहन न चलवायें।

इसके अतिरिक्त वाहन डीलर्स को मार्च में वितीय वर्ष के अंत नजदीक होने के दृष्टिगत सभी विक्रीत वाहनों के पेपर शपथ पत्र आदि सहित प्रक्रिया तत्काल पूर्ण करने लम्बित आवेदनों का निस्तारण कराने और सड़क सुरक्षा संबंधी होर्डिंग बैनर शोरूम पर लगवाने, आडियो-विजुअल माध्यम से नियमो का प्रचार करने, सही पते पर ही वाहन पंजीकृत कराने के निर्देश दिये गये।

## विभिन्न संगठनों ने की मांग सीतापुर के वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई के परिवार को मिले आर्थिक मदद, परिवार को सुरक्षा

**अयोध्या।** सीतापुर के वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या के विरोध में अयोध्या पत्रकार प्रतिष्ठान ने आज अयोध्या के नये घाट पर दो मिनट का मौन रखकर शोक सभा आयोजित की। इस मौके पर पत्रकारों ने मृतक के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और उनकी सहायता के लिए विभिन्न मांगें रखी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई के परिजनों को एक करोड़ रुपए की आर्थिक मदद, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, अभियुक्तों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर जल्द सजा दिलवाने की अपील की गई। इसके साथ ही परिवार को सुरक्षा प्रदान करने और पत्रकारों के लिए बनाए गए कानूनों को कड़ाई से लागू करने की भी मांग की गई।

इस शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकार सुशील पाण्डेय, सी एम श्रीवास्तव, कमलाकान्त सुन्दरम् ,रघुबर शरण, शरद शर्मा, रमेश मिश्रा, भानु प्रताप सिंह, अजेन्द्र पाण्डेय, श्याम बाबू गुप्ता, बम-बम यादव, अखण्ड प्रताप सिंह, सुभाष सिंह, निमिष गोस्वामी, सर्वेश कुमार श्रीवास्तव, अनूप सोनकर, आशुतोष पाठक, सत्य प्रकाश सहित कई पत्रकार साथी मौजूद रहे।इसी प्रकार, इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस के प्रदेश सचिव सुबोध श्रीवास्तव के नेतृत्व में सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या पर शोक प्रकट किया गया। दो मिनट का मौन रखकर पत्रकारों ने आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की। इस दौरान पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की भी अपील की गई। शोक सभा में जिलाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव, संरक्षक कुशल मिश्रा, राजेंद्र दूबे, बिस्मिल्लाह खान, रवि आर्य, समीर शाही ,आकाश सोनी ,निर्मल पांडेय, वैभव श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इसी तरह बीकापुर तहसील पर सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या के विरोध में आदर्श प्रेस क्लब बीकापुर ने सोमवार को शोक सभा का आयोजन किया। इस सभा में दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। पत्रकारों ने सूबे के मुख्यमंत्री से मृतक के परिजनों को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता, मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी और बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था करने की अपील की। शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकार बृजेश तिवारी, राजेंद्र पाठक, दिनेश तिवारी, अरुण मिश्र, राघवेंद्र मिश्र, गुलशन सिद्दीकी, राहुल शर्मा, पुष्पेंद्र मिश्र, विनोद श्रीवास्तव, राकेश मिश्र, रमेश यादव, के एस मिश्र, राहुल दूबे, संदीप मिश्र, फूलचन्द यादव, यदवेन्द्र मोहन यादव, मनोज यादव और राकेश तिवारी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## श्रद्धा और विश्वास के बिना भक्ति संभव नही-राघव चरण अनुरागी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या** - हमारे धर्मग्रंथ आस्था एवं श्रद्धा के प्रतीक हैं।धर्म के मार्ग पर चलने वाला कभी दुखी नहीं हो सकता।प्रभु के प्रति समर्पण के बिना भक्ति संभव नहीं है।श्रद्धा और विश्वास के बिना की गई भक्ति सार्थक नहीं होगी।ये बात मां कामाख्या धाम महोत्सव के पंचम दिवस आयोजित रामकथा के दौरान कथा व्यास राघव चरण अनुरागी हरिओम तिवारी ने श्रोताओं को बताई।इन्होंने गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरितमानस के अरण्यकाण्ड में रचित शबरी का प्रसंग को बताते हुए कहा शबरी भगवान राम के प्रति अनन्य भक्ति तथा भक्ति के ऊंचे सोपान का प्रतीक हैं। जीवात्मा, परमात्मा के प्रति अपनी निष्ठा का प्रदर्शन कैसे करे, ये हमें शबरी से सीखने को मिलता है। माता शबरी का निश्छल, निर्दोष, सरलचित्त और निष्कपट व्यवहार साक्षात प्रभु को भी अपने पास बुलाने की क्षमता रखता है।इसी तरह इन्होंने हनुमत प्रेम पर प्रकाश डालते हुए कहा अंजनी पुत्र महाबली हनुमान अपने आराध्य भगवान राम के प्रति अटूट प्रेम व विश्वास था।भगवान राम और हनुमान जी का मिलन पवित्रता और भक्ति का प्रतीक है, जो उनके बीच के अनन्य प्रेम और विश्वास को दर्शाता




है।भगवान राम के प्रति हनुमान जी के प्रेम और भक्ति से जुड़े कई प्रसंद बेहद लोकप्रिय हैं,जिसमें हनुमानजी के अद्भुत निष्ठा की झलक मिलती है जिससे संसार आज भी प्रेरणा लेता है।उसी में से एक प्रसंग ऐसा भी मिलता है, जिसमें हनुमानजी ने अपना सीना चीर लिया था,और साबित किया था कि वो कितने राममय है।कथा के मध्य पूर्व राज्यसभा सांसद विनय कटियार पहुंचे,कटियार व विधायक रामचंद्र यादव ने व्यास पीठ का माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया।

इस दौरान कामाख्या महोत्सव न्यास अध्यक्ष रविकांत तिवारी मोनू संयोजक नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल के साथ साथ इस महोत्सव के उपाध्यक्ष कमलेश यादव,शिव कुमार पाठक, निर्मल शर्मा,तेज तिवारी,श्याम बाबू गुप्ता,ललित विश्वकर्मा, अजय शुक्ला,पंकज यादव, राकेश तिवारी,राघवेंद्र शर्मा,शनि मिश्रा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# पत्रकार की हत्या से उपजा आक्रोश, सड़क पर उतरे पत्रकार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** सीतापुर में पत्रकार की बदमाशों द्वारा घेरकर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाते हुए हत्या किए जाने के मामले को लेकर नाराज जिले के पत्रकारों ने प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को संबोधित मांग पत्र डीएम को सौपा।पत्रकारों ने 9 सूत्रीय मांगों के माध्यम से पत्रकार के परिजनों को मुआबजा देने सुरक्षा के इंतजाम करने पत्रकार आयोग का गठन करने माफ़ियाओं की जाँच करने कठोर कार्यवाही संबंधी मांगे शामिल है।

यहाँ पत्रकार डॉ अवधेश शुक्ल ने कहा उत्तर प्रदेश के सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या के दोषियों को कठोर सजा दिलाने धान खरीद में हो रहे गड़बड़ झाले व चावल माफ़िया के खेल की सीबीआई जांच कराने, प्रदेश भर में भ्रष्टाचार का पर्याय बने रजिस्ट्री विभाग के काले कारनामों की जांच करने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराए जाने के संबंधित मांग दिया गया है। अलिन द्विवेदी व अंकित राय ने कहा वर्तमान प्रदेश व केंद्र की सरकार द्वारा नागरिक सुरक्षा व कानून व्यवस्था का ढिंढोरा पीटा जा रहा है इसके उलट पूरे प्रदेश में अपराध व अपराधियों की बाढ़ सी आ गई है शासन सत्ता की



सह पर यह बेखौफ अपराधी तरह-तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पत्रकार यदि उनके काले कारनामों की जानकारी लगने पर पुख्ता सबूत के बाद अपने अखबारों के माध्यम से इन्हें सरकार व शासन के सामने नंगा करते हैं तो यह बेखौफअपराधी किसी भी बड़ी घटना को अंजाम दे रहे है माफ़ियाओं अपराधियों की ऐसी फौज जिन्हें कहीं ना कहीं सरकार का संरक्षण प्राप्त है गंभीर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं ये तरह-तरह के भ्रष्टाचार में लिप्त है गरीबों का शोषण कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के सीतापुर में बीते दिनों वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की बदमाशों द्वारा घेर कर ताबड़तोड़ गोलियां वर्षा कर की गई हत्या से सभी साथियों ने आक्रोश है इस हत्याकांड से पूरे प्रदेश के पत्रकार निष्पक्ष पत्रकारिता से डर गए है उन्हें खौफ सताने लगा है।हमारा पत्रकार साथी अपने जिले में अपने ब्लॉक में इन भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लगातार संघर्ष कर रहा है राजदेव शुक्ल ने कहा सरकार को पत्रकारों की आंख से उसके विभागों के अंदर होने वाली गड़बड़ी लूट भ्रष्टाचार दिखाई देने चाहिए पर सरकार माफ़िया का संरक्षण करने पर तुली हुई है जनप्रतिनिधि भी कहीं न कहीं लाभ लालच के लिए ऐसे लोगों को लगातार मदद दे रहे हैं शरण दे रहे हैं और उनका बचाव कर रहे हैं। ऐसे में हम सभी राज्यपाल से कठोर कदम उठाने और हम लोगों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कानून बनाने का अपेक्षा रखते हैं।यहाँ अरुण जयसवाल मनोज मिश्र राकेश तिवारी संजय तिवारी सूर्य प्रताप सिंह श्री प्रकाश पांडेय सत्य प्रकाश श्रीवास्तव किशन पाठक पवन मिश्र विजय तिवारी अवधेश गुप्ता सतीश मिश्र राम जी वदूद खां अरविंद यादव शुभम श्रीवास्तव उमेश तिवारी रज़ा हैदर बृजेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## जिले के पत्रकारों ने उठाई मांग

सुल्तानपुर के पत्रकारों ने उत्तर प्रदेश में पत्रकार आयोग का गठन करते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू कराये जाने, मृतक राघवेंद्र वाजपेई के परिवार को एक करोड रुपए का मुआवजा दिलाये जाने परिवार को एक सरकारी नौकरी दिये जाने,पेपर कटिंग के आधार पर सीबीआई जांच के आदेश दिये जाने पीड़ित परिवार को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराये जाने धान खरीद में धांधली की न्यायिक जांच होने किसानो की खतौनियों का परीक्षण किये जाने माफ़िया राइस मिलर व अवैध व्यापारियों के गठजोड़ की जांच करने पत्रकार आयोग का गठन करने पत्रकारों के लिए सामूहिक बीमा योजना शुरू किये जाने रजिस्ट्री विभाग में हो रहे स्टांप घोटाले भू माफ़ियाओं के मकड़ जाल को तोड़ने के लिए पुलिस व प्रशासन की संयुक्त एक अलग टीम खड़ी करने संबंधी मांगे शामिल है।

# पाँच सौ एक सुहागिनों ने ग्रहण किया अवसान मैया का प्रसाद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बल्दीराय/सुलतानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड धनपतगंज के सेवरा गांव में दुखदुरिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक युवा सत्य सेना सामाजिक संगठन के अध्यक्ष संतोष पांडेय (रिंकू) ने गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में क्षेत्र की ग्राम पंचायत की लगभग 501महिलाओं को आमत्रंण देकर अवसान मैया का प्रसाद ग्रहण कराया, सुहागिन महिलाओ ने परिवार तथा क्षेत्र व विश्व कल्याण की कामना की। दुखदुरिया कार्यक्रम में 501 सुहागिन महिलाओं ने अवसान मैया का विधिवत पूजन अर्चन अनुष्ठान को पूर्ण करते हुए अवसान मैया की



कथा सुनाई तथा आरती उतारी। कार्यक्रम आयोजक ने अनुष्ठान में सम्मिलित महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ऊषा पांडेय, विमलेश पांडेय, सुमन पांडेय, ममता मिश्रा, नीलम मिश्रा, मीना पांडेय, गीता देवी, रीना देवी, पार्वती देवी,अंकित पांडेय, नितिन मिश्र,योगेश मौर्य,अजय यादव, रोहित शुक्ल, चंद्र प्रकाश मिश्र,सहित सैकड़ो महिला एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 20 मार्च को चमार महासभा निकालेगी विरोध प्रदर्शन रैली

**सुल्तानपुर।** भारतीय चमार महासभा ने आगामी 20 मार्च 2025 को समाजहित और विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर एक विरोध प्रदर्शन रैली आयोजित करने की घोषणा की है। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगी और अंत में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें संगठन की प्रमुख मांगों को प्रस्तुत किया जाएगा।

संगठन के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार ने जिलाधिकारी को संबोधित एक पत्र में प्रशासन से इस प्रदर्शन की अनुमति देने और आवश्यक सहयोग प्रदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक अधिकारों का सम्मान किया जाना चाहिए, ताकि यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान संगठन के पदाधिकारी और समर्थक प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे, जिसमें उनकी मांगों और प्रस्तावों का उल्लेख किया जाएगा। महासभा ने जिलाधिकारी से इस अवसर पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने का भी अनुरोध किया है। संगठन का कहना है कि यह रैली समाज के दबे-कुचले और वंचित वर्गों की समस्याओं को उजागर करने के लिए निकाली जा रही है, ताकि उनकी आवाज़ सरकार और प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जा सके।

# महिलाओं में जन्मजात नेतृत्व गुण समाज के लिए संपत्ति हैं-डॉ सीमा सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** राणा प्रताप पी जी कॉलेज के बी एड़ विभाग द्वारा एक विद्यार्थी संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय समसामयिक भारत में महिलाओं की भूमिका रखा गया था। संगोष्ठी में विषय रखते हुए डॉ संतोष सिंह अंश ने कहा कि भारतीय महिलाएं ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है। भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रौशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से ही महिलाएं मानवता की प्रेरणा का स्रोत रही हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बड़े उदाहरण स्थापित किए है। भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका हैं।

डॉ सीमा सिंह ने कहा कि महिलाओं में जन्मजात नेतृत्व गुण समाज के लिए संपत्ति हैं। प्रसिद्ध अमेरिकी धार्मिक नेता ब्रिघम यंग ने ठीक ही कहा है कि जब आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं, तो आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं। जब आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तो आप एक पीढ़ी को शिक्षित करते हैं। इसलिए यह इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम एक स्थायी कल के लिए आज लैंगिक समानता है। इस संगोष्ठी में बी एड़ प्रशिक्षणार्थियों में से अंशिका सक्सेना,आभा शर्मा, फ़रूख निशात, मारुत कुमार, सौरभ निषाद ने विचार व्यक्त किये। सभी के प्रति आभार ज्ञापन असिस्टेंट प्रोफेसर शांतिलता कुमारी ने करते हुए कहा कि बिना महिला के समाज अधूरा है। स्वस्थ्य ,शिक्षित और शशक्त बनें। महिलाओं को अपने अधिकारों को पहचान अपनी भूमिकाओं का सफलतापूर्वक निर्वहन करना चाहिये। संगोष्ठी का सफल संचालन यशस्वी गुप्ता ने किया।

# रमजान व होली पर्व को लेकर जिला सुरक्षा संगठन हुआ सक्रिय

**सुलतानपुर।** जिला सुरक्षा संगठन कार्य समिति की एक आवश्यक बैठक संगठन के अध्यक्ष डॉ राजीव श्रीवास्तव के आवास पर सम्पन्न हुई।

बैठक में यह चर्चा हुई कि रमजान महीने व आने वाली होली पर्व को देखते हुए संगठन पूर्व की भांति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेगा। 13 मार्च को चौक घण्टाघर पर सुबह से खेले जाने वाले रंग के समय संगठन के पदाधिकारी प्रातः 10 बजे वहां मौजूद रहेंगे। इसी प्रकार उसी दिन रात में जलने वाली होलिका दहन के समय भी संगठन के लोग रात्रि 9.15 बजे नगर का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेंगे, ताकि कहीं भी किसी प्रकार की समस्या न होने पाए। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि सभी वार्ड अध्यक्ष भी अपने वार्ड में उपरोक्त की दृष्टि से निगरानी करेंगे।

होली के दिन शुक्रवार होने के कारण चौक व शाहगंज क्षेत्र में स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ने वाले लोगों को कोई परेशानी न होने पाए इसके लिए संगठन के पदाधिकारी नमाज के दौरान मौजूद रहेंगे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि होली बाद संगठन को और सक्रिय करने के लिए प्रत्येक शनिवार को 5 वार्डो की संयुक्त बैठक की जाएगी। जिस वार्ड के अध्यक्ष निष्क्रिय होंगे उनके स्थान पर दूसरे वार्ड अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी। सम्बन्धित वार्ड की यदि कोई समस्या होगी उसका भी निस्तारण किया जाएगा।बैठक में जिलाध्यक्ष डॉ राजीव श्रीवास्तव, महासचिव हाजी मो0 इलियास खान, मुख्य संरक्षक सरदार बलदेव सिंह, संरक्षक आशीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल, संयोजक जाहिद आब्दी, कार्यालय सचिव कुलदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# अनुसूचित जाति/अनु0जनजाति एवं अन्य पिछड़ें वर्ग हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण

**जौनपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय जौनपुर द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को लिपिकीय स्तरीय प्रतियोगिता सम्बन्धित एक वर्षीय 'कार्यालय प्रबन्ध' का प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण हेतु शैक्षिक योग्यता न्यूनतम इण्टरमीडिएट है, अर्ह अभ्यर्थियों की आयुसीमा 01 अप्रैल 2025 को 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। प्रशिक्षण हेतु सम्मिलित विषयः- सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य हिन्दी, सामान्य गणित, सचिवीय पद्धति, बुक कीपिंग एण्ड ऐकाउन्टेन्सी, हिन्दी टंकण एवं हिन्दी आशुलिपि (स्टेनो) तथा कम्प्यूटर शिक्षा प्रमुख हैं।

उक्त वर्ग के अर्ह अभ्यर्थियों का आवेदन पत्र 26 मार्च 2025 तक जमा किया जा सकता है। साक्षात्कार 27 व 28 मार्च 2025 को प्रातः 10 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय, जौनपुर में होगा। प्रशिक्षण सम्बन्धी समस्त जानकारी हेतु अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय, जौनपुर से सम्पर्क कर सकते हैं।

# सीतापुर की महिलाएं अब अपने उत्पादों को बेहतर मंच पर प्रदर्शित कर सकेंगी- रश्मि

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सीतापुर।** महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए डीएम अभिषेक आनंद व सीडीओ निधि बंसल के अभिनव पहल के तहत आकांक्षा स्टोर की स्थापना की गई। स्वयं सहायता समूहों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। इस स्टोर का उद्घाटन उत्तर प्रदेश आकांक्षा समिति अध्यक्ष डॉ. रश्मि सिंह, मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब और डीएम अभिषेक आनंद, सीडीओ निधि बंसल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित किया। इस अवसर पर लगाये गये स्टालों का अवलोकन करते हुये आरसेटी द्वारा प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा बनाये गये उत्पादकों तथा अन्य समूहों द्वारा बनाये गये उत्पादकों की सराहना भी की। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की आठ उत्कृष्ट महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने कार्यों से अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्थापित की है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आकांक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. रश्मि सिंह ने कहा कि सीतापुर की महिलाएं अब अपने उत्पादों को बेहतर मंच पर प्रदर्शित कर सकेंगी और रोजगार के नए अवसर प्राप्त करेंगी।

आकांक्षा समिति का यह प्रयास महिला उद्यमिता को नया आयाम देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। कार्यक्रम में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए आकांक्षा स्टोर एक क्रांतिकारी कदम है। यह न केवल महिला उद्यमियों को आगे



बढ़ने का अवसर देगा, बल्कि स्थानीय बाजार को भी मजबूती प्रदान करेगा। उम्मीद जताई की कि जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के नेतृत्व में आकांक्षा समिति का यह प्रयास निरंतर आगे बढ़ता रहेगा और महिलाओं को स्वावलंबन और आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में नए अवसर प्रदान करता रहेगा। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की आठ बेहतरीन महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने कौशल, मेहनत और लगन से न केवल अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया, बल्कि अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया। सम्मानित होने वाली स्वयं सहायता समूह की गोंदलामऊ से विजय लक्ष्मी, ऐलिया की आरती देवी, खैराबाद की संगीता यादव एवं चॉदनी सिंह, हरगांव की तनवीर बानों, चॉदनी विश्वकर्मा, सकरन की शोभा वर्मा एवं बिसवां की लक्ष्मी मिश्रा शामिल हैं। मूंज उत्पाद, मशरूप उत्पाद, बैंक सखी, विद्युत सखी, बी0सी0 सखी, समूह सखी कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इनका सम्मान महिला सशक्तीकरण की दिशा में प्रेरणादायक कदम है और यह दर्शाता है कि सही अवसर मिलने पर महिलाएं किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकती हैं।

# आग लगने से टायर की दुकान में लाखों का माल राख

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सीतापुर।** महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र में साईकिल रिक्सा टायर की दुकान में सोमवार कूड़े के ढेर से आग लग जाने से टायर की दुकान में लाखो रुपये के रखे टायर जलकर राख हो गये मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इनलिया तिलकापुर निवासी कदीर बेग पुत्र अजीम बेग ने रामकुंड चौराहा के समीप साईकिल रिक्सा टायर की थोक की दुकान खोल रखी है सोमवर की सुबह करीब सात बजे दुकान के पीछे पड़े कूड़े से आग लग गयी। जिससे धीरे धीरे आग की लपटो ने टायर की तीन दुकानों को लपेटे में ले लिया। सूचना पाकर मौके पर फायर ब्रिगेड प्रभारी मो. मुस्तफ़ा अपनी टीम की साथ मौके पर पहुंचे और करीब



एक घंटे के कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया वही सूचना पाकर कस्बा इंचार्ज दीपक राठौर नगर पालिका सफाई निरीक्षक रामनरेश मौके पर पहुंचे और नगर पालिका से पानी टेंक को मंगवाया दुकान स्वामी कदीर बेग के अनुसार करीब चार लाख रुपये के टायर जल कट राख हो गए। साथ ही कदीर ने बताया कि गत फ़रवरी माह में भी आग लगी थी इस दौरान करीब पच्चास हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

# मिश्रिख में होली परिक्रमा मेले का डीएम ने किया शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सीतापुर।** होली परिक्रमा मेले का शुभारम्भ डीएम अभिषेक आनंद ने फीता काटकर एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। इस मौके पर संत समाज के प्रतिनिधि एवं श्रद्धालु बैंड बाजा व ढोल नगाड़े के साथ भक्तिमय महौल दिखाई दिया। विश्व प्रसिद्ध धार्मिक एवं पौराणिक 84 कोसीय होली परिक्रमा का सकुशल 11वें पड़ाव मिश्रिख की भूमि पर भी आगमन हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि परिक्रमार्थियों की सहायता, सुरक्षा एवं सुविधा के लिये प्रशासन पूरी तरीके प्रतिबद्ध है। उन्होंने 84 कोसीय परिक्रमा मेले में सहयोग के लिये सभी को धन्यवाद भी ज्ञापित किया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि होली परिक्रमा मेला एवं पंचकोसीय परिक्रमा के दौरान पूरी निष्ठा एवं मनोयोग से दायित्वों का निर्वहन करें।

एमएलसी पवन सिंह चौहान ने प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पूरी श्रद्धाभाव से जागरूक रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुये सभी की सेवा करने के लिये प्रशंसा भी की। उन्होंने मीडिया बन्धुओं का भी आभार ज्ञापित किया। उन्होंने सभी को होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुये नशामुक्त होली मनाने के लिये सभी से अपील की। उन्होंने आश्वस्त किया कि नैमिषारण्य-मिश्रिख क्षेत्र में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यो को कराने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जायेगा। महामण्डलेश्वर स्वामी विद्या चैतन्य जी ने कहा कि यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में सभी जगहों पर तेजी से विकास कार्य हुये हैं। मिश्रिख क्षेत्र में भी विकास कार्य तेजी से कराये गये हैं। जनहित के कार्यों के लिये मा0 मुख्यमंत्री जी सदैव समर्पित रहते हैं। सन्त समाज से राजनारायण पाण्डेय, राहुल शर्मा आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुये 84 कोसीय परिक्रमा के दौरान प्रशासन द्वारा की गयी व्यवस्थाओं की मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर एडीएम नीतीश कुमार सिंह, एएसपी अधीक्षक दक्षिणी डॉ. प्रवीन रंजन सिंह, एसडीएम मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा, सीओ दीपक कुमार सहित संबंधित अधिकारी, संत समाज के लोग व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पत्रकार के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग लेकर सड़क पर उतरे विभिन्न संगठन

**सीतापुर।** पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की दो दिन पहले हुई निर्मम हत्या के अब तक खुलासे के न होने से सीतापुर के तमाम सामाजिक किसान व्यापारी व अधिवक्ता संगठनों में आक्रोश है। इस घटना के दोषियों की गिरफ्तारी व मृतक के परिवारीजनों को आर्थिक मुआवजा, पत्नी को नौकरी, माता पिता के उपचार व बच्चो की शिक्षा प्रबंध आदि मांगो को लेकर नगर के विभिन्न संगठन संयुक्त रूप से लालबाग से जिलाधिकारी कार्यालय तक नारे लगाते हुए मार्च निकाला व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

पूर्व पालिकाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने कहा राघवेंद्र की हत्या के पीछे जमीनों की अवैध खरीद फरोख्त करने वाले लोगो के समूह का हाथ हो सकता है क्योकिं राघवेंद्र ने ऐसी तमाम खबरों का प्रकाशन किया था। महोली



तहसील के सभी राजस्व अधिकारियों व कर्मचारिंयों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए साथ ही निर्भीकता से पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों की सुरक्षा को सरकार गंभीरता से ले। बार अध्यक्ष विजय अवस्थी ने मृतक के परिवार को एक करोड़ की आर्थिक मदद देने की मांग की। संगतिन किसान मजदूर संगठन की रिचा सिंह ने कहा भूमाफियाओं और प्रशासन का खुला गठजोड़ सीतापुर में है सरकार इसकी जांच कराए। व्यापारी नेता पवन अग्रवाल, भगवती गुप्ता व प्रदीप गुप्ता ने कहा व्यापारी पत्रकारों के साथ है जरूरत पड़ी तो सीतापुर बंद का आह्वान किया जायेगा। सचेन्द्र दीक्षित ने कहा भृष्टाचार के विरुद्ध बड़ी लड़ाई लड़ी जाएगी। ज्ञापन देने के बाद कलेक्ट्रेट में ही संयुक्त शोक सभा की गई व दो मिनट का मौन रखकर मृतक राघवेंद्र की आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन सीतापुर, जागरूक नागरिक मंच, संगतिन किसान मजदूर संगठन, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, किसान मंच, रास्ट्रवादी ब्राह्मण समाज, गायत्री परिवार आदि संगठन रहे। प्रमुख रूप से पूर्व चेयरमैन आशीष मिश्रा बार अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी, दिनेश त्रिपाठी, अल्पना सिंह, डॉ रिचा सिंह, सुनीला रावत, सविता बाल्मीकि, सपना त्रिपाठी, सचेन्द्र दीक्षित, श्रवण कुमार बाजपेयी, नंद लाल भूटानी, समर अग्रवाल, अहितिशाम बेग अच्छे, सुधीर शर्मा, रामप्रताप सिंह, शिवनाथ मिश्रा, विजय कुमार गुप्ता, राजू शाह आदि लोग रहे।

# शाकभाजी और पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज ।** चंद्रशेखर आजाद पार्क में 3 दिवसीय मंडलीय फल, शाकभाजी और पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न फूलों से बनी कलाकृतियां और प्राकृतिक फूलों की पुष्प आकृतियां आकर्षण का केंद्र रहीं जिसका उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी जी के द्वारा इस कार्यक्रम उद्घाटन किया गया। इसका शुभारंभ अवैतनिक अधिकारी डॉ. उमेश चन्द उत्तम द्वारा किया गया। जिसका संचालन डॉ. विजय किशोर सिंह जी द्वारा किया गया। जिसमें विभिन्न विभिन्न जगहों से आए प्रतिस्पर्धाओ द्वारा विभिन्न फूलों से बनी कलाकृतियां और प्राकृतिक फूलों की पुष्प आकृतियां की प्रदर्शनी लगाई गई जो आकर्षण का केंद्र रहीं। प्रदर्शनी में शामिल गमलों में मौसमी फूल, जैसे जेरेनियम, फ्लाक्स, बरवीना, डहेलिया, कलेडुला, आदि शोभाकार एवं हरे-भरे पौध, कैक्ट्स एवं सकुलेन्ट पौधे, गमलों में सब्जियों के पौध, गुलाब व अन्य पुष्पों के कट फ्लावर, महिलाओं व बच्चों द्वारा निर्मित पुष्प आकृतियां, फलों के बने पदार्थ, बोनसाई, शहद, फोटोग्राफी व पेन्टिंग आदि की प्रतियोगितायें हुई. जिनकी जजिंग में सम्मिलित डॉ. प्रवीन चरन डायरेक्टर एक्सटेंशन शुआट्स प्रयागराज, डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह प्रसार वैज्ञानिक शुआट्स प्रयागराज, डॉ. नरेन्द्र कुमार गंगवार असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. वी. र. ए. विश्विद्यालय आगरा, अनोज कुमार सिंह शोध छात्र शुआट्स, डॉ. टी. डी. मिश्रा प्रसार वैज्ञानिक सुआटस प्रयागराज, डॉ. दीपक लाल असिस्टेंट प्रोफेसर शुआट्स प्रयागराज डॉ. मनोज कुमार सिंह एवं जितेंद्र कुमार सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक केवीके कौशांबी ने अपना निर्णायक योगदान दिया। इस निर्णायक योगदान के लिए उद्यान उप निर्देशक डॉ. कृष्ण मोहन चौधरी जी, प्रो. विश्व स्वरूप मेहरा प्रति कुलपति शुआट्स प्रयागराज द्वारा सर्टिफिकेट व मोमेंटो दे कर सम्मानित किया गया

# राजकीय आई0टी0आई0 सिद्दीकपुर में 11 मार्च 2025 को रोजगार मेला

**जौनपुर।** जिला सेवा योजना अधिकारी ने अवगत कराया है कि शासन की मंशा एवं निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर जौनपुर के संयुक्त तत्वाधान में 11 मार्च 2025 को प्रातः 10:00 बजे राजकीय आई0टी0आई0 परिसर सिद्दीकपुर जौनपुर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियाँ महादेव हनुमान विजय प्लेसमेंट सर्विस, निमसन हर्बल प्रा0लि0, जे0पी0वी0एम0 प्रा0लि0, चैतन्य फिन क्रेडिट प्रा0लि0, वर्टो बिजसर्व ग्लोबल सॉल्यशंस प्रा0लि0, एल0टी0 कस्ट्रंक्शन स्कील ट्रेनिंग संस्थान आदि के द्वारा पदवार ट्रेड उत्कर्ष बैंक, सुपरवाईजर असिस्ट्रेन्ट मैनेजर, सुजरवाईजर,स्ट्रेर कीपर, कस्टमर ऑफिस, पैकर, कंस्ट्रक्शन टेक्निकल पदों पर रोजगार मेलें में प्रतिभागी अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यताः- हाईस्कूल, इण्टर, आई0टी0 आई0 एवं स्नातक उत्तीर्ण एवं आयुसीमा 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों को भर्ती करेंगी। रोजगार मेलें में अभ्यर्थी अपने योग्यतानुसार प्रतिभाग करते हुए विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

# जिलाधिकारी ने की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति (डीएलआरसी) की बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने गत बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा के दौरान कहा कि जनपद में कार्यरत बैंकों की कुल जमा धनराशि का ऋण-जमानुपात भारतीय रिजर्व बैंक के निर्धारित मानक से कम न होने पाये। उन्होंने कहा कि बैंक आफबड़ौदा, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया एवं अन्य बैंको द्वारा निरस्त किये गये आवेदन पर सही जानकारी न दिये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए, जो भी आवेदन निरस्त किये जा रहें हैं, उन पर पुनः विचार किया जाय एवं उस आवेदनकर्ता को बुलाकर जो भी कमियों हो, उसे दूर कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करायें। उन्होंने उद्यान, मत्स्य, खादी ग्रामोद्योग एवं उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वयं भी जाकर बैंको में बात-चीत करें एवं लाभार्थियों को अपने साथ ले जाकर अधूरी कमियों को आपसी समन्वय बनाकर दूर कराते हुए उन्हें लाभान्वित करायें। उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया कि विभिन्न योजनाओं के ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित कर दिया जाय, कोई आवेदन लम्बित न रहने पाये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी ऋण आवेदन स्वीकृत हो गये हैं, उन्हें शीघ्र वितरित कर दिया जाय। उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पीएम स्वनिधि योजना, एक जनपद-एक उत्पाद एवं स्वयं सहायता समूह आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करते तथा स्वीकृत आवेदनों को वितरित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं बैंकर्स को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें, जिससे आवेदनकर्ताओं, लाभार्थियों को किसी प्रकार की समस्या न होने पाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव एवं सहायक प्रबन्धक नाबार्ड अनिल शर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजा शहर, अधिवक्ता के मुंशी को मारी गई गोली

**सीतापुर।** 48 घंटे भी पत्रकार हत्याकांड बीते नहीं थे, कि एक बार फिर गोलियों के तड़तड़ाहट से शहर गूंज उठा है। थाना रामकोट में न्यायालय में मुंशी का कार्य करने वाले तथा पूर्व ग्राम प्रधान को कुछ लोगो ने गोली मार दी। घायलावस्था में उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल लाया गया जहां से उन्हें लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना थाना रामकोट क्षेत्र की बताई जा रही है। ग्राम बबुरी निवासी गोपी यादव वर्तमान समय में न्यायालय में मुंशी का कार्य करते है। वह पूर्व सपा जिलाध्यक्ष तथा अधिवक्ता शमीम कौसर सिद्दीकी के पास में मुंशी का कार्य करते है। साथ ही गोपी यादव ग्राम पंचायत जैतीखेड़ा के पूर्व प्रधान भी रह चुके है। रास्ते में उनके किसी ने गोली मार दी। उन्हें लेकर जिला अस्पताल आए उनके पुत्र ने बताया कि उनके पिता को पांच लोगों ने पांच गोलियां मारी है। वहीं चिकित्सकों ने गोपी यादव की हालत को नाजुक देखते हुए लखनऊ के लिए रेफर कर दिया है।

# गैरइरादतन हत्या के दो वांछित आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानासराय अकिल पुलिस पुलिस उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित मिथुन सरोज, गोविन्द सरोज निवासीगण ग्राम फैजुल्लापुर थाना सराय अकिल को खोपा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से आला कत्ल 01 अदद कुल्हाड़ी व 01 अदद लाठी बरामद किया गया।

**अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार**
कौशाम्बी। जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 50ली0 अवैध शराब बरामद की गयी।

## वारण्टी आरोपी को किया गया गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक भगवान यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी मिथलेश उर्फ झल्लर उर्फ झल्लू निवासी तिलगोढी थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

**निरोधात्मक कार्यवाही में 13 गिरफ्तार**
कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से 01, थाना पश्चिम शरीरा से 05, थाना पिपरी से 01, थाना चरवा से 02, थाना कोखराज से 01, मोहब्बतपुर पइन्सा से 03 ) कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# मयंक की उम्दा गेंदबाजी व विनय के नाबाद शतक से हरियाणा सेमीफाइनल में

## ऑल इंडिया रिजवी कप क्रिकेट प्रतियोगिता

**लोकमित्र ब्यूरो**
**करारी, (कौशाम्बी )।** हरियाणा क्रिकेट अकादमी ने रिजवी कप के लिए आयोजित 15वीं आबिश एवं शाकिब रिजवी स्मारक ऑल इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे क्वाटर फाइनल मैच में अलीगढ स्पोर्ट्स एसोसिएशन को एक तरफा मुकाबले में 167 रनों से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई हैं। विजेता टीम के विनय कुमार के धमकेदार नाबाद शतक ( 102 रन, 90 गेंद छह चौके व पांच छक्के ) एवं मयंक शांडालीय की अचूक गेंदबाजी ( सात ओवर में 21 रन देकर पांच विकेट ) झटके। सोमवार को करारी स्तिथ रिजवी कॉलेज मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हरियाणा क्रिकेट अकादमी ने 38 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 331 रन बनाए जिसमें ( विनय कुमार नाबाद 102, पार्थ नागिल 58, सामंत झाकर 44 व अश्वनी चिल्लर 29 रनों का योगदान दिया, अलीगढ की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सुमित यादव ने सबसे ज्यादा 78 रन खर्च करके चार विकेट हासिल किए, सचिन यादव व विभाशु कुमार को दो -दो सफलता मिली।

जवाब में अलीगढ स्पोर्ट्स एसोसिएशन की टीम ठोस शुरुआत करने के बावजूद पूरी टीम मात्र 25.4 ओवर में 164 रन पर बिखर गई। जिसमें माधव वासिष्ठ के 66 और तनिष्क मित्तल के 56 रन के आलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई अकड़ा पार नहीं कर सके, हरियाणा की ओर से गेंदबाजी करते हुए मयंक शांडालीय ने 21 रन देकर पांच विकेट, साहिल ढुल 28 रन खर्च करके तीन और कबीर बिश्नोई व रौनक डबास को एक -एक सफलता मिली। मैच के बाद उत्तरप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के डायरेक्टर रियासत अली ने मयंक शांडालीय को मैन ऑफ डी मैच का पुरुस्कार दिया। मैच में आसिफ रजा व विभोर दुबे ने अंपायरिंग और अनूप कुमार शर्मा व प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की। प्रतियोगिता में मंगलवार को चौथा व अंतिम क्वाटर फाइनल मैच क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ व फरीदाबाद के बीच प्रातः साढ़े नौ बजे से खेला जाएगा।

# आर ए एफ के जवानों को किया गया सम्मानित




**लोकमित्र ब्यूरो**
**फाफामऊ।** महाकुम्भ मेला सम्पन्न होने के उपरान्त 101 आर0एफ0एफ के प्रांगण में अधिकारीगणों व जवानों को मनोज कुमार गौतम, कमाण्डेन्ट, 101-आर0ए0एफ द्वारा प्रशस्ति पत्र व नगद पारितोषिक प्रदान किया गया।जैसा कि विदित है, कि दिव्य भव्य महाकुंभ का आयोजन दिनांक 13/01/2025 से 26/02/2025 तक प्रयागराज (उ0प्र0) मे किया गया था। जिसमे श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सहायता हेतु मनोज कुमार गौतम, कमाण्डेन्ट, 101-आर0एफ0एफ के नेतृत्त्व में 101 द्रुत्त कार्य बल के कम्पनियों की तैनाती की गई थी। जिसमे अधिकारीयों व जवानों ने तैनाती के दौरान, अपने आराम की परवाह न करते हुए सौपी गयी समस्त कर्तव्यों निवर्हन अथक परिश्रम, लगन, कर्तव्यपरायणता, पूर्णनिष्ठा एवं ईमानदारी से उक्त आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराया। जिसके लिए मनोज कुमार गौतम, कमाण्डेन्ट, 101-आर0एफ0एफ ने उपस्थित अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवानों को धन्यवाद दिया तथा अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवानों को उत्कृष्ठ एवं सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र व नगद पारितोषिक देकर हौसला अफजाही की। साथ ही कहा कि %मुझे विश्वास है कि भविष्य में आप इसी मनोबल व लगन के साथ सौंपे गए कार्यो का निष्पादन करते रहेंगें व बल का नाम ऊँचा रखेंगें।

उक्त अवसर पर हरिओम सागर (द्वितीय कमान अधिकरी), पुनर्वसु तिवारी (द्वितीय कमान अधिकरी) यज्ञ कुमार सिंह (उप0कमा0), टी.एन. सिंह (उप0कमा0), नीरज कुमार (उप0कमा0), अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवान उपस्थित रहे।

# भारतीय टीम की ऐतिहासिक जीत पर मंझनपुर में जश्न, सभासद अजय कुमार समेत कई लोगों ने दी बधाई

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बारा, कौशाम्बी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार खिताब अपने नाम किया, जिससे देशभर में जश्न का माहौल है। इस ऐतिहासिक जीत पर नगर पालिका परिषद मंझनपुर के वार्ड नं-4 के सभासद अजय कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी की सबसे सफल टीम बन गई है।

मंझनपुर में खुशी का माहौल, टीम इंडिया को दी बधाई
टीम इंडिया की शानदार जीत पर नगर में डॉ. अरुण केशरवानी, शिवकुटी अग्रहरि, मो. हारुन, शाहआलम, दरोगा भाई, विनोद कुमार गुप्ता, राजू अंसारी, इरफान अंसारी, आशिक अली, राजकुमार सिंह उर्फ पिंटू सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने खुशी व्यक्त की और टीम इंडिया को बधाई दी।

**रोहित शर्मा की कप्तानी में दूसरा बड़ा खिताब**
इस जीत के साथ ही यह रोहित शर्मा की कप्तानी में बीते एक साल में दूसरा बड़ा टूर्नामेंट है, जिसे भारत ने अपने नाम किया है। फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर न्यूजीलैंड को हराया, जिससे दुबई से लेकर भारत तक जश्न का माहौल बना हुआ है।

**नगरवासियों में खुशी, मिठाइयां बांटी गई**
मंझनपुर के विभिन्न स्थानों पर क्रिकेट प्रेमियों ने टीम इंडिया की जीत का जश्न मनाया और मिठाइयां बांटीं। लोगों ने भारतीय टीम की इस उपलब्धि को देश के लिए गौरव का क्षण बताया और भविष्य में और भी बड़ी जीत की उम्मीद जताई।

# दबंगों ने धोखाधड़ी, जालसाजी कर कराया पीड़ित के पैतृक जमीन का बैनामा......!

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिले में मंझनपुर थाना क्षेत्र के कादीपुर चौकी क्षेत्र के रामपुर बसेरा गांव निवासी कुंवारे पुत्र मोरई जो आंख और कान से कमजोर व्यक्ति है। जिसका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता है। ऐसे व्यक्ति के साथ जालसाजों ने किसान सम्मन निधि के केवाईसी कराने के बहाने पीड़ित को बुलाकर मंझनपुर तहसील ले गए। जहां रजिस्टार ऑफिस में आंख और कान से कमजोर अस्वस्थ व्यक्ति से जालसाजी करते हुए धोखाधड़ी करते हुए बैनामा करा लिया। पीड़ित की जमीन मौजा रामपुर बसोहरा गांव में स्थित है।

जिस पर गांव के ही रामपुर बसोहरा रहने वाले युवक ने केवाईसी कराने के नाम पर बुला कर मंझनपुर तहसील ले गए। पीड़ित पढ़ा लिखा नहीं था कान से सुनाई कम पड़ रहा है आंख से दिखाई कम दे रहा है। इन सब का फायदा उठाते हुए युवक ने योजना बद्ध तरीके से पीड़ित की आराजी संख्या की भूमि दस्तावेज तैयार करके सही तथ्य को छिपाकर केवाईसी के नाम से हस्ताक्षर करवा कर बैनामा करवा लिया। जाल साजों ने पीड़ित को एक भी रुपए नहीं दिया। यह जालसाजों ने अपने रजिस्ट्री बैनामा में दर्शाया है जालसाजो ने अपने रजिस्ट्री में लिखा है कि भूमि खरीदी गई है। पीड़ित एक रुपए भी पैसा नहीं पाया है। यह गवाह जालसाज स्वयं दे रहे हैं विकृत भूमि में दो गवाह भी है।

# सतर्कता के चलते चोरी टली भरवारी कस्बे में घर से चोरी कर भाग रही किशोरी को गृहस्वामी ने पुलिस को सौंपा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी क़स्बे में पिछले एक महीने से नाबालिग किशोरियों का गिरोह सक्रिय है। ये किशोरिया अपने गिरोह के साथ किसी भी घर के खुले दरवाजे से घर में घुस जाती है और कुछ भी चोरी कर तत्काल भाग निकलती है, यदि कही किसी घर में पकड़ जाती है तो उसे गलत काम में फंसाने की धमकी देकर भाग निकलती है,या फिर दिमांगी रुप से खूद को पागल का नाटक करती और पुलिस भी बिना कार्यवाही के छोड़ देती है।

रविवार को कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के मेहता रोड़ मोहल्ले में लल्लू विश्वकर्मा के घर घुस कर घर से किसी सदस्य को बाहर आता देख चार्जिंग में लगा मोबाइल लेकर भाग गयी। यही नाबालिग किशोरी कुच देर बाद मेहता रोड़ निवासी शिवम जहौरी के घर में घुस गयी और सीढ़ियों के रास्ते ऊपर जा रही थी तभी शिवम ने जब उसे देखा और पूछताछ करने लगा तो वह वहां से भागने लगी इतने में शोर शराबा सुनकर भाग रही नाबालिग किशोरी को मोहल्ले के लोगों ने पकड़ लिया और पूछताछ कि तो वह रोने लगी, सूचना पाकर लल्लू विश्वकर्मा भी वहां पहुंचा तो देखा कि वह नाबालिग किशोरी उसका फोन चुराये थी। चोरी की सूचना भरवारी चौकी पुलिस को दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरी को जांच पड़ताल के लिए चौकी लाई। जहां किशोरी बे कबूला कि वह चोरी के नियत से घर में घुसी थी। एक मोबाइल चुराया था। फिलहाल पुलिस नाबालिग किशोरी से पूछताछ कर रही है।

इस संबंध में कोखराज थाना प्रभारी चंद्रभूषण मौर्य ने बताया कि किशोरी से पूछताछ की जा रही है, उसने चोरी करने की बात कबूली है,जांच के बाद अग्रिम कार्यवाही की जायेगी
-- बीते 7 जनवरी को नाबालिग किशोरियों के गैंग ने वॉर्ड 15 देहदानी रमाशंकर नगर के सिंधिया में लांड्री संचालक अशोक कुमार दिवाकर के घर भी ठीक इसी तरह चोरी हुई थी। जिसमें नाबालिग लड़कियों का गैंस उनके घर में घुसा था और नकदी व सोने चांदी के गहने समेत लगभग 9 लाख के समान पार कर दिये थे।

# होली और रमजान को लेकर विजिया चौराहा पर सघन चेकिंग अभियान

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बारा, कौशाम्बी।** कौशाम्बी थाना अंतर्गत आगामी होली और रमजान के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए थाना कौशाम्बी पुलिस द्वारा विजिया चौराहा पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच की।

जनपद में त्योहारों के मद्देनजर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इस दौरान थाना प्रभरी उर्मिला सिंह आसपास के इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई। वाहनों की तलाशी ली गई और आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई।भीड़भाड़ वाले इलाकों में



पुलिस की गश्त बढ़ाई गई। पुलिस प्रशासन ने आमजन से शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की और कहा कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।जनपद के अन्य इलाकों में भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और पुलिस लगातार गश्त कर रही है ताकि होली और रमजान का त्योहार शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न हो सके।

# होली और रमजान के मद्देनजर थाना प्रभारी उर्मिला सिंह ने टीम के साथ किया शांति व्यवस्था हेतु भ्रमण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बारा, कौशाम्बी।** होली और रमजान को लेकर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी उर्मिला सिंह ने पुलिस टीम के साथ विजिया चौराहा,कोसम इनाम,बैगवा,गौहरामहरूफपुर सहित विभिन्न इलाकों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और स्थानीय लोगों से संवाद कर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस सतर्क**
थाना क्षेत्र में संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।पुलिस टीम ने भीड़भाड़ वाले इलाकों और प्रमुख चौराहों पर गश्त की।स्थानीय नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का अनुरोध किया गया।

**सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील**
थाना प्रभारी उर्मिला सिंह ने कहा कि दोनों त्योहारों को शांति और भाईचारे के साथ मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने आमजन को अफवाहों से बचने और किसी भी अप्रिय स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी।

**पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट**
होली और रमजान के मद्देनजर जनपद में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और पुलिस लगातार गश्त कर रही है ताकि त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराया जा सके।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायतें



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की शिकायतों, समस्याओं को सुना गया एवं उनकी शिकायतों, समस्याओं के त्वरित, विधिवत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# नेवादा ब्लॉक में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बारा, (कौशाम्बी)।** सोमवार को कौशांबी जनपद के नवादा ब्लॉक परिसर में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जागृति संस्थान की अध्यक्ष एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय की काउंसलर अंजना मिश्रा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, महिला कल्याण योजनाएं, प्रशासनिक सहायता और सामाजिक कुरीतियों से जुड़ी जानकारी दी गई। इसमें कन्या भ्रूण हत्या, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और नाबालिग विवाह जैसे गंभीर मुद्दों पर भी जागरूकता फैलाई गई। कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथि




शामिल हुए, जिनमें प्रमुख थे महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरी संध्या मिश्रा महासचिव, निर्भय सी दिल्ली डॉ0 लक्ष्मी मिश्रा प्रसूति रोग विशेषज्ञ, जिला महिला कल्याण अधिकारी मंतसा बानो ब्लॉक प्रमुख संदीप मिश्रा महिला थाना इंचार्ज नीलम राघव महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता अभियान जिला महिला कल्याण अधिकारी ने महिलाओं के हित में चलाई जा रही सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। महिला थाना इंचार्ज ने प्रशासनिक सुविधाओं और महिलाओं को न्याय दिलाने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। डॉ. लक्ष्मी मिश्रा ने महिलाओं के स्वास्थ्य और बीमारियों से संबंधित जानकारी देते हुए जागरूक किया। महिलाओं का सम्मान और पुरस्कार वितरण जनपद में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। आशा कार्यकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानस्वरूप उपहार दिए गए। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को भी गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। 250 से अधिक महिलाओं की सक्रिय भागीदारी इस कार्यक्रम में करीब 250 ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया। सभी महिलाओं ने इस आयोजन की सराहना की और अंजना मिश्रा द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। महिलाओं ने कहा कि इस कार्यक्रम से उन्हें महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं।यह आयोजन महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम कदम साबित हुआ, जिससे वे न केवल जागरूक हुईं, बल्कि समाज में अपनी मजबूत भूमिका निभाने के लिए प्रेरित भी हुईं।

# पुलिस अधीक्षक ने चरवा व संदीपनघाट थाने का किया निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना चरवा पर थाना चरवा व थाना संदीपनघाट के सभी विवेचकों का अर्दली रूम किया गया।

इस दौरान लम्बित विवेचनाओं के सम्यक समयबद्ध और गुणवत्तापरक निस्तारण एवं अपराध नियन्त्रण के सम्बन्ध में समीक्षा की गई एवं सभी को आगामी



त्यौहार होली व रमजान को सकुशल संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी चायल उपस्थित रहे।



# तीन दिवसीय जौनपुर महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**जौनपुर।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण श्री गिरीश चंद्र यादव जी, एमएलसी बृजेश सिंह ÷प्रिंशु÷ जी , जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व अजय अंबष्ट, अपर जिलाधिकारी वि0 एवं रा0 राम अक्षयवर चौहान सहित अन्य द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर जौनपुर महोत्सव का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का बुके और अंगवस्त्रम देकर स्वागत किया गया। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने अपने संबोधन में कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल रहा है तथा हमें भी उनकी प्रतिभा को देखने का अवसर मिल रहा है। इसके माध्यम से पौराणिक स्थानों की भी जानकारी होती है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने पूरी तन्मयता के साथ इस कार्यक्रम को कराने में अपना योगदान दिया है। इस कार्यक्रम को भव्यरूप देने में उन्होंने जिला प्रशासन को शुभकामनाएं दी। एमएलसी जी ने कहा कि जौनपुर महोत्सव का विगत कई वर्षो से हो रहा है लेकिन इस वर्ष जौनपुर महोत्सव में चार चांद लगाने के लिए मा0 मुख्यमंत्री जी का आगमन हो रहा है, उस दिन अधिक से अधिक संख्या में आकर मा0 मुख्यमंत्री जी का आशीर्वाद प्राप्त करें। अल्प समय में इतना अच्छा आयोजन करने पर अधिकारियों की सराहना की।